दैनिक **लोकमित्र** सच्चाई की जंग

वर्ष : 31 | अंक :121
प्रतापगढ़ | मंगलवार , 4 मार्च-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# गंदी भाषा टैलेंट नहीं

## ● रणवीर अलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट से फटकार

### ▶▶ शर्तों के साथ पॉडकास्ट शुरू करने की मिली अनुमति



**नई दिल्ली, एजेंसियां।** सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर अलाहाबादिया को अपने कार्यक्रम में शालीनता बनाए रखने की शर्त पर 'द रणवीर शो' का प्रसारण फिर से शुरू करने की अनुमति दी। हालांकि, शो प्रसारित करने की अलाहाबादिया की याचिका पर सॉलिसिटर जनरल मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि उन्हें कुछ समय के लिए चुप रहने दें। तुषार मेहता ने रणवीर अलाहाबादिया की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि 'इंडियाज गॉट टैलेंट' में की गई उनकी टिप्पणी अश्लील और अनुचित है।इससे पहले 'पॉडकास्टर' रणवीर अलाहाबादिया ने उनके किसी भी कार्यक्रम के प्रसारण पर अगले आदेश तक रोक लगाने वाले आदेश में संशोधन का अनुरोध करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। अलाहाबादिया ने उच्चतम न्यायालय से कार्यक्रम प्रसारित करने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध करते हुए कहा कि यह उनकी 'आजीविका का एकमात्र स्रोत' है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यूट्यूबर के पॉडकास्ट को रद्द करने की अभियोजन पक्ष की याचिका को खारिज कर दिया और कहा कि वह ÷नैतिकता और शालीनता के अधीन÷ कार्यक्रम चलाने के लिए स्वतंत्र है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, ÷वह कह रहे हैं कि कई कर्मचारी हैं, इसलिए ऐसे परिवार भी हैं जिनकी आजीविका का सवाल है। नैतिकता और शालीनता बनाए रखने के अधीन, अगर वह एक कार्यक्रम चलाना चाहते हैं, तो हम कह सकते हैं कि वह ऐसा कर सकते हैं।÷ हालाँकि, शीर्ष अदालत ने अल्लाहबादिया पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बोलने की स्वतंत्रता की अपनी सीमाएँ हैं और अभद्र भाषा का प्रयोग हास्य नहीं है। पीठ ने कहा, ÷हमारे पास बॉलीवुड में कुछ उत्कृष्ट हास्य कलाकार और हास्य लेखन के मामले में अच्छे लेखक हैं। यह रचनात्मकता का तत्व है।सुप्रीम कोर्ट के नोट में अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल का कहना है कि ऐसे कार्यक्रमों के प्रसारण या प्रसारण को रोकने के लिए कुछ नियामक की आवश्यकता हो सकती है जो हमारे समाज के ज्ञात नैतिक मानकों के संदर्भ में स्वीकार्य नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल से कुछ उपायों पर विचार-विमर्श करने और सुझाव देने के लिए कहा, जो स्वतंत्र भाषण और अभिव्यक्ति के मौलिक अधिकार को बाधित नहीं करेगा, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त प्रभावी होगा कि यह 19(4) की सीमा के भीतर है।सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि इस संबंध में कोई भी विधायी या न्यायिक उपाय करने से पहले हितधारकों से सुझाव आमंत्रित करने के लिए किसी भी मसौदा नियामक उपाय को सार्वजनिक डोमेन में रखा जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने असम के जांच अधिकारी को अल्लाहबादिया को जांच में शामिल करने के लिए तारीख और समय तय करने को कहा। विदेशी देशों में अतिथि के रूप में विदेश यात्रा की अनुमति देने की अल्लाहबादिया की प्रार्थना के संबंध में, सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि जांच में शामिल होने के बाद इस प्रार्थना पर विचार किया जाएगा और अब उक्त उद्देश्य के लिए इसकी आवश्यकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने आगे कहा कि उन्हें गिरफ्तारी से दी गई अंतरिम सुरक्षा जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि कोई भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष शो आयोजित नहीं किया जा सकता है जिसका मामले की योग्यता पर असर पड़ता हो।

## डंपर की टक्कर से ऑटो सवार चार लोगों की मौत, आठ घायल



**रायबरेली,(हि.स.)।** जिले में लालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गंगापुर बरस गांव के पास सोमवार को तेज रफ्तार डंपर की ऑटो से टक्कर हो गई। इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। जबकि आठ लोग घायल हैं। पुलिस ने मृतकों की पहचान शुरू कर दी है।अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ने बताया कि जांच में पता चला है कि एक डंपर रायबरेली से लालगंज जा रहा था। वहीं, सवारियों से भरा ऑटो लालगंज से रायबरेली की तरफ आ रही थी। गंगापुर बरस गांव के पास दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। दुर्घटना में ऑटो सवार चार लोगों की मौत और आठ लोगों की हालत गंभीर हैं। ऑटो में चालक समेत कुल 12 लोग सवार थे। शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मृतकों की पहचान की जा रही है। घायलों का इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## ● ● हिमानी नरवान हत्याकांड ● ●

# दोस्त ही निकला कांग्रेस नेता हिमानी का हत्यारा

### ● फेसबुक पर हुई थी दोस्ती



**रोहतक,(हि.स.)।** हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की हत्या मामले में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। हिमानी की हत्या किसी और ने नहीं, बल्कि उसके दोस्त ने की थी। मामले की जांच में जुटी एसआईटी ने आरोपित को दिल्ली से गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि किसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ था और आरोपित ने मोबाइल चार्जर की वायर (तार) से हिमानी का गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद शव सूटकेस में डालकर सांपला बस स्टैंड के पास फेंक कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से मृतका की सोने की चैन, अंगूठी, लैपटॉप व मोबाइल फोन बरामद किया है।जांच में यह बात भी सामने आई कि करीब एक साल पहले दोनों की सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर दोस्ती हुई थी और उसके बाद से ही दोनों में बातचीत थी। पुलिस आरोपित से आगे की पूछताछ कर रही है।सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में हत्याकांड का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केके राव ने बताया कि देर रात एसआईटी को सूचना मिली थी कि आरोपित दिल्ली के मुंडका क्षेत्र में है। इसी आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही एसआईटी ने इस बारे में दिल्ली पुलिस को भी सूचना दी। पूछताछ में आरोपित की पहचान झज्जर जिले के गांव खैरपुर निवासी सचिन उर्फ ढिल्लु के रूप में हुई, जोकि झज्जर में मोबाइल फोन की दुकान चलाता है। आरोपित शादी शुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने बताया कि करीब एक साल पहले फेसबुक के जरिए दोनों की दोस्ती हुई थी और वह हिमानी के घर आता-जाता रहता था।

घटना वाले दिन किसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हो गया और उसने हिमानी की हत्या कर दी। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।हिमानी हत्याकांड में गिरफ्तार किए गए आरोपित सचिन ने बताया कि उसने हिमानी के घर पर ही उसकी हत्या की और बाद में शव को सूटकेस में डालकर आटो के जरिए सांपला पहुंचा और सड़क किनारे सूटकेस को फेंक दिया। बाद में वह झज्जर स्थित अपनी दुकान पर चला गया।

इसके बाद वह फरार होने की नियत से दिल्ली चला गया।एडीजीपी केके राव ने बताया कि आरोपित ने हिमानी की हत्या करने के बाद उसके घर से लैपटॉप, मोबाइल फोन, सोने की चैन व अंगूठी लूट ली और सारे समान को झज्जर स्थित अपनी दुकान पर रख आया। पुलिस ने आरोपित की निशानदेही पर सामान बरामद कर लिया है। अभी तक यह बात सामने आई है कि दोनों के बीच पैसे का लेन-देन भी था और पुलिस इस आधार पर आरोपित से जानकारी जुटा रही है।हिमानी का शव एक मार्च को सांपला बस स्टैंड के पास सड़क किनारे सूटकेस में मिला था। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात हमलावारों के खिलाफ केस दर्ज किया था। मृतका के परिजनों ने आरोपितों की गिरफ्तारी ना होने तक शव लेने से इंकार कर दिया था।

# दिल्ली का बजट जनता के सुझावों पर आधारित होगा : सीएम रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली सरकार 24 से 26 मार्च के बीच बजट पेश करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दावा किया कि आगामी बजट विकसित दिल्ली बजट को जनता के सुझावों के आधार पर तैयार किया जाएगा।मुख्यमंत्री ने एक प्रेस वार्ता में इस बात की जानकारी दी और कहा कि यह बजट दिल्ली के विकास को तेज गति से आगे बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है।मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली की जनता ने उनकी पार्टी को पूर्ण बहुमत में जीत दिलाई है और अब उनकी सरकार का उद्देश्य जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना है। सरकार का ध्यान दिल्ली के हर वर्ग के विकास, उन्नति और कल्याण पर है। इस बजट में विशेष रूप से महिलाओं की आर्थिक सहायता, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, प्रदूषण नियंत्रण, सार्वजनिक परिवहन का सुधार, नौकरियों का सृजन, शिक्षा की बेहतर व्यवस्था, गरीबों के लिए सस्ता और पौष्टिक भोजन, नागरिकों के कल्याण और यमुना नदी की सफाई पर ध्यान दिया जाएगा।मुख्यमंत्री ने कहा, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि दिल्ली का यह बजट जनता का बजट हो। इसमें जनता की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विशेष कदम उठाए हैं। इस प्रक्रिया के तहत दिल्ली सरकार ने एक वेबसाइट और ईमेल आईडी जारी की है, ताकि दिल्ली के नागरिक अपने सुझाव दे सकें। इसके अलावा, दिल्ली सरकार ने विभिन्न समूहों से सुझाव लेने के लिए बैठक आयोजित की हैं। 5 मार्च को महिला संगठनों से संवाद किया जाएगा, जबकि 5 मार्च शाम को शिक्षा क्षेत्र से जुड़े व्यक्तियों को आमंत्रित किया गया है। 6 मार्च को व्यापारिक और औद्योगिक संगठनों से सुझाव लिए जाएंगे। इसके अलावा, दिल्ली के अन्य वर्गों जैसे किसान, युवा, और अनधिकृत कॉलोनी के लोग भी अपने सुझाव दे सकते हैं।मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि सभी मंत्रिमंडल सदस्य और विधायक जनता के बीच जाएंगे और उनके सुझावों को सुनेंगे। इस प्रक्रिया के दौरान, सरकार का उद्देश्य यह है कि दिल्ली का बजट पूरी तरह से जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए तैयार हो।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली विकास के नए दौर में कदम रखेगा और इस बार दिल्लीवासियों को उनके विकास कार्यों का वास्तविक रूप दिखाई देगा।

## हाईकोर्ट में केस लिस्टिंग बदलने से अधिवक्ता परेशान

**प्रयागराज,(हि.स.)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमों की लिस्टिंग व्यवस्था में अचानक बदलाव किया गया है। अब काजलिस्ट में दिन भर के सभी मुकदमे (फ्रेश, अनलिस्टेड, लिस्टेड आदि) एक सीरियल में (क्रम संख्या एक से अंत तक) होंगे।फरवरी माह तक सीरियल नंबर एक से 2999 तक दर्ज मुकदमे फ्रेश, तीन हजार से 7999 तक तक अनलिस्टेड केस और सीरियल नंबर आठ हजार दर्ज मामले प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र होते थे। ऐसे में किसी कोर्ट में या कॉरिडोर में मौजूद अधिवक्ता सीरियल नंबर से जान जाता था कि किस कोर्ट में क्या चल रहा है। नया तरीका तीन मार्च (आज) से लागू कर दिया गया है।

# चमोली में बचाव अभियान समाप्त

### ▶▶ बर्फीले तूफान और हिमस्खलन ने ली 8 लोगों की जान



चमोली (आरएनएस)। उत्तराखंड के चमोली में आए भयंकर बर्फीले तूफान और शुक्रवार सुबह हुए हिमस्खलन में आठ लोगों की मौत हो गई। सेना ने रविवार शाम इसकी पुष्टि की। इसके साथ ही राहत एवं बचाव ऑपरेशन भी समाप्त कर दिया गया।चमोली के माणा इलाके में बीआरओ कैंप के 55 श्रमिक बर्फीले तूफान की चपेट में आ गए थे। इलाके के ब्रिगेड कमांडर, ब्रिगेडियर मनदीप ढिल्लों ने बताया कि इस हादसे में आठ लोगों की मृत्यु हुई है। बचाव अभियान के दौरान रविवार शाम बर्फ में दबा आठवां शव मिला। रविवार शाम चार बजकर 43 मिनट पर अंतिम लापता कर्मचारी का शव बरामद किया गया। इसके बाद मरने वालों की संख्या आठ हो गई है।हिमस्खलन की चपेट में आए 55 श्रमिकों में से 46 को पहले ही बचा लिया गया था। एक श्रमिक खुद अपने घर पहुंच गया। वहीं, आठ अन्य लापता श्रमिकों के शव बरामद हुए हैं। इनमें से चार के शव रविवार को बरामद हुए।राहत एवं बचाव कार्यों में जुटी भारतीय सेना ने दुर्भाग्यपूर्ण प्राकृतिक आपदा में अपनी जान गंवाने वाले श्रमिकों के परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त की है।ब्रिगेडियर मनदीप ढिल्लों ने कहा कि भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना, आईटीबीपी, एनडीआरएफ, सीमा सड़क और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों द्वारा चलाए गए अथक और पेशेवर बचाव अभियानों से यहां कई लोगों की जान बचाई गई।गौरतलब है कि इस बर्फीले इलाके में राहत एवं बचाव के दौरान भी बर्फबारी और बारिश समस्याएं खड़ी करती रही। भारतीय सेना ने उन सभी सैनिकों और कर्मियों के प्रयासों की सराहना की है जिन्होंने इस बचाव अभियान को अंजाम देने के लिए खराब मौसम और इलाके का सामना किया।सेना की मध्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने चल रहे खोज और बचाव कार्यों की स्वयं निगरानी की। उन्होंने समन्वय करने के लिए उत्तराखंड में हिमस्खलन स्थल का दौरा भी किया। जीवित बचे लोगों का पता लगाने के लिए विशेष टोही रडार, यूएवी, क्वाडकॉप्टर और हिमस्खलन बचाव में माहिर कुत्तों को तैनात किया गया था। सेना के हेलीकॉप्टर लगातार आवश्यक उपकरणों को आगे पहुंचाने का काम कर रहे थे। हेलीकॉप्टर की सहायता से कई घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

## बॉम्बे हाई कोर्ट ने पूर्व सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच पर कार्रवाई पर रोक लगाई



**मुंबई, (हि.स.)।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को पूर्व सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच के खिलाफ शेयर बाजार में हुई कथित धोखाधड़ी मामले में मामला दर्ज करने के विशेष कोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) से कहा कि सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश पर चार मार्च तक कोई कार्रवाई न की जाए।मुंबई स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष कोर्ट ने शनिवार को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामकीय उल्लंघन के संबंध में बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया था। पूर्व सेबी प्रमुख बुच, बीएसई के प्रबंध निदेशक सुंदररमन राममूर्ति और चार अन्य अधिकारियों ने सोमवार को बॉम्बे हाई कोर्ट में याचिका दाखिल पर विशेष कोर्ट के निर्णय पर रोक लगाने की मांग की थी। इस याचिका पर सुनवाई न्यायमूर्ति एसजी डिगे की एकल पीठ के समक्ष हुई।कोर्ट में बुच और सेबी के तीन मौजूदा पूर्णकालिक निदेशकों, अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय की ओर से सालिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए।

# वो क्रूर शासक नहीं, कई हिंदू मंदिर बनवाए

### ● सपा नेता ने औरंगजेब को बताया ग्रेट
### ● शिंदे बोले- माफी मांगो



**मुंबई, एजेंसियां।** समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने सोमवार को मुगल शासक औरंगजेब की एक महान प्रशासक के रूप में प्रशंसा करके विवाद खड़ा कर दिया। बॉलीवुड फिल्म चावा- छत्रपति संभाजी महाराज की बायोपिक के संदर्भ में उन्होंने दावा किया कि पूरा गलत इतिहास दिखाया जा रहा है और औरंगजेब ने कई मंदिर बनवाए। अबू आजमी ने साफ तौर पर कहा कि क्रूर शासक नहीं थे। बीजेपी और शिवसेना विधायकों ने आजमी के बयान की कड़ी निंदा की और उनसे माफी की मांग की। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आजमी के बयान को ÷गलत और स्वीकार्य÷ बताया और कहा कि उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका बयान गलत है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। औरंगजेब ने छत्रपति संभाजी महाराज पर 40 दिनों तक अत्याचार किया; ऐसे व्यक्ति को अच्छा कहना सबसे बड़ा पाप है, इसलिए अबू आजमी को माफी मांगनी चाहिए। हमारे सीएम ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। उन पर देशद्रोह का आरोप लगाया जाना चाहिए। विक्की कौशल के पीरियड ड्रामा %छावा% में छत्रपति संभाजी महाराज की बहादुरी की कहानी पर प्रकाश डालने के बाद मुगल शासक ने एक बार फिर राजनीतिक ध्यान आकर्षित किया है - जिनकी अटूट लचीलापन ने मराठों को मुगलों के खिलाफ लड़ाई में प्रेरित किया। संभाजी महाराज को औरंगजेब के हाथों दुखद मृत्युदंड दिया गया।

औरंगजेब छठा मुगल सम्राट था, जिसने 1658 से 1707 में अपनी मृत्यु तक शासन किया। उसके शासनकाल में, मुगल साम्राज्य अपनी सबसे बड़ी सीमा तक पहुंच गया - एक क्षेत्र जो लगभग संपूर्ण भारतीय उपमहाद्वीप तक फैला हुआ था।

## केवल दिव्यांगता के आधार पर किसी व्यक्ति को न्यायिक सेवा के लिए अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता - सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में कहा है कि किसी भी व्यक्ति को केवल दिव्यांग होने के आधार पर उसे न्यायिक सेवा के लिए अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने मध्य प्रदेश न्यायिक सेवा नियमावली के उस प्रावधान को निरस्त कर दिया जिसमें दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों को न्यायिक सेवा के लिए अयोग्य ठहराया गया है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न्यायिक सेवाओं में भर्तियों के लिए किसी दिव्यांग व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टू पर्सन्स विद डिसेबिलिटी एक्ट के प्रावधानों के तहत किसी भी दिव्यांग को उसके अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने 3 दिसंबर 2024 को फैसला सुरक्षित रख लिया था।मध्य प्रदेश के दृष्टिबाधित अभ्यर्थी की मां ने सुप्रीम कोर्ट को पत्र लिखा था। इस पत्र पर तत्कालीन चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने संज्ञान लेते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट, मध्य प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर गौर किया था कि मध्य प्रदेश सिविल जज वर्ग-2 की 2022 में हुई परीक्षा में दृष्टिबाधित अभ्यर्थियों के आरक्षण को शामिल नहीं किया गया था। ऐसा करना राईट टू पर्सन्स विद डिसेबिलिटी एक्ट का उल्लंघन है।

# मायावती ने आकाश आनंद को पार्टी से निकाला



**लखनऊ, (हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी से भी निष्कासित कर दिया है। इससे पहले रविवार को हुई बैठक में उन्हें सभी पदों से मुक्त किया गया था। इसके बाद आकाश आनंद की प्रतिक्रिया के बाद बसपा प्रमुख ने यह निर्णय लिया है।मायावती ने सोमवार दोपहर एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि रविवार को बसपा की आल-इण्डिया की बैठक में आकाश आनन्द को पार्टी हित से अधिक पार्टी से निष्कासित अपने ससुर अशोक सिद्धार्थ के प्रभाव में लगातार बने रहने के कारण नेशनल कोआर्डिनेटर सहित सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया था।, जिसका उसे पश्चाताप करके अपनी परिपक्वता दिखानी थी। लेकिन इसके विपरीत आकाश ने जो अपनी लम्बी-चौड़ी प्रतिक्रिया दी है, वह उसके पछतावे व राजनीतिक परिपक्वता का नहीं, बल्कि उसके ससुर के ही प्रभाव वाला ज्यादातर स्वार्थी, अहंकारी व गैर-मिशनरी है। जिससे बचने की सलाह मैं पार्टी के ऐसे सभी लोगों को देने के साथ दण्डित भी करती रही हूं। बाबा साहेब डॉ. भीमराव आम्बेडकर के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान मूवमेंट के हित में तथा कांशीराम की अनुशासन की परम्परा को निभाते हुए आकाश आनन्द को, उनके ससुर की तरह, पार्टी व मूवमेंट के हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

## फ़रीदाबाद से संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार, निशाने पर था राम मंदिर

**फरीदाबाद-** गुजरात एटीएस ने केंद्रीय एजेंसियों और फरीदाबाद एसटीएफ के सहयोग से हरियाणा के फरीदाबाद से एक संदिग्ध आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। बलों ने उसके कब्जे से दो हथगोले और कुछ कट्टरपंथी सामग्री जब्त की। सूत्रों के मुताबिक राम मंदिर उनकी टारगेट लिस्ट में था। संदिग्ध की पहचान 19 वर्षीय अब्दुल रहमान के रूप में हुई है, जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक, संदिग्ध आतंकी को रविवार को गिरफ्तार कर लिया गया और ग्रेनेड बरामद होने के बाद उसे फरीदाबाद में फैला दिया गया।

# रश्मिका मंदाना को सबक सिखाने की जरूरत-विधायक रविकुमार





**बेंगलुरू, एजेंसियां।** कर्नाटक कांग्रेस विधायक रविकुमार गौड़ा गनीगा ने कथित तौर पर कन्नड़ भाषा और स्थानीय फिल्म उद्योग के प्रति उपेक्षा दिखाने के लिए अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने अपना असंतोष व्यक्त करते हुए सुझाव दिया कि उसे उसके व्यवहार के लिए सबक सिखाया जाना चाहिए। कर्नाटक में मांड्या निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाली गनीगा ने अभिनेता के कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सवाल किया कि क्या उन्हें उस उद्योग की उपेक्षा करने के लिए सबक सिखाया जाना चाहिए जहां उन्होंने पहली बार अपना करियर शुरू किया था।कांग्रेस नेता ने कहा कि कर्नाटक में कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली रश्मिका मंदाना ने पिछले साल इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में शामिल होने से इनकार कर दिया था जब हमने उन्हें आमंत्रित किया था।

विधायक के मुताबिक मंधाना ने कहा था कि मेरा घर हैदराबाद में है, मुझे नहीं पता कि कर्नाटक कहां है और मेरे पास समय नहीं है। मैं नही आ सकती। हमारे एक विधायक मित्र उन्हें आमंत्रित करने के लिए 10-12 बार उनके घर गए, लेकिन उन्होंने यहां उद्योग में बड़े होने के बावजूद कन्नड़ को अस्वीकार कर दिया और यहां तक कि उसकी उपेक्षा भी की। क्या हमें उन्हें सबक नहीं सिखाना चाहिए?उनकी टिप्पणियों पर विभिन्न वर्गों से प्रतिक्रियाएं आई हैं, जिससे क्षेत्रीय उद्योगों के साथ अभिनेताओं के संबंधों के बारे में चल रही बहस और बढ़ गई है। यह विवाद तब सामने आया जब कांग्रेस ने अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता शमा मोहम्मद द्वारा भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा के बारे में की गई टिप्पणी से खुद को अलग कर लिया। मोहम्मद ने सोशल मीडिया पर शर्मा की फिटनेस और कप्तानी पर सवाल उठाते हुए उन्हें ÷एक खिलाड़ी के लिए मोटा÷ और ÷भारत का अब तक का सबसे अप्रभावी कप्तान÷ कहा था।

# बोर्ड परीक्षा में सख्ती से छात्र छोड़ रहे इम्तहान

## विभिन्न केंद्रों का जायजा लेने पर स्थिति ठीक नहीं

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** यूपी बोर्ड की परीक्षा में नकल पर सख्ती का असर साफ दिखाई पड़ रहा है।सुबह की पाली में इंटर जीव विज्ञान की परिक्षा में अधिकांश केंद्रों पर छात्रों ने परिक्षा छोड़ दी है।विभिन्न परीक्षा केंद्रों की रिपोर्ट पर गौर करें तो बड़ी संख्या में परीक्षार्थी इम्तहान छोड़ रहे हैं।
सोमवार को प्रथम पाली में क्षेत्र के विभिन्न परीक्षा
केन्द्रों पर परीक्षार्थियों की भीड़ देखी गयी। नकल की मंशा लेकर केन्द्रों पर पहुंचे परीक्षार्थी नकल का जुगाड़ नही होने से केंद्र से दूरी बना ली।
वही कई केन्द्र से बाहर निकले छात्र पेपर खराब होने से मायूस नजर आए।अनुदानित विद्यालयों में परीक्षा केन्द्र पर सख्ती साफ देखी



गयी।बद्रीनाथ तिवारी इंटर कालेज मेजारोड के केन्द्र व्यवस्थापक
दीपक पांडेय ने बताया कि उनके केन्द्र पर सुबह पाली में इंटर जीव विज्ञान में 147 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 25 ने परीक्षा छोड़ दी। इंटर गणित में 93 छात्र उपस्थित रहे, 11 ने परीक्षा छोड़ दी। इसी तरह हाईस्कूल संस्कृत की परीक्षा में 16 अनुपस्थित रहे, जबकि 183 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। बताया
कि दूसरी पाली में इंटर चित्रकला की परीक्षा थी,मात्र 1 परीक्षार्थी का केंद्र रहा जो गैर हाजिर रहा। सिरसा कस्बे के रामप्रताप इंटर कालेज में
इंटर गणित व जीव विज्ञान की परीक्षा में 327 उपस्थित रहे 26 ने परीक्षा छोड़ दी। हाईस्कूल संस्कृत की परीक्षा में 254 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 32 ने परीक्षा छोड़ दी। केन्द्रव्यवस्थापक डा शिवप्रकाश पाठक ने बताया कि परीक्षा से पूर्व गेट पर गहन तलाशी से छात्र डरे सहमे हैं। नकलविहीन परीक्षा होने से
नकल की मंशा को लेकर पहुंचे, परीक्षार्थी परीक्षा छोड़ दे रहे। जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज सिरसा की प्रधानाचार्या विनीता सिंह ने बताया कि जीव विज्ञान इंटर की परीक्षा में 56 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 03 ने परीक्षा छोड़ दी।गणित में 23 छात्र उपस्थित रहे। हाईस्कूल संस्कृत में 154
परीक्षार्थी मौजूद रहे, जबकि नौ बालिकाएं अनुपस्थित रहीं। यहाँ दूसरी पाली में इंटर चित्रकला के 08 पंजीकृत परीक्षार्थियों में एक अनुपस्थित रहा। 07 ने परीक्षा दी है। बाबू नवल किशोर इंटर
कालेज गेंदुराही के अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक लालमणि शुक्ला हैं। ने बताया कि उनके केन्द्र पर इंटर गणित में 153 छात्र उपस्थित रहे। जबकि 41 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। इंटर जीव
विज्ञान में 277 उपस्थित रहे, 47 अनुपस्थित रहे।
बताया गया कि नकल को लेकर सख्ती से छात्र परिक्षा से भाग रहे हैं।

# निषाद समाज सदियों से रहा खेवनहार-संजय शुक्ल

## मुख्यमंत्री ने पूर्ण महाकुम्भ में नाविकों की सेवा को सराहा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** निषाद राज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संजय शुक्ल ने कहा कि त्रेता युग में प्रभु श्रीराम को गंगा पार उतारने वाले गुह्य राज निषाद रहे। निषाद समाज ने पूर्ण महाकुम्भ में अपनी सेवाओं के जरिए श्रद्धालुओं के साथ इस अकल्पनीय आयोजन के आयोजक प्रदेश के मुख्यमंत्री को मेला सम्पन्न कराने व त्रिवेणी के अमृत स्नान में अहम योगदान दिया है।
श्री शुक्ल ने कहा कि त्रेता युग से लेकर पूर्ण महाकुम्भ जैसे आयोजनों में नदियों को पार उतारने वाला निषाद समाज प्रदेश की राजनीति में भी खेवनहार बना हुआ है। संगम की रेती पर सम्पन्न हुए सदी के पूर्ण महाकुम्भ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाविकों की सेवा को सराहा है और कई नाविकों को



सम्मानित भी किया है।श्रद्धालुओं की सेवा में 45 दिनों तक रात दिन नाव चलाकर निषाद समाज ने मेले की व्यवस्था में अहम योगदान दिया है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई सेलिब्रेटी नाव के सहारे संगम पहुंचे और पुण्य की डुबकी लगाकर धन्य हुए हैं।
प्रदेश की राजनीति में भी निषादराज

### ➪संगम में सेवा देने वाले मेजा के नाविकों का होगा सम्मान

पार्टी का सहयोग रहा है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संजय शुक्ल ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय प्रसाद निषाद ने समय समय पर भाजपा के खेवनहार की भूमिका में रहे हैं। श्री शुक्ल ने कहा कि महाकुम्भ आयोजन में मेजा क्षेत्र के कई नाविकों ने संगम तट पर अपनी सेवाएं दी है। उन्हें चिन्हित कर यहाँ उन्हें सम्मानित किया जाएगा। मुझे गर्व है कि मैं प्रयागराज में जन्म लिया हूँ। यहाँ के लोगों ने सेवा व संयम की जो मिशाल पेश की उसकी पूरी दुनिया कायल है। यह भी फक्र है कि मैं निषादराज पार्टी का पदाधिकारी हूँ।

# हाईकोर्ट में केस लिस्टिंग बदलने से अधिवक्ता परेशान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुकदमों की लिस्टिंग व्यवस्था में अचानक बदलाव किया गया है। अब काजलिस्ट में दिन भर के सभी मुकदमे (फ्रेश, अनलिस्टेड, लिस्टेड आदि) एक सीरियल में (क्रम संख्या एक से अंत तक) होंगे।फरवरी माह तक सीरियल नंबर एक से 2999 तक दर्ज मुकदमे फ्रेश, तीन हजार से 7999 तक तक अनलिस्टेड केस और सीरियल नंबर आठ हजार दर्ज मामले प्रकीर्ण प्रार्थना पत्र होते थे। ऐसे में किसी कोर्ट में या कॉरिडोर में मौजूद अधिवक्ता सीरियल नंबर से जान जाता था कि किस कोर्ट में क्या चल रहा है। नया तरीका तीन मार्च (आज) से लागू कर दिया गया है।हाईकोर्ट के वकीलों का कहना है कि अब किसी भी कोर्ट में क्या चल रहा है, यह जानने के लिए पूरी काजलिस्ट याद रखना पड़ेगा, जो काफी मुश्किल कार्य है।हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व संयुक्त सचिव आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना के मुकदमों की लिस्टिंग का नया तरीका वकीलों को फिलहाल परेशान करेगा। सिस्टम को समझने में और इसके अनुसार ढलने में समय लगेगा। आशुतोष ने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष-महासचिव से इस पर अविलम्ब संज्ञान लेने का आग्रह किया है।

# प्रयागराज महाकुम्भ से यूपी के धार्मिक पर्यटन को मिलेगी नई पहचान

## महाकुम्भ में यूपी पर्यटन के शिविर उप्र दर्शन मंडपम में दर्ज हुई सबसे अधिक पर्यटकों की संख्या-धार्मिक और आध्यात्मिक कॉरिडोर विकसित करेंगे पर्यटन का नेटवर्क

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** तीर्थराम प्रयाग में आयोजित महाकुम्भ ने उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की नई सम्भावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। जिसमें प्रदेश सरकार की तरफ से स्थानीय स्तर पर बनाए गए मंदिरों के कॉरिडोर की अहम भूमिका होगी। प्रयागराज से जोड़कर विकसित किए गए पांच आध्यात्मिक कॉरिडोर इसकी पटकथा लिखना शुरू कर चुके हैं।

### यूपी दर्शन मंडपम में 65 लाख से अधिक विजिटर की दर्ज हुई एंट्री

महाकुम्भ धार्मिक और आध्यात्मिक आयोजन के साथ संस्कृतियों के संगम का भी महा आयोजन था। देश के विभिन्न राज्यों ने अपने अपने राज्यों की पर्यटन और संस्कृति से जुड़ी पहचान को प्रदर्शित करने वाले मंडप यहां बनाए। इनमें में उत्तर प्रदेश की संस्कृति और पर्यटन के विभिन्न आयामों को प्रदर्शित करने वाले यूपी दर्शन मंडपम में सबसे अधिक पर्यटकों ने रुचि दिखाई है।
प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि महाकुम्भ में सामान्य दिनों में यूपी दर्शन मंडपम में प्रतिदिन एक लाख से अधिक विजिटर्स आए हैं। विशिष्ट स्नान पर्वों में यह आंकड़ा दो लाख से ऊपर पहुंच गया। 45 दिन चले इस महाकुम्भ में 65 लाख से अधिक विजिटर्स यूपी दर्शन मंडपम आए हैं जो महाकुम्भ के किसी भी पंडाल से अधिक हैं।

### मंदिरों के आध्यात्मिक कॉरिडोर बनेंगे आधार

महाकुम्भ के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार ने यहां पांच प्रमुख कॉरिडोर और पार्क विकसित किए हैं। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी का कहना है कि पर्यटन के दीर्घकालीन विस्तार के लिए कॉरिडोर जैसे पर्यटन स्थल हमेशा उपयोगी होते हैं। महाकुम्भ में पांच धार्मिक कॉरिडोर को विकसित किया गया, जिसने प्रयागराज में



पर्यटन का पूरा स्वरूप बदल दिया है। प्रयागराज से विन्ध्याचल देवीधाम और फिर काशी को जोड़ने वाला प्रयाग, विन्ध्याचल, काशी कॉरिडोर, प्रयागराज को अयोध्या और गोरखपुर से जोड़ने वाला प्रयागराज, अयोध्या, गोरखपुर कॉरिडोर, प्रयागराज को लखनऊ के साथ नैमिषारण्य को जोड़ने वाला प्रयागराज, लखनऊ, नैमिषारण्य कॉरिडोर, प्रयागराज से चित्रकूट को जोड़ने वाला प्रयागराज, राजापुर, चित्रकूट कॉरिडोर और मथुरा वृन्दावन से शुकतीर्थ को जोड़ने वाला प्रयागराज, मथुरा, वृंदावन, शुकतीर्थ कॉरिडोर धार्मिक पर्यटन का आधार बनेगा ।

### स्थानीय मंदिरों के कॉरिडोर और पार्क बनेंगे वरदान

प्रदेश सरकार ने महाकुम्भ के दौरान प्रयागराज के मंदिरों का कायाकल्प करने के साथ मंदिरों के कॉरिडोर निर्माण की जो योजना धरातल पर उतारी गई उसके दूरगामी परिणाम होने वाले हैं। संगम के निकट हनुमान मंदिर कॉरिडोर, अक्षयवट मंदिर, सरस्वती कूप कॉरिडोर, दारागंज में नागवासुकी और अलोप शंकरी देवी कॉरिडोर, भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर और श्रृंगवेरपुर धाम के विकास ने श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए धार्मिक पर्यटन के कई विकल्प प्रदान कर दिए हैं। शिवालय पार्क और त्रिवेणी पुष्प परमार्थ निकेतन भी इसी का अंग बन गए हैं। इन संरचनाओं का विकास धार्मिक पर्यटन के लिए वरदान साबित होगा।

# इविवि में केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, राजभाषा, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की पांच दिवसीय अनुवाद प्रशिक्षण कार्यशाला शुरू

## कार्यशालाओं से ही भाषाओं के नित्य नए प्रयोग प्रतिभागियों तक पहुंचाते हैं लेखा सरीन,दो भाषाओं के सेतु का काम करता है अनुवाद - प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं नराकास, प्रयागराज कार्यालय 2 के कार्मिकों हेतु इविवि के तिलक भवन में आज पांच दिवसीय संक्षिप्त अनुवाद प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। 07 मार्च तक चलने वाली इस कार्यशाला में अनुवाद के व्यवहारिक एवं सैद्धांतिक पक्ष की बारीकियां सिखाई जाएंगी। यह आयोजन केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली और राजभाषा अनुभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित है।
इस अवसर पर केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, गृह मंत्रालय, नई दिल्ली से विषय विशेषज्ञ जनवारियूस तिर्की एवं लेखा सरीन ने केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो की कार्य संस्कृति, कार्ययोजना और कार्यप्रणाली के बारे में तथा अनुवाद सम्बंधी चुनौतियों पर बात की।
लेखा सरीन ने कहा कि अनुवाद सिखाया नहीं जा सकता। अनुवाद सभी को जोड़ने का काम करता है। संसद से सड़क तक एक पुल का



काम अनुवाद करता है। हर व्यक्ति के अंदर अनुवादक के गुण होते हैं। आवश्यकता होती है तो उसे निखारने की। इन पांच दिनों में हम अनुवाद तो नहीं सिखा सकते लेकिन ये विश्वास आपको दिलाते हैं कि आप भाषा की नई तकनीक, व्यवहार और नित नए भाषा सम्बंधी आविष्कारों से परिचित होंगे तथा इससे आपके कार्यालयीन कार्य में मदद मिलेगी।
भाषाओं के क्षेत्र में में जो नित्य नए प्रयोग हो रहे हैं वह इन कार्यशालाओं के माध्यम से आप तक पहुंचते हैं। कार्यशालाएं नवाचार को प्रतिभागियों तक पहुंचाने का माध्यम है।
दिल्ली से आए अनुवाद विशेषज्ञ जनवारियूस तिर्की ने कहा कि कार्य व्यवहार में अनुवाद की भूमिका महत्वपूर्ण है। अनुवाद में भी संगीत होता है बस उसे महसूस करना आना चाहिए। 'बरगद कला मंच' के विद्यार्थियों इशिता, कार्तिकेय तिवारी और संजय मौर्य ने सरस्वती वंदना और भजन की प्रस्तुति दी। संचालन करते हुए हिन्दी अधिकारी प्रवीण श्रीवास्तव ने पांच दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत किया।उल्लेखनीय है कि, इस कार्यशाला में प्रयागराज के केंद्रीय कार्यालय के राजभाषा कर्मी शामिल हो रहे हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में इस तरह के अनुवाद की कार्यशाला करने वाला प्रथम विश्वविद्यालय है। कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव के नेतृत्व में इलाहाबाद विश्वविद्यालय का राजभाषा अनुभाग नित नई ऊंचाइयों को छू रहा है।
राजभाषा कार्यान्वयन समिति के संयोजक प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अनुवाद परिवेश, जीवन और संस्कृति को नज़दीक से जानने का अवसर उपलब्ध कराता है। कार्यालयी कार्य संस्कृति में अनुवाद की भूमिका बड़ी हो जाती है।
प्रयागराज राजभाषा सम्बंधी संवैधानिक उपबंध में समूह 'क' के अंतर्गत आता है, इसलिए यहां की कार्यालयी कार्य संस्कृति में हिंदी को पूरी तरह अपनाने पर जोर देना है। कहीं अंग्रेजी में कोई पत्र व्यवहार किया जाता है तो उसके साथ हिंदी अनुवाद भी लिखा जाय। स्रोत भाषा से लक्ष्य भाषा तक पहुंचना ही अनुवाद है।कार्यशाला के विशिष्ट अतिथि डॉ. सुनील निगम, चिकित्सा अधिकारी, राजकीय मुद्रणालय ने कहा कि हमारे यहां साढ़े पांच साल का एमबीबीएस होता। रूस में लगभग 6 या 7 साल का एमबीबीएस होता है। ये अतिरिक्त समय केवल भाषा सीखने के लिए होता है। ईसीसी कालेज के प्रो. विवेक निगम ने अनुवाद की व्यवहारिक जटिलताओं को कई उदाहरणों से समझाया तथा बताया कि अनुवाद एक कला है। उसे समझने की जरूरत है। उन्होंने कहा हमारे समय में अनूदित किताबें नहीं मिलती थीं। अनुवाद के लिए विषय रुचि और मूल समझ होनी चाहिए। इविवि के संयुक्त कुलसचिव डॉ मेजर हर्ष कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए। इस अवसर पर नराकास कार्यालय के नोडल अधिकारी एवं एमएनआईटी के हिंदी अधिकारी प्रमोद कुमार द्विवेदी, डॉ भारती शुक्ला, नबी चौहान एवं प्रयागराज केंद्रीय कार्यालय के राजभाषा कर्मी उपस्थित रहे।

# यौन उत्पीड़न से गर्भवती हुई युवती का गर्भपात कराने के आदेश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने यौन उत्पीड़न की शिकार युवती के अनचाहे गर्भ को 3 दिन में समाप्त करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कानपुर नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पीड़िता के भ्रूण के ऊतक और रक्त को साक्ष्य के रूप में संरक्षित करने के भी निर्देश दिए हैं। यह आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति दोनदी रमेश की कोर्ट ने सोमवार को दिया। याची के अधिवक्ता ने बहस की कि पीड़िता यौन उत्पीड़न की शिकार हुई है। इसकी वजह से वह गर्भवती हो गई है।
एफआईआर दर्ज कराई गई है। पीड़िता सामाजिक लोक-लाज की वजह से गर्भ को समाप्त करवाना चाहती है। खुद के साथ हुई ज्यादती के कारण वह काफी परेशान है। ऐसे में उसे गर्भपात की अनुमति दी जानी चाहिए।
कोर्ट में अधिवक्ता ने दलील दी कि शासनादेश के अनुसार 20 सप्ताह तक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति दी जा सकती है, बशर्ते मामला यौन उत्पीड़न से जुड़ा हो। इसके बाद कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट व राज्य सरकार के शासनादेश का हवाला देकर पीड़िता के गर्भ को तीन दिन में समाप्त करने की इजाजत दे दी।
इससे पूर्व कोर्ट ने कानपुर नगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मेडिकल बोर्ड गठित कर रिपोर्ट पेश करने का आदेश दिया था। इसके बाद आई रिपोर्ट में पीड़िता 15 सप्ताह और 2 दिन की गर्भवती पाई गई है।

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान: 2 क्विंटल लहन नष्ट, 15 लीटर कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**बारा, कौशाम्बी।** कौशाम्बी थाना अंतर्गत होली त्योहार के मद्देनजर अवैध शराब निर्माण व तस्करी के खिलाफ पुलिस प्रशासन ने सख्ती तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिलेभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कौशाम्बी थाना क्षेत्र गढ़वा में थाना प्रभारी निरीक्षक उर्मिला सिंह के नेतृत्व में थाना कौशाम्बी पुलिस टीम ने बड़ी कार्रवाई की। थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने बताया कि ग्राम गढ़वा में छापेमारी के दौरान पुलिस टीम ने करीब 2 क्विंटल लहन (कच्ची शराब बनाने का कच्चा माल) नष्ट किया। इस कार्रवाई के दौरान 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ मायादेवी पत्नी राजू निषाद, निवासी बड़का गढ़वा, थाना व जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार महिला की उम्र करीब 32 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने मौके पर अवैध शराब निर्माण की अन्य सामग्रियों को भी जब्त किया और लहन को नष्ट कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि कौशाम्बी थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ सख्त अभियान जारी रहेगा और इसमें लिप्त लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस की सख्त कार्रवाई जारी

होली त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस टीम लगातार संदिग्ध स्थानों पर छापेमारी कर रही है, ताकि किसी भी तरह से अवैध शराब की बिक्री और वितरण न हो सके।गिरफ्तार महिला के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने जनता से अपील की है कि अगर कहीं भी अवैध शराब निर्माण या बिक्री की जानकारी हो तो तत्काल पुलिस को सूचित करें, ताकि इस सामाजिक बुराई पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

# बीजेपी प्रयागराज महानगर अध्यक्ष के नाम की इस सप्ताह हो सकती है घोषणा

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर अध्यक्ष के लिए 69 दिग्गजों ने आवेदन किया है, जो इस इंतजार में है कि इस सप्ताह में किसी भी दिन महानगर अध्यक्ष के साथ अन्य जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा हो सकती है। हालांकि बीजेपी में अभी मंथन चल रहा है कि किसी भी तरह सामाजिक संतुलन न बिगड़ने पाए।भाजपा महानगर अध्यक्ष के साथ अन्य जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा इस सप्ताह हो सकती है। महानगर अध्यक्ष के लिए निवर्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र मिश्र समेत कई अन्य दिग्गजों ने आवेदन किया है। इसके साथ ही प्रयागराज जनपद के गंगा पार व यमुना पार जिला अध्यक्ष के नाम की भी घोषणा हो सकती है। पार्टी के रणनीतिकार सामाजिक संतुलन के साथ ही सर्वमान्य अध्यक्ष के नामों पर चर्चा कर रहें है। पार्टी महिलाओं की भागीदारी को ध्यान में रखते हुए एक महिला जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा करेगी। माना जा रहा है कि यमुनापार से किसी महिला का नाम आ सकता है।

# हिन्दुस्तानी एकेडेमी में पांच दिवसीय 'साहित्य कुम्भ' का शुभारम्भ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** हिन्दुस्तानी एकेडेमी के गांधी सभागार में आज से डॉ. कन्हैया सिंह की स्मृति में पांच दिवसीय 'साहित्य कुम्भ' का शुभारम्भ हुआ। यह कार्यक्रम नया परिमल, हिन्दुस्तानी एकेडेमी और इलाहाबाद विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।
इस अवसर पर हिन्दुस्तानी एकेडेमी के सचिव डॉ. देवेन्द्र प्रताप सिंह ने सनातन परम्परा की वैज्ञानिकता पर जोर दिया। इलाहाबाद विश्वविद्यालय की हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. लालसा यादव ने प्रयाग की साहित्यिक धरोहर पर प्रकाश डाला। प्रो. योगेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमारे ऋषि-मुनि अरण्य में चिंतन करते थे और लोक में उसे प्रसारित करते थे। उन्होंने साहित्य की संश्लिष्ट प्रकृति पर भी चर्चा की।
उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य डॉ.राजनारायण शुक्ल ने भारतीय भाषाओं के विविध साहित्यिक योगदान का उल्लेख करते हुए पत्राचार को हिन्दी में करने और साहित्य को न्याय की दृष्टि से प्रस्तुत करने का आग्रह किया। हिन्दुस्तानी एकेडेमी के पूर्व अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ.उदय प्रताप सिंह ने डॉ. कन्हैया सिंह को मानवता का प्रतीक बताया और भारतीय भाषाओं की मूल संवेदना को एक बताया।
कार्यक्रम के प्रथम सत्र में 'भारत में साहित्य की प्राचीन परम्पराएं' विषय पर व्यापक चर्चा हुई। प्रो. अमरेन्द्र त्रिपाठी ने भारतीय साहित्यिक चेतना में इस्लामिक आक्रमण के प्रभाव पर चर्चा की। प्रो. सर्वेश सिंह ने डॉ. कन्हैया सिंह के साहित्य का गहन विश्लेषण किया और आज के साहित्य में तत्सम शब्दों के अभाव की ओर ध्यान आकृष्ट किया। प्रो.रामकिशोर शर्मा ने भारतीय साहित्य की मूल चेतना को धर्म बताया और जनतांत्रिकता को इसका अभिन्न हिस्सा बताया।
सत्र की अध्यक्षता कर रहे प्रो.त्रिभुवन नाथ शुक्ल ने साहित्य के पारंपरिक संदर्भों को रेखांकित करते हुए कहा कि खंडित व्यक्ति द्वारा रचा गया साहित्य कभी व्यापक नहीं हो सकता। कार्यक्रम के अंत में सभी वक्ताओं एवं विद्वतजन का धन्यवाद नया परिमल के सचिव विनम्र सेन सिंह ने किया।
इस अवसर पर हिन्दुस्तानी एकेडेमी के कोषाध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रो डॉ.अमितेश, डॉ.विजय रविदास, डॉ. चितरंजन, शोधार्थी बालकरन सिंह, चन्द्रशेखर कुशवाहा, हर्षित उपाध्याय सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# खाना विवाद में नाराज वर पक्ष ने लौटाई बारात, पुलिस ने मनाकर थाना परिसर में कराई शादी



लोकमित्र ब्यूरो

**बारा, (कौशाम्बी)।** कौशाम्बी थाना क्षेत्र के बड़ा गढ़वा गांव में एक शादी समारोह में उस वक्त हंगामा मच गया जब बारातियों और घरातियों के बीच खाने को लेकर विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दूल्हे ने नाराज होकर शादी से इनकार कर दिया और पूरी बारात के साथ अपने घर लौट गया। इस घटना से दुल्हन पक्ष में हड़कंप मच गया, और उन्होंने पुलिस से मदद की गुहार लगाई।बारात चित्रकूट जनपद के शेषा मऊ गांव से धर्मेंद्र के बेटे कमलेश की आई थी। बारात धूमधाम से डीजे की धुनों पर नाचते-गाते दुल्हन अंतिमा के दरवाजे तक पहुंची। द्वार पूजा की रस्म के बाद जब बारातियों के स्वागत और भोजन की बारी आई, तब विवाद शुरू हो गया। दुल्हन पक्ष का कहना था कि तय संख्या से अधिक बाराती आ गए, खासकर महिलाओं की संख्या ज्यादा थी, जिससे खाने-पीने की व्यवस्था गड़बड़ा गई। वहीं, दूल्हा पक्ष का आरोप था कि बारातियों के स्वागत में कमी रही और खाने की व्यवस्था भी ठीक नहीं थी। इस बात को लेकर दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई, जो जल्द ही विवाद में बदल गई।

खाने को लेकर हुए इस विवाद से दूल्हा कमलेश व उसके परिजन नाराज हो गया और गुस्से में बिना शादी किए ही बारात वापस ले गया। जब दुल्हन पक्ष को इस बात की जानकारी हुई तो परिवार के लोग सकते में आ गए। यह मामला इतना गंभीर हो गया कि वे तुरंत स्थानीय थाने पहुंचे और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी। दुल्हन पक्ष की शिकायत पर थाना प्रभारी उर्मिला सिंह ने हस्तक्षेप किया और मामले को सुलझाने के लिए दूल्हे के घर पहुंचीं। पुलिस की समझाने के बाद आखिरकार दूल्हा बारात के साथ वापस लौटा, लेकिन उसने दुल्हन के दरवाजे पर दोबारा जाने से इनकार कर दिया। दूल्हे और उसके परिजनों की जिद थी कि अब शादी थाने में ही करवाई जाए।

दोनों पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए कौशाम्बी थाना पुलिस ने बीच का रास्ता निकाला और थाना के परिसर स्थित मंदिर में शादी कराने का सुझाव दिया।

इस पर दोनों परिवार सहमत हो गए और सोमवार सुबह मंदिर में विधिवत रूप रीति रिवाज से शादी संपन्न कराई गई। शादी के बाद दुल्हन की विदाई भी कर दी गई, और इस तरह थाना कौशाम्बी पुलिस की सूझबूझ से यह विवाद सुलझा और शादी बिना किसी बड़े बवाल के पूरी हो सकी।

## दबंगों ने दलित को पीटा, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, न्याय की गुहार

**कौशाम्बी।** जिले के संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी में दबंगों ने एक दलित युवक मनोज कुमार सरोज को बुरी तरह पीटा। मनोज ने आरोप लगाया है कि जीशान नामक व्यक्ति ने उसे विदेश भेजने के नाम पर 2 लाख 70 हजार रुपये लिए थे। जब वह पैसे मांगने गया, तो जीशान और उसके साथियों ने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मनोज ने कहा कि पुलिस थाने में शिकायत करने के बावजूद उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई, बल्कि उल्टा उसे डांटकर भगा दिया जाता हैं। मनोज ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि दबंगों की ऊंची पकड़ के चलते पुलिस उनकी मदद नहीं करती। उन्होंने बताया कि आरोपियों का संबंध माफिया अतीक अहमद से है, जिससे इलाके में दहशत फैली हुई है। मामले में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने मामला दर्ज कर उचित कार्रवाई के आदेश दिए हैं। पीड़ित परिवार न्याय की उम्मीद में है कि उन्हें जल्द से जल्द राहत मिलेगी।

# 2 कुंटल लहन, 80 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 5 गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** रविवार को पीस कमेटी की बैठक समाप्त होंने के बाद करारी पुलिस फुल एक्शन मोड में आ गई है। करारी पुलिस ने क्षेत्र के 5 गांवों में छापा मारकर 70 लीटर अवैध कच्ची शराब और 02 कुंटल लहन बरामद करके नष्ट करा दिया।इसके साथ ही गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत के दर्ज कर लिया है।

करारी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनीत सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के उप निरीक्षक नीरज सिंह ने क्षेत्र के नेवारी गांव के विजमा पत्नी पन्नेलाल के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया है।इसी तरह उप निरीक्षक कंचन देवी और उप निरीक्षक अमित द्विवेदी ने करारी कस्बे के किंग नगर मोहल्ले की रहने वाली शांति देवी के कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया है।वहीं उप निरीक्षक अमित द्विवेदी ने क्षेत्र के थाम्बा अलावलपुर गांव के रहने वाली फूलमती पत्नी हंस के कब्जे से 1 कुंटल लहन और नाथन लाल पुत्र लालू राम के कब्जे से 20 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करके नष्ट करा दिया है।इसी तरह अर्का महमदपुर चौकी इंचार्ज चंदन सिंह ने मीरापुर गांव के रहने वाले मनोज कुमार पुत्र सुखलाल के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए नष्ट करा दिया है।बरामद हुए लहन और शराब को करारी पुलिस टीम ने गड्ढों,नालों में फेंककर नष्ट करा दिया है।इसके साथ ही पकड़े गए सभी लोगों के विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत केस दर्ज कर निजी मुचलके पर जमानत दे दिया गया है।इस छापा मार कार्रवाई में आरक्षी धर्मेंद्र कुशवाहा, कुलदीप कुमार,योगेश मौर्य सहित आधा दर्जन सिपाही शामिल रहे।

# बाइक सवार दंपति को डीसीएम ने रौंदा, पत्नी की मौत

## पति और पुत्र की हालत गम्भीर, भंडारे में शामिल होने जा रहा था परिवार



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गिरसा के सामने मूरतगंज-राजापुर मार्ग पर बाइक सवार पति, पुत्र और पत्नी को सामने से आ रहे डीसीएम ने रौंद दिया। घटना में महिला की मौत हो गई जबकि पति और पुत्र घायल हैं। घटना के बाद चालक डीसीएम छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया।कोखराज थाना क्षेत्र के रसूलपुर गिरसा के ककरही तालाब के सामने मूरतगंज की तरफ से सोमवार की रात लगभग आठ बजे बाइक से विनोद कुमार अपनी पत्नी व लड़के के साथ समदा में भंडारे में शामिल होने जा रहे थे। सामने से आ रहे तेज रफ्तार डीसीएम ने टक्कर मार डाली। टक्कर लगते ही विनोद व उनका लड़का सड़क पर छिटक गए जबकि पत्नी डीसीएम के पहिए के नीचे आ गई इससे उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर रहे लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल पिता-पुत्र को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा जबकि महिला का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बाइक की टक्कर से सड़क पार कर रही महिला घायल

**चायल, (कौशाम्बी)।** पूरामुफ्ती थानाक्षेत्र के मंदर गांव में रविवार की शाम खेत से घर लौट रही महिला को बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक सवार घटना के बाद मौका पा कर भाग निकला। आसपास रहे लोगों ने घायल को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी होने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए।

पुलिस चौकी सल्लाहपुर क्षेत्र के मंदर गांव निवासी महेंद्र सिंह किसानी करके परिवार का भरण पोषण करता है। उसकी पत्नी सुखरानी देवी रविवार को खेत से मवेशियों के लिए चारा लेने गई थी। घर वापस लौटते समय पावन मोड़ स्थित तिराहे के पास सड़क पार करते समय जीटी रोड की तरफ से गुजर रहे अनियंत्रित बाइक सवार ने महिला को टक्कर मार दिया। हादसे में महिला घायल हो गई। घटना देख कर आसपास रहे लोग दौड़े। तब तक मौका देख कर बाइक सवार वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। लोगों ने घायल को इलाज के लिये नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। समाचार मिलते ही बदहवास हालत में परिजन अस्पताल पहुंच गए। घायल की हालत गंभीर देख परिजन उसे भरवारी के प्राइवेट अस्पताल लेकर चले गए। घटना की सूचना परिजनों ने पुलिस को दिया है। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दिया है। परिजनों के मुताबिक घायल महिला की हालत गंभीर है।

# मदर इंडिया इंटर कॉलेज में गणित व जीव विज्ञान की हुई परीक्षा

**● चार छात्र छात्राओं ने इंटर तो दो ने हाईस्कूल की परीक्षा छोड़ी**





लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, , (कौशाम्बी)।** कस्बा करारी में मदर इंडिया इंटर कॉलेज में सोमवार को प्रथम पाली में इंटर में जीव विज्ञान के 109 छात्र छात्राओं में से 4 बच्चे अनुपस्थित थे वहीं गणित के पेपर 6 छात्र छात्राओं में से 1 छात्र अनुपस्थित था। कक्षा दस में संस्कृत का पेपर हुआ जिसमें 49 छात्र छात्राओं में 2 छात्र अनुपस्थित थे संस्कृत का पेपर कराया गया वहीं छात्राओं से पूछने पर बताया कि स्कूल में सारी व्यवस्थाएं थी जैसे की बैठने की पानी पीने की व्यवस्था आदि सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त थी, इससे हम लोगों को पेपर देने में कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़ा, इंटर के छात्र छात्राओं ने बताया कि जो भी सब्जेक्ट से हमें पढ़ाया गया था उसी सब्जेक्ट से हमारी परीक्षा सकुशल संपन्न हुई जिन्होंने मन लगाकर जीव विज्ञान व गणित की पढ़ाई की थी उनके लिए पेपर एकदम सरल था वही मदर इंडिया इंटर कॉलेज के गेट से निकलते छात्रों के चेहरे खिले हुए थे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान बनी हुई थी इससे या लग रहा था कि जो भी छात्र-छात्राओं का पेपर हुआ है वह शत प्रतिशत हल कर बच्चे गेट के बाहर निकल रहे हैं।

## मदर इंडिया इंटर कालेज में ढाई सौ बच्चों ने दिया संस्कृत ,जीव विज्ञान और गणित का पेपर

करारी, (कौशाम्बी)। यूपी बोर्ड परीक्षा इण्टर और हाई स्कूल की परीक्षा 24 फरवरी से आरंभ हो चुका है। सोमवार को कक्षा 10 के छात्र, छात्राओं का संस्कृत व कक्षा 12 के छात्रध् छात्राओं का जीव विज्ञान और गणित का पेपर था। सोमवार को 4 विद्यालयों का सेंटर करारी कस्बे के नेता नगर मोहल्ला स्थित मदर इंडिया इंटर कॉलेज आया।छात्र छात्राओं को असुविधा न हो इसके लिए विद्यालय प्रशासन ने समुचित व्यवस्था कर रखा।

करारी कस्बे के नेता नगर मोहल्ला स्थित मदर इंडिया इंटर कॉलेज में सोमवार को प्रथम पाली की परीक्षा में जिले के 04 विद्यालयों का सेंटर आया था।जिसमें कक्षा 10 के 54 और कक्षा 12 के 194 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।इसके साथ ही किसी कारण वश 6 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दिया है। परीक्षा दे रहे छात्र ध्छात्राओं को असुविधा न हो इसके लिए विद्यालय प्रशासन ने सभी तैयारियां कर रखी थी।ओसा स्थित दुर्गा देवी इण्टर कालेज,रियाज इण्टर मीडिएट कॉलेज,करारी इण्टर कॉलेज व मदर इंडिया इंटर कॉलेज के छात्राओं का सेंटर मदर इंडिया इंटर कॉलेज में था। केंद्र व्यवस्थापक सरफराज हुसैन,12 कक्ष निरीक्षक की देखरेख में 06 कमरों में छात्र छात्राओं ने परीक्षा दिया।सुरक्षा की दृष्टि से करारी पुलिस के जवान मौजूद रहे। मदर इंडिया इंटर कॉलेज में मेरा सेंटर स्थाई था।आज मेरा जीव विज्ञान की परीक्षा थी।जीव विज्ञान की परीक्षा में मुझे कोई ऐसी समस्या नहीं आई जिस प्रश्न को हम हल न कर सकें। सारे प्रश्न को हमने हल किया है और हमें उम्मीद है कि अंक अच्छा से अच्छा आएगा।

मेरा सेंटर मदर इंडिया इंटर कॉलेज में स्थाई था।मेरे स्कूल में बैठने व पानी पीने जैसी सारी व्यवस्थाएं थी, मेरा जीव विज्ञान का पेपर बहुत ही सरल था।मैने जीव विज्ञान को मन लगाकर पढ़ा था उनका पेपर बहुत ही अच्छा गया है।और मुझे उम्मीद है कि हमारा जीव विज्ञान में अच्छा से अच्छा अंक प्राप्त होगा।

आर्या मोदनवाल, कक्षा 12

मदर इंडिया इंटर कॉलेज में मेरा सेंटर स्थाई था।आज मेरी जीव विज्ञान की परीक्षा थी। जीव विज्ञान की परीक्षा को मैने बहुत आसानी से दिया। आशा है कि अंक अच्छा से अच्छा आएगा।

प्रतिमा सिंह कक्षा 12

मेरा सेंटर करारी इंटर कॉलेज से मदर इंडिया इंटर कॉलेज आया है। स्कूल की सारी व्यवस्थाएं सही थी। जैसे बैठने, व पानी पीने की और समय से पेपर कॉपी बांट दिया गया था। जिससे मुझे पेपर देने में कोई दिक्कत नहीं हुई बहुत ही आराम के साथ संस्कृत का पेपर दिया।

अक्षत शर्मा कक्षा 10

# जिलाधिकारी ने की राष्ट्रीय पोषण मिशन एवं ऑगनबाड़ी भवन केन्द्र निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा

**● जिलाधिकारी ने ऑगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य को माह-मार्च में पूर्ण कराते हुए हैण्डओवर कराने के दिये निर्देश**



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा सम्राट उदयन सभागार में राष्ट्रीय पोषण मिशन, ईकेवाईसी बेरीफिक्रेशन, आधार बेरीफिक्रेशन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, होम विजिट, आईजीआरएस, बीएचएसएनडी, उपस्थिति एवं ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन ऑगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्यों के प्रगति की विस्तृत समीक्षा की, समीक्षा के दौरान ऑगनबाड़ी भवनों के निर्माण कार्य को माह-मार्च में पूर्ण कराते हुए हैण्डओवर कराने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति की जानकारी प्राप्त की, जिस पर बच्चों की उपस्थिति कम पाये जाने पर उन्होंने सीडीपीओ एवं सुपरवाइजरों को कड़ी फ्टकार लगाते हुए बच्चों की उपस्थिति 80 प्रतिशत तक बढ़ाये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ऑगनबाड़ी केन्द्रों में समय से पहुॅचकर केन्द्रो को खोलने के निर्देश दियें। उन्हांने ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों को घर-घर जाकर ऑगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चो की संख्या बढ़ाये जाने के निर्देश दियें।

जिलाधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सैम बच्चों को चिहिन्त कर मैम सासान्य श्रेणी में परिवर्तित करने के लिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। उन्हांने सभी सुपरवाइजरों एवं सीडीपीओ को घर-घर जाकर सैम बच्चों को चिहिन्त कर उन्हें एनआरसी में भर्ती कराने के निर्देश दियें। उन्होंने जनपद में मातृ शिशु मृत्यु दर कम से कम करने के लिए आरबीएसके की टीम एवं ऑगनबाड़ी सुपरवाइजरों की एक टीम बनाकर कार्य करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने आरबीएसके की टीम को गॉव-गॉव भ्रमण कर ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं पोषण ट्रैकर को चेक करने के भी निर्देश दियें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार एवं जिलापूर्ति अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी कुमार सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## अनियंत्रित लोडर की टक्कर से घर जा रहा वृद्ध घायल

**चायल, (कौशाम्बी)।** संदीपन घाट थानाक्षेत्र के काजीपुर बाजार में शनिवार की शाम बाजार से पैदल घर जा रहे वृद्ध को अनियंत्रित लोडर ने टक्कर मार दी। हादसे में वृद्ध घायल हो गया।सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को इलाज के लिये पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है।डाक्टर ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

काजीपुर गांव निवासी रामबाबू पुत्र अमरनाथ मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। उसके अनुसार शनिवार की शाम उसका पिता बाजार की ओर गया था।सामान खरीदकर वह पैदल घर लौट रहा था। इसी दौरान पूरामुफ्ती की ओर से आ रहे अनियंत्रित लोडर ने उसे टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से उसे गंभीर चोंटे आई। हादसे के बाद चालक मय लोडर के वहां से भाग निकला।

# महाबोधि महाविहार बोधगया की मुक्ति हेतु हुई बौद्ध भिक्षुओं व उपासकों की बैठक



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** महाबोधि महाविहार बोधगया बिहार भारत की मुक्ति हेतु बुद्ध विहार साधना केन्द्र जूही कानपुर में बौद्ध धर्म गुरुओं और बौद्ध उपासकों की एक आवश्यक बैठक रविवार को सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बुद्ध विहार साधना केन्द्र संस्थान के संस्थापकाध्यक्ष और अखिल भारतीय भिक्षु महासंघ शाखा उत्तर प्रदेश के प्रांतीय अध्यक्ष भदंत दीपांकर जी महास्थविर ने की। संचालन बौद्ध भिक्षु भंते दीप रतन जी ने किया।

इस अवसर पर प्रमुख आधा दर्जन से अधिक अन्य बौद्ध भिक्षुओं के साथ सैकड़ों की संख्या में बौद्ध उपासक भी मौजूद रहे। भिक्षु महासंघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भदंत आर्य पुत्र अंगुलि माल ने विस्तार से महाबोधि महाविहार बोधगया के मैनेजमेंट एक्ट 1949 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उपस्थित बौद्ध भिक्षुओं व उपासकों से इस संबंध में राय भी मांगी गयी और इस संबंध में आवश्यक रणनीति भी तैयार की गई। उपासक धनी राम प्रशांत कुमार कमल कुमार एडवोकेट संजय सरोज आदि ने बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर रमेश चंद्र मोहन लाल बौद्ध जगदेव प्रसाद कुरील डॉ0 उदय शील गौतम वीरेन्द्र मंदीप सतीश बाल्मीकि डॉ0 धीरेन्द्र कुमार दोहरे जीतू पैंथर चंद्रिका प्रसाद बौद्ध जीवन लाल बौद्ध जगन्नाथ वर्मा व के0पी0 सविता बौद्ध पूर्व प्रधानाध्यापक गौरीगंज अमेठी और महामंत्री भारतीय बौद्ध महासभा उत्तर प्रदेश शाखा जनपद अमेठी आदि सैकड़ों की संख्या में बौद्ध उपासक लोग मौजूद रहे।

## दो वारंटी आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना मो0पुर पइन्सा पुलिस उ0नि0 लोकेश कुमार शर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी रघुराज निवासी ग्राम रमसहाईपुर थाना मो0पुर पइन्सा को गिरफ्तार किया गया। थाना मो0पुर पइन्सा पुलिस उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा आबकारी अधिनियम से संबंधित वारंटी छेदीलाल लोध निवासी लोधन का पुरवा मजरा घाटमपुरथाना मो0पुर पइन्सा को गिरफ्तार किया गया।

## अवैध शराब के साथ नौ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अवैध शराब के निर्माण एवं तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में विभिन्न थानों द्वारा कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार कर कब्जे से कुल 127 ली0 अवैध शराब बरामद की गयी गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरूद्ध सम्बन्धित थानो पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों का चालान किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 128 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में आठ गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थानामंझनपुर से

# जनपद बार्डर के चौकी क्षेत्र से प्रतिदिन निकल रहें है ओवरलोड वाहन



लोकमित्र ब्यूरो

**नारा, (कौशाम्बी)।** सूबे की योगी सरकार जिला प्रशासन को अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों को रोकने के लिए फरमान जारी किया है लेकिन इसका असर कौशांबी जिले में अफसरों की मेहरबानी से नाकाम साबित हो रहा है। फतेहपुर जिले से ओवरलोड वाहन घाता थाना क्षेत्र से गुजर कर कौशांबी की सीमा में बिना रोकटोक के दौड़ रही है। प्रतिदिन कौशांबी की सीमावर्ती चौकी नारा से सैकड़ों ओवरलोड बालू लेकर टैक्टर,ट्रक डंफर निकलते है ओवरलोड वाहनों की वजह से आए दिन दुर्घटना भी होती है। लेकिन पुलिस चेकिंग के नाम पर सिर्फ दो पहिया वाहनों को अपना शिकार बनाने में अपनी गुंडवर्क की किताब लिखती है। जिले में अवैध रूप से बिना नंबर और मिटे हुए नंबर जिला प्रशासन को खुलेआम चुनौती दे रहे है। वाहन चालक अपनी गाड़ियों के नंबर प्लेट में एक नंबर सीरीज से मिटा देते है बहुत से वाहन पूरी नंबर प्लेट से जब मर्जी होती है बदल लेते है।

पूर्व में कड़ा धाम थाना क्षेत्र के देवीगंज कस्बे में ओवरलोड से कई लोगों की मौत हो गई थी।

## आखिर कहा से आ रहा ओवरलोड बालू खनन विभाग सो रहा कुंभकर्णी नीद

कौशाम्बी। सरकार द्वारा प्रदेश के सभी बालू घाटों में खनन को लेकर घाटों में सीसीटीवी कैमरा और तौल मशीन लगाना होगा। किसी भी हाल में किसी भी घाट में न ही अवैध खनन हो और न ही ओवरलोड लोडिंग की जाय लेकिन खनन लेकिन इसका पालन कही नहीं किया जा रहा हैं। खनन विभाग और उससे संबंधित विभाग अपनी आंखों को बंद कर लिए है जिसकी वजह से प्रतिदिन सरकारी राजस्व को लाखों का नुकसान हो रहा है।

## सूखऊ का पूरा में वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मचाया धमाल



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड कड़ा के कंपोजिट विद्यालय सुखऊ का पूरा में सोमवार को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए धमाल मचा दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापिका कमलेश कुमारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मार्च में ही कक्षा बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं सम्पन्न होगी इसलिए जो भी समय बचा है उसमें मेहनत लगाकर पढ़ाई करे और अच्छे नंबर लाकर स्वयं के साथ स्कूल का नाम भी रोशन करें। अंत में बेहतर कार्य प्रस्तुत करने वाले बच्चों को स्टेशनरी देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर स्कूल के अन्य अध्यापक प्रदीप सिंह, वीरेंद्र सिंह, अश्वनी सिंह, अरविंद पाल सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

संक्षिप्त खबरें

## जमीनी विवाद में दो पक्षों मे हुई मारपीट, चौदह पर क्रास केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने नौ नामजद व पांच अज्ञात समेत चौदह लोगों के खिलाफ क्रास मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के राजातारा मजरे अमावां गांव निवासी विद्याशंकर तिवारी पुत्र स्व. दयाशंकर तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि एक मार्च की शाम करीब साढ़े पांच बजे जमीनी विवाद को लेकर एकराय होकर गांव के श्रीधर शुक्ल व उनके पुत्र शरद शुक्ल उर्फ सुमित, ओमप्रकाश शुक्ल उर्फ भुवन पुत्र शशिधर शुक्ल तथा प्रभास शुक्ल उर्फ गज पुत्र विद्याधर शुक्ल ने मारपीट किया। शोर सुनकर बीचबचाव में पहुंचे पीड़ित के पुत्र को भी आरोपियों ने मारापीटा। शोर मचाने पर लोगों को आते देख आरोपीगण जान से मारने की धमकी देते भाग निकले। वहीं दूसरे पक्ष के सुमित शुक्ल पुत्र श्रीधर शुक्ल ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि पीड़ित के खुद की भूमिधरी पर बाउण्ड्री बनाने को लेकर गांव के विजयशंकर तिवारी, मारूतिनंदन, विद्याशंकर तिवारी, विनोद तिवारी, चंद्रहास पाण्डेय पांच अज्ञात लोगों ने मारपीट किया, बाउण्ड्री को गिरा दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद दोनों पक्षों के लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## दो बाइक की टक्कर में छात्र समेत तीन घायल, रेफर

**लालगंज प्रतापगढ़।** बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्र समेत तीन लोग मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेण्टर भेजवाया गया। जहां से सभी को रेफर कर दिया गया। लालगंज कोतवाली के रायपुर तियाई गांव निवासी बृजेन्द्र 18 पुत्र रामलाल सरोज सोमवार सुबह बाइक से अपने भाई विनीत तथा गांव के ही रामसुमेर सरोज के पुत्र अनुज को लेकर बोर्ड परीक्षा दिलाने अगई जा रहा था। अगई मोड़ पर सुबह करीब साढ़े सात बजे अज्ञात बाइक ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे तीनों घायल हो गये। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से भाग निकला। आसपास के लोगों ने घायलों को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर भेजवाया। यहां घायलों की गंभीर हालत के चलते चिकित्सकों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट, तीन पर केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** पुरानी रंजिश को लेकर हुई मारपीट व धमकी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के वीरभद्रपुर वीरशाहपुर गांव निवासी नीरज कुमार मिश्र पुत्र घनश्याम मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि जमीनी विवाद को लेकर दो मार्च को सुबह करीब छः बजे गांव के ओमप्रकाश शुक्ल के पुत्र अनिल कुमार शुक्ल व सुशील कुमार शुक्ल तथा आदित्य कुमार शुक्ल पुत्र सुशील कुमार ने गालीगलौज करते हुए मारपीट किया व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## तीन के खिलाफ मारपीट का केस

**लालगंज प्रतापगढ़।** मारपीट गालीगलौज की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे केवल गांव की विमला देवी पत्नी रामस्वरूप ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर बीते दो मार्च को सुबह करीब सात बजे गांव के सनी सरोज पुत्र रामबकश सरोज तथा आशा देवी पत्नी रामबकश व शिवानी देवी पुत्री रामबकश एकराय होकर उसे गाली देने लगे। पीड़िता के मना करने पर आरोपियों ने लाठी डण्डे से मारापीटा। बीचबचाव में पहुंचे पीड़िता के पुत्र नन्दलाल को चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## दुकरा जंगल में लगी आग, फायर कर्मियों ने पाया काबू

**पट्टी प्रतापगढ़।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के गांव दुकरा के जंगल में सोमवार को दिन 1ः30 बजे के आसपास अज्ञात कारणों से आग लग गई। वहा से गुजर रहे किसी राहगीर ने देखा और हल्ला गुहार मचाकर अन्य ग्रामीणों को बुलाया। ग्रामीणों ने तुरंत ही मामले की सूचना फायर सर्विस यूनिट पट्टी को दी। सूचना पर पहुंचे फायर कर्मियों ने हौजरील से पंपिंग करके आग पर पूर्ण रूप से काबू पा लिया। यदि समय रहते आग पर काबू न पाया जाता तो आग गांव की तरफ बढ़ रही थी, बड़ा हादसा हो सकता था।

## गरीबों के इलाज में नहीं दिखाते दिलचस्पी-डा आर के वर्मा



**प्रतापगढ़।** सरकार द्वारा गरीब व मध्यम वर्ग के लोगों के बेहतर इलाज लिए आयुष्मान भारत योजना संचालित किया जा रहा है। किंतु गरीबों के इलाज के लिए संचालित आयुष्मान योजना में कॉर्पोरेट अस्पताल दिलचस्पी नहीं दिखाते हैं। बड़े बड़े अस्पताओं में पैसे के चक्कर में गरीबों का इलाज करने में लापरवाही बरतते हैं। इमरजेंसी मे इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड के अप्रूवल की समस्या होती है। अप्रूवल के नाम पर दो-तीन दिन समय लग जाता है। छोटे बड़े अस्पताल गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के इलाज में समस्याएं बनी हैं। कॉरपोरेट अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड का अप्रूवल करने में समय बीतने से बीमार लोगों के लिए गंभीर समस्या बन जाती है। इससे गरीबों के जान की आफत हो जाती है। वहीं दूसरी ओर इलाज चाहे छोटा हो या बड़ा हो। अस्पतालों द्वारा मरीज का एस्टीमेट बनाकर शासन को दिया जाता हैं, और शासन के द्वारा आयुष्मान कार्ड से लगभग 10 गुना अधिक पैसे वसूल किया जाता है।

## बहुमुखी विकास के लिए शिविर मे प्रतिभागिता जरूरी -कमलेश बहादुर



**सगरासुंदरपुर प्रतापगढ़।** सोमवार को जयराज कुंवरि बाबा पारस पाल सिंह महाविद्यालय लीलापुर साहबगंज का राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर तीन मार्च से नौ मार्च तक चयनित ग्राम साहब गंज, समशेरगंज में चलेगा। शिविर का उद्घाटन प्रबंधक कमलेश बहादुर सिंह ने करते हुए कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना बहुमुखी विकास का द्योतक है। इससे शारीरिक तथा मानसिक रूप से बच्चो मे मजबूती होती है। ,कालेज के व्यवस्थापक गणेश प्रताप सिंह ने एनएसएस शिविर को छात्रोपयोगी बताया । इसके पूर्व छात्र -छात्राओ ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । स्वागत दुर्गेश प्रताप सिंह आभार प्राचार्य राघवेंद्र प्रताप सिंह ने जताया । इस अवसर पर प्रोग्राम ऑफिसर अमित कुमार श्रीवास्तव, अंकित सिंह,अरविंद त्रिपाठी, तासीर अहमद,संतोष सिंह,साकेत शुक्ल, सुरेंद्र सिंह,शालिनी सिंह,सरिता त्रिपाठी, सरिता मौर्य, रत्नेश पाल, शुभम रजक आदि मौजूद रहे।

# गेहूँ क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह से परेशान न करें-जिलाधिकारी

● गेहूँ क्रय केन्द्र के आस-पास आढ़तियें कदापि न भटकने पाये-जिलाधिकारी
● जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गेहूँ खरीद कार्यशाला सम्पन्न



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में गेहूँ खरीद कार्यशाला सम्पन्न हुई। बैठक में खाद्य एवं विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में 67 गेहूँ क्रय केन्द्र खोले गये है जिनमें खाद्य विभाग के 26, पी0सी0एफ0 के 28, पी0सी0यू0 के 09 व भारतीय खाद्य निगम के 04 सम्मिलित है। रबी विपणन वर्ष 2025-26 हेतु गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य रूपये 2425 प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। जनपद में 3284 कृषकों द्वारा गेहूँ विक्रय हेतु विभागीय पोर्टल पर पंजीकरण कराया जा चुका है। उन्होने किसानों से कहा है कि क्रय केन्द्रों पर आधार कार्ड, खसरा/खतौनी, पहचान पत्र, पंजीकरण कागज लेकर आना अनिवार्य होगा। पीएफएमएस के माध्यम से किसानों के आधार लिंक खाते में भुगतान किया जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त गेहूँ क्रय केन्द्रों के प्रभारियों को निर्देशित किया कि 15 मार्च से पहले गेहूँ क्रय केन्द्रों पर इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, छलना आदि सारे उपकरण की उपलब्धता क्रय केन्द्रों पर सुनिश्चित करायें। क्रय केन्द्र पर क्रय पंजिका, स्टॉक बुक, टोकन पंजिका, गेहूँ प्रेषण रजिस्टर, निरीक्षण पंजिका, शिकायत पंजिका एवं कृषक से खरीद सम्बन्धी अभिलेख अवश्य उपलब्ध रहे। शासन की गाइडलाइन प्राप्त होने पर क्रय केन्द्रों पर गेहूँ की खरीद प्रारम्भ कर दी जाये।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि गेहूँ क्रय केन्द्र के आस-पास आढ़तियें कदापि न भटकने पाये, यदि ऐसा पाया जाता है तो क्रय केन्द्र प्रभारी इसकी सूचना सम्बन्धित उपजिलाधिकारी देगें और यदि नही देते है तो सम्बन्धित क्रय केन्द्र प्रभारी के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

यदि केन्द्र के आस आढ़तिया न आने पाये केन्द्र प्रभारी जिम्मेदारी तय की जायेगी, उसकी सूचना सम्बन्धित उपजिलाधिकारी को देगें। यदि सूचना नही देता है तो क्रय केन्द्र बन्द कर दिया जायेगा। उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि क्रय केन्द्रों का निरीक्षण कर आवश्यक अभिलेखों को देख लें एवं जो भी कमियां पायी जाये उसे दुरूस्त करा दें। गेहूँ क्रय केन्द्रों पर बैनर पोस्टर लगाये जाये उसमें केन्द्र का नाम, मोबाइल नम्बर, केन्द्र प्रभारी का नाम, गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य अंकित किये जाये। समस्त तहसीलों में एक-एक होर्डिंग लगायी जाये। सभी गेहूँ क्रय केन्द्रों पर बोरो की पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था, किसानों हेतु पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करा ली जाये। सभी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ खरीद के समय इलेक्ट्रानिक कांटा शत् प्रतिशत संचालित रहे। बाट माप अधिकारी को निर्देशित किया गया कि समस्त क्रय केन्द्रों के इलेक्ट्रानिक कांटों का सत्यापन कर लिया जाये जिससे खरीद के समय किसी भी प्रकार की समस्या न उत्पन्न होने पाये। जिलाधिकारी ने गेहूँ क्रय केन्द्र प्रभारियों को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि यदि क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी तरह से परेशान किया जाता है या उन्हें लौटाया जाता है तो सम्बन्धित केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अजय कुमार तिवारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी जितेन्द्र यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार व अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं धान क्रय केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहे।

## जानलेवा हमले के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**पट्टी प्रतापगढ़।** जानलेवा हमले के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के आमी सराय गांव निवासी अजीत कुमार शर्मा ने थाने पर मुकदमा दर्ज कराया कि रविवार को गांव में कोटे का चयन था। इस दौरान गांव के धीरज शर्मा व सुमित शर्मा ने हमें दौड़ाकर पेट्रोल डाल दिया और जान से मारने की नीयत से आग लगाने जा रहे थे। वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह बीच बचाव किया तो उसकी जान बची। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसके विद्यालय के जरूरी कागजात फाड़ डालें। इस मामले में अजीत कुमार की तहरीर पर पुलिस ने धीरज उर्फ संजू शर्मा सुमित उर्फ डब्बू शर्मा सचिन शर्मा, राज नारायण समेत चार नामजद व कई अज्ञात के विरुद्ध मारपीट गाली गलौज धमकी जानलेवा हमले समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। दर्ज मुकदमे के आरोपी धीरज शर्मा व सुमित शर्मा को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गांव की बाग से गिरफ्तार कर लिया।

## प्रोजेक्ट प्रवीण योजना का 04 मार्च को वृहद स्वरूप में शुभारम्भ करायें-मुख्य विकास अधिकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो एवं प्रशिक्षण प्रदाताओं के साथ विकास भवन कक्ष बैठक कर दिनांक 04 मार्च को प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के वृहद स्वरूप शुभारम्भ हेतु जिला समन्वयक उ0प्र0 कौशल विकास मिशन की देखरेख में कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला समन्वयक एमआईएस आलोक कुमार ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के अन्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 के अध्यनरत कक्षा-9 एवं 11 के छात्र/छात्रायें कौशल वर्द्धन हेतु निःशुल्क व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करेगें।

शासन द्वारा प्रथम चरण में जनपद के 03 माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया गया है। जीआईसी सदर एवं जीजीआईसी खरवई में हेल्थकेयर सेक्टर का फाउन्डेशन कोर्स एवं राजकीय गर्ल्स इण्टर कालेज मानिकपुर में बीएफएसआई सेक्टर के अन्तर्गत बैंक आफिस एसोशिएट/फाइनेंशियल सर्विसेस का कोर्स कराया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरान्त सफल प्रशिक्षणार्थियों को उ0प्र0 कौशल विकास मिशन से सर्टिफिक्रेट उपलब्ध कराया जायेगा।

बैठक में जिला उप समिति के सदस्य जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी, जिला सेवायोजन अधिकारी अनुभव त्रिपाठी, राजकीय इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य कुलश्रेष्ठ तिवारी, राजकीय बालिका इण्टर कालेज खरवई की प्रधानाचार्या शिखा, सहायक अध्यापक राजकीय बालिका इण्टर कालेज मानिकपुर संतोष कुमारी ओझा, जिला एम0आई0एस0 प्रबन्धक वन्दना सिंह एवं मृत्युंजय पाण्डेय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक डीडीयू-जीकेवाई एवं प्रशिक्षण प्रदाता रवीन्द्र पाण्डेय, यज्ञ नारायण मेमोरियल सेवा संस्थान के सर्वेश कुमार राय, राम मिलन सिंह शिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि मोहित सिंह उपस्थित रहे।

## कोटे के चुनाव के दौरान पेट्रोल डालकर आग लगाने के दो वांछित गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**पट्टी प्रतापगढ़।** जनपद के थाना पट्टी के उपनिरीक्षक लक्ष्मीकांत सिंह सेंगर, निरीक्षक वीरेंद्र प्रताप सिंह कांस्टेबल राघवेंद्र यादव द्वारा सोमवार को दिन में 2ः00 बजे के आसपास थाना क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर खास की सूचना पर कोट के चुनाव के दौरान पेट्रोल डालकर आग लगाने के मामले में वांछित दो आरोपी धीरज उर्फ संजू, सुमित उर्फ डब्बू को आमी सराय सैफ खा पंचायत भवन के पास से गिरफ्तार किया। साथ ही गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## एमडीपीजी कालेज की छात्राओं को वन स्टॉप सेन्टर का कराया गया भ्रमण



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जनपद स्तर पर जिलाधिकारी निर्देशानुसार एमडीपीजी कालेज की छात्राओं को केन्द्र प्रबंधक नीरजा कुमारी द्वारा बुलाकर वन स्टॉप सेंटर भुलियापुर का भ्रमण कराया गया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत छात्राओं एवं महिलाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, निराश्रित महिला पेंशन योजना, चाइल्ड लाइन एवं वन स्टॉप सेंटर के कार्य प्रणाली उनसे मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी समस्त छात्राओं को जागरूक किया गया। इसके अतिरिक्त सभी हेल्पलाइन नंबर 181, 1090, 1076, 112, 108 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में वन स्टाप सेंटर से केन्द्र प्रबंधक नीरजा कुमारी, महाविद्यालय के प्राचार्य अरविन्द मिश्रा, एमडीपीजी कालेज के अध्यापक अंश तिवारी, केस वर्कर वंदना यादव, कम्प्यूटर आपरेटर आकाश श्रीवास्तव मल्टीपरपज हेल्पर रवींद्र कुमार एवं सभी छात्राएं उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## जनपद में 04 एवं 5 मार्च को निकाली जायेगी वाटरशेड यात्रा-भूमि संरक्षण अधिकारी




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भूमि संरक्षण अधिकारी प्रथम/द्वितीय चमन सिंह ने बताया है कि वाटरशेड विकास घटक-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अन्तर्गत जल जंगल, जमीन बचाने हेतु जागरूकता, आम जन की सहभागिता का अभियान वाटरशेड यात्रा कार्यक्रम की जागरूकता हेतु बाइक रैली का आयोजन किया गया। बाइक रैली विकास खण्ड सदर, मंगरौरा, पट्टी, आसपुर देवसरा के 144 ग्रामों में जागरूकता व प्रचार प्रसार करेगी। उन्होने बताया है कि वाटरशेड यात्रा भारत सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी एलईडी वैन के साथ दिनांक 04 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 9.30 बजे से प्राथमिक विद्यालय गोड़े व अपरान्ह 2 बजे से नवाबाद (सरौली) के तालाब विकास खण्ड मंगरौरा तथा दिनांक 05 मार्च को पूर्वान्ह 9.30 बजे से ग्राम ढिढुई के तालाब विकास खण्ड पट्टी एवं अपरान्ह 2 बजे से ग्राम कबीरपुर विकास खण्ड आसपुर देवसरा के तालाब पर आयोजित की जायेगी।

आयोजित बाइक रैली का संचालन वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए अरविन्द कुमार सिंह एवं तिलक सिंह द्वारा किया गया। वाटरशेड यात्रा में कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-बी, प्राविधिक सहायक ग्रुप सी उपस्थित रहे।

## जवाबदेही व कार्यों के मूल्यांकन से होगा संगठन मजबूत- प्रमोद तिवारी

● कार्यकर्ताओं ने ढकवा पहुंचने पर गाजे-बाजे संग माला पहनाकर किया भव्य स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।**राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता सांसद प्रमोद तिवारी जी के ढकवा पहुंचाने पर पट्टी ब्लॉक अध्यक्ष विवेक पांडेय, पट्टी विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी सुनीता पटेल व पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा के संयुक्त नेतृत्व में गाजे बाजे के साथ माला पहनाकर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।स्वागत के उपरांत कार्यकर्ताओं से बात करते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जी के नेतृत्व में पूरे देश में संगठन सृजन अभियान का कार्य जोरों पर है आप सभी भी संगठन सृजन अभियान के तहत गांव गांव घर-घर जाकर सभी वर्गों और सभी जातियां के लोगों से मुलाकात करके एक बूथ 10 यूथ के तहत संगठन को मजबूत करिए,

सभी कार्यकर्ता 2027 चुनाव की तैयारी अभी से शुरू करें श्री तिवारी ने निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी को निर्देशित करते हुए कहा कि संगठन तभी मजबूत होगा जब पदाधिकारियों की जवाबदेही निश्चित की जाएगी और कार्यों का मूल्यांकन होगा। निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाइए तथा नए लोगों को न्यायपंचायत व मण्डल में जिम्मेदारी दीजिए द्य जिससे जनपद में कांग्रेस मजबूत हो इस दौरान देवी प्रसाद पांडेय, श्याम शंकर मिश्र एलाही, रामचंद्र मिश्र, मांगरौरा ब्लॉक अध्यक्ष अमर बहादुर यादव, शिवगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, प्रदीप यादव, नगर पंचायत ढकवा अध्यक्ष बृजेश यादव, नगर पंचायत रामगंज अध्यक्ष दयाराम गिरी, पूर्व प्रत्याशी रामगंज नगर पंचायत तीरथ राज चौरसिया, पूर्व प्रत्याशी ढकवा नगर पंचायत दरगाही गौतम, जिला सचिव सत्य प्रकाश श्रीवास्तव,वीरेंद्र यादव, डॉ.मुरली हरिजन, हरिप्रसाद उपाध्याय, वीरेन्द्र यादव, जमुना शंकर पाण्डेय, कैलाश नाथ पांडेय, मनोज यादव, चंदन यादव, सूरज यादव, मानवेंद्र यादव, राघवेन्द्र यादव, आलोक, रोहित, सभाजीत सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## शार्टसर्किट से लगी आग से गृहस्थी राख



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के हनुमानपुर मादामई गांव में रविवार की रात शार्टसर्किट से एक घर में आग लग गयी। जिससे गृहस्थी के सामान जलकर राख हो गये। शोरगुल सुनकर पहुंचे ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। हनुमानपुर मादामई गांव निवासी सजनलाल नापित पुत्र बंशी लाल नापित के घर में रविवार की रात अचानक शार्टसर्किट से आग लग गयी। आग की लपटें उठती देख चीखपुकार मचाते गांव के लोग बाहर भागे। शोरशराबा सुनकर गांव के ग्रामीणों ने मदद में भागकर पीड़ित के दरवाजे पर पहुंचे। ग्रामीणों के सहयोग से आग पर किसी तरह काबू पाया जा सका लेकिन तब तक घर में रखे गृहस्थी के सामान, कपड़े, बिस्तर आदि जलकर राख हो गये।

संक्षिप्त खबरें

## ट्रक व कंटेनर की भिड़ंत में दो चालक जख्मी

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना के एक ढाबा के सामने नेशनल हाईवे पर बीती रात ट्रक व कंटेनर की आमने सामने भिड़ंत हो गई हादसे में दोनों वाहनों के चालक जख्मी हो गए , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करायाबताया जाता है कि राजस्थान के मेदवार थाना क्षेत्र के रसूलपुरा निवासी संतराम पुत्र हरी नारायण ट्रक चालक है। संतराम ट्रक में राजस्थान के कोटा से मॉल लादकर बंगाल जा रहा था , ट्रक बीती रात जैसे ही कोखराज थाना के दूधनाथ पाल ढाबा के नजदीक पहुंची तभी प्रयागराज से दिल्ली जा रही कंटेनर में आमने सामने से भिड़ंत हो गई हादसे में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और ट्रक चालक संतराम 38 वर्ष एवं कंटेनर चालक मालवा के सिकंदरा निवासी रिंकू पुत्र ईमान सिंह घायल हो गए , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो दोनों घायलों को इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया।

## बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर पड़ोसियों ने महिला को पीटा, शिकायत

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के एक कस्बे की रहने वाली एक महिला ने बताया कि पड़ोस के बच्चों के साथ खेल खेल में उसके पुत्र का बच्चों से विवाद हो गया जिसके बाद पड़ोस के रहने वाले कुछ लोगों ने उसके साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया और धमकी देने लगे, पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली के अजुहा कस्बे के वार्ड नं पांच बीच का पुरवा निवासी मूल कली पत्नी शत्रुघ्न सिंह विश्वकर्मा ने सोमवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति काम धंधे के सिलसिले में जोधपुर में रहते है । शनिवार को उसका पुत्र पड़ोस की एक लड़की के साथ खेल रहा था इस बीच दोनों बच्चों ने झगड़ा हो गया जिसके बाद अपने पुत्र को लेकर घर जा रही थी , मूलकली का आरोप है कि इस दौरान पड़ोस की एक महिला अपने पति व दोनों बेटियों के साथ गाली गलौच करने लगे जिसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर धमकी देने लगे। पीड़िता ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

## मजदूरी का पैसा मांगने पर दबंग ने मजदूर व उसकी पत्नी को पीटा, एसपी से शिकायत

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** पईसा थाना क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला एक मजदूर मजदूरी का पैसा मांगने गया जिससे दबंग ने मजदूर को गाली गलौच करते हुए मारपीट करने लगा , बीच बचाव ने दबंग ने मजदूर की पत्नी के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया , जिससे पीड़िता का हाथ फ्रैक्चर हो गया , पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर दबंग पर कार्यवाही की मांग की है।पईसा थाना के एमावारी काजीपुर निवासी सुरेन्द्र कुमार पुत्र शुकरु ने एसपी कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह गांव में ही एक व्यक्ति के यहां मजदूरी करता था जिसका पैसा मांगने पर दबंग गाली गलौच करने लगा जिसका विरोध करने पर दबंग मारपीट करने लगा , बीच बचाव में आई उसकी पत्नी गीता देवी के साथ भी मारपीट कर जख्मी कर दिया और जान से मारने की धमकी देने लगा। पत्नी को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गया जहां हाथ फ्रैक्चर होने पर इलाज चल रहा है। पीड़ित सुरेन्द्र ने एसपी से दबंग पर कार्यवाही की मांग की है।

## भूमिधरी जमीन में दबंगों ने किया कब्जा, शिकायत

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू तहसील के एक गांव में कुछ दबंगों ने पीड़ित की भूमिधरी जमीन में अवैध कब्जा कर लिया है , पीड़ित के विरोध करने पर दबंग गाली गलौच कर झगड़े पर आमादा हो जाते है , पीड़ित ने मामले की शिकायत एसडीएम सिराथू से करते हुए कार्यवाही की मांग की है।सिराथू तहसील के सोधियामई निवासी हरिश्चंद्र पुत्र कलुवा ने सोमवार को एसडीएम सिराथू को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसकी भूमिधरी जमीन में गांव के कुछ दबंग जबरन ईट , खप्पर , पुआल का ढेर लगाकर कब्जा कर लिया । हरिश्चंद्र का आरोप है कि जिसका विरोध करने पर दबंग गाली गलौच कर झगड़े पर आमादा होकर जान से मारने की धमकी देते है।

## नलकूप के ट्रांसफार्मर से गौशाला का कनेक्शन हटाने की मांग

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू कस्बे के एक किसान ने एसडीएम योगेश कुमार गौड को शिकायती पत्र देकर निजी नलकूप के ट्रांसफार्मर से गौशाला का कनेक्शन हटाने की मांग की है। किसान ने बताया कि ओवरलोड की समस्या के चलते आए दिन नलकूप की मोटर खराब हो जाती है जिससे आर्थिक नुकसान होता है। सिराथू कस्बे के शिवाला पर निवासी अनिल कुमार पुत्र स्व दिनकर पांडेय ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि पांच साल पहले एक लाख 80 हजार विद्युत विभाग में एस्टीमेट का जमा कर उसने नलकूप का कनेक्शन लिया था। इस दौरान पास में संचालित गौशाला में थोड़े दिन के लिए विद्युत उपयोग के लिए विभाग के अवर अभियंता ने कनेक्शन जुड़वा दिया था। लेकिन अब तक इसे हटाया नहीं गया ऐसे में बिना मीटर के गौशाला में अधिक विद्युत लोड होने के चलते बार-बार नलकूप की मोटर खराब हो रही है। जिससे फसल चौपट होने के साथ आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसान की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एसडीओ विद्युत सिराथू प्रभात कुमार को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## ट्रेन से गिरकर अज्ञात अधेड़ की मौत, नहीं हुई शिनाख्त

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा कोतवाली क्षेत्र के सैयद सरावां गांव के समीप रविवार देर शाम ट्रेन से गिरकर एक अधेड़ की मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाने का काफी प्रयास किया। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।सैयद सरावां गांव के समीप रविवार की शाम शौच के लिये गए लोगों ने रेलवे लाइन के किनारे एक (50) वर्षीय अधेड़ का शव पड़ा देखा। थोड़ी ही देर में शव पड़े होने की जानकारी पाकर लोगों की अच्छी खासी भीड़ जमा हो गई। शव के सिर और पेट में गहरे चोट थे। मृतक बदन पर काली पैंट और फुल बांह की लाल टी-शर्ट पहने हुआ है। पैरो में लेदर का जूता पहने था। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करवाने का काफी प्रयास किया। उसकी शिनाख्त न होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष जगदीश कुमार ने बताया कि अधेड़ की मौत किसी ट्रेन से गिर कर हुई है। फिलहाल शिनाख्त करवाने का प्रयास किया जा रहा है।

## बाइक सवार की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के केन गांव के समीप तेज रफ्तार बाइक सवार ने सायकिल सवार को टक्कर मार दिया हादसे में सायकिल सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया , हादसे की सूचना पर पहुंचे घरवालों ने घायल युवक को इलाज के लिए मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है , जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की भाभी ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक सवार के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है।सैनी कोतवाली के नादेमई निवासी फिरोज जहां पत्नी मो फारुख ने सैनी पुलिस को शिकायती देकर बताया कि उसका देवर मुशर्रफ अली 36 वर्ष सोमवार की दोपहर अपने घर से सायकिल से अजुहा जा रहा था , रास्ते में केन गांव के धर्मा देवी कॉलेज के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने सायकिल में टक्कर मार दिया हादसे में मुशर्रफअली गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया । जिसको इलाज के लिए मंझनपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है । जहां इलाज के दौरान मुशर्रफअली की मौत हो गई , मृतक की भाभी फिरोज जहां ने पुलिस से बाइक सवार के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है । युवक की मौत की खबर पर घर में कोहराम मच गया।

# जिलाधिकारी ने की जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक

● जिलाधिकारी ने विद्यालयों में चल रहें निर्माण कार्य को माह-मार्च तक पूर्ण कराये जाने के दियें निर्देश




लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति आपरेशन कायाकल्प की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प की समीक्षा के दौरान सभी ई0ओ0 एवं खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि 19 पैरामीटर के तहत प्राथमिक, कम्पोजिट एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कराये जा रहें मरम्मत कार्यो का निरीक्षण करते हुए कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयान्तर्गत पूर्ण करायें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालयों में चल रहें निर्माण कार्य को माह-मार्च तक अवश्य पूर्ण करा लिया जाय। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित करते हुए विद्यालयों में अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओं का अपार आईडी अवश्य बनवायें। उन्होंने 01 अप्रैल से पहले सभी विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र के लिए पुस्तक पहुंच जाय, इसकी रैंडम चेकिंग किया जाएगा और कोई भी ऐसा विद्यालय ना मिले जहां पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में शैक्षिक सत्र की पुस्तक बच्चों को न प्राप्त हो, इसलिए इसको गंभीरता से लेते हुए पुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं की डिजिटल उपस्थिति व एमडीएम समय से देना सुनिश्चित करें, अक्सर कई विद्यालयों में देखने में आ रहा है कि डिजिटल उपस्थिति दोपहर में 12 बजे, 01 बजे 02 बजे के आसपास दी जा रही है, इसलिए किसी भी हालत में इसे 11:00 से पूर्व देना सुनिश्चित करें एवं एमडीएम की सूचना भी डिजिटल माध्यम से 1:00 बजे तक अवश्य दें। उन्होंने कहा कि सभी विद्यालयों में दोनों टैबलेट का प्रयोग किया जा रहा है या नहीं, बच्चों को दीक्षा के कंटेंट दिखाए जा रहे हैं या नहीं, डिजिटल रजिस्टर के लिए प्रयोग किया जा रहा तो फंक्शनिंग में दोनों टैबलेट होने चाहिए एवं विद्यालय में मौजूद रहने चाहिए तथा इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। बच्चों के हित को ध्यान में रखकर कार्य करें, बच्चों का हित सर्वोपरि है, बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ न करें। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं खण्ड शिक्षाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र के सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर छात्र-छात्राओं का अपार आईडी बनवाये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देशित किया कि विद्यालय के रजिस्टर को डिजिटल मेनटेन किया जाय, निरीक्षण के दौरान रजिस्टर डिजिटल मेनटेन न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी सुखराज बन्धु, डायट प्राचार्य निधि शुक्ला एवं बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा एवं सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## संदिग्ध दशा में गले में रस्सी का फंदा लगाकर झूली महिला, मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव में एक अधेड़ महिला ने संदिग्ध दशा में गले में रस्सी का फंदा लगाकर झूल गई जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच पड़ताल में जुट गई है।

कोखराज थाना के मीरापुर गांव का गुलजार सिंह राजगीर का काम कर परिवार का भरण पोषण करता है। उसने बताया कि रविवार की शाम उसके बच्चे अनीश व निशा दावत खाने कसिया गांव चले गए। वह और उसकी पत्नी कमला देवी 48 वर्ष घर पर ही खाना पीना खाकर सो गए। देर रात लगभग 11 बजे जब बच्चे दावत से वापस आए तो घर में मां को न पाकर खोजबीन करने लगे। इसी बीच उनकी नजर घर सामने बने गौशाला में पड़ी तो सभी चीख निकल गई। महिला संदिग्ध दशा में छप्पर की धन्नी में बंधी रस्सी के सारे झूल रही थी। घरवालों ने पास जाकर देखा तो महिला दम तोड़ चुकी थी। स्वजनों ने बताया कि मृतका कई महीनों से बीमार चल रही थी जिसका इलाज चल रहा था। जिससे वह तंग आ चुकी थी , बीमारी से ग्रसित महिला ने इसी वजह से यह आत्मघाती कदम उठाया है। घटना की सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी मनीष पाल ने शव को कब्जे लेते हुए आवश्यक लिखापढ़ी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। महिला की मौत से उसकी पुत्री निशा देवी , उर्मिला देवी , मनीष व अनीश का रो रोकर बुरा हाल है।

## पड़ोसियों पर मारपीट कर जमीन कब्जा करने का आरोप

**सैनी, (कौशाम्बी)।** कोखराज थाना के एक गांव में पीड़ित की जमीन पर पड़ोस की रहने वाली कुछ महिलाएं जबरन कब्जा कर रहे है , पीड़ित के विरोध करने पर मारपीट कर धमकी देती है, पीड़ित की जिसकी शिकायत स्थानीय पुलिस चौकी से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई जिसके बाद पीड़ित ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

सिराथू तहसील के शहजादपुर निवासी मो हासिम पुत्र मो ईसा ने सोमवार को डीएम कौशांबी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गांव में स्थित उसकी जमीन पर पड़ोस की रहने वाली एक महिलाएं जबरन कब्जा कर रही है जिसका विरोध करने पर महिलाएं धमकी देते हुए मारपीट करती है, स्थानीय पुलिस चौकी के शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित ने डीएम से न्याय की गुहार लगाई है।

## शब्द ब्रह्म होता है शब्द को संभाल के बोलना चाहिए- वेदांती महराज



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम के दारानगर कस्बे में श्री वृन्दावन धाम से पधारे पुंडरी काक्षाचार्य वेदांती जी महाराज ने संगीतमय श्रीराम कथा के प्रथम दिन उन्होंने श्रोताओं को बताया कि राम नाम अविनाशी है। दुनिया इधर से उधर हो जाए, सब कुछ बदल जाए पर यह राम नाम ज्यों का त्यों यूं ही सदा बना रहेगा। राम की महिमा अपरंपार है। जो बात स्वयं राम कह गए वो कैसे गलत हो सकती है ।दरअसल, जीवन का आधार ही राम नाम है। हर जगह राम नाम की महिमा का गुणगान है। राम सिर्फ एक नाम नहीं है। राम नाम सबसे बड़ा मन्त्र है। राम नाम की महिमा तो ये है की सदाशिव भोले शंकर भी राम नाम जपते रहते हैं। इसी नाम का वो हर प्रहर जाप करते रहते है। संसार राम नाम से चल रहा है। सूर्य, चन्द्रमा, अग्नि, वायु सभी में जो शक्ति है वह राम नाम में समाहित है। शब्द ब्रह्मा होता है और शब्द को संभाल कर बोलना चाहिए। जीवन में अभिमान की शून्यता आ जाए तो श्रद्धा अपने आप आ जाएगी। उन्होंने कहा कि जीवन में राम नाम का बहुत महत्व है। जीवन के हर पल और हर क्षण में राम नाम चलन रहता है।बच्चे के जन्म में श्री राम के नाम का सोहर होता है। विवाह आदि मांगलिक कार्यो के अवसर पर श्री राम के गीत गाए जाते हैं। यहां तक कि मनुष्य की अंतिम यात्रा में भी राम नाम का ही घोष किया जाता है। राम सब में बड़े हैं तथा राम में शिव और शिव में राम विद्यमान हैं। श्री राम को शिव का महामंत्र माना गया है और राम सर्वमुक्त हैं। राम सबकी चेतना का सजीव नाम है।सीताराम जप कार्यक्रम में सुबह से ही विधिवत मंत्र उच्चारण कर 31 विद्वानों के साथ चित्रकूट धाम से पधारे हुए सुदर्शन जी महाराज फलाहारी बाबा के द्वारा सवा लाख आहुतियों के साथ प्रथम दिवस में सवा लाख जाप का कार्यक्रम किया गया।श्री राम कथा के प्रथम दिवस में शोभित मिश्रा , एडवोकेट लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, नील कमल मिश्र, प्रभाकर शुक्ला, जय मणि तिवारी, प्रशांत त्रिपाठी, अभिषेक शुक्ला, अभिजीत शुक्ला, विनोद मिश्रा, बालेन्द्र यादव सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

## पीड़ित ने किशोर पर लगाया मासूम बेटी के साथ अश्लील हरकत का आरोप

**अजुहा, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पड़ोस के रहने वाले एक किशोर पर मासूम बेटी के साथ अश्लील हरकत का आरोप लगाते हुए मामले की तहरीर पुलिस को देकर कार्यवाही की मांग की है।

सैनी कोतवाली के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने सोमवार को सैनी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह काम धंधे के सिलसिले में दिल्ली में रहता है , पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी ने फोन पर जानकारी दी कि पड़ोस का रहने वाला एक किशोर उसकी सात वर्षीय बेटी को घर बुलाकर अश्लील हरकत करने लगा, जिसके बाद घर पहुंची मासूम ने आप बीती घरवालों को बताई तो पीड़ित दिल्ली से वापस लौटकर पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

## वीएचपी अध्यक्ष ने पुत्रों संग पीआरडी जवान पर धारदार हथियारों से किया हमला

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा चायल में सोमवार की सुबह रंजिशन विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष ने अपने बेटों संग मिलकर पीआरडी जवान को तलवार और कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। इससे वह लहूलुहान हो गया। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर उसकी जान बचाई। घायल जवान ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। आरोप है कि कार्रवाई न होने से निराश जवान ने सीओ कार्यालय जाकर तहरीर दी है।



गिरिया खालसा गांव निवासी किशनलाल पुत्र छेदीलाल पीआरडी जवान है। किशन के मुताबिक कस्बा चायल निवासी विश्व हिंदू परिषद का प्रखंड अध्यक्ष लोगों का धर्म परिवर्तन का आरोप लगाकर उसके परिजनों से रंजिश रखता है। सोमवार सुबह वह चायल खास स्थित पंप पर बाइक में पेट्रोल डलाने जा रहा था। इसी दौरान ब्लाक के समीप वह अपने बेटों संग तलवार और कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया। सिर पर वार होने से वह लहूलुहान हो गया और उसका एक कान कट गया। चीख पुकार सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर उसकी जान बचाई।

घायल जवान ने पुलिस चौकी चायल जाकर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने उसे थाने भेज दिया। आरोप है कि थाने में कार्रवाई न होने से निराश घायल जवान ने सीओ को तहरीर दी है। इस संबंध में सीओ सत्येंद्र प्रसाद तिवारी ने इंस्पेक्टर पिपरी को घायल का मेडिकल करवाकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

## तालाब की जमीन से अतिक्रमण हटाने के नाम पर की गई खानापूर्ति

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, , (कौशाम्बी)।** मखऊपुर के पिपरी गांव में सोमवार की दोपहर तालाब की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके किए गए अतिक्रमण को हटाने पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने महज खानापूर्ति करके वापस लौट गई। इससे गांववासियों में नाराजगी रही।चायल तहसील के मखऊपुर गांव का मजरा पिपरी में प्रयागराज कौशांबी मार्ग किनारे एक तालाब स्थित है। जिसपर अवैध रूप से कब्जाकर कुछ लोगों ने छप्पर, खूंटा गाड़ कर मवेशियों को बांधते हैं। वहीं एक व्यक्ति ने तालाब की जमीन को अवैध रूप से कब्जा करके तालाब को मिट्टी से पाट कर भवन निर्माण कार्य करना शुरू कर दिया है। ग्राम प्रधान अकील चौधरी उर्फतन्नू के



मुताबिक सरकारी अभिलेखों में दर्ज तालाब संख्या 779 में तालाब की जमीन में पांच पिलर और दीवार खड़ी कर ली गई थी। इसकी जानकारी ग्रामीणों को हुई तो उन्हें इसकी शिकायत अधिकारियों से किया।

शिकायत के बाद सोमवार को नायब तहसीलदार सौरभ सिंह चकबंदी लेखपाल दीपक सिंह, राजस्व लेखपाल प्रशांत सिंह सहित पुलिस के साथ टीम पहुंची। जमीन की माप करके मौके से बुलडोजर बुलाया। इसके बाद दो जगहों पर खानापूर्ति करके टीम लौट गई। इस संबंध में नायब तहसीलदार का कहना है कि कब्जाधारक ने स्वयं कब्जा हटाने की बात कही है। जिसके बाद उसे मौका दिया गया है। फिलहाल यदि कब्जा नहीं हटाया गया तो पुनः बुलडोजर से कब्जा हटवाया जाएगा।

## नूरपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव



लोकमित्र ब्यूरो

**तिल्हापुरमोड़, (कौशाम्बी)।** उच्च प्राथमिक विद्यालय नूरपुर हाजीपुर गांव में सोमवार को शारदा संगोष्ठी वार्षिक उत्सव मनाया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने खेलकूद व दौड़ में भाग लिया।

वार्षिक उत्सव के उपलक्ष में बच्चों ने 100 मीटर की दौड़ व पोस्टर प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लिया। इस दौरान ग्राम प्रधान सरिता शर्मा ने विजयी बच्चों को पुरस्कार वितरित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सरिता शर्मा, प्रभारी प्रधानाध्यापक राजकुमार चौधरी, सहायक अध्यापक निरमा अग्रहरि, एसएमसी अध्यक्ष जीवन और समस्त अभिभावक एवं ग्राम सभा के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## हर्ष व ऋतुराज की आतिशी पारी से मेरठ पहुंची सेमीफाइनल

लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, (कौशाम्बी)।** कस्बे स्थित डॉ. ए. एच.रिजवी पीजी डिग्री कालेज में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने रिजवी कप के लिए आयोजित 15वीं आबिश एवं शाकिब रिजवी स्मारक ऑल इंडिया क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन को एकतरफा मुकाबले में आठ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं। जहाँ उसका मुकाबला मंगलवार को मेजबान डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन कौशाम्बी से होगा। विजेता टीम के हर्ष त्यागी (89 रन, 77 गेंद, नौ चौके व पांच छक्के) व ऋतुराज शर्मा (75 रन, 53 गेंद, चार चौके व छह छक्के) की अतिशी पारियों से टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सोमवार को करारी स्थित रिजवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की



टीम 39.2 ओवर में 196 रन (कार्तिक गोयल 47, प्रियांश चौधरी 44, निशांत ठाकुर 24, काव्य 21 रन, विकास सिंह 7.2 ओवर में 26 रन देकर तीन विकेट, सत्यम सांगू छह ओवर में 41 रन देकर दो विकेट, कार्तिक सिंह आठ ओवर में 53 रन देकर दो विकेट, विजय कुमार व शुभम मिश्रा एक-एक विकेट) पर सीमित हो गई। जवाब में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन ने 23.4 ओवर में अपने दो विकेट गवांकर 200 रन (हर्ष त्यागी 89 नाबाद, ऋतुराज शर्मा 75 एवं समीर चौधरी नाबाद 19 रन) बना लिए। गाजियाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से गेंदबाजी करते हुए सक्षम राय ने एक ओवर में छह रन खर्च करके एक सफलता हासिल किए जबकि सचिन यादव ने चार ओवर की गेंदबाजी कर 32 रन देकर एक विकेट हासिल किया। मैच के बाद डॉ एएच रिजवी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश सक्सेना ने हर्ष त्यागी को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया।

मैच में आसिफ रजा व विभोर दुबे ने अंपायरिंग की जबकि अनूप कुमार शर्मा ऑफिसियल स्कोरर एवं प्रितेश सोनकर ऑनलाइन व मीडिया स्कोरर की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन कौशाम्बी व मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के बीच पहला सेमीफाइनल मैच प्रातः साढ़े नौ बजे से खेला जाएगा। करारी एएच रिजवी पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ राजेश सक्सेना ने हर्ष त्यागी को मैन ऑफद मैच का पुरस्कार देते हुए।

## सम्पादकीय

# शराब नीति में हेरा-फेरी

आम आदमी पार्टी (आप) के क्रियाकलाप पर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की बहुप्रतीक्षित रिपोर्ट अंततः दिल्ली विधानसभा के पटल पर रख दी गई।कुल चौदह मामलों पर कैग ने रिपोर्ट तैयार की हैं, लेकिन जिस रिपोर्ट पर सबकी नजर लगी थीं, वह आबकारी नीति के संबंध में है। इस रिपोर्ट में शराब नीति को लेकर कोई व्यवस्था जितनी तरह की लापरवाहियां बरत सकती है, जितनी तरह की अनियमितताएं कर सकती है, और विभिन्न हित समूहों के लिए भ्रष्टाचार की जितनी गुंजाइशें छोड़ी जा सकती हैं, उन सबका उल्लेख किया गया है।पुरानी नीति की प्रक्रियागत खामियों को दूर करने के लिए ही नई नीति का मसौदा तैयार किया था लेकिन नई नीति के क्रियान्वयन में विशेषज्ञ समिति के अनेक सुझावों को दरकिनार किया गया। दिल्ली में शराब वितरण केंद्रों की न केवल संख्या बढ़ा दी गई, बल्कि वितरण उन क्षेत्रों में भी पहुंचा दिया गया जहां पहले प्रतिबंधित था यानी स्कूल और आवासीय परिसरों के निकट। उत्पादन और वितरण की एजेंसियों का भी मनमाने ढंग से चयन किया गया।उन संस्थाओं को ठेके दे दिए गए जो पात्रता नहीं रखती थीं और रखती भी थीं तो उन्हें जरूरत से ज्यादा खुदरा विक्रय केंद्र आवंटित कर दिए गए। रिपोर्ट में यह उल्लेख स्पष्ट है कि शराब नीति में हेरा-फेरी और उसके क्रियान्वयन में जो तौर-तरीके अपनाए गए उनके चलते लगभग दो हजार करोड़ रुपये से ज्यादा नुकसान दिल्ली सरकार को हुआ। यह तभी हो सकता है, जब नुकसान की राशि का कुछ न कुछ हिस्सा उन लोगों के पास पहुंचा हो जिन्होंने नुकसान होने दिया और इसी ने ईडी, सीबीआई जैसी एजेंसियों के लिए जांच की स्थितियां तैयार कीं जिसके कारण तबके मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और सांसद संजय सिंह जैसे लोगों को जेल जाना पड़ा।यह रिपोर्ट लोक लेखा समिति को भेज दी गई है। उसकी रिपोर्ट मिलने पर शेष स्थितियां उजागर होंगी। लेकिन आप की सरकार अपने ऊंचे-ऊंचे वादों, विचारों के पैमानों पर असफल हुई और दुखद यह है कि पराजय के बाद भी उसके नेताओं ने सबक नहीं लिया है। वे शुद्ध राजनीति पर लौटने की बजाय हंगामा खड़ा करने में अब भी ज्यादा भरोसा किए हुए हैं।

# क्या गिरते ग्राफ के कारण झुंझलाहट में है मायावती



**अशोक भाटिया**

बहुजन समाज पार्टी के राज्य कार्यालय में रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने बैठक में बड़ा फैसला लिया। उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया । उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को पार्टी का राष्ट्रीय कोओर्डिनेटर बनाया गया है। इनके जिम्मेदारियों के बारे में भी बताया गया।मायावती ने अपने बयान में कहा कि आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया गया है। आकाश आनंद को हटाने के पीछे इसकी सारी जिम्मेवारी उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ की है। अशोक ने पार्टी के नुकसान पहुंचाने के साथ ही साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है। आकाश के स्थान पर उनके छोटे भाई आनंद कुमार ही पार्टी का सभी कार्य करते रहेंगे। आनंद पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के साथ ही साथ राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर भी बनाया गया है। उनका पूरा सहयोग करने के लिए रामजी गौतम को भी नेशनल कोओर्डिनेटर की जिम्मेदारी दी है। इन दोनों में से आनंद कुमार का प्रमुख कार्य दिल्ली में अधिक रहकर पार्टी का पूरा पेपर वर्क अन्य जरूरी कार्य देखेना होगा। साथ ही पूरे देश में अपना सम्पर्क बनाकर रखेंगे। वहीं रामजी गौतम पूरे देश और हर राज्यों में जाकर पार्टी की प्रगति रिपोर्ट लेंगे। पार्टी के जनाधार को भी बढ़ाने के लिए उनके द्वारा दिए गये निर्देशों का पालन कराएंगे।बसपा चीफ ने साल 2019 में आनंद को पार्टी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया था। वहीं, अपने ही भाई को पार्टी के उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। अब इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि ताजा फैसले के जरिए मायावती संदेश देना चाहती हैं कि बसपा का मिशन उनके परिवार से पहले आता है।इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि दोनों को पद दिए जाने के बाद मायावती पर वंशवाद फैलाए जाने के आरोप लग रहे थे। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के अंदरूनी सूत्र बताते हैं कि बसपा के वरिष्ठ नेताओं का एक वर्ग आनंद के बढ़ते कद से खास खुश नहीं था।उत्तरप्रदेश की नगीना सीट से सांसद चंद्रशेखर आजाद दलित युवाओं में खासे लोकप्रिय हैं। साथ ही वह पार्टी के नाम के साथ ही इस बात पर दावा पेश करते नजर आ रहे हैं कि वह ही कांशीराम की राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी हैं।

अब कहा जा रहा है कि आनंद को पद से हटाए जाने के जरिए मायावती यह दिखाने की कोशिश में भी हैं कि वह कांशीराम की विरासत की असली उत्तराधिकारी हैं।बताया तो यह भी जा रहा है कि बहुजन समाज पार्टी का किला लगातार ढहता जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में बहुजन समाज पार्टी 10 सीटों से शून्य पर आ गई। इसके बाद उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुआ, इसमें भी पार्टी का खाता तक नहीं खुला। हरियाणा, झारखंड, महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में भी बसपा की हालत खराब ही रही।दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी कुछ खास नहीं कर पाई। पार्टी के खराब प्रदर्शन के पीछे राजनीतिक विश्लेषक सबसे बड़ा कारण पार्टी से नेताओं की विदाई मान रहे हैं। उनका मानना है कि अब पार्टी के पास पहले जैसे कद्दावर नेता बचे नहीं हैं। यही वजह है कि पार्टी को इसका लगातार नुकसान उठाना पड़ रहा है।साथ ही बसपा के खराब प्रदर्शन से पार्टी के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है।गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में जो पहले कभी नहीं हुआ था वह पहली बार बहुजन समाज पार्टी ने साल 2007 में अकेले दम पर कर दिखाया था। बीएसपी ने 212 सीटों के प्रचंड बहुमत के साथ उत्तर प्रदेश की सत्ता पर अधिकार जमाया।इससे पहले भी तीन बार बीएसपी सुप्रीमो मायावती विभिन्न पार्टियों के सहयोग से सरकार बनाती रहीं, लेकिन चौथी बार जब मायावती की सरकार बनी तो किसी भी दल की जरुरत बीएसपी को नहीं पड़ी।

हालांकि 2012 आते-आते पार्टी का ग्राफ गिरने लगा।चाहे लोकसभा चुनाव हो या फिर विधानसभा, पार्टी को उम्मीद के मुताबिक सफलता नहीं मिली। 2019 में बहुजन समाज पार्टी ने समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर चुनाव लड़ा और 10 सीट पाने में कामयाब हुई।

एक समय पार्टी में नसीमुद्दीन सिद्दीकी और इंद्रजीत सरोज का जलवा था। पर 2022 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव हुआ। पार्टी ने अकेले दम पर चुनाव लड़ा। बलिया की रसड़ा विधानसभा सीट को छोड़ पार्टी कहीं भी नहीं जीत पाई। रसड़ा के बारे में माना जाता है कि यहां से विधायक उमाशंकर सिंह निर्दलीय भी लड़े तो भी जीतने में सक्षम हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में फिर से पार्टी ने अकेले लड़ने का फैसला किया। लेकिन पार्टी का खाता तक नहीं खुला।बहुजन समाज पार्टी की उत्तर प्रदेश में चार बार सरकार रही। बसपा सुप्रीमो मायावती का टेरर इस कदर था कि पार्टी के नेता और सरकारी अधिकारी उनसे घबराते रहे। पार्टी में उस समय ऐसे कद्दावर नेता थे जो दूसरी पार्टियों में नहीं थे। इनमें नसीमुद्दीन सिद्दीकी को मायावती के बाद दूसरे नंबर का माना जाता था।आरके चौधरी का नाम बसपा के बड़े नेताओं नें शामिल था। पार्टी से बाहर होने के बाद सपा से सांसद हैं।स्वामी प्रसाद मौर्य, रामअचल राजभर, बाबू सिंह कुशवाहा, इंद्रजीत सरोज, आरके चौधरी, लाल जी वर्मा और अशोक सिद्धार्थ जैसे बड़े नेता पार्टी में थे। सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं देशभर में पार्टी का दबदबा था। धीरे-धीरे पार्टी के नेताओं पर अनुशासनहीनता का आरोप लगाते हुए बीएसपी सुप्रीमो ने एक्शन लेना शुरू किया और उन्हें पार्टी से बाहर कर दिया।ज्यादातर नेताओं ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया और वर्तमान में विधायक, सांसद और राष्ट्रीय महासचिव तक बने हुए हैं, जबकि बहुजन समाज पार्टी की स्थिति यह हो गई है कि मायावती के बाद कोई ऐसा नामचीन चेहरा पार्टी में नहीं रह गया है जो जनता से सीधे तौर पर जुड़ा हो।गौर करने वाली बात यह भी है कि बसपा सुप्रीमो मायावती चुनाव में गिनी चुनी जनसभाएं ही करती हैं, जिसके चलते जनता पर उसका प्रभाव भी नहीं पड़ रहा है।

यही वजह है कि देशभर में लोकसभा और विधानसभा चुनाव लड़ने के बाद भी पार्टी की एक भी सीट नहीं निकल पा रही है।बसपा सुप्रीमो मायावती अपने सख्त एक्शन के लिए हमेशा से जानी जाती हैं। बुधवार (12 फरवरी) को भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ पर कार्रवाई कर नेताओं को एक बार फिर कड़ा संदेश दिया था कि पार्टी में अनुशासनहीनता बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगी, फिर चाहे कोई कितना भी करीबी क्यों न हो।मायावती ने पार्टी से भतीजे आकाश आनंद के ससुर अशोक सिद्धार्थ को बाहर कर दिया था ।मायावती की कार्रवाई का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि जब लोकसभा चुनाव के दौरान भतीजे आकाश आनंद ने सीतापुर में रैली के दौरान कुछ ऐसा भाषण दिया जो मायावती को नागवार गुजरा। इसके बाद उन्होंने अपने भतीजे पर ही कार्रवाई कर दी। पार्टी का उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद उनसे यह अधिकार वापस ले लिया। हालांकि जब सब मामला शांत हो गया तब फिर से भतीजे को वही पद वापस किया।राजनीतिक विश्लेषक मनमोहन का कहना है कि बहुजन समाज पार्टी की बागडोर जब कांशीराम के हाथ में थी, तब जो नेता थे, वे धीरे-धीरे आज पार्टी से अलग हो गए। आरके चौधरी, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, बाबू सिंह कुशवाहा ने पार्टी की स्थापना में योगदान दिया था।

विभिन्न जातियों के पिछड़े, दलित इस तरह के तमाम नेता पार्टी से जुड़े और अलग हो गए। इसमें एक नाम बृजेश पाठक का भी आता है जो बहुजन समाज पार्टी से बाद में जुड़े। दो बार मायावती ने उन्हें राज्यसभा भेजा। बाद में वही पार्टी से अलग हो गए। उनके पार्टी से अलग होने का कारण दूसरा था।नसीमुद्दीन सिद्दीकी का भी कारण एक अलग तरह का ही था।

बाद में स्वामी प्रसाद मौर्य चले गए। मायावती की पार्टी उत्तर प्रदेश में हाशिए पर जा रही है। विधानसभा में संख्या घटकर एक रह गई है। दूसरे राज्य में उनका उतना लाभ नहीं मिल रहा है।राजनीतिक विश्लेषक मनमोहन बताते हैं कि उत्तर प्रदेश में जब मायावती की सरकार बनी थी तो उन्होंने पहली जनसभा गोरखपुर में की थी। उस दौरान वहां के मंडलायुक्त ओमप्रकाश थे, वह मायावती के सजातीय थे, लेकिन सबसे पहले करवाई उन्होंने ओम प्रकाश पर ही की थी। उन्हें निलंबित कर दिया था। इससे समझा जा सकता है कि एक्शन लेने के मामले में मायावती जरा भी देरी नहीं करती हैं। ऐसा भी कहा जा सकता है कि यही उनकी यूएसपी भी है।मायावती ने दो बड़ी घोषणाएं की हैं, एक उत्तराधिकारी को लेकर और दूसरा राजनीतिक परिवारों में वो किसी तरह की रिश्‍ तेदारी नहीं करेंगी। आकाश आनंद का अशोक सिद्धार्थ के एक राजनीतिक परिवार में रिश्‍ ता किया गया था।

ऐसे में दोनों घोषणाओं को अशोक सिद्धार्थ और आकाश आनंद से जोड़कर के देखा जा रहा है। आकाश आनंद लोकसभा चुनाव के दौरान जिस आक्रामकता के साथ प्रचार करते नजर आए थे, उससे ऐसा लगा था कि पार्टी में अब चेहरा आकाश आनंद ही बचे हैं। हालांकि एक युवा और आक्रामक नेता होने के बावजूद पार्टी को चुनाव में कोई फायदा नहीं हुआ। बसपा के राष्‍ ट्रीय पदाधिकारियों की बैठक में यह तय किया गया कि पार्टी मजबूती से पहले अपने संगठन को ठीक करेगी और वोट बैंक तक पहुंचेगी। उत्तर प्रदेश में 2027 में होने वाला विधानसभा चुनाव कहीं न कहीं बसपा के राजनीतिक भविष्‍ य का तय करने वाला चुनाव होगा। यदि पिछले चुनावों जैसी हालत ही इस बार भी होती है तो बसपा बचेगी या उस पर संकट आ जाएगा, यह बड़ा सवाल है। **वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# फणीश्वरनाथ रेणु- साहित्य की वह मशाल, जो आज भी जल रही है

फणीश्वरनाथ रेणु की लेखनी हिंदी साहित्य में एक ऐसी मशाल है, जो ग्रामीण भारत के अंधेरे कोने में प्रकाश फैलाती है। उनकी जयंती का अवसर केवल उनकी स्मृति को नमन करने का नहीं, बल्कि उस अनमोल साहित्यिक विरासत को पुनर्जनन देने का है, जिसने समाज की नब्ज को छुआ और उसे शब्दों में ढाला। रेणु वह कालजयी साहित्यकार हैं, जिन्होंने गांव की मिट्टी से उठती आवाजों को, खेतों में बहते पसीने को और लोक जीवन की सादगी को अपनी रचनाओं में अमर कर दिया। उनकी कलम ने न केवल कहानियां लिखीं, बल्कि एक संपूर्ण युग को जीवित कर दिखाया। यह लेख उनकी जयंती पर उनके जीवन, साहित्य और उसकी महत्ता को एक सकारात्मक और प्रभावी नजरिए से देखने का प्रयास है।फणीश्वरनाथ रेणु का जन्म 4 मार्च 1921 को बिहार के अररिया जिले के औराही हिंगना गांव में हुआ था। उनके पिता शीलनाथ मंडल स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही थे, जिनसे रेणु को सामाजिक चेतना और संघर्ष की प्रेरणा मिली। उनकी शिक्षा पटना और काठमांडू में हुई, लेकिन उनकी आत्मा हमेशा गांव की चौपालों, खेतों और नदियों के किनारे बसती रही। स्वतंत्रता आंदोलन और किसान आंदोलन में उनकी सक्रियता ने उनके साहित्य को एक ठोस धरातल दिया। रेणु ने अपने अनुभवों को शब्दों में पिरोया और ग्रामीण जीवन की सच्चाई को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा।रेणु का साहित्य ग्रामीण भारत का एक जीवंत दस्तावेज है। उनकी सबसे चर्चित कृति मैला आंचल हिंदी साहित्य में क्षेत्रीय उपन्यास की नींव रखने वाली रचना है।

इस उपन्यास में बिहार के पूर्णिया क्षेत्र के मेरीगंज गांव की कहानी है, जहां सामाजिक कुरीतियां, गरीबी और मानवीय संवेदनाएं एक साथ सांस लेती हैं। रेणु ने इसमें ग्रामीण जीवन के हर रंग को समेटा–चाहे वह जातिगत भेदभाव हो, अंधविश्वास हो या प्रेम और करुणा की छोटी-छोटी कहानियां। उनकी अन्य रचनाएं जैसे परती परिकथा, ठुमरी, और कहानी संग्रह ठेस भी समाज के हाशिए पर खड़े लोगों की आवाज बनीं। इन रचनाओं में रेणु ने यह साबित किया कि साहित्य केवल अभिजात्य वर्ग का शगल नहीं, बल्कि आम जन की पीड़ा और आकांक्षाओं का माध्यम भी हो सकता है।उनकी लेखन शैली की सबसे बड़ी विशेषता उनकी भाषा में लोक जीवन का समावेश है। रेणु ने हिंदी को मैथिली, भोजपुरी और अन्य बोलियों के रंगों से सजाया। उनकी रचनाओं में लोकगीत, मुहावरे और ग्रामीण परिवेश की बोलचाल इस तरह घुलमिल गए हैं कि पाठक कहानी को पढ़ते हुए उसे जीने लगता है। उदाहरण के लिए, मैला आंचल में डॉ. प्रशांत और कमली का प्रेम ग्रामीण परिवेश में एक नई संवेदना का प्रतीक बनता है, जो पाठक के मन को गहरे तक प्रभावित करता है। उनकी यह शैली हिंदी साहित्य को एक नया आयाम देती है, जो उसे परंपरागत ढांचे से बाहर निकालकर जन-जन तक पहुंचाती है।रेणु के साहित्य की महत्ता केवल इसकी सौंदर्यात्मकता में नहीं, बल्कि इसके सामाजिक संदेश में भी निहित है। उन्होंने अपनी रचनाओं में समाज के ज्वलंत मुद्दों–जातिवाद, शोषण, शिक्षा की कमी और गरीबी–को उजागर किया। उनकी कहानियां समाज को बदलने का आह्वान करती हैं। वे यह मानते थे कि साहित्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता लाना भी है।

# बसन्त के मौसम में कैसे रखें अपना ध्यान



बसंत का मौसम अपने साथ ताजगी और नई ऊर्जा लेकर आता है, लेकिन इस मौसम में खुद का ध्यान रखना भी महत्वपूर्ण है। यहाँ कुछ सुझाव दिए गए हैं-

1. स्वस्थ आहार- बसंत में ताजे फल और सब्जियाँ जैसे हरी पत्तेदार सब्जियाँ, खीरा, टमाटर और मौसमी फल जैसे आम और तरबूज का सेवन करें। ये न केवल पोषण देते हैं बल्कि शरीर को ठंडक भी प्रदान करते हैं।
2. हाइड्रेशन- गर्मियों की शुरुआत में पानी की मात्रा बढ़ा दें। दिन में पर्याप्त पानी पीना सुनिश्चित करें ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे।
3. व्यायाम- नियमित व्यायाम करें। सुबह की सैर या योगा करने से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी कम होता है।
4. स्किन केयर- बसंत में त्वचा की देखभाल करना जरूरी है। हल्का मॉइस्चराइज़र लगाएँ और धूप से बचने के लिए सनस्क्रीन का उपयोग करें।
5. एलर्जी से बचाव- बसंत में पराग कणों की मात्रा बढ़ जाती है, जिससे एलर्जी हो सकती है। अगर आपको एलर्जी है, तो बाहर जाने से पहले एंटीहिस्टामाइन लें और घर में एयर प्यूरीफायर का उपयोग करें।
6. नींद- पर्याप्त नींद लें। अच्छी नींद से शरीर और मन दोनों को आराम मिलता है, जिससे आप तरोताजा महसूस करते हैं।
7. सकारात्मक सोच- बसंत का मौसम नई शुरुआत का प्रतीक है। सकारात्मक विचारों को अपनाएँ और अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।
8. फूलों और प्रकृति का आनंद लें- इस मौसम में फूल खिलते हैं और प्रकृति खूबसूरत होती है। बाहर जाकर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लें, यह मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।

इन सुझावों को अपनाकर आप बसंत के मौसम में अपनी सेहत का बेहतर ध्यान रख सकते हैं।



**प्रियंका द्विवेदी**
**कौशाम्बी**
**स्वतंत्र लेखिका**

## समसमायिक

### उड़ती कल्पनाएं

मेरी अनंत कल्पनाओं में
कोई तो तैरता है
कैसे कह दूं कि
कोई विचरण नहीं करता
न जाने क्या है वो
न जाने कौन है वो
क्या वो जीव है
या फिर निर्जीव
या दोनों का समावेश
जो शायद मुझे भी
उड़ा कर ले जाता है
एक दूसरी दुनिया में
जहां मैं नहीं
बस वो रहता है
और मैं उसको
बड़ी ही सहजता से
मन में उतार कर
कलम से उकेर देती हूं
उसे आकार
देने की कोशिश करती हूं
पर दे नहीं पाती हूं
कहते हैं न कि
जब पंख हवा में उड़ते हैं
तो वो दिखते नहीं
शायद इसलिए
मेरी उड़ती कल्पनाएं भी
स्वछंद हैं
निराकार सी।



**अंशिता त्रिपाठी**
**मुम्बई**

### शमशान धाम

मैं खत भेज रही हूँ, हे श्रीराम, ध्यान से पढ़ना।
मुझ दुखियारी नारी की व्यथा,जरूर समझना।।
आ जाओ फिर से धरती पर, बनकर तारण हारा।
हे राम तेरे सिवा कोई भी नहीं है,सबका सहारा।।
आप तो दया के सागर हो, सुन लो हमारी गुहार।
अबला सुरक्षा के लिए, हे देवा, आना सुनके पुकार।।
खत भेज रही हूँ,हे श्रीराम,पवन पुत्र हनुमान से।
विरह वेदनाओं से भरी है यह खत,पढ़ना ध्यान से।
रोग,शोक,कष्ट सब ,एक साथ,टूट पड़ी है सर पर।
उबार करो,पुकार सुनो,अब दया बरसाओ मुझ पर
मस्तक में बोझ है,निर्धनता,और जात,पात की।
कैसे कहूँ मैं अपनी व्यथा,भूखी पेट,हर रात की।।
हे राम संभाल दो बिगड़ रही हैं दशा,इस काया की।
सूनी हूँ आपका दिल है समुद्र सा उफान,माया की।।
नहीं चाहिए सुख यस वैभव,पास में बुला लो राम।
आत्मा शांति के लिए भेज दो *शमशान धाम*।।



**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद**
**झारखंड**

### जिंदगी

पत्तों की सब्ज हरियाली से,
खिलते फूलों की लाली से
हाथों की लकीरों का हिसाब लिखें
चल जिंदगी फिर से तुझे समझें
तुझ पर कोई किताब लिखें।।
जिंदगी खत्म नहीं होती किसी एक
के जाने से
बस मर जाता है कुछ जो जीवित
था उसके होने से
अश्कों से धुंधलाती आंखों में
फिर से कोई नया ख्वाब बुनें
चल जिंदगी फिर से तुझे समझें
अपने जख्मों का हिसाब लिखें।।
कुछ साथी थे जो बिछड़ गए,
वक्त की इस आंधी में
बहुत अपने थे जो बदल गए
अब खुद का हाथ थाम
अपने एहसासों के साथ चले
आ जिंदगी फिर से तुझे समझें
तुझ पर नई
किताब लिखें।।



**रजनी गुप्ता**
**लखनऊ**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आज आप अपने निजी जीवन में चली आ रही परेशानियों को खत्म करने में कामयाब रहेंगे। पारिवारिक जीवन में खुशियां आएंगी। कार्य क्षेत्र में आपको अच्छी सफलता मिलेगी। सरकारी नौकरी पाने का प्रयास कर रहे हैं लोगों को नए अवसर मिलने की संभावना है। आपका अनुभव प्रतिष्ठा का कारण बनेगा। |
| वृष | आज आपका दिन बदलाव लाने वाला है। आज आप अपनी दिनचर्या में बदलाव करेंगे। आप लोगों की मदद करने के लिए समय निकालेंगे। इस दौरान आपको अपने स्वास्थ्य का खास ख्याल रखने की जरूरत है। जिससे आपकी निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। व्यापार के विकास में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेंगे। आपकी योजनाएं सफल होंगी। |
| मिथुन | आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपके रुके हुए काम पूरे होंगे। जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा, और पूरे मनोबल के साथ आप कार्यक्षेत्र में अपने कार्यों को पूरा करेंगे। नौकरी में ट्रांसफर के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। परिवार के साथ आप खूबसूरत जगहों पर घूमने जा सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपकी बॉन्डिंग अच्छी रहेगी। |
| कर्क | आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज आपकी नए लोगों से मुलाकात होगी। आज आपके प्रयासों से सफलता मिलेगी। आपके लिए अचानक धन लाभ की संभावना बनेगी। कार्यक्षेत्र में आपके काम को देखते हुए अच्छी पदोन्नति मिलेगी। आप अपने काम के कारण काफी व्यस्त रहेंगे और परिवार को समय कम दे पाएंगे। |
| सिंह | आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अपने कार्यक्षेत्र के सकारात्मक माहौल में काम करने को मिलेगा। कलीग्स के साथ आपके रिश्ते अच्छे रहेंगे। आज आप नया काम शुरू करेंगे। जिसमें आपको अच्छी सफलता मिलने के योग हैं। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। आप दूसरों की मदद करने की हर संभव कोशिश करेंगे। |
| कन्या | आज आपका दिन आनंद से भरा रहेगा। आपको आज खुशखबरी मिलेगी, जिससे आपके चेहरे पर पूरे दिन मुस्कान बनी रहेगी। नौकरी में प्रमोशन की आपकी प्रतीक्षा समाप्त होगी। नई पोस्ट पर काम का दबाव बढ़ेगा। आप पूरी सावधानी से काम करेंगे। आज आप घर परिवार की समस्याओं को सुलझाने में कामयाब रहेंगे। |

| | |
|---|---|
| तुला | आपके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा। अनेक साधनों से आर्थिक लाभ होने के संभावना है। संतान की ओर से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। नौकरी में सफलता के योग हैं। आपकी सैलरी बढ़ सकती है। जमीन जायदाद के मामलों में कुछ समस्या आएगी, लेकिन कोर्ट कचहरी में आपको सफलता मिलेगी। आज आपका आत्मविश्वास मजबूत बनेगा। |
| वश्चिक | आज आपका दिन खास रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपनी काबिलीयत दिखाने का मौका मिलेगा। नौकरी में काम का बोझ बढ़ सकता है, जिससे आप परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। लेकिन आप कार्यक्षेत्र और घर को अच्छी तरह तालमेल बनाकर रखेंगे। पारिवारिक जीवन खुशहाल रहेगा। संतान को लेकर उलझने दूर होगी। |
| धनु | आज आपका दिन मंगलमय रहेगा। आपको अपनी नौकरी में उत्तम परिणाम देखने को मिलेंगे। आपके लिए परिस्थितियां अनुकूल रहेंगी। कार्यस्थल पर विरोधी कुछ मुश्किलें खड़ी करेंगे, लेकिन आप अपने काम पर फोकस करेंगे। आपकी एकाग्रता आपको सफलता दिलाएगी। आपकी बचत योजनाएं कामयाब रहेंगी। |
| मकर | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको दोस्तों के साथ समय बिताने के अनेक मौके मिलेंगे। रिश्तेदारों के साथ छोटी मोटी यात्रा हो सकती हैं, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। पारिवारिक रिश्तों में आपसी प्रेम बढ़ेगा। किसी पुराने विवाद को लेकर न्यायालय का फैसला आपके पक्ष में हो सकता है। नौकरी में प्रमोशन के योग बन रहे हैं। |
| कुम्भ | आज आपका दिन रोज से बेहतर रहेगा। आप अपनी नौकरी बदलने का प्रयास करेंगे, इसमें आपको सफलता मिलने की संभावना है। आपकी सैलरी में वृद्धि होगी। आपकी आर्थिक स्थिति में संतुलन बना रहेगा। आपको किसी पारिवारिक समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। आपके पारिवारिक जीवन में सुख शांति रहेगी। |
| मीन | आज आपका दिन फायदेमंद रहेगा। पारिवारिक जीवन में खुशियां देखने को मिलेंगी। बहुत समय से रुके हुए काम पूरे होंगे। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का साथ मिलेगा। आप अपने मित्रों के साथ आनंदपूर्वक दिन बिताएंगे। आज आपका दांपत्य जीवन खुशहाल रहेगा। आज आप जीवनसाथी के साथ खरीदारी करने में व्यस्त रहेंगे। |

# आरोग्य भारती की बैठक में कार्यक्रमों की हुई चर्चा



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** आरोग्य भारती शाखा की मासिक बैठक कटरा रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा बिल्डिंग में स्थित हर्षराज होम्योपैथी क्लीनिक पर हुई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष डॉ सुधांशु उपाध्याय तथा संचालन अमित शुक्ल ने किया। बैठक में आरोग्य भारती काशी प्रान्त के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ रंग नाथ शुक्ल शाखा संरक्षक डॉ एस के शर्मा ,उपाध्यक्ष अमित शुक्ल व डॉ सिमरन कौशल, सह सचिव डॉ राजेश्वर प्रीतम उपाध्याय व धर्म प्रकाश पाण्डेय, डॉ राजीव कुमार श्रीवास्तव ,राकेश शर्मा उपस्थित रहे।बैठक में प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ रंग नाथ शुक्ल जी ने जनपद में काशी प्रान्त के प्रांतीय सम्मेलन का आयोजन करने की बात कही। जिस को लेकर विचार विमर्श किया गया। इस सन्दर्भ में आगामी बैठक में निर्णय लेने पर सहमति बनी। संरक्षक डॉ एस के शर्मा ने कहा कि गत वर्ष हम सभी ने औषधीय पौधरोपण, योग, व्यसन मुक्ति, जैसे कई आयामों पर कार्य किया था। इस वर्ष भी संगठन को एक लक्ष्य लेकर चलना चाहिए । उपाध्यक्ष डॉ सिमरन कौशल ने कहा कि महिला स्वास्थ्य चिंतन शिविरों का आयोजन करके हम उनमें हो रही रक्ताल्पता कमजोरी, मासिक धर्म आदि विषयों पर उनकी भ्रांतियों को दूर कर उन्हें जागरूक कर सकते हैं। शाखा अध्यक्ष ने 17 मार्च को जेल रोड स्थित आनन्द सदन में होली मिलन समारोह मनाए जाने का प्रस्ताव रखा। जिसे सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। डॉ राजीव कुमार श्रीवास्तव ने 12अप्रैल को होम्योपैथी के जनक डॉ सैमुअल हैनिमैन सर की याद में एक कार्यक्रम करने का प्रस्ताव रखा। जिसपर डॉ राजेश्वर प्रीतम उपाध्याय ने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सक और आरोग्य भारती के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम किया जाए तो सफल कार्यक्रम के होने की संभावना अधिक है। धर्म प्रकाश पाण्डेय जी ने कहा कि आयुष विभाग और स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के सहयोग से हम सभी समय समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके शहरी व ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर सकते हैं। उनके आमंत्रण पर उपाध्यक्ष अमित शुक्ल ने वर्ष 2024 का वृत्त प्रस्तुत किया। बैठक के अंत में राकेश शर्मा के आह्वान पर दिवंगत होम्योपैथी चिकित्सक डॉ वी के सिंह जी के कार्यों को याद करते हुए उनकी आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट मौन रखा गया।

# एक साथ उठे दो जनाजे, कस्बे के लोग हुए गमगीन



**कटरामेदनीगंज प्रतापगढ़।** नगर पंचायत कटरा मेदनीगंज के पूर्व सभासद मो आरिफ की हार्ट अटैक आने से लखनऊ में इलाज के दौरान बीती रात रविवार को हृदय गति रुक जाने से मृत्यु हो गई। उनका इलाज लखनऊ के मेडिकल कालेज में चल रहा था। यह सूचना जैसे ही कस्बे में मिली लोग गमगीन हो गए। उधर अचानक मिली सूचना से आरिफ के मामा कमरुज्जमा की मौत हो गई। इस तरह दो लोगो की मौत से कस्बे में मातम छा गया

# शौचालय तथा आरओ को क्रियाशील नहीं देख एसडीएम का चढ़ा पारा, औचक निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज प्रतापगढ़।** एसडीएम ने सोमवार को स्थानीय सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नैंनसी सिंह ने साफ सफाई की स्थिति को सामान्य पाया। उन्होनें अधीक्षक को इसे और बेहतर बनाए जाने के निर्देश दिये। एक शौचालय क्रियाशील न पाये जाने पर एसडीएम ने नाराजगी जतायी। नगर पंचायत के द्वारा लगाये गये आरओ को भी चालू न देखकर एसडीएम का पारा चढ़ा दिखा। उन्होनें अधीक्षक को ईओ से समन्वय कर इसे अविलम्ब चालू कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होनें परिसर में गलियारों में कुछ वाहनों को देखकर असंतोष जताया। उन्होनें कहा कि भविष्य में चिकित्सकों के बैठने वाली गैलरी में वाहन कतई बेतरतीव नहीं मिलने चाहिए। निरीक्षण के दौरान ओपीडी में चिकित्सकों द्वारा मरीजों का उपचार सामान्य पाया गया। दवाओं की उपलब्धता एसडीएम को पर्याप्त मिली।

उन्होनें कुछ दवाओं के एक माह बाद एक्सपायरी देख इन्हें चिन्हित कर एक्सपायर होने के तुरंत बाद डिस्पोज कराये जाने के निर्देश दिये। अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता ने विभिन्न कल्याणकारी अभियानों की प्रगति से भी उन्हें अवगत कराया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

**सगरासुंदरपुर प्रतापगढ़।** सोमवार को बाबू संत बख्श पी जी कॉलेज सण्डवा दुबान साहबगंज के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. राकेश सिंह , प्राचार्य डॉ आर के विश्वकर्मा तथा विशिष्ट अतिथि प्रशांत सिंह के द्वारा वाणी और बुद्धि की अधिष्ठात्री भगवती सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया गया। आर्या सिंह,शिवानी, लक्ष्मी ने सरस्वती वंदना नेहा ,खुशी ,कविता अन्नू स्वागत गीत प्रस्तुत किया। तत्पश्चात छात्र/छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ एस एस पाण्डेय ने स्वयंसेवकों के समाज के लोगों के साथ मिलाकर जन जागरूकता एवं समाज सेवा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. आर के विश्वकर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसकी गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित का कार्य करते हैं। प्रबन्धक ने बताया कि एन. एस. एस. की वैचारिक अवधारणा महात्मा गांधी के आदर्शों से प्रेरित है। एन.एस.एस. का आदर्श वाक्य है मैं नहीं, बल्कि आप।

शिविरार्थियों को चढ़ बढ़कर कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अधिकारी के नेतृत्व में समस्त कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक विवेक मिश्रा ,अरुण कुमार , अमित सिंह, दिलीप सिंह, एच एन सिंह , शिवम सिंह , कुंअर बहादुर (ग्राम प्रधान)आदि उपस्थित रहे।

# लॉजिकल पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आयोजित

● छात्र-छात्राओं में दिखा विज्ञान के प्रति उत्साह



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव सागर शुक्ला ने विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य छात्रों की तार्किक एवं रचनात्मक शक्ति का विकास करना था।लॉजिकल यस एन स्कूल में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न प्रकार के मॉडल और प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करके अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक प्रतिभा को दर्शाया द्य इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए लायंस क्लब प्रतापगढ़ अवध के सचिव (नेत्र परीक्षक )लॉयन डॉ उमाकांत ओझा ,दंत चिकित्सक लॉयन डॉ रामकुमार पांडे ,डॉ सगीर जी ने बच्चों के प्रोजेक्ट को देखते हुए बच्चों के उत्साहवर्धन में कहा हर एक बच्चे में साइंटिस्ट दिखता नजर आ रहा है।

उन्होंने छात्रों की ओर से लगाई गई प्रदर्शनी की सराहना की एवं उनको शुभकामनाएं दी। साथ ही यह भी कहा कि यह सब प्रधानाध्यापक जी के कुशल मार्गदर्शन एवं टीचर्स स्टाफ की मेहनत का परिणाम है, जो उन्होंने इस तरह की प्रतिभा अपने विद्यालय के बच्चों में विद्यमान की है। ऐसे संस्थान से ही निकालकर बच्चे अपने देश अपने समाज अपने मां-बाप का नाम रोशन करते हैं कार्यक्रम लायंस क्लब के पदाधिकारी एवं स्कूल के सभी टीचर्स स्टाफ जैसे प्रधानाध्यापक शिवसागर शुक्ला, विनोद मिश्रा , धर्मेंद्र शुक्ला, धीरज पांडे, सुशील तिवारी, सुशील मिश्रा, श्रीमती बृजरानी, पिंकी, कविता, कल्पना ,उमा, कोमल, शुभा,आरती, अनुपमा, सपना, आदि शिक्षकगण एवं अभिभावकों की मौजूदगी में संपन्न हुआ

# प्रशासन ने किसानों की समस्याओं का कराया समाधान, फिर भी धरना दे रहे पदाधिकारी

**लालगंज प्रतापगढ़।** चकमार्ग समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर किसान कल्याण एसोशिएसन का धरना सोमवार को भी जारी दिखा। वहीं प्रशासन का दावा है कि किसानों की पांच सूत्रीय मांग में चार का समाधान कराया जा चुका है। किसानों के धरने को लेकर सांगीपुर विकासखण्ड के दर्रा गांव में चकमार्ग समेत कई मामलों की जानकारी लेने एसडीएम नैंनसी सिंह पिछ्ले सप्ताह स्वयं गांव पहुंची थी। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व व पुलिस टीम ने गांव पहुंचकर एक चकमार्ग की नाप कराकर उसका निर्माण भी करवा दिया था। दूसरे चकमार्ग को लेकर भूमिधरी जमीन होने के कारण राजस्व टीम ने एसडीएम को आख्या भेजी है। वहीं सोमवार को प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार भी राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचे। यहां बिजली तथा सुरक्षा आदि से जुडे बिंदुओं पर समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। एसडीएम नैंनसी सिंह ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण के बाबत पत्र भी सोमवार को भेजवाया है। प्रशासनिक अधिकारियों ने धरना दे रहे किसानों को रविवार को समाधान की कार्रवाई की मौखिक जानकारी भी दी। प्रशासनिक दावा है कि निस्तारण के बाबत हुई कार्रवाई व सम्बन्धित पत्रों की छायाप्रति भी संगठन के पदाधिकारियों को प्राप्त करायी गयी है। हालांकि किसान कल्याण एसोशिएसन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाण्डेय व उपाध्यक्ष नंदलाल तिवारी का कहना है कि प्रशासन द्वारा किसी भी समस्या के समाधान की अभी तक संगठन को लिखित जानकारी नही दी गयी है। समाधान की कार्रवाई पुष्टि होने के बाद संगठन धरने को लेकर निर्णय पर विचार करेगा।

# हनुमान मंदिर चिलबिला में नव दिवसीय श्री राम कथा का प्रभु के राज्याभिषेक से हुआ विश्राम




लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** श्री हनुमान मंदिर चिलबिला के परिसर में श्री हनुमान जी महाराज की कृपा से श्री राम कथा अमृतवर्षा 23 फरवरी से 3 मार्च दिन सोमवार को प्रभु श्री राम के राज्याभिषेक के पश्चात कथा का विश्राम हुआ। कथा के मुख्य यजमान हनुमान जी महाराज थे। कथा व्यास रसिक साध्वी उमाजी छोटी छावनी श्री अयोध्या धाम ने भक्तों को नव दिवसीय श्री राम कथा अमृत वर्षा का श्रवण कराया। कथा में प्रतिदिन महिलाओं की भीड़ उमड़ रही थी। आज कथा विश्राम के पश्चात हवन पूजन और भंडारे से श्री राम कथा का समापन हुआ।

कथा के अंतिम दिन मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य सपत्नीक यजमान रहे। विधि विधान से आरती पूजन करके कथा व्यास रसिक साध्वी उमाजी को अंग वस्त्र व श्री हनुमान जी की प्रतिमा देकर आशीर्वाद लिया। कथा के सभी सहयोगियों का भी मंदिर समिति की तरफ से अंग वस्त्र आदि देकर सम्मानित किया गया। कथा के संयोजक देवी प्रसाद तिवारी आचार्य जी ने बड़ी लगन और मेहनत के साथ पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। मंदिर समिति ने आचार्य जी का भी अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सहयोग देने वालों में समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, सत्य प्रकाश केडिया, नीरज तिवारी एडवोकेट, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, छोटेलाल सोनी, छेदीलाल, रामसूरत पांडे, विवेक उमरवैश्य, घनश्याम उमरवैश्य, रवि गुप्ता,राजा जयसवाल, आशीष कुमार, सोनू महाराज, दीपक कुमार सभासद, शनि महाराज, सोनू महाराज, मोहनलाल यादव, प्रमोद कुमार, विवेक, आदर्श कुमार आदि हनुमान भक्त व मातृशक्ति ने सहभागिता की।सभी भक्तों का आभार कथा के संयोजक देवी प्रसाद तिवारी आचार्य ने व्यक्त किया।

# बाबागंज विधायक ने उप मुख्यमंत्री से मिलकर की पीएचसी कुसुवापुर में नई बिल्डिंग की मांग



**कुंडा प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने सोमवार को लखनऊ में उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक से उनके उत्तर प्रदेश विधानसभा स्थित कार्यालय में मिलकर बाबागंज विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसुवापुर में जर्जर भवन के स्थान पर नए भवन के निर्माण हेतु अनुरोध किया।उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने संबंधित अधिकारियों को नए भवन के निर्माण हेतु शीघ्र ही प्राक्कलन बनाने के लिए निर्देशित किया। बाबागंज विधायक विनोद सरोज ने कहा कि पीएचसी कुसुवापुर में जर्जर भवन के स्थान पर नए भवन के निर्माण हो जाने से डॉक्टरों व मरीजों को होने वाली समस्याओं का निदान होगा।

# रहमतों और बरकतों का पवित्र महीना है रमजान

▶▶ क्षेत्र के मस्जिदों पर समाजसेवी ने कराया शुद्ध पेयजल की व्यवस्था



लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** रहमतों और बरकतों का पवित्र महीना रमजान रविवार से शुरू हो गया है। सुबह 4ः46 बजे सेहरी के साथ रोजा रखा और शाम 5ः51 बजे इफ्तार किया गया। रमजान के पहले दिन बड़ों के साथ-साथ मासूम बच्चों ने भी रोजा रखा। बाबागंज विधानसभा के समाजसेवी ढिंगवश ग्राम प्रधान राजेश त्रिपाठी सोनी मोनी ने क्षेत्र के सभी मस्जिदों में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराया है। समाजसेवी राजेश त्रिपाठी सोनी ने बातचीत करते हुए बताया कि रमजान का यह महीना मुस्लिम समुदाय के लिए इबादत और बरकत का पाक महीना होता है। इसमें अल्लाह की इबादत करने से सारे गुनाह माफ हो जाते हैं।

समाजसेवी राजेश त्रिपाठी के छोटे भाई शिवेश त्रिपाठी उर्फ मोनी ने कहा कि रमजान माह को तीन हिस्सों (अशरा) में बांटा गया है। पहले अशरे में रोजेदारों पर रहमतों की बारिश होती है, दूसरे अशरे में बरकतें और तीसरे अशरे में मगफिरत (क्षमा) की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों से क्षेत्र के सभी रोजेदारों के लिए प्रत्येक घरों के साथ-साथ सभी मस्जिदों में शुद्ध पेयजल व फल की व्यवस्था की जाती है।

# महिला गार्ड से की हाथापाई, केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के शिवराम तिवारी का पुरवा खनवारी गांव निवासी खुशबू तिवारी पत्नी नीरज तिवारी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। वह कृपालु धाम मनगढ़ में गार्ड हैं। वह अपने पोस्ट पर चेक कर रही थी। आरोप है कि अंकित मिश्रा, विजय मिश्रा की मां ने चेक करने के दौरान अभद्रता करते हुए हाथापाई की। पीड़िता खुशबू की तहरीर पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** थाना फतनपुर क्षेत्र गांव बघेवरा के निवासी रमेशचंद्र की पुत्री चंद्रशिफा को अज्ञात बाइक चालक ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। छात्रा चंद्रशिफा परीक्षा देकर घर जा रही थी कि बघेवरा चौराहा पर सामने से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मारी जिससे छात्रा को गंभीर चोट आई और पैर टूट गया। उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। थाना फतनपुर में तहरीर देकर विधिक कार्रवाई की मांग की है।

# प्रबंधक की पत्नी ने मुख्यमंत्री और राजा भइया को भेजा पत्र, की जांच की मांग

▶▶ डीएम और एसएसपी से भी लगाई न्याय की गुहार, जांच में साक्ष्य को शामिल करने की मांग

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** साधुरी शिरोमणि इंटरमीडिएट कालेज धनसारी के 12वीं के छात्र शिवम सिंह की खुदकुशी मामले में प्रबंधक व प्रधानाचार्य पर दर्ज मुकदमे की जांच शासन स्तर की किसी एजेंसी - से कराने की मांग प्रबंधक की पत्नी रश्मि त्रिपाठी ने की है।प्रबंधक की पत्नी ने मुख्यमंत्री और जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया एंव शिक्षा मंत्री को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई। साथ ही डीएम व एसपी को पत्र देकर जांच में इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को शामिल करने की मांग की। प्रबंधक की पत्नी ने भेजे गए पत्र में कहा कि विद्यालय में लगे सीसीटीवी फुटेज व वाइस रिकॉर्डर की जांच की जाए। ताकि पता चल सके कि दिवंगत छात्र को प्रबंधक-प्रधानाचार्य या किसी कर्मचारी ने डांटा-फटकारा या अपमानित किया है या नहीं।दिवंगत छात्र के पिता ने प्रबंधक व प्रधानाचार्य पर आरोप लगाया है कि शिवम सिंह ने सार्वजनिक अपमान से क्षुब्ध होकर फांसी लगाई।विद्यालय में कई छात्रों की हजारों - रुपये फीस बकाया होने के बाद भी प्रवेश पत्र दिया गया। इसकी भी जांच की जानी चाहिए। अभिभावकों के शपथपत्र को विवेचना में सम्मिलित किया जाए। छात्र शिवम सिंह के पिता ने मीडिया के सामने बयान दिया कि छात्र को प्रवेश पत्र न मिलने की बात शिवम ने घर पर बताई थी, तो सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से देखा जाना चाहिए।

● छात्र के पिता या अभिभावक विद्यालय में आकर संपर्क किए थे या नहीं

कुंडा प्रतापगढ़। प्रबंधक की पत्नी ने शिवम के मोवाइल की कॉल डिटेल की जांच की मांग की। दावा है कि कुछ महीने पहले छात्र के पास से विद्यालय में मोवाइल पकड़ा गया था, जो कि विद्यालय में प्रतिबंधित है। छात्र ने पूछताछ में किसी लड़की से बात करने की बात स्वीकार की थी, जिस पर प्रधानाचार्य ने उसे समझाया था।साथ ही छात्र शिवम ने बताया था कि उसके पिता उससे घर पर बहुत अधिक काम कराते थे। डांटते मारते थे। इन पारिवारिक तथ्यों की जांच विवेचना में शामिल किया जाए।

उन्होंने शिक्षा मंत्री को भेजे गए पत्र में जिला विद्यालय निरीक्षक को जनपद से हटाने की मांग की है।

शासन स्तर से जांच समिति का गठन करके तथ्यों की गहनता से जांच करने की मांग की।

# वृद्ध दंपति ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत गंभीर

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** महेशगंज थाना क्षेत्र के कोड़री पुरमई सुल्तानपुर गांव निवासी 75 वर्षीय राम सुमेर और उनकी 70 वर्षीय पत्नी जुगू देवी ने पारिवारिक विवाद के चलते रविवार को दोपहर घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर में ही दोनों की हालत बिगड़ने लगी तो परिजन उन्हें सीएचसी कुंडा ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वृद्ध दंपती के जहरीला पदार्थ खाने को लेकर चर्चा रही। संग्रामगढ़ के लखपेड़ा भवानीगंज गांव निवासी बचऊ लाल की 24 वर्षीय बेटी खुशबू ने किसी बात से नाराज होकर घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

# सांड़ के हमले से अधेड़ महिला जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के करीम नगर चौंसा गांव निवासी देवी प्रसाद की 55 वर्षीय पत्नी राम सखी खेत देखने गई थी। इस दौरान खेत की फसल सांड़ खा रहा था। रामसखी उसे भगाने लगी। सांड़ ने हमला करके उन्हें घायल कर दिया। उसकी चीख सुनकर आसपास के लोग दौड़े तो उनकी जान बची। महिला को परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया है।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर आज

**लालगंज प्रतापगढ़।** स्थानीय लालगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आज मंगलवार को मानसिक स्वास्थ्य शिविर का प्रातः दस बजे से आयोजन किया गया है। यह जानकारी अधीक्षक डा. अरविन्द गुप्ता ने दी है।

# ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्रियों पर मधुमक्खियों का हमला, चार घायल

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** ट्रेन का इंतजार कर रहे यात्रियों पर मधुमक्खियों ने हमला किया तो भगदड़ मच गई। मधुमक्खियों के डंक से चार लोग घायल हो गए। आसपास के लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। कुंडा हरनामगंज रेलवे स्टेशन पर सोमवार को शहर जाने को यात्री ट्रेन आने के इंतजार में बैठे थे।

तभी स्टेशन के बगल पेड़ में लगे मधुमक्खियों के छत्ते में किसी ने पत्थर मार दिया। मधुमक्खियों ने यात्रियों पर हमला बोल दिया, जिससे लोगों में भगदड़ मच गई। मधुमक्खियों के डंक से घायल महेशगंज के बाबूरायजहांपुर गांव निवासी बद्री प्रसाद का 45 वर्षीय बेटा तीरथराज, कानपुर निवासी श्रीराम का 54 वर्षीय बेटा शिव प्रकाश, लालगंज अझारा निवासी बद्री प्रसाद का 27 वर्षीय बेटा सुशील कुमार, भटिटव गांव निवासी उमेश कुमार यादव का 20 वर्षीय बेटा अभिषेक कुमार को आसपास के लोगों सीएचसी में भर्ती कराया।

# वांछित को भेजा जेल

**लालगंज प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक वांछित को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। उदयपुर थाना के दरोगा अजीत कुमार यादव सोमवार की सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी करके पूरे लोका के पास से गांव निवासी वांछित सचिन कुमार सिंह पुत्र राजू सिंह को धर दबोचा। दरोगा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अपहरण के दर्ज मुकदमें में वांछित था। उसे जेल भेज दिया गया।

# उपभोक्ता समय से करें अपने बिजली के बिल का भुगतान

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** इलाके के सभी विद्युत उपभोक्ता जिनके भवन में स्मार्ट मीटर लग गए हैं। उनका बिजली का बिल हर महीने की सात तरीख को बन जाता है और मोबाइल पर बिल का मैसेज पहुंच जाता है। संदेश प्राप्त होने के बाद उपभोक्ता अपने बिल का भुगतान समय से जमा करके केबल कटने जैसी कार्रवाई से बचें। यह जानकारी विद्युत उपखंड अधिकारी कुंडा विजय कनौजिया ने दी। उन्होंने बताया कि जिनको सात तारीख तक बिल का संदेश नहीं मिलता। वह अपने मीटर की 4-5 मिनट की वीडियो बनाकर अपने उपखंड कार्यालय पर सम्पर्क करकू बिल बनवा कर जमा करें।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित कराने पर दिया जोर




लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** – राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद में कार्यरत समस्त नोडल अधिकारियों व प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ चतुर्थ चरण की बैठक आयोजित की गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा वाद, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, राजस्व वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, आमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनकों लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी आरके पाठक, जिला विकास अधिकारी सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला ग्राम उद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, नेडाधीक्षक एके श्रीवास्तव, सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चलाया जांच अभियान



**चित्रकूट**- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सभी थाना की पुलिस टीमों ने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक, वित्तीय संस्थानों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक में सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया तथा ड्यूटि में तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया गया तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी। अभियान के दौरान बैंक परिसर में मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर किया गया।

## बुनियादी एवं पूर्व शिक्षा के उन्नयन के लिए हुआ टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**पहाड़ी, चित्रकूट**– ब्लाक संसाधन केंद्र पहाड़ी में राष्ट्रीय` शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में बुनियादी एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए सोमवार को ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम हमारा आंगन, हमारे बच्चे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व वंदना कर किया गया।कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय कुमार पाण्डेय व खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला ने लर्निंग कार्नर एवं टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान शिक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने प्री-प्राइमरी शिक्षा में राज्य के प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई। शिक्षक मयंक पटेरिया ने पूर्व प्राथमिक स्तर पर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों यथा बाल वाटिका, माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम, स्कूल रेडीनेस के सन्दर्भ में विभाग की उपलब्धियों की जानकरी दी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भी अपने रचनात्मक कक्षा शिक्षण को प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में समस्त संकुलों के पाँच-पाँच निपुण बच्चों को उनके अभिभावकों सहित पुरस्कृत किया गया।इस मौक के पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय ओरा प्रधानाध्यापक सर्वजीत सिंह, एआरपी पुष्पेंद्र सिंह, कधई प्रसाद, प्रमोद कुमार, कमलेश परिहार, शिवप्रेम याज्ञिक, कार्यालय सहायक प्रयाग नारायण मिश्र, नवनीत मिश्र, राजेन्द्र कुमार, दलवीर सिंह, संतोष कुमार, विकास खण्ड पहाड़ी में संचालित समस्त को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा बाल वाटिका के लिए नामित नोडल शिक्षक व शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद रहे।

## गैर इरादतन हत्या की आरोपी महिला गिरफ्तार



**मीरजापुर।** चील्ह पुलिस ने गैर इरादतन हत्या की आरोपी महिला को गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर ने बताया कि 2 मार्च को चन्द्रशेखर यादव ने अपनी सास की हत्या के संबंध में शिकायत दर्ज करायी थी। उन्होंने आगे बताया कि आरोपी महिला ने अपनी चचिया सास को बेलन से मार दिया था जिससे उनकी मौत हो गयी थी और पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपी महिला सीमा को गिरफ्तार कर लिया और विधिक कार्रवाई के बाद वह जेल भेजी जाएगी

## राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य का आगमन कल

**मीरजापुर।** जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि अर्चना मजूमदार सदस्य, राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षता में 5 मार्च को 10 बजे से जिला पंचायत सभागार में राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार विषय पर महिला जन सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। उक्त जन सुनवाई कार्यक्रम में कोई भी महिला या बालिका, जो किसी प्रकार की हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न या अन्य उत्पीड़न से पीड़ित हो या उन्हें किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता है, तो वे महिला/बालिकायें आयोजित महिला जन सुनवाई कार्यक्रम में सदस्य के समक्ष उपस्थिति होकर अपने प्रकरण का निस्तारण करा सकती हैं। अधिक जानकारी के लिये लोग जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय या वन स्टॉप सेन्टर से सम्पर्क कर सकते हैं।

## संकल्प गीत के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन शुभारम्भ

**रानीगंज प्रतापगढ़।** स्वामी करपात्री जी महाराज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानीगंज, में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर कार्यक्रम के तीसरे दिन संकल्प गीत के साथ स्वयंसेवियों ने आरंभ किया।आज स्वयंसेवियों में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व कौशल के विकास हेतु लोकगीत,भाषण एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र के अंतर्गत महाविद्यालय की वाणिज्य विभाग की प्राध्यापिका डॉ .ज्योति शुक्ला ने आर्थिक प्रबंधन विषय पर विद्यार्थियों को संबोधित किया। समस्त कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य के संरक्षण एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ कंचन एवं डॉ.संजय कुमार के निर्देशन में किया गया। महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई का कार्य किया गया। आज तृतीय दिन के समस्त कार्यक्रमों में शिविरार्थियों ने बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में शिविरार्थियों ने सामूहिक रूप से लक्ष्य गीत ÷उठे समाज के लिए उठे-उठे÷और ÷राष्ट गान÷ गाया।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का पूर्व में नाम रिमझिम व जन्मतिथि 27.06.2012 था। वर्तमान में उसका नाम अपूर्वा श्रीवास्तव व जन्मतिथि 27.06.2014 हो गया। इन्हें इसी नाम व जन्मतिथि से जाना पहचाना व अभिलेख में दर्ज किया जाय।

अभिषेक कुमार श्रीवास्तव
शक्ति नगर पूरे ईश्वर नाथ
प्रतापगढ़। 230001
मोबाइल. 7309860380

## सूचना/बेदखली

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पहला लड़का अभिषेक शर्मा उम्र लगभग 31 व दूसरा लड़क अरविन्द शर्मा उम्र लगभग 29 वर्ष का है। दोनों पुत्रों की संगत गलत व्यक्तियों के साथ हो गई है। जिनके चक्कर में पड़कर दोनों शराब पीना व अन्य गलत आदतों का शिकार हो गये है तथा उनकी पत्नियां आये दिन गाली-गलौज व मारपीट मेरी पत्नी के साथ करती रहती है। मुझको और मेरी पत्नी को जान से मारने की धमकी देते है। मैं अपने दोनों लड़कों व उनकी पत्नियों को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से आ की तारीख से बेदखल कर रहे हैं। मेरी चल व अचल सम्पत्ति पर इनका कोई हक नहीं रहेगा।

गुलजारी लाल शर्मा
पुत्र बेनी माधव शर्मा
निवासी ग्राम चलाकपुर
बादफरोशन
थाना दिलीपपुर तहसील रानीगंज
जनपद प्रतापगढ़

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय सदर जिला प्रतापगढ़
वाद संख्या सन
राम आनन्द .....प्रथम पक्ष
बनाम
ऊषा आदि.... द्वितीय पक्ष
बनाम - 1 ऊषा पत्नी रामराज, 2- राम दुलारे ,3- लल्लू राम सुत गण राम खेलावन निवासीगण ग्राम सराय नाहर राय पर 0 तह 0सदर जिला प्रतापगढ़, 4- गाँव सभा अहिना पर 0 तह 0 सदर जिला प्रतापगढ़ ।
5 - राज्य सरकार उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी प्रतापगढ़ ।

मु0 धारा 144 उत्तर प्रदेश रा0 संहिता 2006 भूमि ग्राम अहिना पर 0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़।
तारीख पेशी 06-03- 2025
यह की वादी ने उपरोक्त वाद / प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है एतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 06- 03 - 2025 को वास्ते निस्तारण प्रार्थना पत्र टी आई व तनकीह समय प्रातः 10÷00 बजे स्वयं या अपने मार्फत वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब देही दावा करें , ऐसा करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप से सुना जाएगा और हस्ताक्षर किया जाएगा । मेरे हस्ताक्षरता न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक . को जारी किया गया

आज्ञा से


## एसपी से शिकायत पर दर्ज हुआ छिनैती का केस

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के मल्ला का पुरवा गांव निवासी नरेन्द्र कुमार पुत्र संतोष कुमार ने एसपी से शिकायत की। आरोप लगाया कि 9 फरवरी को उसे गंगा पुल धीमी के एक किमी पहले बांध के रास्ते दो युवक बगैर नम्बर की बाइक से आए और उसे रोक लिया। उसे तमंचा सटाकर उसके पास रहे 45 हजार रुपये लैपटाप, मोबाइल, पर्स और कुछ अभिलेख छीन कर भाग निकले। पुलिस को तहरीर देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## स्वतंत्रता सेनानी झूरी बिंद की जयंती मनायी गयी




लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद झूरी बिंद की 123वीं जयंती पर नगर के शहीद झूरी बिंद स्मारक स्थल पर स्मारक समिति द्वारा समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर पर मुख्य अतिथि अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण तथा रसायन उर्वरक राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने झूरी बिंद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और कहा कि शहीदों को याद करना सभी भारतीयों का परम धर्म है। आज हम इन्हीं के बलिदान की बदौलत स्वतंत्र एवं उन्मुक्त वातावरण में सांस ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद के स्वतंत्रता सेनानियों का गौरवशाली इतिहास रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी आने वाली पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले इसी उद्देश्य से उनकी पहल पर महान स्वतंत्रता सेनानी की मूर्ति की स्थापना की गयी जिसका अनावरण उत्तर प्रदेश की महामहिम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल द्वारा किया गया था।

उक्त कार्यक्रम में बिंद समाज फउंडेशन राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर पन्नालाल बिंद, सेवानिवृत्ति डिप्टी कमांडेंट मुरलीधर बिंद, पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद, भारत माता पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसागर बिंद, भारत माता पार्टी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुपान चौधरी, श्याम लाल बिंद, इंजीनियर राम लौटन बिंद, इंजीनियर रामनरेश बेलदार, प्रदेश सचिव रामवृक्ष बिंद, एडवोकेट कोमल बिंद, डॉ संतोष बिंद, शंकर सिंह चौहान आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**देल्हूपुर प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना देल्हूपुर के उ0नि0 उमाशंकर सिह ने मय हमराह का0 विनय पटेल, का0 अनीश गुप्ता द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, परिवाद सं0 376/19 धारा 138 हृद्ध,ष्ट्झ थाना देल्हूपुर से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त महेन्द्र कुमार पुत्र राम बहादुर पटेल निवासी ग्राम सहेरुआ विश्वनाथगंज थाना देल्हूपुर को थानाक्षेत्र के विश्वनाथगंज बाजार से गिरफ्तार किया।


## कार्यालय जिला पंचायत, चित्रकूट (उ0प्र0)

पत्रांक : 2081/निर्माण ई–निविदा सूचना/जि०पं०चि०/2024–25 — दिनांक ०3 मार्च, 2025

### अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रिय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, जिला निधि के अन्तर्गत शासकीय अनुदान धनराशि से जिला पंचायत, चित्रकूट द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र–ई टेंडरिंग पोर्टल http//etender.up.nic.in तथा panchayatiraj.up.nic.in पोर्टल के लिंक ctzp.uppr.gov.in पर उपलब्ध है, जो ऑनलाइन http//etender.up.nic.in पर दिनांक 04–03–2025 को सायं 04:30 बजे से दिनांक 10–03–2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे एवं आनलाइन http//etender.up.nic.in पर ही upload/download/submit की जा सकेगी। आमंत्रित निविदायें दिनांक 10–03–2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे अपर मुख्य अधिकारी कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा फार्म शुल्क uploaded निविदा सूची के कालम–6 में अंकित धनराशि जिला पंचायत, चित्रकूट के आर्यावर्त बैंक शाखा, कर्वी, जनपद–चित्रकूट में खुले जिला निधि खाता संख्या–610910100014847 आई०एफ० एस० सी०कोड BKID0ARYAGB में जमा कर, जमा रसीद की स्कैन प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। uploaded निविदा सूची के कालम–5 में अंकित धरोहर धनराशि उपरोक्तानुसार खाता संख्या–01091010014847 आई०एफ०एस०सी०कोड BKID0ARYAGB में जमा कर जमा रसीद की स्कैन प्रति निविदा के साथ साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अथवा नियत धरोहर धनराशि का पृथक 2 एफ.डी.आर. /एन.एस.सी./के.वी.पी. जो 'अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, चित्रकूट' के पदनाम बन्धक होगी, भी मान्य होगी, जिसकी स्कैन प्रतियां ई–निविदा फार्म के साथ संलग्न की जायेगी तथा मूल प्रतिया निविदा दिनांक 10–03–2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक कार्यालय, जिला पंचायत, चित्रकूट को उपलब्ध करानी होगी। निविदा मूल्य एवं नियत धरोहर धनराशि के बिना डाली गयी ई–निविदा पर गठित समिति द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। यह सूचना सरकारी बेवसाइट www.chitrakoot.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी। प्रत्येक निविदादाता द्वारा 100/– रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र, निर्धारित प्रारूप पर एवं मान्य चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र आनलाइन स्कैन करते हुए निविदा के साथ लगाया जायेगा। न्यूनतम निविदादाता को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त उ०प्र० क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, निर्माण कार्य नियमावली, 1984 वो अनुसार वांछित जमानत धनराशि जगा करके अनुबन्ध पत्र लिखना होगा। कार्यो का सम्पादन उ०प्र०क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, निर्माण कार्य नियमावली, 1984 के अनुसार किया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार, मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत, चित्रकूट में निहित होगा। जी.एस.टी. व सेस के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेश उपरोक्त निविदाओं पर प्रभावी रहेगें। अन्य विभागों में पजीकृत ठेकेदारों के लिए उक्त निर्माण कार्यों की ई–निविदा में भाग लेने के लिए पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा जसी श्रेणी की निविदा में प्रतिभाग किया जायेगा, जिस श्रेणी के लिए वह अपने मूल विभाग में पंजीकृत है तथा उनकी निविदा न्यूनतम होने पर जिला पंचायत, चित्रकूट की नियत शर्तो के अन्तर्गत आवश्यक अभिलेख/निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त जिला पंचायत, चित्रकूट में ठेकेदारी पंजीकरण कराने के पश्चात नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। समस्त कार्यों को सूची में अंकित नियत समय में पूर्ण करना अनिवार्य होगा। निविदा कार्यों की सूची एवं निविदा की शर्ते एवं अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त अंकित बेबसाइट पर देखी व पढ़ी जा सकती है या किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(राकेश कुमार)
प्र0अभियन्ता
जिला पंचायत,
चित्रकूट (उ0प्र0)

(सुधीर कुमार)
अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत,
चित्रकूट (उ0प्र0)

(अशोक कुमार)
आध्यक्ष
जिला पंचायत,
चित्रकूट (उ0प्र0)

## कार्यालय जनपद न्यायाधीश (नजारत), प्रतापगढ़, उ०प्र०

### नीलामी सूचना वर्ष 2024–2025

एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय परिसर, प्रतापगढ़ में स्थित 01 कदम्ब, 01 कटसागौन व 01 गूलर के पेड़ की नीलामी दिनांक 11.03.2025 दिन मंगलवार को जनपद न्यायालय परिसर में नियत की गयी है।

अतः इच्छुक व्यक्ति उक्त तिथि को अपरान्ह 04.30 बजे उपस्थित होकर उक्त पेड़ की नीलामी हेतु बोली में सम्मिलित हो सकते हैं।

### नीलामी की शर्तें एवं प्रतिबन्ध

1. उक्त कदम्ब, कटसागौन व गूलर के पेड़ों की नीलामी दिनांक 11.03.2025 को होना सुनिश्चित है, जिसमें न्यूनतम बोली कमशः 800, 1100 व 800 रूपये से प्रारम्भ होगी।
2. नीलामी में वही लोग भाग ले सकते हैं, जो नीलाम होने के पूर्व कार्यालय नजारत अनुभाग में पांच सौ रूपया प्रति पेड जमानत के रूप में जमा करेंगें।
3. जिस व्यक्ति के नाम नीलामी समाप्ति होगी यदि वह नीलामी नहीं लेता है, तो उसकी जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
4. बोली समाप्त होने पर सर्वाधिक बोली की 1/3 धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी। शेष धनराशि माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा नीलामी अनुमोदित होने के पश्चात देय होगी। जमा की गयी जमानत धनराशि को अंतिम धनराशि में समायोजित हो जायेगी।
5. नीलाम होने वाले वृक्ष को काटने, उठाने, ले जाने में परिसर की दीवार, भवन या वृक्ष की क्षति न होने पाये। उक्त में दिलायी होने पर नीलामी प्राप्तकर्ता से तुरन्त क्षतिपूर्ति वसूली जायेगी।
6. नीलामी में सिक्योरिटी धनराशि जमा करने वाले व्यक्ति के अलावा उसके स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को बोली बोलने का अधिकार नही होगा।
7. नीलामी प्राप्तकर्ता को माननीय जनपद न्यायाधीश द्वारा नीलामी अनुमोदित होने के पश्चात नीलामी की सम्पूर्ण धनराशि तुरन्त जमा करना होगा।
8. नीलामी प्राप्तकर्ता को उपरोक्त पेड़ को स्वयं काटकर अपने खर्च पर वन विभाग से पेड़ काटने की अनुमति प्राप्तकर एक सप्ताह के अन्दर कदम्ब, कटसागौन व गूलर के पेड को नीलामी में दी गई शर्तों के अनुसार कटवाकर अपने खर्चे पर नियमानुसार ले जाना होगा।
9. नीलामी प्राप्तकर्ता को उपरोक्त पेडों को हटाने हेतु कोई अतिरिक्त समय देय नहीं होगा।
10. माननीय जिला जज, प्रतापगढ़ उचित बोली न होने पर नीलाम की तिथि बढ़ा सकते हैं
11. माननीय जिला जज, प्रतापगढ़ नीलामी को बिना कारण बताये हुये रद्द कर सकते हैं या कोई अन्य आदेश पारित कर सकते हैं जो सभी को मान्य होगा।
12. अन्तिम आदेश जिला जज, प्रतापगढ़ का होगा।

सदस्य
अजय कुमार
अपर जिला जज/एफ०टी०सी०
प्रतापगढ़

अध्यक्ष, नीलामी कमेटी
बाबूराम
विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट)
प्रतापगढ़



9452526750, 9839665450,8565970115

दैनिक लोकमित्र

121, विवेक नगर प्रतापगढ़

सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह

प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त

E-mail-lokmitra2005@gmail.com

प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित

8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वाद निस्तारित कराने पर दिया जोर




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के तत्वाधान में आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश राकेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में सोमवार को जनपद में कार्यरत समस्त नोडल अधिकारियों व प्रशासनिक विभागों के अधिकारियों के साथ चतुर्थ चरण की बैठक आयोजित की गई।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव सिविल जज सचिन कुमार दीक्षित ने बताया कि बैठक में जनपद न्यायाधीश ने आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए बल दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम, जल वाद, सेवा वाद, पारिवारिक व वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व व चकबन्दी वाद, किरायेदारी वाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, राजस्व वसूली वाद, विनिर्दिष्ट अनुतोष वाद, मोटर वाहन ई-चालान व लघु आपराधिक वाद, आमवाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले), उपभोगता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वादों का निस्तारण किया जाना है। जिला जज ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों से कहा कि सभी अधिकारी अपने विभागों से सम्बन्धित समस्त ऐसे मामले, जिनको लोक अदालत के माध्यम से निस्तारित किया जा सकता है, को अधिक से अधिक चिन्हित कर उनमें पक्षकारों को कम से कम दो बार नोटिस तामीला कराते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित करने का प्रयास करें।इस मौके पर राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उपजिलाधिकारी आरके पाठक, जिला विकास अधिकारी सच्चिदानंद प्रसाद, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला ग्राम उद्योग अधिकारी राजेन्द्र कुमार, नेडाधीक्षक एके श्रीवास्तव, सहायक श्रमायुक्त आरके गुप्ता, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी लालजी यादव, आपूर्ति निरीक्षक अनुज कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने चलाया जांच अभियान



**चित्रकूट**- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में सभी थाना की पुलिस टीमों ने क्षेत्रान्तर्गत आने वाले बैंक, वित्तीय संस्थानों में जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान बैंक में सुरक्षा रजिस्टर को चेक किया गया तथा ड्यूटि में तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा सम्बन्धी आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही बैंक में लगे अलार्म, सायरन, सीसीटीवी कैमरों का भी निरीक्षण किया गया तथा शाखा प्रबंधकों से सुरक्षा सम्बन्धी वार्ता की गयी। अभियान के दौरान बैंक परिसर में मौजूद संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को परिसर से बाहर किया गया।

# बुनियादी एवं पूर्व शिक्षा के उन्नयन के लिए हुआ टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**



**पहाड़ी, चित्रकूट**- ब्लाक संसाधन केंद्र पहाड़ी में राष्ट्रीय` शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में बुनियादी एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए सोमवार को ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम हमारा आंगन, हमारे बच्चे का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व वंदना कर किया गया।कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी पहाड़ी संजय कुमार पाण्डेय व खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय शशांक शेखर शुक्ला ने लर्निंग कार्नर एवं टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस दौरान शिक्षक दीपक कुमार पाण्डेय ने प्री-प्राइमरी शिक्षा में राज्य के प्रयासों के सम्बन्ध में जानकारी उपलब्ध कराई। शिक्षक मयंक पटेरिया ने पूर्व प्राथमिक स्तर पर संचालित विभिन्न कार्यक्रमों यथा बाल वाटिका, माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम, स्कूल रेडीनेस के सन्दर्भ में विभाग की उपलब्धियों की जानकरी दी। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने भी अपने रचनात्मक कक्षा शिक्षण को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में समस्त संकुलों के पाँच-पाँच निपुण बच्चों को उनके अभिभावकों सहित पुरस्कृत किया गया।इस मौक के पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी राजेश कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय ओरा प्रधानाध्यापक सर्वजीत सिंह, एआरपी पुष्पेंद्र सिंह, कधई प्रसाद, प्रमोद कुमार, कमलेश परिहार, शिवप्रेम याज्ञिक, कार्यालय सहायक प्रयाग नारायण मिश्र, नवनीत मिश्र, राजेन्द्र कुमार, दलवीर सिंह, संतोष कुमार, विकास खण्ड पहाड़ी में संचालित समस्त को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों की आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा बाल वाटिका के लिए नामित नोडल शिक्षक व शिक्षिकाओं सहित विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद रहे।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में पांच आरोपियों को पांच-पांच वर्ष की कैद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** -गैर इरातदन हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने पिता, तीन पुत्रों समेत पांच लोगों को पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 5500-5500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। साथ ही मारपीट के मामले में दूसरे पक्ष के दो आरोपियों को छह-छह माह कारावास के साथ 500-500 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी सनद कुमार मिश्रा ने बताया कि कर्वी कोवाली में बरवारा गांव के निवासी श्यामचरण ने रिपार्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में शिकायतकर्ता ने बताया था कि बीती 28 मई 2012 को सवेरे लगभग आठ बजे उसके चाचा अपने जानवर लेकर नदी की ओर जा रहे थे। इस दौरान उनके कुछ जानवर एक चरही में चारा खाने लगे। इस पर गांव के ही मन्ना, बुटुवा तथा बुटुवा के बेटे बारेलाल, परदेशी व राकेश ने उन पर हमला कर दिया। शोरगुल सुनकर वह अपने चाचा को बचाने के लिए दौडे तो उनको भी लाठी-डंडों से पीटा गया। इसके चलते डर से वह लोग भाग आए। बाद में इलाज के दौरान उनके चाचा की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद दोष सिद्ध होने पर सोमवार को विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने इस मामले में निर्णय सुनाया। जिसमें आरोपी बरवारा निवासी मन्ना, बुटुवा तथा बुटुवा के पुत्र बारेलाल, परेदशी एवं राकेश को दोष सिद्ध होने पर पांच-पांच वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक आरोपी को 5,500-5,500 रुपये अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया। साथ ही इस मामले में दूसरे पक्ष के मुन्ना ने श्यामबरन यादव और बाला प्रसाद के विरुद्ध मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें दोष सिद्ध होने पर दोनों आरोपियों को छह-छह माह कारावास के साथ 500-500 रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई है।

# आठ मार्च को किया जाएगा वृहद सम्मान समारोह का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चित्रकूट** - आगामी आठ मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के सम्बन्ध में सोमवार को चित्रकूट स्पोर्ट क्लब के पदाधिकारियों ने अटल पार्क में बैठक का आयोजन किया। जिसमें आगामी आठ मार्च को महिलाओं को सम्मानित करने के लिए वृहद सम्मान समारोह आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक वृहद सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त उच्च अधिकारियों, सम्मानित जनप्रतिनिधियों, एवं गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को क्लब द्वारा चित्रकूट महिला रत्न-2025 सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

बैठक में कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा एवं कार्य योजना को अंतिम रूप प्रदान किया गया। साथ ही समारोह का संयोजक क्लब के संरक्षक तुषार कांत शास्त्री को बनाया गया।

इस मौके पर क्लब के मुख्य संरक्षक पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता अशोक गुप्ता, संरक्षक प्रेम शंकर शुक्ला, राम मनोहर वर्मा, अशोक सेन, अशोक प्रजापति, महेश प्रजापति, साकेत बिहारी शुक्ला, गीत श्रीवास्तव, शशि भूषण सिंह, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# यूथ पार्लियामेंट आयोजन के लिए जेआरडीएसयू को किया गया चयनित

**चित्रकूट ब्यूरो**- भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट 2025 के आयोजन के लिए जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय को चयनित किया गया है। यह आयोजन नेहरू युवा केंद्र एवं विश्वविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आगामी 10 से 17 मार्च के मध्य किया जाना प्रस्तावित है।कार्यक्रम अधिकारी एसपी मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम में जनपद के 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा मायभारत पोर्टल पर विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट के मेगा इवेंट द्वारा निर्देशित विषय पर एक मिनट की वीडियो अपलोड करते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभा कर सकते है। पंजीकरण की अंतिम तिथि नौ मार्च निर्धारित है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने इस कार्यक्रम के लिए विश्वविद्यालय के चयनित होने पर हर्ष जताया है। चित्रकूट जनपद की जिला युवा अधिकारी जागृति पांडेय तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ आनन्द कुमार को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिम्मेदारी प्रदान की गयी है।

# कुष्ठ रोगी खोजी अभियान 18 तक

**चित्रकूट ब्यूरो**- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान (एलसीटीसी) का द्वितीय चरण चल रहा है। जो एक से 18 मार्च तक मनाया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने वर्चअल बैठक लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों को इस अभियान के सम्बन्ध में जानकारी दी।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अर्न्तगत कुष्ठ रोगी खोजी अभियान एक मार्च से 18 मार्च तक घर-घर चलाया जायेगा। इस अभियान के अर्न्तगत कुल 855 टीमें एवं 43 पर्यवेक्षक लगाये गये है। जिला कुष्ठ अधिकारी ने कुष्ठ के लक्षण की जानकारी देते हुए बताया कि जिन लोगों की त्वचा दाग-धब्बे पड़े है तथा उनका रंग त्वचा के रंग से हक्का या गाढ़ा है, उन्हें निश्चित रूप से कुष्ठ रोग हो सकता है। साथ ही बताया कि ऐसे मरीजों के हाथ-पैर में झुनझुनाहट, हाथ-पैर की नशों में दर्द एवं मोटापन, चहरे और कान में गाठे भी हो सकती है। यह सभी कुष्ठ रोग के लक्षण है। उन्होंने बताया कि इसका उपचार समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निःशुल्क होता है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत टीम के सदस्य घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगे।इस मौके पर जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ संतोष कुमार सहित समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उपमुख्य चिकित्साधिकारी, ब्लॉक चिकित्साधीक्षक, स्वास्थ्य कर्मी एवं एएनएम आदि मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कौशाम्बी

पत्रांकः समग्र शिक्षा/ARP पद स्थापन/12137–38/2024–25 | दिनांक 01.03.2025

## प्रेस विज्ञप्ति

शासनादेश संख्या–902 / 68–5–2019 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 लखनऊ दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 एवं शासनादेश संख्या 68–5099 / 143 / 2024 बेसिक शिक्षा अनुभाग–05 दिनांक 10.10.2024 एवं राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक गुण०वि० / ए०आर०पी० / 9333 / 2024–25 दिनांक 15.01.2025 के द्वारा समग्र शिक्षा के अन्तर्गत प्रत्येक विकास खण्ड एवं नगर क्षेत्र में निम्न विवरणानुसार Academic Resource Persons (ARPs) के चरान हेतु बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित प्राथमिक / उच्च प्राथमिक / कम्पोजिट विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक / शिक्षिकाओं से उक्त शासनादेशों में दिये गये प्रतिबन्धों के अधीन निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पत्र खण्ड शिक्षा अधिकारी से अग्रसारित कराने के पश्चात पंजीकृत डाक से दिनांक 15.03.2025 तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कौशाम्बी के पते पर आमंत्रित किये जाते है–

| क्र0 सं0 | पद | शैक्षिक योग्यता | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | Academic Resource Person सामाजिक अध्ययन विषय | (चयन हेतु कला संवर्ग में निर्धारित विषय–समाज शास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र, अर्थ शास्त्र, मनोविज्ञान, राज्य विज्ञान सांख्यिकी, कृषि) | 08 |
| 2 | Academic Resource Person अंग्रेजी विषय | (चयन हेतु कला संवर्ग में स्नातक के अंतिम वर्ष में अंग्रेजी अनिवार्य हो) | 08 |
| 3 | Academic Resource Person हिन्दी विषय | (चयन हेतु कला संवर्ग में स्नातक में अंतिम वर्ष में हिन्दी अनिवार्य हो) | 08 |
| 4 | Academic Resource Person गणित विषय | (चयन हेतु भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित पी0सी0एम0 संवर्ग से अनिवार्य हो) | 08 |
| 5 | Academic Resource Person विज्ञान विषय | (चयन हेतु जीव विज्ञान, बनस्पति विज्ञान जेड.बी.सी. संवर्ग से अनिवार्य हो) | 08 |

आवेदन पत्र का प्रारूप एवं शासनादेश में निहित शर्तें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कार्यालय कौशाम्बी से एवं समस्त ब्लॉक संसाधन केन्द्रों से प्राप्त किया जा सकता है।

अर्हता एवं शर्ते

1. वांछित विषय में स्नातक उपाधि के साथ अध्यापक प्रशिक्षण योग्यता।
2. प्राथमिक / पूर्व माध्यमिक विद्यालय में न्यूनतम 05 वर्ष का शिक्षण अनुभव। सेवा निवृति होने में न्यूनतम 10 वर्ष शेष हो।
3. किसी भी प्रकार की जांच गतिमान न हो और न ही पूर्व में किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्यवाही की गयी हो।
4. ए०आर०पी० के रूप में 03 वर्ष या इससे अधिक का कार्यकाल पूर्ण कर चुके ऐसे ए०आर०पी० पुनः ए०आर०पी० पद पर चयन हेतु अनर्ह होगें।
5. विषयवार लिखित परीक्षा 60 अंक माइक्रो टीचिंग शिक्षण प्रदर्शन (10 से 15 मिनट प्रति प्रतिभागी श्रोताओं को बांधे रखना, संतुलित दृष्टिकोण, सहज एवं तार्किक प्रवाह एक अच्छे सम्प्रेषक के रूप में इत्यादि) 30 अंक। साक्षात्कार (विषयगत जानकारी, स्वप्रेरणा, लीडरशिप, कमिटमेन्ट, प्रारम्भिक शिक्षा के प्रति विजन इत्यादि) 10 अंक।
6. लिखित परीक्षा में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही माइको टीचिंग के लिए क्वालिफाई करेंगे।
7. माइको टीबिंग / शिक्षण प्रदर्शन में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही साक्षात्कार के लिए क्वालिफाई करेंगें।
8. साक्षात्कार में 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले अभ्यर्थी ही फाईनल चयन हेतु क्वालिफाई करेंगे।
9. लिखित परीक्षा, माइको टीचिंग शिक्षण प्रदर्शन तथा साक्षात्कार के कुल योग को जोड़ने के बाद जिन अभ्यर्थियों का नम्बर 60 प्रतिशत या 60 प्रतिशत से ऊपर होगा, उन्हें ए०आर०पी० के चयन के लिए मेरिट लिस्ट में रखा जायेगा।
10. ए०आर०पी० का कार्यकाल 01 वर्ष हेतु निधारित होगा। प्रत्येक वर्ष परफारमेन्स अप्रेजल के आधार पर जनपद स्तरीय समिति द्वारा अनुमोदन के पश्चात् इनका नवीनीकरण किया जायेगा। अधिकतम 03 वर्ष के पश्चात् पुनः नवीन चयन की प्रक्रिया की जायेगी।
11. आवेदन पत्र के लिफाफे के ऊपर आवेदित पद एवं विषय का नाम सुस्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए।
12. आवेदन पत्र को खण्ड शिक्षा अधिकारी से अग्रसारित कराना अनिवार्य है। शिक्षण अनुभव सेवा निवृति में समय की गणना हेतु विज्ञापित तिथि को आधार माना जायेगा।
13. आवेदन पत्र का प्रारूप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कौशाम्बी कार्यालय, जनपद कौशाम्बी के समस्त ब्लॉक संसाधन केन्द्रों एवं जनपद कौशाम्बी के एन०आई०सी० की वेबसाइट kaushambi.nic.in पर उपलब्ध है।
14. उक्त विज्ञापित पदों की संख्या अपरिहार्य स्थिति में घट–बढ़ सकती है एवं इस विज्ञप्ति को कभी भी निरस्त किए जाने अथवा किसी भी स्तर पर स्थगित किए जाने का सर्वाधिकार शासनादेश संख्या–902 / 68–5–2019 बेसिक शिक्षा अनुभाग–5 दिनांक 22 अक्टूबर, 2019 द्वारा गठित जिला चयन समिति के पास सुरक्षित रहेगा।
15. अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्रांकः एस०एस०ए० / ARP / पदस्थापन / 3727 / 2024–25 दिनांक 08.08.2024 के द्वारा दैनिक समाचार पत्र हिन्दुस्तान एवं स्वतंत्र चेतना में प्रकाशित ARP अंग्रेजी शिक्षा की विज्ञप्ति एतद् द्वारा निरस्त की जाती है।

(डॉ० कमलेन्द्र कुमार कुशवाहा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
कौशाम्बी।

# कार्यालय जिला पंचायत, चित्रकूट (उ०प्र०)

पत्रांक : 2081/निर्माण ई–निविदा सूचना/जि०पं०चि०/2024–25 | दिनांक ०3 मार्च, 2025

## अल्पकालिक ई–निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु समस्त जिला पंचायतों में पंजीकृत / नवीनीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग, जिला निधि के अन्तर्गत शासकीय अनुदान धनराशि से जिला पंचायत, चित्रकूट द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र–ई टेण्डरिंग पोर्टल http//etender.up.nic.in तथा panchayatiraj.up.nic.in पोर्टल के लिंक ctzp.uppr.gov.in पर उपलब्ध है, जो ऑनलाइन http//etender.up.nic.in पर दिनांक 04–03–2025 को सायं 04:30 बजे से दिनांक 10–03–2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे एवं आनलाइन http//etender.up.nic.in पर ही upload/download/submit की जा सकेगी। आमंत्रित निविदायें दिनांक 10–03–2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे अपर मुख्य अधिकारी कार्यालय कक्ष में निविदा समिति के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा फार्म शुल्क uploaded निविदा सूची के कालम–6 में अंकित धनराशि जिला पंचायत, चित्रकूट के आर्यावर्त बैंक शाखा, कर्वी, जनपद–चित्रकूट में खुले जिला निधि खाता संख्या–610910100014847 आई०एफ० एस० सी०कोड BKID0ARYAGB में जमा कर, जमा रसीद की स्कैन प्रति निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। uploaded निविदा सूची के कालम–5 में अंकित धरोहर धनराशि उपरोक्तानुसार खाता संख्या–010910100014847 आई०एफ०एस०सी०कोड BKID0ARYAGB में जमा कर जमा रसीद की स्कैन प्रति निविदा के साथ साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अथवा नियत धरोहर धनरीशि का पृथक 2 एफ.डी.आर. / एन.एस.सी / के.वी.पी. जो 'अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, चित्रकूट' के पदनाम बन्धक होगी, भी मान्य होगी, जिसकी स्कैन प्रतियां ई–निविदा फार्म के साथ संलग्न की जायेगी तथा मूल प्रतिया निविदा दिनांक 10–03–2025 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक कार्यालय, जिला पंचायत, चित्रकूट को उपलब्ध करानी होगी। निविदा मूल्य एवं नियत धरोहर धनराशि के बिना डाली गयी ई–निविदा पर गठित समिति द्वारा विचार नहीं किया जायेगा। यह सूचना सरकारी बेवसाइट www.chitrakoot.up.nic.in पर उपलब्ध रहेंगी। प्रत्येक निविदादाता द्वारा 100 / – रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी शपथ पत्र, निर्धारित प्रारूप पर एवं मान्य चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र आनलाइन स्कैन करते हुए निविदा के साथ लगाया जायेगा। न्यूनतम निविदादाता को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के उपरान्त उ०प्र० क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, निर्माण कार्य नियमावली, 1984 वो अनुसार वांछित जमानत धनराशि जगा करके अनुबन्ध पत्र लिखना होगा। कार्यों का सम्पादन उ०प्र०क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, निर्माण कार्य नियमावली, 1984 के अनुसार किया जायेगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार, मा0 अध्यक्ष, जिला पंचायत, चित्रकूट में निहित होगा। जी.एस.टी. व सेस के सम्बन्ध में समय–समय पर जारी शासनादेश उपरोक्त निविदाओं पर प्रभावी रहेगें। अन्य विभागों में पजीकृत ठेकेदारों के लिए उक्त निर्माण कार्यों की ई–निविदा में भाग लेने के लिए पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा जसी श्रेणी की निविदा में प्रतिभाग किया जायेगा, जिस श्रेणी के लिए वह अपने मूल विभाग में पंजीकृत है तथा उनकी निविदा न्यूनतम होने पर जिला पंचायत, चित्रकूट की नियत शर्तों के अन्तर्गत आवश्यक अगिलेख / निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त जिला पंचायत, चित्रकूट में ठेकेदारी पंजीकरण कराने के पश्चात नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सम्पादित की जायेगी। समस्त कार्यों को सूची में अंकित नियत समय में पूर्ण करना अनिवार्य होगा। निविदा कार्यों की सूची एवं निविदा की शर्ते एवं अन्य विस्तृत जानकारी उपरोक्त अंकित बेबसाइट पर देखी व पढ़ी जा सकती है या किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| (राकेश कुमार) | (सुधीर कुमार) | (अशोक कुमार) |
|---|---|---|
| प्र०अभियन्ता | अपर मुख्य अधिकारी | आध्यक्ष |
| जिला पंचायत, | जिला पंचायत, | जिला पंचायत, |
| चित्रकूट (उ०प्र०) | चित्रकूट (उ०प्र०) | चित्रकूट (उ०प्र०) |

# लालगंज रायबरेली हाईवे पर हुई भीषण दुर्घटना में 5 लोगों की हुई मौत, 6 गंभीर रूप से घायल





**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज रायबरेली नेशनल हाईवे पर बरस बाजार के सामने हुई भीषण दुर्घटना में 5लोगों की मौत हो गई और 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुएहैं। चार लोगों की मौके पर ही और एक युवक की दौरान इलाज एम्स अस्पताल में मौत हुई है। मृतकों में तीन की अभी तक शिनाख्त नहीं हुई है। 5 मृतकों में से महेश खेड़ा लालगंज निवासी ऑटो चालक रजनीश शर्मा और एकौनी निवासी निगम बेड़िया की पहचान हो गई है।घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार लालगंज नगर के महेशखेड़ा निवासी ऑटो चालक रजनीश उर्फ मोनू शर्मा( 28) पुत्र उमाशंकर अपने ऑटो में 10 सवारियां लेकर लालगंज से रायबरेली जा रहा था। अधिकांश सवारियां कचहरी तारीख पर जा रही थी। तभी बरस बाजार के सामने रायबरेली की तरफ से आ रहे डंपर ट्रक ने ऑटो में सामने से जोरदार टक्कर मार दिया जिसके कारण ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठी सवारियां भी गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर बिखर गई। गंभीर रूप से घायल लोगों के चीख पुकार मचने पर आसपास के लोगों ने उन्हें उठाकर सड़क के किनारे किया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने जहां सभी घायलों को लालगंज सरकारी अस्पताल पहुंचाया ।वहीं मृतक आटो चालक रजनीश शर्मा और ग्राम एकौनी थाना खीरों निवासी निगम बेड़िया पुत्र जैपाल सहित चारो मृतको के शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू। भीषण सड़क दुर्घटना के चलते डलमऊ एसडीएम राजित राम गुप्ता और लालगंज क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने भी मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और घायलों को इलाज के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

## घायलों में चार महिला और दो पुरुष

**लालगंज रायबरेली।** डंपर ट्रक के द्वारा ऑटो में टक्कर मारने से हुई सड़क दुर्घटना में थाना लालगंज शोभवापुर की सारिका देवी पत्नी सुनील पासी, मधु पुत्री सुनील पासी, गुद्धन देवी पत्नी काली किशन पासी और पूरे मुन्नी सिंह छिवलहा थाना सरेनी के रामसेवक यादव पुत्र विष्णु यादव ,छिवलहा की बबली सिंह पत्नी तेज प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हुई है। एक अन्य घायल की पहचान नहीं हुई है।लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर अमल पटेल ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है।

## डीएम-एसपी ने जिला अस्पताल पहुचकर सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों का जाना हाल,बेहतर इलाज किये जाने के दिये निर्देश

रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने थाना लालगंज अन्तर्गत ग्राम बरस में ऑटो व डम्फर में टक्कर की दुखद सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की तथा घायल मरीजों का हाल जानने के लिए जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया। दुर्घटना में घायल लोगों को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनका इलाज चल रहा है। निरीक्षण के दौरान घायलों के स्थिति की जानकारी ली गई तथा उपचार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराते हुए इलाज करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल डॉ0 प्रदीप अग्रवाल सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर कार की सामने की टक्कर में टैम्पो पलटा, तीन सवारियां घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर रवना मोड़ के पास हरचंदपुर की तरफ से आ रहे सवारी से भरे टेंपो में महराजगंज की ओर से जा रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर कार की सामने की टक्कर में टैम्पो पलट गया, जिससे उस पर बैठी दो महिला समेत तीन सवारियां हादसे का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में लाद कर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां इलाज किया जा रहा है। आपको बता दें कि, सीएचसी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक हादसा सोमवार दिन में लगभग 12:30 बजे के करीब का है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर रवना मोड़ के पास हरचंदपुर से महराजगंज आ रहे सवारियों से भरा टम्पों जैसे ही रवना मोड़ पर पहुंचा तभी महराजगंज से हरचंदपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित स्वीप्ट डिजायर कार की आमने-सामने टक्कर हो जाने से टैम्पो पलट गया, जिससे उसमें बैठी तीन सवारियां अभिषेक सिंह (20) पुत्र सुनील कुमार निवासी अचलेश्वर थाना हरचंदपुर, मिथिलेश (32) पत्नी प्रदीप कुमार निवासी हरचंदपुर और शीतला देवी (60) पत्नी रतीपाल निवासी हरचंदपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को 108 एम्बूलेन्स से पर लाद कर सीएचसी महराजगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

# अंतर्जातीय विवाह पर लोगों ने जताई प्रसन्नता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के मनीष प्रजापति पुत्र अवध बिहारी प्रजापति निवासी पूरे धनऊ मजरे दतौली डिहवा पर ने अलीनगर लालगंज के मोहम्मद सलीम की पुत्री सलोनी उर्फ मुस्कान के साथ विवाह कर सराहनीय कार्य किया है। लालगंज पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को लालगंज कोतवाली पहुंचकर सलोनी उर्फ मुस्कान पुत्री मोहम्मद सलीम निवासी अलीनगर लालगंज ने बयान दर्ज कराया। लालगंज पुलिस ने युवती को ससुर अवध बिहारी की सुपरूदगी में दिया है। हालांकि पुलिस ने मुस्कान उर्फ सलोनी के घर वालों को भी टेलीफोन पर थाने आने की सूचना दी लेकिन उन्होंने आने से मना कर दिया। इस अवसर पर मनीष प्रजापति के वकील कुलदीप शर्मा भी मौजूद रहे। इस मौके पर धर्म जागरण के सह जिला संयोजक सुशील शुक्ला, विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष अजय बाबू पांडे ,विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री पंकज पांडे और मनीष प्रजापति के अधिवक्ता कुलदीप शर्मा मौजूद रहे। सभी लोगों ने प्रजापति परिवार का उत्साह वर्धन किया और उनके अंतर्जातीय विवाह की भी सराहना की। मनीष प्रजापति और मुस्कान उर्फ सलोनी ने आर्य समाज मंदिर में प्रेम विवाह किया है। सलोनी उर्फ मुस्कान ने बताया कि वह हिंदू परिवार में विवाह करके बहुत ही प्रसन्नचित है।सभी को बाजपेई होटल में चाय पिलाकर रवाना किया गया।

# मार्ग दुर्घटना में बालिका घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार का कहर थंभने का नाम नहीं ले रहा है, प्रतिदिन तेज रफ्तार की कहर का लोग शिकार हो रहे हैं। ऐसा ही एक मामला सामने आया है जिसमें ऑटो पर चढ़ रही एक 6 वर्षीय बालिका को तेज रफ्तार बाइक सवारने पीछे से टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई और उसका पैर फैक्चर हो गया।आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी स्थिति को नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दें कि, सीएचसी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना कोतवाली क्षेत्र के कैर चौराहे पर लगभग 12रू00 बजे की है। गोनवा पहनासा थाना बछरावां की रहने वाली अंशिका (06) पुत्री अजय यादव अपनी मां के साथ ननिहाल कटरा मजरे कैर थाना महराजगंज आई हुई थी। यहां से आज सोमवार को अपने घर गोनवा पहनाशा के लिए कैर चौराहे पर ऑटो पर बैठने जा रही थी, तभी एक तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक सवार ने आकर पीछे से अंशिका को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे 6 वर्षीय बालिका गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ी। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। डॉ पीके श्रीवास्तव ने बताया कि, 6 वर्षीय बालिका का पैर फैक्चर हो जाने की वजह से बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।मामले में कोतवाल जगदीश यादव का कहना है कि, मामला संज्ञान में आया है यदि घर वालों ने तहरीर दी तो अज्ञात बाइक चालक के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी।



## बारातियों से भरी वैन डीसीएम से टकराई,तीन लोग गंभीर रुप से घायल

**महराजगंज रायबरेली** महराजगंज रायबरेली रोड पर बारात में शामिल होने बारातियों को लेकर शामिल होने जा रही एक वैन डीसीएम से टकराकर हादसे का शिकार हो गई वैन पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।बता दें कि महराजगंज रायबरेली रोड पर नवोदय चौराहा स्थित पेट्रोल पंप से एक डीसीएम डीजल डलवाकर कर सड़क पर आ रही थी तभी डीसीएम मोड़ते समय ही रायबरेली की तरफ से आ रही वैन जो कि कोतवाली क्षेत्र गांव अतरेहटा में आयोजित बुद्धि राम विश्वकर्मा की बेटी की शादी के बाराती थे डीसीएम से टकराकर वैन हादसे का शिकार हो गई जिसमें सवार भदोखर थाना क्षेत्र के गांव बेहटा के रहने वाले सुरेश कुमार यादव 50 पुत्र पारसनाथ अनित शर्मा 27 पुत्र सोहनलाल सुखवीर 40 पुत्र राजाराम गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं वैन के ड्राइवर पप्पू तिवारी सहित तीन अन्य बाराती घटना में बाल बाल बच गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी को सीएचसी लाया गया जहां सुरेश कुमार का पैर फ्रैक्चर होने के कारण डाक्टरों द्वारा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया वहीं अन्य दो लोग को मामूली चोटे आई जिनका सीएचसी में ही इलाज चल रहा है, वहीं घटना के बाद डीसीएम चालक मौके पर से फरार हो गया।मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना संज्ञान में है, तहरीर मिलने पर जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

# आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुस्तक मेला में विद्वानों ने व्यक्त किए विचार

## नई पीढ़ी को किताबों की ओर आकर्षित करना हम सबकी जिम्मेदारीः डॉ मनीष चौहान




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी स्मृति न्यास के तत्वाधान में जिले में पहली बार आयोजित नौ दिवसीय पुस्तक मेला के दूसरे दिन शहर के फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज सभागार प्रांगण में परिचर्चा में विभिन्न विषयों के विद्वानों ने प्रतिभाग किया। विद्वानों ने कहा कि किताबें जीवन बदलने का आधार हैं। कालेज के प्रबंध मंत्री इंजीनियर अतुल भार्गव ने कहा कि पुस्तकें हमारे ज्ञान का भंडार हैं। पुस्तक पढ़ने से सोच का विस्तार होता है। लोग डिजिटल से हटकर किताबों की तरफ रुझान करना चाहिए। पुस्तक मात्र खरीद फरोख्त का माध्यम नहीं हैं बल्कि अध्ययन अध्ययन और अध्ययन जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि किताबों से बौद्धिक ज्ञान मिलता है और किताबों को पढ़ने से मन को शांति मिलती है।कालेज के प्राचार्य मनोज कुमार त्रिपाठी ने लक्ष्य गिरी का उदाहरण देते हुए बताया कि पुस्तकों के बीच पढ़े और बैठे हैं। पुस्तकों के जरिए दूसरों के अनुभव के माध्यम से सब कुछ जाना जा सकता है। हिंदी की पूर्व प्रवक्ता डॉक्टर चंपा श्रीवास्तव ने कहा कि खड़ी बोली के जनक आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी के सर्वांगीण स्वरूप को जन-जन तक पहुंचाने के लिए न्यास का प्रयास आने वाली पीढ़ियां याद करेंगी। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि लोग को किताबों की ओर आकर्षित होना चाहिए किताबों में सभी जानकारियां मिलती हैं। रामा कृष्णा स्कूल के निदेशक जेपी त्रिपाठी ने कहा कि गुरु भगवान होता है। शिक्षा हमारी कुंजी है, जिसमें बड़ा परिवर्तन हो गया है। शिक्षा व्यावसायिक हो गई है। दुनिया में जो कुछ भी विकास हुआ है वह पुस्तकों के माध्यम से हुआ है। पुस्तकों को पढ़कर आज वह इस मुकाम पर पहुंचे हैं। साधन और साध्य दोनों पवित्र होने चाहिए। सिमहेंस हास्पिटल के निदेशक डॉ मनीष चौहान ने कहा कि जीवन में सबसे अच्छा साथी किताब है।किताब पढ़ कर डॉक्टर बना हूं। पुस्तकों के माध्यम से उन्होंने मेडिकल की पढ़ाई किया। देश दुनिया में आज भी पुस्तकों का बड़ा महत्व है। पुस्तकों से हमें सर्वांगीण जानकारी मिलती है।

किताबों से विचारों का आदान प्रदान होता है मोबाइल से दूर रहकर किताबों से ही अध्ययन करना चाहिए। डिजिटल पढ़ाई से नई जेनरेशन भटक रही है। सहसंयोजक करुणा शंकर मिश्र ने स्वागत और घनश्याम मिश्र ने संचालन किया। इस मौके पर विनोद शुक्ला, अनिल मिश्रा, क्षमता मिश्रा, दीपमाला तिवारी , महेंद्र अग्रवाल, सुनील ओझा, रघुनाथ द्विवेदी, मनोज मिश्र, राम बाबू मिश्र, राजेंद्र सिंह राजन, ब्रजेश नाथ त्रिपाठी, सर्वेश त्रिपाठी, केशवानंद शुक्ला, दुर्गेश सिंह, दुर्गेश पांडेय, अमित सिंह, विक्रांत गुप्ता, वरुण देव, अमन देवानंद उपस्थित रहे।

# अटेवा ने नेता प्रतिपक्ष को भेजा ज्ञापन, कहा- ओपीएस लागू कराएं



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** केंद्र सरकार की तरफ से यूपीएस लागू किए जाने के बाद अब कमर्चारियों और सरकार के बीच में खींचातानी शुरू हो गई है। सोमवार को अटेवा पेंशन बचाओ मंच के जिला संयोजक इरफान अहमद के नेतृत्व में कर्मचारियों ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को ज्ञापन जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी के माध्यम से भेजा। नेता प्रतिपक्ष से पुरानी पेंशन बहाली के समर्थन में प्रधानमंत्री को पत्र लिखने की मांग की।जिला संयोजक इरफान अहमद ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष से मांग करेंगे कि प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर शिक्षक, कर्मचारी, अधिकारी और पैरामिलिट्री जवानों की इस समस्या से अवगत कराएंगे। आगामी संसद सत्र में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाएंगे। साथ ही पुरानी पेंशन बहाली के लिए प्राइवेट मेंबर बिल लाने का प्रयास करें। जिला कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश के 15 लाख सहित देश के लगभग एक करोड शिक्षको कर्मचारियों व अधिकारियों को सामाजिक सुरक्षा के रूप में मिलने वाली पुरानी पेंशन व्यवस्था (ओपीएस) को समाप्त कर शोषणकारी व विभेदकारी नई पेंशन व्यवस्था (एनपीएस) तथा एकीकृत पेंशन व्यवस्था (यूपीएस) लागू कर दी गई है जो न तो शिक्षक कर्मचारियों के हित में है और न ही प्रदेश व देश के हित में है। जिला प्रवक्ता मयंक वर्मा ने कहा कि अब तो एनपीएस के दुष्परिणाम भी सामने आने लगे है। एक ओर जहां एनपीएस के तहत सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को 1200 रुपये, 1800 रुपये, 3500 रुपये, 4000 रुपये पेंशन प्राप्त हो रही है। वहीं, यूपीएस में शिक्षक कर्मचारियों अधिकारियों के द्वारा अपने पूरे नौकरी के दौरान वेतन से की गई पूरी कटौती को भी वापस नहीं देने की बात की जा रही है।जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद नसीम ने कहा कि इस योजना में भी एनपीएस की तरह ही अनेको विसंगतियां हैं। इन विसंगति पूर्ण पेंशन योजनाओं से जीवन यापन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इतने कम पैसे में वे अपने स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रखें, वे कैसे अपने परिवार की जिम्मेदारियों को निभाएं, जबकि जीवन के अपने अमूल्य समय में उसने देश व सरकार को अपनी सेवाएं दी हैं।

सतांव ब्लॉक अध्यक्ष अविनाश यादव ने कहा कि यहां तक कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अर्द्धसैनिक बलों को भी पुरानी पेंशन व्यवस्था से वंचित कर दिया गया है जो की बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।इस मौके पर लालजी यादव, जय सिंह यादव, सुशील मौर्य, ममता यादव, शीतांशु सोनकर, राजेंद्र, राजेश मौर्य आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेसी नेता अतुल सिंह ने सुनी जनसमस्याएं,बताई पार्टी की नीतियां



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने ऊंचाहार विधानसभा के रोहनिया ब्लॉक के परसीपुर, मवई, धनेही,अली अस्करन पुर ,चक भीरा,पसिया बाजार,खोजकलापुर आदि गांवों में चौपाल,नुक्कड़ सभा एवं जनसंपर्क कर लोगों की समस्याएं सुनी एवं कांग्रेस पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताया।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि राहुल गांधी जी लगातार आप सबकी चिंता कर रहे हैं,इस देश के लोकतंत्र को बचाने के लिए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के बने संविधान को बचाने के लिए लगातार राहुल जी संघर्ष कर रहे हैं।मोदी सरकार देश के संविधान को खत्म करने का प्रयास कर रही है।श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता अपने मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। इसका सबसे बड़ा कारण है कांग्रेस की 35 सालों से उत्तर प्रदेश में सरकार न बन पाना।ऊंचाहार की जनता आज भी पाषाण कालीन जीवन जीने के लिए मजबूर हैं,रोहनिया ब्लॉक के कई गांवो के लोग दूषित पानी पीने के लिए मजबूर है।आज छुट्टा जानवरों से किसान हमारा परेशान है,सरकार को इनकी समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है,बिजली की समस्या लगातार बढ़ रही है और बिजली का बिल उपभोक्ताओं को कई गुना बढ़ के जमा करना पड़ता है।श्री सिंह ने कहा कि हमारा प्रयास है कि ऊंचाहार को विकास की मुख्य धारा से जोड़ा जाए,आप सब मेरे परिवार की तरह हैं।मैं हमेशा आपके सुख-दुख में साथ खड़ा रहूंगा।इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष ज्योति सरोज,वरिष्ठ नेता शिव कुमार पांडे,जिला सचिव शैलेंद्र सिंह,कांग्रेस नेता आरके सिंह,राम कुमार मौर्य,तारा गुप्ता,राम दत्त पांडेय,मो नियाज,अचल सिंह,अम्बुज सिंह,अजय सिंह,विजय सरोज,मोती पटेल,मनीष पटेल,राम बरन गिरी,गोलू अग्रहरि,राहुल तिवारी,राम शंकर यादव,राम प्रसाद सरोज,पुनीत श्रीवास्तव,राजेंद्र यादव,रामकुमार सविता,राम यादव,सत्यम यादव,रवि सिंह,देवेंद्र सिंह,रामू पांडे,रमेश लोधी,देशराज लोधी,शुभम यादव,राजेश पटेल,मिश्री लाल गौतम,राजा राम,अमृत लाल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल में मनाया गया वार्षिक उत्सव




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू लाइट इंटरनेशनल स्कूल में बड़े धूम धाम के साथ वार्षिक उत्सव सम्पन्न हुआ प्रबंधक शिवेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट वा प्रधानाचार्य डॉ निशी श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।प्रधानाचार्य डॉ निशी श्रीवास्तव ने बताया कि अनबिया फारूकी मानवी केसरवानी सुनैना मौर्य तस्मिया हेमा मौर्य ने सरस्वती वंदना पे नृत्य प्रस्तुत किया जिसके उपरांत आंशिक ऋषभ जुहैना मिस्बा सत्यम ऋषभ पाण्डेय आदित्य पटेल मो अरमान मो आशिफ आरुष शिवांश ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम जिसमें आरंभ है प्रचंड प्रस्तुत किया।प्रबंधक शिवेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि नर्सरी एलकेजी वा यूकेजी से शिव सिंह, आयुष साहू, अदिति शर्मा, रियांशी, अन्याय निर्मल आदि बच्चो स्टेज पे स्पीच प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य डॉ निशी श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूल के मैनेजर एडवोकेट शिवेंद्र श्रीवास्तव द्वारा स्कूल में पूरे वर्ष से विभिन्न एक्टिविटीज में विजेता छात्रों को मेडल व सर्टिफिकेट प्रदान किया गया।प्रबंधक शिवेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट ने समस्त अभिभावकों के समक्ष घोषणा किया कि जल्द ही स्कूल को इंटरमीडिएट तक मान्यता उपरांत संचालित होगा।

## आईआरएफसी के सीएसआर के तहत एम्स रायबरेली में एक और गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण



**रायबरेली।** भारत सरकार के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) स्कीम के तहत सरकारी तथा निजी उपक्रम अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते है। इसी क्रम में इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईआरएफसी) के सहयोग से एम्स रायबरेली परिसर में एक 8 मंजिला (जी7) गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण किया जाना है। हॉस्टल में कुल 65 कमरे होंगे। इसकी कुल लागत 13.99 करोड़ हैं, जिसमें से 90 प्रतिशत का वहन आईआरएफसी द्वारा किया जाएगा। शेष राशि का वहन एम्स रायबरेली द्वारा किया जाएगा। हॉस्टल का निर्माण शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। ध्यातव्य है कि एनटीपीसी के सहयोग से परिसर में एक और गर्ल्स हॉस्टल का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

## करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने स्वर्गीय अशोक कुमार सिंह को दी श्रद्धांजलि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**जगतपुर, रायबरेली।** करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह उर्फ वीरू भैया अपनी करणी सेना लाव-लश्कर के साथ जगतपुर मुख्य चौराहे से लक्ष्मणपुर मार्ग पर स्थित स्वर्गीय अशोक कुमार सिंह की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए।गत दिनों युवा जिला अध्यक्ष करणी सेना प्रमुख योगेश सिंह उर्फ पिंकू भैया के पिता जी अशोक कुमार सिंह का स्वर्गवास हो गया था। कार्यक्रम में पहुंचकर करणी सेना भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर प्रताप सिंह ने स्वर्गीय अशोक कुमार सिंह के चित्र पर माला एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि व्यक्त किया तत्पश्चात उनके परिजनों से कुशलक्षेम जाना। उन्होंने कहा कि वह भारत माता के बेटे हैं करणी सेना सहित सभी मां मेरी मां है सभी बेटे मेरे भाई है सभी बेटियां मेरी बहन है। एक ही आवाज पर उनका भाई अपने दलबल के साथ हमेशा मौजूद हो जाएगा और अपने पास पाएंगा। देशभर की करणी सेना के सुख-दुख के वह साथी हैं कभी कोई अपने को अकेला मत समझे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मोनू सिंह भदौरियाख् गुड्डू सिंह सेंगर जिला उपाध्यक्ष विशाल सिंह ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि छतोह जिला अध्यक्ष अमेठी विजय सिंह , क्षत्रिय महासभा जिला अध्यक्ष अमित प्रताप सिंह, अंशू सिंह , कुलदीप सिंह,सुनीत सिंह, प्रफुल्ल सिंह, राहुल सिंह, निर्भय सिंह, अतेंन्द्र सिंह, सानिध्य सिंह , छोटू बघेल , अभय सिंह, अंकित सिंह , बिपिन सिंह, अंशुमान सिंह, अजय सिंह सहित समस्त करणी सेना पदाधिकारियो सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत






**लोकमित्र ब्यूरो**

**घूरपुर (प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को देर रात निमंत्रण खाकर लौट रहे युवक की कांटी रीवा रोड पर सड़क हादसे में मौत हो गई। बताया जा रहा है कि श्याम बाबू सोनकर 32 वर्ष पुत्र खेतई सोनकर निवासी बराव थाना करछना प्रयागराज ममेरे भाई की बारात फतुवहा हनुमानगंज से कांटी आई थी श्याम बाबू घर बराव से शादी में शामिल होने कांटी आया था शादी में सम्मिलित होकर देर रात लगभग 12ः00 बजे मोटरसाइकिल से अपने घर बराव जा रहा था की कांटी के ठंठनवा रोड के पास एन एच 30 पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मारते हुए बाइक को कुचल कर निकल गई जिसे श्याम बाबू को सर और पर में गंभीर चोट आई जिससे वह सड़क के किनारे बेहोशी हालत में पड़ा था राहगीरों ने देखा तो घूरपुर पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसरा ले गई जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गाड़ी नंबर के जरिए युवक के घर का पता लगाया और घर पर सूचना दी श्याम बाबू की मौत की सूचना घर पर पहुंचे तो घर में कोहराम मच गया रोते बिलखते परिजन समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे मृतक के तीन बच्चे हैं लक्ष्मण सोनकर 12 वर्ष चिंटू सोनकर 7 वर्ष पुत्री काजल सोनकर 9 वर्ष के है वही पति का शव देख पत्नी सुमन का रो रो बुरा हाल है गौहनिया चौकी प्रभारी घनश्याम निषाद ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी हाउस भेज दिया। शाम 5ः00 बजे मृतक का शव घर आया तो घर में कोहराम मच गया।

## सेक्टर मजिस्ट्रेट ने परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** विकास खण्ड बहरिया क्षेत्र में बने यूपी बोर्ड के परीक्षा केन्द्रों का सेक्टर मजिस्ट्रेट अनूप कुमार तहसीलदार फूलपुर ने सोमवार को औचक निरीक्षण करते हुये कड़ाई से जांच पड़ताल की। जिसमें रेवारी छाता शान्ति देवी इंटर कालेज में परीक्षा के प्रथम पाली इंटर गणित और जीव विज्ञान, हाई स्कूल की संस्कृत की परीक्षा जयराम केसरवानी इंटर कालेज करनाईपुर तथा नईम उद्दीन मेमोरियल इंटर कालेज सुल्तानापुर आदि केन्द्रों का निरीक्षण किया ।

क्षेत्र में बने सभी केन्द्रों की परीक्षा सुचारु रुप से सम्पन्न हो रही है । वही कड़ाई के चलते हर केन्द्रों पर परीक्षार्थी प्रतिदिन परीक्षा छोड़ रहे हैं ।

## भगवत शरणागति ही परम धर्म है-आचार्य धर्म नारायण महाराज



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नैनी(प्रयागराज)।** क्षेत्र के नई बाजार त्रिमुखी हनुमान मंदिर परिसर मे आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन श्रीधाम वृंदावन से पधारे कथा प्रवक्ता आचार्य पं धर्म नारायण जी महाराज ने धर्म की व्याख्या करते हुए कहा कि मनुष्य का भगवान की शरणागत हो जाना ही परम धर्म है। यदि मनुष्य भगवत शरणागत है और सांसारिक धर्मो का पालन करने मे कोई त्रुटि रह जाती है तो भगवान उस त्रुटि के कारण होने वाले दोष से उसे मुक्त कर देते हैं।

श्रीमद् भागवत कथा को परिभाषित करते हुए महाराज श्री ने कहा कि जो कथा मनुष्य के हृदय में भगवत प्रेम की स्थापना कर दे, वही श्रीमद् भागवत कथा है। श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य के हृदय में विराजित कलुषों का शमन करके हृदय को निर्मल कर देती है और हृदय के निर्मल होते ही वहां बाल कृष्ण विराजित हो जाते हैं। महाराज श्री कहते हैं कि जिन कानों ने हरि कथा नहीं सुनी, वह कान सर्प की बांबी के समान हैं।

कथा के यजमान मंगरु लाल केशरवानी एवं माया देवी केसरवानी ने भागवत भगवान की आरती की। कथा में प्रमुख रूप से कथा के आयोजक श्री हीरालाल, श्रीमती जानकी देवी, श्री बसंत लाल, नंद किशोर, गौरव, उज्जवल, सागर, विनीत, सुमित, आयांश, गर्वित, देवांश, श्रविल आदि उपस्थित रहे।

# शुआट्स ने विश्वविद्यालय परिसर में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया




**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स), प्रयागराज ने सोमवार को विश्वविद्यालय परिसर में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न हाउस के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। अपर कुलसचिव एवं एथलेटिक कमेटी के अध्यक्ष प्रो. सी. जॉन वेस्ली के अनुसार, 'क्रॉस कंट्री रेस को सुबह 7.00 बजे प्रशासनिक ब्लॉक-1 से कॉलेज का झंडा दिखाकर रवाना किया गया, जिसमें लड़कों के लिए 6.5 किमी और लड़कियों के लिए 3.00 किमी की दूरी निर्धारित की गई थी। प्रतिभागियों ने पशुपालन विभाग से विश्वविद्यालय खेल मैदान तक दौड़ लगाई और वापस प्रशासनिक भवन में समापन बिंदु पर पहुंचे।'पुरुष वर्ग के परिणाम में ब्लू हाउस के श्री आकाश ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि श्री अमोन बश्मातारी (रेड) और मणिकांतन (पिंक) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह महिला वर्ग में रेड हाउस की शालू सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शीतल सिंह (येलो) और शेरोन (येलो) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। विजेताओं को क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। क्रॉस कंट्री रेस की प्रभारी डॉ. दीप्ति जोशी की देखरेख में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने और प्रेरित करने के लिए शारीरिक शिक्षा विभाग का स्टाफ मौजूद था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक फिटनेस, टीम वर्क और खेल भावना को बढ़ावा देना था।

# हरी सब्जी की खेती से समृद्ध हो रहे सैकड़ों लापर क्षेत्र के किसान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** उन्नत खेती और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अपनी आय में वृद्धि के लिए विकास खंड कोरांव के खोंचा गांव के एक दर्जन किसान परंपरागत खेती से हटकर नगदी फसल के रूप में पालक , मूली , हरी धनिया , तथा मेथी , टमाटर की खेती कर रहे हैं । किसानों का कहना है कि कम लागत में एक से डेढ़ महीने में तैयार होने वाली हरी सब्जी का उत्पादन करने से घर बैठे प्रतिदिन रोजगार मिला हुआ है । साथ ही खेतों की मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बरकरार रखने के लिए फसल चक्र को अपनाते हुए परंपरागत खेती गेहूं , आलू , सरसों , मटर , आदि के उत्पादन से अलग हटकर नगदी उपज के लिए सब्जी की खेती को अपनाया है ।

धोबहट मय खोंचा , चैलारी गांव के एक बीघा में पालक , मूली की खेती करने वाले किसान उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि पांच से सात हजार रुपए की लागत लगाकर पालक , मूली की खेती की है । उन्होंने बताया कि रसायन मिश्रित खाद्य से उपजी सब्जी से अब लोग दूरी बना रहे हैं । तथा बहुत कम रसायनिक खाद के प्रयोग के प्रयोग से उपजी हरी सब्जी को लोग ज्यादा प्रसन्न कर रहे हैं । इसी प्रकार आठ बिस्वा में पालक की खेती करने वाले लवकुश कुमार बिंद , दो बीघा में मूली - पालक का उत्पादन करने वाले हरे राम कुशवाहा का एक बिस्वा पालक - मूली बोने वाले शैलेंद्र सिंह के अतिरिक्त महेंद्र कुशवाहा , श्याम नारायण, राकेश कुमार, उमाशंकर, संगीता देवी, सुधा देवी , आदि किसानों ने बताया की नगदी सब्जी की खेती करने में परिश्रम अवश्य करना पड़ता है । लेकिन इसके माध्यम से वर्ष भर घर पर ही रोजगार मिलता है । इससे जहां आर्थिक समृद्धि मिल रही है । वहीं खेतों को मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी बनी रहती है । क्योंकि हरी सब्जी उगाने में बहुत कम मात्रा में रासायनिक खाद का प्रयोग किया जाता है । बदले में खेत की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के लिए कंपोस्ट खाद का जैविक खाद का प्रयोग किया जाता है । इसके साथ फसल की कटाई के समय गिरी पत्तियों में हरी खाद की भी बन जाती है । परिणाम स्वरुप खेत की उर्वरा शक्ति बनी रहती है ।

उपरोक्त सब्जी की खेती करने वाले किसानों ने बताया कि इस प्रकार से फसल चक्र अपनाने से खेतों की उर्वरा शक्ति बरकरार रखने में मदद मिल रही है । किसानों का कहना है कि हरी सब्जी की खेती करने में पानी की बचत हो रही है । तथा भूगर्भ के जल का संरक्षण भी हो रहा है । कृषकों ने बताया कि इसकी खेती करने पर कटाई , छटाई , सफाई , निराई , गुड़ाई आदि में परिश्रम अवश्य लगता है । मगर तैयार फसल की बिक्री करने में कोई समय नहीं लगता है । सिर्फ सब्जी की कटाई कर सुबह मंडी में पहुंच जाने पर तत्काल इसकी नगद बिक्री हो जाती है । इससे आय दोगुनी हो रही है। तथा परिवार का अच्छे ढंग से परवरिश करने में मदद मिल रही है।

## हनुमान मंदिर सिकंदरा का वार्षिक भंडारा 11 मार्च

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया।** हनुमान मंदिर समिति सिकंदरा की बैठक सोमवार को हनुमान मंदिर पर महंत ओम शांति बाबा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें वार्षिक भंडारे पर चर्चा की गई। मंदिर के प्रबंधक राजकुमार पांडेय ने बताया कि सर्वसम्मिति से निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार 10 मार्च सोमवार से अखंड श्रीरामचरित्र मानस पाठ का शुभारंभ होगा। 11 मार्च मंगलवार को हवन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। बैठक में मुख्य रूप सुखसागर मिश्र, सुधीर मिश्रा, संदीप पांडेय, पिंटू दूबे, आशुतोष केसरवानी, राजू मिश्रा, दूधनाथ, फंटू लाल, धर्मेंद्र मौर्या आदि लोग रहे। बतादें कि मनसैता नदी के तट पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पर प्रत्येक वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन फाल्गुन माह में किया जाता है। जिसमें आस पास गांव के हजारों लोगों की भीड़ जुटती है।

## विवाहिता ने साड़ी का फंदा लगाकर दी जान

### सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** मांडा थाना क्षेत्र के बघौरा खवासान गांव की एक विवाहिता ने अज्ञात कारणों से घर के छत की कुंडी में फंदा लगाकर जान दे दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बघौरा खवासन गांव की

विवाहिता विजय लक्ष्मी उम्र (24) पत्नी पिन्टू बिन्द ने छत की कुण्डी में साड़ी के फंदे से लटक कर आत्म हत्या कर लिया है। घटना की जानकारी पर परिजनों में चीख पुकार मच गई।कोहराम से आस पास की भीड़ जमा हो गयी। सूचना पर मांडा इंस्पेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता व फिल्ड यूनिट मौके पर पहुंच कर शव को छत की कुण्डी से नीचे उतार कर पोस्ट मार्टम के लिए शहर भेज दिया है। पुलिस मौका मुआयना कर जांच में जुट गई है। मौके पर कई तरह की चर्चा रही है।

## आपरेटर के अभाव में पेयजल आपूर्ति ठप, परेशानी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** पटेहरा गांव में पन्द्रह वर्ष पूर्व स्थापित ग्रामीण पेयजल योजना के तहत बनाई गई पानी की टंकी व नलकूप अब शोपीस बनकर रह गई है। आपरेटर न होने के कारण पटेहरा जल निगम का नलकूप बंद पड़ा है। पानी के लिए पटेहरा , भगवान पुर मोजरा , सिरहिर सहित आसपास के गांव में हाहाकार मचा हुआ है । जिससे क्षेत्र के दर्जनों गांवों के लोग पानी के लिए दर-बदर भटक रहे हैं । डेढ़ दशक पूर्व घर-घर पानी पहुंचाने के लिए सरकार द्वारा जल निगम का निर्माण पटेहरा में कराया गया था । दर्जनों गांवों में पानी की सप्लाई के लिए पटेहरा गांव में जल निगम जल निगम बनाया गया । लेकिन आज उसी जल निगम से ग्रामीणों को पानी मिलना मुश्किल हो गया है । इधर आपरेटर की कमी के कारण जल निगम पूरी तरह से ठप हो गया है । इसी तरह चांद , खूंटा , बड़ोखर , देवघाट में बने जल निगम की ऑपरेटर के भाव में बंद पड़ा हुआ है । वही दसौंती के लोगों को बताया कि जल निगम पर जाने पर वहां ताला लगा लगा हुआ है । जल निगम के नियुक्त के महेंद्र सिंह ने आपरेटर की नियुक्ति का आश्वासन दिया है । लेकिन आज तक नहीं हो पाया है । क्षेत्र के दर्जनों गांव में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है । वहीं पटेहरा के आदर्श मिश्रा , अवधेश शुक्ला , गौरव पांडेय आदि ने बताया कि लोगों की क्षेत्र सहित आसपास जल निगम का ऑपरेटर के शीघ्र ही व्यवस्था करने जाने की मांग उठाई है ।

## गर्मी सताए तो भगवा गमछा लोगों को भाए



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लेड़ियारी (प्रयागराज)।** गर्मी में गमछे का अलग ही क्रेज है। खासकर युवाओं में यह काफी लोकप्रिय हुआ है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद भगवा गमछे की मांग 40 प्रतिशत तक पहुंच गई है । मांग को देखते हुए इसकी कीमत में भी इजाफा हुआ है । पिछले साल जो गमछा 50 से 60 रुपये में बिक रहा था । इस बार वह 80 से 90 रुपये में बिक रहा है। भगवा के बाद सबसे अधिक मांग लाल व पीले गमछे की है।

हालांकि उम्र दराज लोगों में सफेद गमछे की मांग बनी हुई है। गमछे के थोक व फुटकर कारोबारी हरिओम केसरवानी बताते हैं कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव के दौरान गमछे की मांग बढ़ी थी । लेकिन गर्मी को देखते हुए इसमें और इजाफा हुआ है।पेट्रोल -डीजल की कीमतों वृद्धि का असर भी पड़ा ।बाहर से आने वाले माल में बढ़ोतरी के कारण गमछे के दाम भी बढ़ गए हैं । लेड़ियारी बाजार के शिव मोहन द्विवेदी कपड़ा विक्रेता बताते हैं कि बाजार में गमछे कई तरह के मौजूद हैं।इसमें भगवा गमछे की मांग 40 फ़ीसद तक है । बाजार में 100 रूपये से लेकर 150 रुपये तक के गमछे मौजूद हैं । भगवा को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बन गया रहा है। गमछे के साथ ही भगवा झंडे की भी मांग बढ़ गई है । झंडों के थोक व्यापारी राहुल केशरी बताते हैं कि शिवरात्रि के पहले से ही नवरात्र को देखते हुए भगवा झंडे की मांग बढ़ गई है । विधानसभा चुनाव तक तो पार्टी का झंडा खूब बिकता है । उसके बाद भी लोगों को भगवा प्रेम कम नहीं हुआ । अब लोग भगवा रंग का झंडा लेकर अपने घर के छतों पर सजा रहे हैं ।

# जागरूक रहें और सतर्क रहे- संजीव




**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** सोमवार को भारद्वाज गुरुकुलम संस्थान रुदापुर में इफको फूलपुर द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापकों और बच्चों को संबोधित करते हुए इफको से आए हुए मुख्य प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा विभाग संजीव कुमार सक्सेना जी ने कहा कि दुर्घटनाएं जब होती हैं उसके पीछे हमारी लापरवाही और उदासीनता रहती है यदि समय रहते इसके दुष्परिणाम और दुर्घटनाओं से बचना है और उसे टालना है तो समय रहते जागरूकता और बहुत जरूरी है। यदि लोग जागरूक रहें तो इन सब दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। विद्यालय परिवार में स्प्रिंकलर एवं अन्य उपकरण द्वारा इसका संचालन कैसे किया जाता है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में सदैव आगे बढ़कर हिस्सेदारी करनी चाहिए। इफको समय-समय पर तमाम जनहित के एवं क्षेत्रीय विकास का काम करती रहती है इसी कड़ी में इस कार्यक्रम को रखा गया और लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अखिलेश निगम प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा अनूप कुमार यादव अभियंता ने बच्चों को सुरक्षा के बारे में विस्तार से समझाया। कार्यक्रम में भारद्वाज गुरुकुलम स्थान के प्रबंधक विनय उपाध्याय ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण करके स्वागत किया और विद्यालय परिवार की ओर से इस प्रकार के कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए उनका आभार जताया। कार्यक्रम में मोहम्मद नदीम राजन कुमार सी के मौर्य रागिनी सविता गुप्ता अभिनव पंकज संजय शर्मा व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## पाली में शोक सभा आयोजित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** इफको के पूर्व कॉन्टेक्टर अनिल कुमार मिश्रा का कांडला में निधन हो गया।

दिवंगत मिश्रा पाली ग्राम सभा के स्वर्गीय हरिशंकर मिश्र के सुपुत्र हैं तथा महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा के जेठ हैं। गांधीधाम में उनकी अस्थियां जलायी गई।

किसान नेताओं ने उनके निधन पर शोक सभा करके संवेदना व्यक्त की।

इस शोक सभा में महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मिश्रा, शिव प्रकाश पांडेय, विष्णु पांडेय, अरुण मिश्रा, अशोक मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, आनंद पांडेय, आलोक पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल हेनरी हार्विन एक्सीलेंस अवॉर्ड्स से नावाजे गए देवशीष

### हेनरी हार्विन एजुकेशन के 27वां अवार्ड समारोह में किया गया सम्मानित




**नैनी(प्रयागराज)।** हेनरी हार्विन एजुकेशन का 27वां आईएचक्यू अवॉर्ड समारोह सफलता पूर्वक शनिवार को नोएडा स्थित वोटेनिकल गार्डन के समीप एक होटल में सकुशल संपन्न हुआ था। जिसमे देश - विदेश से भव्य आयोजन में आए शिक्षा जगत के दिग्गजों, प्रोफेसरों और कंसल्टेंट्स ने भाग लिया था। उत्कृष्ट योगदान देने वाले टॉप स्टूडेंट्स व कर्मचारियों को हेनरी हार्विन द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रयागराज जिले के नैनी क्षेत्र में रहने वाले देवशीष श्रीवास्तव का नाम ज़ब इंटरनेशनल अवार्ड के लिए मंच से पुकारा गया तो उनकी आँखो में ख़ुशी के आँशू आ गए। आपको बतादें कि देवशीष श्रीवास्तव को कौशल विकास में लगातार सक्रियता से कार्य करने एवं उनके नेतृत्व में अब तक 10 हजार से अधिक स्टूडेंट के सफल पास होने और उसमे अधिकांश की प्लेसमेंट हो जाने की सफलता में देवशीष श्रीवास्तव को इंटरनेशनल हेनरी हार्विन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर देवाशीष श्रीवास्तव ने कहा कि युवा इंटर्न पोर्टल के लॉन्च ने छात्रों के लिए नए करियर और इंटर्नशिप के द्वार खोल दिए हैं। यह पहल युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने और उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। यह सम्मान हमारे परिश्रम के साथ टीम लीडर्स, और बड़ो के आशीर्वाद का फल है।

हेनरी हार्विन के एवीपी राकेश ने कहा कि अब वे औद्योगिक कौशल आधारित प्लेसमेंट समर्थित कार्यक्रमों के साथ और अधिक संगठित हैं। उनका लक्ष्य छात्रों को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुसार व्यावहारिक और कौशल - उन्मुख शिक्षा प्रदान करना है, जिससे वे अपने करियर में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। हम सभी सहयोगियों, शिक्षाविदों और प्रतिभागियों का धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया। इस अवसर पर हेनरी हार्विन के सीईओ कुनाल गुप्ता ने सभी उपस्थित लोगो को हेनरी हार्विन एजुकेशन के बारे अवगत काराया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप से हेनरी हार्विन के डायरेक्ट अविनाश गुप्ता, एवीपी राकेश बनर्जी, मैनेजर अरविन्द कुमार सरोज सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहें।

## आमने सामने बाइक की टक्कर में एक की मौत, 4 घायल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़ (प्रयागराज)।** सोरांव-कल्याणपुर मार्ग के सरैया गदियानी में सोमवार सुबह लगभग सात बजे आमने सामने से आ रही दो बाइकों में हुई जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई जबकि 4 लोग घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज शहर में चल रहा है। जानकारी के अनुसार कल्याणपुर के निहाल सिंह पूरा निवासी शशिकान्त विश्वकर्मा और अमन शर्मा बाइक से प्रयागराज शहर प्राइवेट ड्यूटी के लिए जा रहे थे। सरैया के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमें शशिकान्त का पैर और जबडा टूट गया। अस्पताल में उसकी मौत हो गई। अमन को भी अंदरुनी चोट लगी है। दूसरी बाइक पर सवार गधिना निवासी मो. सलमान और आकाश की भा हालत चिंताजनक बनी है। यह दोनों बोर्ड परीक्षा देने हरखपुर जा रहे थे।

## रूद्र प्रयाग स्कूल में विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान की प्रदर्शनी लगाई गई



**लोकमित्र ब्यूरो**

**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित रूद्र प्रयाग विद्या मंदिर में छात्रों द्वारा विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान की प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र द्विवेदी एवं प्रधानाचार्या गौरी द्विवेदी द्वारा किया गया।इस आयोजन में छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भागीदारी ली। छात्रों ने एक से बढ़कर एक मॉडल की प्रस्तुति दी।जिसमें चंद्रयान,वाटर हार्वेस्टिंग,स्व चालित कुकर,आदि प्रदर्शनी लगाया गया।जिसमें विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान के शिक्षक राजेश,स्वाति, संस्कृति,प्रियंका, द्वारा तैयार कराया गया।विद्यालय के प्रबंधक सत्येंद्र द्विवेदी एवं प्रधानाचार्या गौरी द्विवेदी ने बच्चों एवं शिक्षकों की सराहना की।

## बेहतर प्रदर्शन करेगी समाजवादी पार्टी- नबाब मंसूरी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हंडिया।** समाजवादी पार्टी प्रदेश में लोकसभा चुनाव में जितना अच्छा प्रदर्शन किया है उससे अच्छा प्रदर्शन विधानसभा चुनाव में करेगी। प्रदेश की सत्ता पार्टी के मुखिया युवा दिलों की धड़कन पूर्व सीएम अखिलेश यादव के हाथों में होगी। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला सचिव अल्पसंख्यक सभा नवाब मंसूरी क्षेत्र की चका बाजार में प्रेस वार्ता के दौरान संवाददाता से कहीं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कारनामे और महंगाई भ्रष्टाचार से प्रदेश की जनता ऊब चुकी है। जनता बदलाव चाहती है। जिसका प्रदेश की जनता ने लोकसभा चुनाव में नजीर पेश किया है। वही आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता समाजवादी पार्टी को प्रदेश में पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी।

# पीएम मोदी ने गिर में लिया सफारी का आनंद, तस्वीरों में देखिए प्रधानमंत्री का खास अंदाज




**गिर (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'विश्व वन्यजीव दिवस' पर गुजरात के जूनागढ़ जिले स्थित 'गिर वन्यजीव अभयारण्य' में जंगल सफारी का आनंद लिया और एशियाई शेरों को करीब से देखा।पीएम मोदी डीएसएलआर कैमरे से शेरों की तस्वीरें खींचते नजर आ रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में पीएम मोदी हाथ में कैमरा पकड़े शेरों की ओर देख रहे हैं। एक ऐसी भी तस्वीर है जिसमें मादा शेरनी शावक को दुलारती दिख रही है।प्रधानमंत्री मोदी सोमवार शाम राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की सातवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में 47 सदस्य भाग लेंगे, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। बैठक के बाद पीएम मोदी सासण में महिला वन कर्मचारियों से भी बातचीत करेंगे।बता दें कि अभ्यारण्य जाने से पहले उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक वीडियो शेयर किया था। उन्होंने एक्स पर लिखा, विश्व वन्यजीव दिवस पर, आइए हम अपने ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ङ्क आइए आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें! हम वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी गर्व करते हैं। इस पोस्ट के साथ एक वीडियो क्लिप भी है, जिसमें पीएम मोदी भारत की परंपरा में जैव विविधता के प्रति स्वाभाविक आग्रह का जिक्र कर रहे हैं। यह क्लिप 2023 का है। कर्नाटक के मैसूर में 'प्रोजेक्ट टाइगर के 50 वर्ष पूरे होने के स्मरणोत्सव' कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने वाइल्डलाइफ पर विचार रखे थे।दुनिया भर के वन्यजीव प्रेमियों के मन में अन्य देशों, जहां बाघों की आबादी या तो स्थिर है या फिर उसमें गिरावट हो रही है, की तुलना में भारत में बाघों की बढ़ती आबादी के बारे में उठने वाले सवालों को दोहराते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा था, भारत इकोलॉजी और अर्थव्यवस्था के बीच संघर्ष में विश्वास नहीं करता, बल्कि वह दोनों के सह-अस्तित्व को समान महत्व देता है।

## 'विश्व वन्यजीव दिवस' पर रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने बनाई कलाकृति, लोगों को किया जागरूक

**पुरी (आरएनएस)।** प्रसिद्ध रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने पुरी के समुद्र तट पर रेत से एक कलाकृति बनाकर 'विश्व वन्यजीव दिवस' पर वन्यजीव संरक्षण की अहमियत समझाई।पटनायक ने कहा, आज हम विश्व वन्यजीव दिवस मना रहे हैं, जो वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। मेरी रेत की कलाकृति 'आई लव वाइल्डलाइफ' का संदेश देती है।बता दें, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 'विश्व वन्यजीव दिवस' के संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया।उन्होंने एक्स पर लिखा, विश्व वन्यजीव दिवस पर, आइए हम अपने ग्रह की अविश्वसनीय जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हर प्रजाति एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है ङ्क आइए आने वाली पीढ़ियों के लिए उनके भविष्य की रक्षा करें! हम वन्यजीवों के संरक्षण और सुरक्षा में भारत के योगदान पर भी गर्व करते हैं।20 दिसंबर 2013 को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) ने अपने 68वें सत्र में संयुक्त राष्ट्र विश्व वन्यजीव दिवस की घोषणा की थी।

# चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की ऑस्ट्रेलिया यात्रा, रक्षा सहयोग पर होगी बात



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। उनकी यह यात्रा 4 मार्च से शुरू होगी और 7 मार्च तक जारी रहेगी। इस दौरान वह ऑस्ट्रेलिया में रहेंगे और वहां वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।रक्षा मंत्रालय का कहना है कि जनरल अनिल चौहान की यह यात्रा रक्षा सहयोग के क्षेत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गहरे होते संबंधों को दर्शाती है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलिया के रक्षा बल के प्रमुख जनरल एडमिरल डेविड जॉन्स्टन से मुलाकात करेंगे। जनरल अनिल चौहान यहां ऑस्ट्रेलियाई रक्षा सचिव ग्रेग मोरियार्टी से भी संवाद करेंगे। इनके अलावा तीनों सेनाओं के प्रमुख जनरल अनिल चौहान के साथ बैठक में शामिल होंगे।अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान सीडीएस, जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलियाई रक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से भी मिलेंगे।

वह यहां ऑस्ट्रेलियाई रक्षा बल के सैन्य नेतृत्व के साथ व्यापक चर्चा में शामिल होंगे। जनरल अनिल चौहान ऑस्ट्रेलिया की परिचालन कमांड संरचना की जानकारी हासिल करने और संयुक्त अभियानों की संभावित पहल पर चर्चा करने के लिए फोर्स कमांड मुख्यालय का दौरा करेंगे।जनरल चौहान ऑस्ट्रेलियाई फ्लीट कमांडर और ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांडर से भी बातचीत करेंगे। पेशेवर सैन्य प्रशिक्षण और सैन्य शिक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए, सीडीएस प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलियाई रक्षा कॉलेज का दौरा भी करने वाले हैं। यहां वह भारत-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक चुनौतियों पर वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करेंगे।सीडीएस, ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट में एक गोलमेज चर्चा की भी अध्यक्षता करेंगे।

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि सीडीएस जनरल अनिल चौहान की यह यात्रा दोनों देशों के बीच बढ़ते रक्षा जुड़ाव को रेखांकित करती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत राजनयिक और सैन्य सहयोग को मजबूत करने की प्रतिबद्धता साझा करते रहे हैं। इसके साथ ही दोनों देश भारत-प्रशांत क्षेत्र में अधिक सहयोग को बढ़ावा भी देते हैं।

# साधु संतों की ब्रज की होली में मुस्लिमों के बैन की मांग का भाजपा विधायक ने किया समर्थन



**पटना (आरएनएस)।** मथुरा के संतों ने होली पर ब्रज में मुस्लिमों की एंट्री बैन करने की मांग का बिहार के भाजपा विधायक हरिभूषण ठाकुर ने भी समर्थन किया है। उन्होंने साधु संतों की मांगों का समर्थन करते हुए कहा कि निश्चित रूप से जो हमारी संस्कृति को नहीं मानते हैं, उन्हें ऐसे आयोजनों पर जाने से रोका जाना चाहिए।भाजपा के विधायक हरिभूषण ठाकुर ने कहा कि जिनके मदरसों में पढ़ाया जाता है कि चेहरे पर रंग लग जाने से अल्लाह दंड देगा, उन्हें रंगों के त्योहार में नहीं जाना चाहिए। साधु संतों की मांग का समर्थन करते हुए उन्होंने कहा कि जब वे हमारे देवी-देवता को नहीं मानते हैं, हमसे बैर रखते हैं, तो ऐसे किसी भी आयोजन में जहां सनातन संस्कृति का उत्सव हो, वहां मुस्लिम बंधुओं को नहीं जाना चाहिए। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि उनके भी पूर्वज हिन्दू ही थे।उल्लेखनीय है कि मथुरा में होली धूमधाम से मनाई जाती है। इस बीच मथुरा के संतों ने एक सुर में इस समारोह में मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की है। मथुरा के संतों का कहना है कि ब्रज की होली देखने देश-दुनिया से लोग मथुरा आते हैं। होली पर ब्रज में मुस्लिमों की एंट्री बैन होनी चाहिए।

होली पर मुस्लिमों का क्या काम है? ब्रज में प्रयाग जैसा कानून लागू रहेगा। मुस्लिम होली में नहीं आने चाहिए। ब्रज की होली कई दिन पहले शुरू हो जाती है, उमंग और जोश यहां पर एक अलग ही स्तर पर देखने को मिलता है। यहां पर दूर-दूर से लोग होली खेलने के लिए आते हैं।इसकी शुरुआत राधा की जन्मस्थली बरसाना से होती है। बरसाने की लठमार होली भगवान कृष्ण के काल में उनके द्वारा की जाने वाली लीलाओं का एक हिस्सा माना जाता है।

## चमोली में फिर हिमस्खलन का अलर्ट, आईएमडी ने जारी की चेतावनी

**चमोली (आरएनएस)।** मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार चमोली जिले में अगले तीन दिनों तक हिमस्खलन और बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इस चेतावनी को देखते हुए चमोली के जिलाधिकारी ने जिले के सभी संबंधित अधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।जिला प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल औली से पर्यटकों को हटाकर जोशीमठ और आसपास के सुरक्षित स्थानों पर ठहराया है। प्रशासन ने बताया कि सोमवार को औली में पर्यटकों की आवाजाही पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। रविवार को औली पहुंचे पर्यटकों को हिमस्खलन के खतरे से अवगत कराते हुए ज्योतिर्मठ सहित बर्फ-मुक्त निचले क्षेत्रों में रहने के लिए कहा गया।

# कांग्रेस को सिर्फ राहुल दिखते हैं

**शामा मोहम्मद के रोहित शर्मा पर टिप्पणी से विवाद, नेताओं ने दी प्रतिक्रिया**



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस की प्रवक्ता शामा मोहम्मद ने भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर एक आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे सोशल मीडिया पर बवाल मच गया। यह विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है और राजनीति से लेकर खेल जगत तक कई लोग उनकी आलोचना कर रहे हैं।दरअसल, भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी के मैच में रोहित शर्मा के जल्द आउट होने के बाद शामा मोहम्मद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर रोहित शर्मा को 'मोटा खिलाड़ी' कह दिया। उन्होंने लिखा, रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के हिसाब से मोटे हैं! उन्हें वजन कम करने की जरूरत है! और निश्चित रूप से, वे भारत के सबसे कमजोर कप्तान हैं।उनकी यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर लोगों को पसंद नहीं आई और इसे रोहित शर्मा का मजाक उड़ाने वाला बयान माना गया। हर तरफ से इसकी कड़ी निंदा हुई।जैसे-जैसे विवाद बढ़ा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी और कांग्रेस पार्टी को आड़े हाथों लिया। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस को फटकार लगाते हुए राहुल गांधी पर भी तंज कसा।उन्होंने कहा- कांग्रेस को शर्म आनी चाहिए! अब वे भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान के पीछे पड़ गए हैं! क्या वे अब राहुल गांधी को क्रिकेट खिलाना चाहते हैं, जब वे राजनीति में असफल हो चुके हैं?भंडारी ने यह भी कहा कि यह हर भारतीय क्रिकेट प्रशंसक का अपमान है, जो अपनी टीम के साथ हर हाल में खड़ा रहता है।तेज होती आलोचना के बाद शामा मोहम्मद ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट हटा दिए, लेकिन कांग्रेस इस विवाद में अलग-थलग पड़ती दिख रही है।कांग्रेस की सहयोगी पार्टी शिवसेना (यूबीटी) की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने रोहित शर्मा का समर्थन किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा-

मैं क्रिकेट की बड़ी फैन नहीं हूं, लेकिन इतना जरूर कह सकती हूं कि रोहित शर्मा, चाहे वजन कम हो या ज्यादा, उन्होंने भारतीय टीम को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनकी मेहनत और समर्पण ही मायने रखते हैं। जीतकर आओ, चैंपियन!

इस मामले पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, कांग्रेस प्रवक्ता का यह बहुत शर्मसार बयान है, उन्होंने हमारी टीम के कप्तान रोहित शर्मा के खिलाफ अपशब्द बोले हैं। हमारी टीम देश और दुनिया के सबसे अच्छी टीमों में एक है। इससे कांग्रेस की गंदी सोच पता चलती है। कांग्रेस को राहुल गांधी के अलावा कुछ और नहीं दिखता है। उनको लगता है कि राहुल गांधी को भारतीय टीम का कप्तान होना चाहिए। उनको लगता है कि राहुल गांधी ही देश के प्रधानमंत्री होने चाहिए। उन्हें राहुल गांधी के अलावा कुछ और नहीं दिखता है। मैं कांग्रेस प्रवक्ता के इस बयान की कड़ी शब्दों में निंदा करता हूं।दिल्ली विधानसभा के सदस्य और भाजपा नेता तरविंदर सिंह मारवाह ने आईएएनएस से कहा, पहले तो किसी के वजन के बारे में ऐसी बात बोलना गलत बात हैं और रोहित शर्मा ने देश का नाम रोशन किया हैं तो उस खिलाड़ी के बारे में ऐसी बात करना शर्मनाक बात हैं उनको अपने शब्द वापस लेनी चाहिए।गौरतलब है कि रोहित शर्मा 2023 से भारतीय टीम के कप्तान हैं। उनकी कप्तानी में भारत ने टी20 विश्व कप और दो एशिया कप जीते हैं। आईपीएल में भी वह मुंबई इंडियंस को पांच बार चैंपियन बना चुके हैं।

# श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य, दर्शन अवधि में हुआ बदलाव



**अयोध्या, (हि.स.)।** महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सामान्य होते ही सोमवार को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्रट्रस्ट ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम लला के दर्शन की समयावधि लगभग पहले जैसी कर दी है। आज से दर्शन के समय की नई व्यवस्था को प्रभावी कर दिया गया है।तीर्थ क्षेत्र के ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र के अनुसार अब प्रातः चार बजे मंगला आरती होगी। उसके पश्चात सवा चार बजे से छह बजे तक कपाट बंद रहेंगे। प्रातः छह बजे श्रृंगार आरती और साढ़े छह से 11.50 बजे तक दर्शन होंगे, फिर बारह बजे तक पट बंद, राजभोग होगा। बारह बजे भोग आरती और बारह से साढ़े बारह बजे तक दर्शन फिर एक बजे तक पट बंद रहेंगे। इसके बाद दोपहर एक बजे से सायंकाल 6.50 तक दर्शन के बाद सात बजे तक पट बंद,भोग। सात बजे संध्या आरती तदोपरांत 9.45 तक दर्शन। ( साढ़े नौ बजे डी-1से प्रवेश बंद)। 9.45 से दस बजे तक पट बंद होकर, भोग अर्पित किया जाएगा। डॉ मिश्र के अनुसार रात दस बजे शयन आरती का समय नियत किया गया है और 10.15 बजे शेष रात्रि के लिए पट बंद हो जाएंगे।

# यूपी में हथकरघा और वस्त्रोद्योग को नई ऊंचाई पर ले जा रही योगी सरकार

**▶▶यूपी के कपड़ा उद्योग को मिलेगी नई पहचान, बुनकरों और उद्यमियों को होगा लाभ**
**▶▶पावरलूम बुनकरों को मिलेगी सस्ती बिजली, प्रदेश बनेगा टेक्सटाइल हब**



**लखनऊ,(हि.स.)।** प्रदेश में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग कृषि के बाद सबसे अधिक रोजगार प्रदान करने वाला विकेन्द्रीयकृत कुटीर उद्योग बनकर उभरा है। इस क्षेत्र में लगभग 1.91 लाख हथकरघा बुनकर एवं 80 हजार से अधिक परिवार इस कार्य में संलग्न हैं। वहीं, 2.58 लाख पावरलूम के माध्यम से 5.50 लाख से अधिक बुनकरों को रोजगार मिल रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने इस क्षेत्र को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। इससे बुनकरों और उद्यमियों को सीधा लाभ मिलेगा। राज्य में टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। पीएम मित्र योजना के अंतर्गत बनने वाले ये पार्क वस्त्र उद्योग को आधुनिक तकनीकों से लैस करेंगे और उत्पादन लागत को कम करके उद्योग को प्रतिस्पर्धात्मक बनाएंगे। इससे उत्तर प्रदेश के कपड़ा उद्योग को राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी।इसके अलावा योगी सरकार ने वस्त्र एवं परिधान उद्योग को गति देने के लिए उत्तर प्रदेश वस्त्र-गारमेंटिंग नीति 2022 लागू की है, जिसके सफल क्रियान्वयन के लिए बजट 2025-26 में 150 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इस नीति का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को परिधान निर्माण का प्रमुख केंद्र बनाना है। इससे निवेश को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय उद्यमियों को प्रोत्साहन मिलेगा। यह योगी सरकार प्रदेश को टेक्सटाइल हब बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं, जो राज्य की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करेंगे तथा पारंपरिक बुनकरों एवं नए उद्यमियों को नई उड़ान देंगे।सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि पावरलूम बुनकरों की कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने बजट में 400 करोड़ रुपये की लागत से अटल बिहारी वाजपेयी पावरलूम विद्युत फ्लैट रेट योजना को प्रस्तावित किया है। इस योजना से बुनकरों को सस्ती दरों पर बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। इससे उनके उत्पादन की लागत कम होगी और उनकी आमदनी में वृद्धि होगी। इस पहल का उद्देश्य चुनौतियों का सामना कर रहे पावरलूम उद्योग को पर्याप्त बढ़ावा देना और बाजार में इसकी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। योगी सरकार की ये पहल हथकरघा, वस्त्र और परिधान उद्योग को एक नई ऊंचाई देने के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। आधुनिक टेक्सटाइल पार्क, सब्सिडी वाली बिजली और नई नीतियों से प्रदेश का वस्त्र उद्योग आत्मनिर्भर बनेगा और लाखों लोगों को नए रोजगार मिलेंगे। योगी सरकार के ये प्रयास उत्तर प्रदेश में कपड़ा उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इन उपायों का उद्देश्य नवाचार को बढ़ावा देना, उत्पादकता बढ़ाना और कपड़ा क्षेत्र के विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाना है।

# मायावती के हर फैसले का सम्मान करता हूं परीक्षा कठिन और लड़ाई लम्बी है- आकाश आनंद



**लखनऊ,(हि.स.)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के नेशनल कोआर्डिनेटर के पद से मुक्त होने के बाद सोमवार को आकाश आनंद का सोशल मीडिया पर एक पोस्ट आया है। इसमें उन्होंने कहा कि बहन जी के हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर है। मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं, उस फैसले के साथ खड़ा हूं।आकाश आनंद ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि मैं बहन मायावती का कैडर हूं। उनके नेतृत्व में मैने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं। ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है। लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन और मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा। मैं अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा।उन्होंने लिखा कि कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया। उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। यह एक विचार है, एक आंदोलन है, जिसे दबाया नहीं जा सकता। इस मशाल को जलाए रखने और इसके लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए लाखों आकाश आनंद हमेशा तैयार हैं।

# दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा बायोफ्यूल उत्पादक देश बनकर उभरा 'भारत' : हरदीप पुरी



**नई दिल्ली ।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि ग्लोबल एनर्जी लैंडस्केप में भारत ने अपनी स्थिति को मजबूत करते हुए तीसरे सबसे बड़े बायोफ्यूल उत्पादक के रूप में अपनी पहचान बनाई है, जो कि स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा की ओर बढ़ते कदम को दिखाता है।केंद्रीय मंत्री ने एक्स सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में बताया, भारत ने इस साल जनवरी तक पेट्रोल में 19.6 प्रतिशत इथेनॉल ब्लेंडिंग हासिल कर लिया है और मूल 2030 शेड्यूल से पांच साल पहले ही 20 प्रतिशत हासिल करने की तैयारी है, जिससे ईंधन आयात और उत्सर्जन में कमी आएगी।आधिकारिक अनुमान के अनुसार, पिछले 10 वर्षों के दौरान इथेनॉल ब्लेंडिंग पहल ने किसानों की आय में वृद्धि की है क्योंकि यह गन्ने से बनाया जाता है, जो ग्रामीण रोजगार में वृद्धि को दर्शाता है। साथ ही 1.75 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर सीओ2 उत्सर्जन में कमी आई है और इसके परिणामस्वरूप 85,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम, इस प्रयास में सबसे आगे रही हैं, जिन्होंने देश भर में पेट्रोल के साथ इथेनॉल के अलग-अलग ब्लेंड पेश किए हैं।ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने 131 डेडिकेटेड इथेनॉल प्लांट के साथ समझौते किए हैं। इन प्लांट से 745 करोड़ लीटर की वार्षिक उत्पादन डिजाइन क्षमता जुड़ने की उम्मीद है।

# ब्रजेश पाठक की विपक्ष को नसीहत-एचएमपीवी वायरस को लेकर न हो चिंतित

**● एक गोवंश पर हर दिन 50 रुपये दे रही सरकार**



**लखनऊ, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश विधान सभा बजट सत्र के दौरान सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को ह्यूमन मेटाप्न्यूमो वायरस(एचएमपीवी) को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सभी जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ हैं।प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक महबूब अली के प्रश्न का उत्तर देते हुए पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि एचएमपीवी वायरस को लेकर सदस्य की चिंता से पहले हमारी सरकार ने चिंता की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक करके सारी व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली और दिशा निर्देश भी दिए। हम प्रदेश में पैनिक नहीं होने देना चाहते थे। इसलिए प्रदेश के सारे जिलों में इलाज के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए थे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो प्रदेश के सभी जिलों में लैब की व्यवस्था की जाएगी।सपा के सदस्य डॉ. राकेश वर्मा के प्रश्नों के उत्तर में ब्रजेश पाठक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के अस्पतालों में लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। हमारी सरकार ने इसे बेहतरी से लागू किया है। इस योजना के तहत 9000 करोड़ रुपये इलाज पर खर्च हुआ है। आयुष्मान भारत योजना को ठीक से लागू करने की वजह से 350 करोड़ रुपये बचाए भी गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि गरीबों के इलाज में कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी, उनका बेहतर इलाज होगा।एक अन्य प्रश्न के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यूपी के सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन की दो लाख की ओपीडी है। चिकित्सक मेहनत करके लोगों का इलाज कर रहे हैं। चिकित्सकों के खिलाफ कोई बदसलूकी, अभद्रता करता है तो उसके खिलाफ हमारी सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। वह कोई भी क्यों न हो।प्रश्नकाल के दौरान मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के सदस्य अनिल प्रधान के प्रश्नों का उत्तर देते हुए पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि हमारी आंख अच्छा देखने के लिए है, कान अच्छा सुनने और मुंह अच्छा बोलने के लिए है। लेकिन विपक्ष न अच्छा देख सकता, न सुन सकता और न ही बोल सकता। हमारी सरकार गोवंश की हर प्रकार से चिंता कर रही है। छुट्टा गोवंशों को पकड़कर गो आश्रय स्थलों तक ले जाने के लिए हर जिले में कमेटी है। हमारी सरकार एक गोवंश पालने पर प्रतिदिन 30 रुपये देती थी, जिसे बढ़ाकर अब 50 रुपये कर दिया है।

# आजाद समाज पार्टी का विरोध प्रदर्शन

**यूपी में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी में सोमवार को आजाद समाज पार्टी ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। मथुरा की घटना को लेकर नाराज कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। हाथों में नीला झंडा और दलितों पर अत्याचार बंद करो तख्ती के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे कार्यकर्ता। पार्टी के प्रदेश सचिव अनिकेत धानुक ने कहा कि यूपी में लगातार दलितों पर अत्याचार हो रहा है। ये बेहद अफ्सोस नाक है। कलेक्ट्रेट में लगभग एक घण्टे तक आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता नारेबाजी करते रहे। अनिकेत धानुक ने कहा कि विगत 15 दिनों में दलित और अल्पसंख्यकों पर प्रदेश में कई जगह अत्याचार हुआ है। बीते दिनों मथुरा में दो युवतियां पार्लर से वापस आ रही थी उनके साथ मारपीट करते हुए कीचड़ फेंका गया। आरोपियों के खिलाफ जब कार्रवाई की मांग की गई तो उनके समर्थन में पंचायत लगाकर उन्हें बचाने का प्रयास किया गया। अनिकेत ने कहा कि कासगंज में दो लड़कियों का अपहरण करने के बाद उनकी हत्या कर दी गई। बुलंदशहर और मेरठ में दलितों का घोडी से बारात निकालने पर अत्याचार किया गया। मथुरा में नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद पर जिस प्रकार हमला हुआ है वह बेहद निंदनीय है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है लगातार अपराध बढ़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लॉ एण्ड आर्डर के अलावा निजीकरण से भी लोग परेशान। विशेष रूप से सफाई कर्मी इसका जबरदस्त विरोध कर रहे है आजाद समाज पार्टी सफाई कर्मियों के साथ है। अनिकेत धानुक ने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थिति को देखते हुए यहां पर राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। मांगों को लेकर डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। 10 मार्च को प्रदेश भर के कार्यकर्ता राजभवन का घेराव करेंगे।

# बजट सत्र: ब्रजेश पाठक की विपक्ष को नसीहत, एचएमपीवी वायरस को लेकर न हो चिंतित

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा बजट सत्र के दौरान सोमवार को उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने विपक्ष के एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश की जनता को ह्यूमन मेटाप्न्यूमो वायरस(एचएमपीवी) को लेकर चिंतित होने की जरूरत नहीं है। सभी जिलों में स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुदृढ़ हैं।

प्रश्नकाल के दौरान सपा विधायक महबूब अली के प्रश्न का उत्तर देते हुए पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि एचएमपीवी वायरस को लेकर सदस्य की चिंता से पहले हमारी सरकार ने चिंता की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक करके सारी व्यवस्थाओं को लेकर जानकारी ली और दिशा निर्देश भी दिए। हम प्रदेश में पैनिक नहीं होने देना चाहते थे। इसलिए प्रदेश के सारे जिलों में इलाज के पुख्ता इंतजाम कर लिए गए थे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो प्रदेश के सभी जिलों में लैब की व्यवस्था की जाएगी।

सपा के सदस्य डॉ. राकेश वर्मा के प्रश्नों के उत्तर में ब्रजेश पाठक ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश के अस्पतालों में लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। हमारी सरकार ने इसे बेहतरी से लागू किया है। इस योजना के तहत 9000 करोड़ रुपये इलाज पर खर्च हुआ है।

आयुष्मान भारत योजना को ठीक से लागू करने की वजह से 350 करोड़ रुपये बचाए भी गए हैं। उपमुख्यमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि गरीबों के इलाज में कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी, उनका बेहतर इलाज होगा। एक अन्य प्रश्न के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यूपी के सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन की दो लाख की ओपीडी है।

चिकित्सक मेहनत करके लोगों का इलाज कर रहे हैं। चिकित्सकों के खिलाफ कोई बदसलूकी, अभद्रता करता है तो उसके खिलाफ हमारी सरकार सख्त कार्रवाई करेगी। वह कोई भी क्यों न हो।

**एक गोवंश पर हर दिन 50 रुपये दे रही सरकार**

प्रश्नकाल के दौरान मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी के सदस्य अनिल प्रधान के प्रश्नों का उत्तर देते हुए पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि हमारी आंख अच्छा देखने के लिए है, कान अच्छा सुनने और मुंह अच्छा बोलने के लिए है। लेकिन विपक्ष न अच्छा देख सकता, न सुन सकता और न ही बोल सकता। हमारी सरकार गोवंश की हर प्रकार से चिंता कर रही है। छुट्टा गोवंशों को पकड़कर गो आश्रय स्थलों तक ले जाने के लिए हर जिले में कमेटी है। हमारी सरकार एक गोवंश पालने पर प्रतिदिन 30 रुपये देती थी, जिसे बढ़ाकर अब 50 रुपये कर दिया है।

# कृषि और गन्ना उद्योग को लेकर कोई ठोस योजना नहीं: आरके वर्मा



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के बजट को लेकर विपक्ष ने कई सवाल उठाए हैं। समाजवादी पार्टी नेता आरके वर्मा के मुताबिक कृषि गन्ना उद्योग को लेकर बजट में खास नहीं है।श्री वर्मा ने कहा कि सरकार ने किसानों की आमदनी दोगुना करने का वादा किया था, लेकिन अब तक वादा पूरा नहीं हुआ। बजट में कोई ठोस योजना नहीं है।उन्होंने मृदा स्वास्थ्य परीक्षण योजना पर भी आपत्ति जताई।उन्होंने कहा, यह योजना केवल कागजों पर चल रही है, धरातल पर कोई असर नहीं। मृदा परीक्षण से भूमि की गुणवत्ता का पता चलता है, इसमें सुधार कर फसल उत्पादन बढ़ाने की संभावना होती है, लेकिन सरकार ने योजना सही तरीके से लागू नहीं किया।नतीजा, किसानों की आमदनी में सुधार नहीं हुआ। गन्ना किसानों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी कोई बढ़ोतरी नहीं हुई।शेयर बाजार में गिरावट पर कहा कि यह देश के लिए बहुत बुरी स्थिति है। वैश्विक स्तर पर भारत की साख गिर रही,निवेशकों का विश्वास कम हो रहा है। पिछले कुछ दिनों में उत्तर प्रदेश के बजट के संबंध में भारत के निवेशकों को आठ लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। सपा सदस्य ने आरोप लगाया कि विदेशी निवेश एफडीआई अब भारत से भागकर चीन जा रहा है, जो इस बात का संकेत है कि भारत सरकार की नीति पूरी तरह से विफल हो चुकी है।

# यह उनकी आंतरिक समस्या, इससे भाजपा का कोई लेना-देना नहीं: केशव मौर्य

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में हुए बदलाव पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि यह बसपा की आंतरिक समस्या है। यह देश, प्रदेश और भाजपा की समस्या नहीं है। भाजपा को जो करना चाहिए, वो हम कर रहे हैं। सरकार जो करना चाहिए, वो कर रही है। सपा, बसपा और कांग्रेस क्या कर रही है, उससे भाजपा का कोई लेना-देना नहीं है।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सोमवार को यहां विधानमंडल के चल रहे सत्र में हिस्सा लेने पहुंचे थे। उन्होंने कहा, ÷एक नहीं, अनेक बार कह चुका हूं कि समाजवादी के मुखिया सहित सपा नेताओं को दृष्टि दोष है। उनको देखने के तरीके को सही करने के लिए किसी आंख के डॉक्टर और दिमाग में अगर कोई प्रदूषण भरा है, तो किसी दिमाग के डॉक्टर को दिखाए, तो वह लोग ठीक हो जाएंगे। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को आरोप लगाया कि वामपंथी और उदारवादी लोग हिंदुओं के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। इस पर केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, ÷असम के मुख्यमंत्री ने बिल्कुल ठीक कहा है, इस देश में भारतीय संस्कृति पर जिसने सबसे ज्यादा प्रहार करने का अपराध किया है, वह कांग्रेस रही है और अपने को उदारवादी के रूप में दिखाने में भी कांग्रेस रही। वामपंथी सदैव भारतीय संस्कृति के विरोधी रहे हैं।

ज्ञात हो कि यूपी की बसपा मुखिया मायावती ने एक बार फिर भतीजे आकाश आनंद से अपना उत्तराधिकार छीन लिया है और उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटा दिया है। इसके साथ ही दो नए नेशनल को-ऑर्डिनेटरों की नियुक्ति की है। आकाश की जगह उनके पिता और बसपा के महासचिव रहे आनंद कुमार और सांसद (राज्यसभा) राम जी गौतम को नेशनल को-ऑर्डिनेटर बनाया गया है। इसके साथ ही मायावती ने यह भी कहा है कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी और मेरे आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा।

# शामली में सात और जौनपुर में 10 से शुरू होगा महोत्सव

**महोत्सव में कला-संस्कृति के साथ पर्यटकों के लिए होंगे कई आकर्षण: जयवीर**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से शामली और जौनपुर में महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। शामली महोत्सव का आगाज 07 मार्च को होगा, जो 10 मार्च तक चलेगा। इसी तरह जौनपुर महोत्सव का भव्य आयोजन 10 से 12 मार्च तक होगा।

इन महोत्सवों में कला-संस्कृति के साथ-साथ पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण होंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि शामली जिले में 07 से 10 मार्च तक वीवी पीजी कॉलेज के प्रांगण में भव्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आगंतुक स्वादिष्ट व्यंजन, खेल, मनोरंजन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद ले सकेंगे। हस्तशिल्प उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रस्तुत की जाएगी। शामली महोत्सव में स्कूली बच्चों के कार्यक्रम, लेजर शो, कवि सम्मेलन विशेष आकर्षण होंगे। जौनपुर के शाही किले में जौनपुर महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां भी अंतिम चरण में हैं।

सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, सामूहिक विवाह तथा पर्यटकों के लिए विशेष आयोजन होंगे। उत्तर प्रदेश पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास करने वाला राज्य है। धार्मिक-आध्यात्मिक और प्राकृतिक पर्यटन के साथ यहां की संस्कृति, हस्तशिल्प कला, व्यंजन खूब लुभाते हैं। हमारा प्रयास है कि राज्य की इन विरासतों को बढ़ावा मिले और देश-दुनिया से आने वाले पर्यटकों को इसका लाभ मिले।

# सवाल पूछने पर ब्रजेश पाठक आहत हो जाते हैं: रागिनी

## विधानसभा में मंत्री बोलीं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय नहीं बढ़ेगा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल के बजट सत्र का आज 8वां दिन है। विधानसभा में महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य ने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय नहीं बढ़ाया जाएगा। फिलहाल इस पर कोई विचार नहीं हो रहा है। पशुपालन मंत्री धर्मपाल सिंह ने बताया कि आवारा पशुओं से होने वाले हादसों को रोकने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत गोवंश के गले में रेडियम पट्टे लगाए जाएंगे, ताकि वे रात में भी स्पष्ट दिख सकें। मछलीशहर की विधायक रागिनी सोनकर ने कहा कि झांसी में नवजात शिशुओं की मौत का मामला उठाने पर मंत्री ब्रजेश पाठक ने नेता प्रतिपक्ष पर हमला किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सवाल पूछने पर मंत्री आहत हो जाते हैं। अगर मंत्री जी से सवाल नहीं पूछना है, तो मैं उनका बहिष्कार करती हूं। यूपी विधानसभा में इस बार 11 दिन का बजट सत्र है। 20 फरवरी को बजट पेश किया गया था। सदन 5 मार्च तक चलेगा। सपा विधायक संग्राम यादव ने कहा 1 किलो बीज लगाकर एक क्विंटल पैदा करने वाला किसान गरीब क्यों है। एक किलो गेहूं से 900 ग्राम दलिया बनाकर बेचने वाला व्यापारी अमीर क्यों है। इसी के जवाब में किसानों की दुर्गति छिपी है। बलिया में 50 प्रतिशत ट्यूबेल खराब हैं। अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कोई अपने बेटे को किसान क्यों नहीं बनाना चाहता है। किसानों की आमदनी ठीक हो जाए तो गांव का आदमी गांव से बाहर नहीं निलेगा। सपा नेता अनिल प्रधान ने कहा, किसानों की जमीन हाईवे और एक्सप्रेसवे के नाम पर औने-पौने दामों में छीना जा रहा है। इस बार यूपी के किसानों को खाद की बजाय लाठी मिली। सपा ने नहरों की सिंचाई का कर्जा माफ किया। कृषक दुर्घटना बीमा सपा में शुरू किया गया था। आप उसे 5 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करेंगे। शिवपाल यादव ने कहा नहरों की सफाई साल में दो बार कराई जाए। जहां तक सड़क रहती है, वहां तक सफाई करते हैं और बाकी हिस्सा छोड़ देते हैं। इसी तरह, अधिकांश ट्यूबवेल खराब हैं। कहीं मोटर नहीं है तो कहीं बिजली नहीं है। ट्यूबवेल की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए। सपा विधायकों के हंगामे के बाद विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सदन छोड़कर चले गए थे। उनकी अनुपस्थिति में विधायक पंकज सिंह अधिष्ठाता के तौर पर सदन का संचालन कर रहे थे। जब सतीश महाना वापस आए तो संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने उनसे कहा, आप मुस्कुराकर बात कर लें, सपा वाले मान लेंगे। सपा विधायक मनोज पारस ने कहा राज्य की 60 प्रतिशत आबादी कृषि क्षेत्र से जुड़ी है। हमारा प्रदेश पूरे देश का 19 प्रतिशत अन्न उत्पादन करता है।

# मायावती नहीं चाहती कि आकाश आनंद बीजेपी पर सीधा हमला बोलें

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी अहम पदों से हटाए जाने पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि मायावती सत्ताधारी पार्टी बीजेपी के दबाव में काम कर रही हैं।



आकाश आनंद एक नौजवान नेता है ऐसे में आकाश आनंद बीजेपी पर हमला बोलते हैं तो मायावती असहज हो जाती हैं. मायावती ने एक तरह से खुद को सक्रिय राजनीति से बाहर कर लिया है. मायावती के समर्थकों को भी अहसास हो गया है कि वह अब खुलकर राजनीति नहीं करने वाली हैं. मायावती क़रीब 70 साल की हो गई हैं और पार्टी को एक नौजवान नेता चाहिए. ऐसे में आकाश आनंद को भले अभी नेपथ्य में रख रही हैं लेकिन आख़िरकार पार्टी की कमान परिवार के हाथों में ही आएगी.।पार्टी अपना जनाधार वापस पाने के लिए क्या करेगी? मायावती सड़कों पर उतरती नहीं हैं, ऐसे में बीएसपी में भविष्य का नेतृत्व कहा है?

# परिसम्पत्तियों के रखरखाव हेतु तैयार की जा रही नीति

## स्वच्छ भारत मिशन: संचालन एवं रख-रखाव नीति पर कार्यशाला का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रमुख सचिव पंचायतीराज अनिल कुमार ने दयाल गेटवे विभूतिखण्ड गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित कार्यशाला स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण संचालन एवं रखरखाव नीति का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का उद्देश्य ग्राम पंचायतों के स्तर पर स्वच्छता एवं सतत् विकास को लेकर संचालन तथा रख-रखाव नीति 2025 के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा है।

प्रमुख सचिव ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अन्तर्गत सृजित की गयी परिसम्पत्तियों के प्रभावी रख-रखाव हेतु नीति तैयार की जा रही है, जिससे कि ग्राम में स्वच्छता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन को प्रभावी बनाया जा सके। विभाग द्वारा निदेशक, पंचायतीराज की अध्यक्षता में ड्राफ्टिंग कमेटी गठित कर डेवलपमेंट पार्टनर एवं विभागां के सहयोग से नीति का ड्राफ्ट तैयार किया गया है। ग्रामों में मुख्यतः ठोस अपशिष्ट का प्रबन्धन, तरल अपशिष्ट का प्रबन्धन, प्लास्टिक वेस्ट का प्रबन्धन, फीकल स्लज का प्रबन्धन तथा गोबर्धन परियोजना के अन्तर्गत बायोगैस यूनिट का निर्माण एवं व्यक्तिगत व सामुदायिक शौचालयों के निर्माण की गतिविधियां संचालित की जा रही है।

प्रमुख सचिव ने कहा कि इस बात को ध्यान में रखकर नीति बनाने की आवश्यकता है, जो स्वच्छता के क्षेत्र में सृजित की गयी परिसम्पत्तियों के संचालन एवं रखरखाव हेतु एक व्यवहारिक नीति के रूप में समेकित रूप से कार्य कर सके।

इस तैयार की गयी ड्राफ्ट नीति में ग्राम पंचायत स्तर पर सृजित होने वाली स्वच्छता से सम्बन्धित परिसम्पत्तियों के समुचित प्रबन्धन एवं रख-रखाव बिन्दुओं को सम्मिलित किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण 15वां केन्द्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग एवं मनरेगा की धनराशि से ठोस एवं तरल अपशिष्ठ प्रबन्धनों के कार्या को कराते हुए प्रदेश के ग्रामों को ओडीएफ प्लस ग्राम घोषित किये गये है, जिनमें से प्रदेश के ग्राम 96,174 ग्रामों के सापेक्ष 85,827 ग्रामों को ओडीएफ प्लस की मॉडल श्रेणी के ग्रामों में घोषित किये गये है। निदेशक, पंचायतीराज राजेश कुमार त्यागी ने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था अन्तर्गत ग्राम पंचायत में सृजित परिसम्पत्तियों के अनुरक्षण का उत्तरदायित्व मूल रूप से पंचायतीराज व्यवस्था का है, तैयार की गई नीति में पंचायतीराज व्यवस्था अन्तर्गत निहित निधियों ,कार्य व्यवहार के सैद्धान्तिक पक्ष को सम्मिलित किया गया है। विस्तृत शासनादेश एवं प्रक्रिया पृथक से प्रेषित की जायेगी। कार्यशाला को डा जकारी एडम-सीएफओ यूनीसेफ ने सम्बोधित करते हुए अपने विचार रखे कि ग्राम पंचायतों में सृजित परिसम्पत्तियों के रख-रखाव के लिए यह नीति प्रभावी रूप से कार्य करेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता, कचरा प्रबन्धन एवं मलीय अपशिष्ट के प्रबन्धन की दिशा में एक ठोस कदम उठायेगी।

यह ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले बच्चों, महिलाओं एवं समुदाय के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार करने में प्रभावी सिद्ध होगा। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं पंचायतीराज विभाग को इस नीति को तैयार करने के लिए यूनिसेफ सहयोगी डेवलेपमेन्ट पार्टनर की ओर से धन्यवाद ज्ञापित कर रहा हूॅ। कार्यशाला में मिशन निदेशक राज कुमार, संयुक्त निदेशक एसएन सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पर्यटन विभाग में संविदा कर्मी राजेश वर्मा ने दुनिया में ऊँचा किया देश का नाम: जयवीर

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** पिछले दिनों सूरत में आयोजित एशिया पॉवरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में लखनऊ के राजेश कुमार वर्मा ने भारत के लिए चार गोल्ड मेडल जीते। राजेश पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश में संविदा पर कार्यरत हैं। राजेश कुमार वर्मा ने 04 गोल्ड मेडल जीतकर यूपी की ही नहीं बल्कि पर्यटन विभाग का भी नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आज अपने सरकारी आवास पर राजेश कुमार वर्मा को सम्मानित किया।

सूरत में 20 फरवरी से 26 फरवरी तक एशिया पॉवरलिफ्टिंग चौंपियनशिप का आयोजन किया गया था। 23 फरवरी को राजेश ने फुल पावर लिफ्टिंग 360 किलो, बेंच प्रेस 90 किलो, डेड लिफ्ट 130 किलो, पुश फुल 220 किलो में चार गोल्ड मेडल जीते। परिणाम की घोषणा 26 फरवरी को की गई थी। उल्लेखनीय है कि राजेश कुमार वर्मा पॉवरलिफ्टिंग में नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट हैं। 2023 में नेशनल पॉवरलिफ्टिंग चौंपियनशिप गोल्ड, सिल्वर में 15 मेडल जीते थे। राजेश का जुनून देखकर गौरवान्वित हैं। कार्यालय के साथ खेल के लिए समय निकालना बड़ी बात है। हमें विश्वास है कि आने वाले दिनों में राजेश बहुत ही ऊँचाइयों पर पहुंचेंगे। प्रदेश के युवा पढ़ाई के साथ साथ खेल प्रतियोगिताओं में भी बढ़ चढ़ कर भाग लें और देश प्रदेश का नाम विश्व में रोशन करें।

# कुलपतियों की नियुक्ति में आरक्षण की व्यवस्था नहीं होती: योगेंद्र उपाध्याय

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं होती है लेकिन फिर भी सबका साथ, सबका विकास के अनुरूप सरकार ने नियुक्तियों में सभी वर्गों को प्रतिनिधित्व दिया है।

हालांकि राज्य के विश्वविद्यालय में कुलपतियों तथा अन्य पदों पर नियुक्तियों में पिछड़े, दलित एवं अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्गों के साथ भेदभाव का आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया। शून्य काल के दौरान सपा सदस्य संग्राम यादव ने नियम 56 के तहत यह मुद्दा उठाते हुए आरोप लगाया कि सरकार विभिन्न राज्य विश्वविद्यालय में कुलपति एवं अन्य पदों पर नियुक्तियों में पिछड़े, दलित तथा अल्पसंख्यक (पीडीए) वर्गों के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपति से लेकर असिस्टेंट प्रोफेसर और अन्य जितनी भी नियुक्तियां की गई हैं उनकी निष्पक्ष जांच कराई जाए, क्योंकि सरकार योग्य अभ्यर्थियों की अनदेखी करके कुलपतियों के साथ मिली भगत कर मनमाने तरीके से कुछ खास वर्गों को लाभ पहुंचाने के लिए नियुक्तियां कर रही है। यह राष्ट्र निर्माण से जुड़ा गंभीर विषय है इसलिए सदन में इस पर दो घंटे की चर्चा मंजूर की जाए। सपा सदस्य डाक्टर आर. के. वर्मा ने सूचना की ग्राह्यता पर बल देते हुए विभिन्न विश्वविद्यालयों की नियुक्तियों में अनियमितताएं किये जाने का आरोप लगाया। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इसका जवाब देते हुए कहा कि सपा सदस्य सदन में भ्रम की स्थिति पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुलपतियों के चयन में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं होती है लेकिन फिर भी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के आदर्श वाक्य के अनुरूप सरकार ने नियुक्तियां की है और यह नियुक्तियां कुलाधिपति यानी राज्यपाल द्वारा की गई हैं। उपाध्याय ने यह भी कहा, सपा के दोनों सदस्यों ने जो चिंताएं व्यक्त की हैं उन्हें कुलाधिपति कार्यालय के पास भेजा जाएगा और उचित जांच करके निर्णय लेने का अनुरोध किया जाएगा। उन्होंने कहा, सदन में (सपा के) दोनों सदस्यों ने आरोप लगाए कि विश्वविद्यालय में जो अन्य नियुक्तियां होती हैं उनमें पिछड़े, दलितों तथा अल्पसंख्यकों की अनदेखी की जाती है।'' उन्होंने कहा कि इस बारे में अवगत कराना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय में शासन द्वारा आरक्षित पदों को भरे जाने के लिए विज्ञापन के माध्यम से चयन समिति बनाई जाती है।

# विधायकों के फोन नहीं उठाते अफसर

**शासन ने दिए सख्त कार्रवाई करने के निर्देश**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्य सचिव की सख्ती के बावजूद जिलों में अफसर विधायकों के फोन नहीं उठा रहे हैं। उन्हें कॉल बैक भी नहीं करते हैं। शासन ने संज्ञान लेते हुए ऐसा करने वाले अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जेपी सिंह द्वारा अपर मुख्य सचिव, डीजीपी, मंडलायुक्त एवं डीएम को जारी शासनादेश में कहा गया है कि सांसदों एवं विधायकों के प्रति शिष्टाचार, प्रोटोकॉल एवं सौजन्य प्रदर्शन को लेकर विगत वर्षों में कई शासनादेश जारी किए जा चुके हैं। अनुपालन के लिए मुख्य सचिव ने बीते दिनों वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए निर्देशित किया था। इसके बावजूद शासन के संज्ञान में आया है कि कुछ जिलों में अधिकारियों द्वारा विधानमंडल के सदस्यों के फोन नहीं उठाए जा रहे हैं और न ही कॉल बैक की जाती है। सदस्यों द्वारा यह मामला सदन एवं संसदीय अनुश्रवण समिति की बैठकों में उठाए जाने से शासन के सामने असहज स्थिति उत्पन्न होती है, जो खेदजनक है। उन्होंने निर्देश दिया है कि सदस्यों के फोन नंबर को अधिकारी अपने फोन पर सेव कर लें। कॉल आने पर उसे रिसीव करेंगे। बैठक में होने पर वह कॉल आने पर प्राथमिकता के आधार पर अनुपलब्ध होने का मैसेज भेजेंगे और कॉल बैक करेंगे। सदस्यों द्वारा बताए प्रकरणों को प्राथमिकता पर निस्तारित कर अवगत कराएंगे।

# लखनऊ की तनुष्का उड़ाएंगी जगुआर

**देश की पहली महिला, स्क्वाड्रन में मिली तैनाती**

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** लखनऊ की तनुष्का सिंह का भारतीय वायु सेना में फाइटर पायलट के तौर पर चुनी गई है। वह वायु सेना में जगुआर फाइटर जेट स्क्वाड्रन में स्थायी तैनाती वाली देश की पहली महिला पायलट बनी है। तनुष्का के पिता लेफ्टिनेंट कर्नल अजय प्रताप सिंह और दादा कैप्टन देवेन्द्र बहादुर सिंह भी आर्मी से रिटायर्ड हैं। बेटी के सिलेक्शन के बाद परिवार में खुशी का माहौल है।

तनुष्का सिंह पटेलनगर इंदिरा नगर की रहने वाली है। तनुष्का सिंह के दादा ने बताया कि सुबह से रिश्तेदारों और सगे संबंधियों का फोन आ रहा है। तनुष्का ने वीडियो काल से बात की, लेकिन सुरक्षा कारणों से सीमित जानकारी देने के निर्देश के बावजूद में उसके बारे में सब कुछ तो नहीं, लेकिन बहुत कुछ बताने से खुद को नहीं रोक पा रहा हूं। मैं अपनी पत्नी उर्मिला सिंह को इसका श्रेय देना चाहता हूं, जिसने मुझे गोंडा से राजधानी आने पर मजबूर किया और मेरा परिवार इस लायक बन सका। तनुष्का 2007 से मंगलुरु में रह रही हैं। वहां डीपीएस एमआरपीएल स्कूल से स्कूली शिक्षा ली। 2022 में मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की। तनुष्का पहले भारतीय सेना में जाना चाहती थीं, लेकिन भारतीय वायुसेना में महिलाओं के लिए मिल रहे अवसरों के बारे में जानकारी मिली, तो उसने मुझसे पूछा और फिर फैसला बदलकर वायु सेना में जाने का मन बनाया। मैंने उसका हौसला बढ़ाया। अब उसने पूरे देश में मेरा मान बढ़ा दिया। तमिलनाडु के डुंडीगल स्थित एयरफोर्स अकादमी में प्रशिक्षण एमके-132 विमान पर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया। तनुष्का के पहली पायलट बनने की खबर मिली तो इंदिरानगर के पटेलनगर स्थित आवास पर बधाई देने वाले लोगों का तांता लग गया। लोगों ने गुलदस्ता व मुंह मीठा करा कर दादा-दादी और चाचा विजय प्रताप सिंह को बधाई देने पहुंच गए। तनुष्का के दादा ने बताया, मैं और मेरा बेटा थल सेना में थे। पोती वायु सेना में गई। अब तनुष्का की छोटी बहन अनुष्का नेवी में जाने की तैयारी कर रही है। तीनों सेना में मेरा परिवार रहेगा तो मुझे गर्व होगा। मैं सबसे छोटी पोस्ट पर तो मेरा बेटा मुझसे बड़ी पोस्ट और फिर पोती ने रिकार्ड बनाकर सभी का सीना गर्व से चौड़ा कर दिया। तनुष्का के दादा ने बताया कि बेटे के दो बेटियां ही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### अखिलेश का 2027 में स्त्री सम्मान-समृद्धि योजना का ऐलान

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले ही श्स्त्री सम्मान-समृद्धि योजनाश् लाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इस योजना के जरिए हर बालिका, युवती और नारी को सशक्त बनाया जाएगा। अखिलेश ने महिलाओं और लड़कियों को मोबाइल, प्रतिभावान छात्राओं को लैपटॉप देने की भी बात कही है।अखिलेश यादव ने एक वीडियो भी एक्स पर पोस्ट किया जिसमें स्त्री सम्मान समृद्धि योजना की जानकारी है। इस योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में सीधे आर्थिक सहायता भेजी जाएगी। महिलाओं और युवतियों को मोबाइल दिए जाएंगे, जबकि प्रतिभावान छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किया जाएगा ताकि वे अपनी शिक्षा और करियर में आगे बढ़ सकें।

### परिवार को निगल रही नशे की लत

**लखनऊ।** नेशनल पीजी कालेज में प्राचार्य प्रोफेसर देवेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में चल रहे 7 दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ मां सरस्वती वंदना तथा पूजन के उपरांत लक्ष्य गीत से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहित अग्रवाल प्रदेश अध्यक्ष व्यापार राष्ट्रीय लोकदल तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष शराब बंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली उपस्थित रहे। आज का कार्यक्रम नशा मुक्ति और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की विचारधारा पर केंद्रित रहा सहलीमा अजीम अध्यक्ष महिला विग शराबबंदी संघर्ष समिति ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया कि धूम्रपान और शराब की लत सबसे पहले मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, फिर शारीरिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाती है और स्थिति लगातार बिगड़ती जाती है। उन्होंने नशे से दूर रहने और ऐसे लोगों से बचने की सलाह दी जो नशे के आदि होते हैं। रोहित अग्रवाल ने शराब की लत के शारीरिक दुष्प्रभावों पर चर्चा की और चौधरी चरण सिंह की विचारधारा के बारे में बताया, जिन्होंने शराबबंदी का समर्थन किया था। मुर्तजा अली ने जीवन को बचाने के लिए शराब से दूर रहने का संदेश दिया। समिति के सलाहकार पीसी कुरील ने भी छात्रों को किसी भी तरह के मद्यपान से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉक्टर अर्चना सिंह ने कहा कि अल्कोहल पीने से लिवर तथा शरीर के कई अंग खराब हो जाते हैं इसलिए इसे दूरी बनाकर रहे ।कार्यक्रम के क्रम में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता हुई जिसके विषय शराब और नशे की लत, मोबाइल और गेमिंग एडिक्शन, तथा बालिका शिक्षा पर आधारित थे।

### फर्जी पीसीएस अधिकारी बनकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की गौतमपल्ली पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले फर्जी पीसीएस अधिकारी को रविवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपयों की ठगी की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सूर्य प्रकाश सैनी चिनहट का रहने वाला है। वह खुद को पीसीएस अधिकारी बता सचिवालय में तैनाती बताता था। आरोपी ऊंची पहुंच का हवाला देकर लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का झांसा देकर रुपए ऐंठ लेता था। आरोपी से पूछताछ कर अन्य जानकारियां जुटाई जा रही हैं। पुलिस को उसके पास से फर्जी आईडी कार्ड भी मिला है। जिसमें उत्तरप्रदेश शासन लोक भवन लिखा हुआ है। कार्ड की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

### साईं मंदिर में चोरी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में इंदिरा नगर बी ब्लाक स्थित साईं आश्रय मंदिर में रविवार रात चोरों ने दान-पेटी के लॉकर को तोड़कर पैसे चुरा लिया। सोमवार सुबह मंदिर पहुंचे पुजारी ने टूटी दान-पेटी देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। साथ ही मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी खंगाले। मंदिर प्रबंधन ने बताया कि रविवार रात एक बजे से दो बजे के बीच एक चोर पीछे से जाली तोड़कर अंदर घुसा। इसके बाद मंदिर में रखे दो दान पात्र तोड़ दिया। चोर मंदिर में करीब एक घंटे तक रहा। कोई भी वाहन की रोशनी आने पर पर्दे के पीछे छिप जाता। जिससे वह सीसीटीवी में कैद नहीं हुआ। मंदिर में लगे सीसीटीवी में एक चोर दिखा है, लेकिन मंदिर की लाइट बंद होने से उसका चेहरा नहीं आया है। चोर दान पात्र की सारी रकम चुरा ले गया। मंदिर प्रबंधन का कहना है कि मेन चौराहे पर मंदिर होने के बाद भी चोर ने घटना को अंजाम दिया। पुलिस की गश्त न होने का ही नतीजा है कि यहां चोरी हुई। यहां कुछ ही दूरी पर स्थित एक मंदिर में और चोरी हो चुकी है। उसका भी खुलासा नहीं हुआ। गाजीपुर थाना पुलिस के मुताबिक प्रबंधन की तरफ से मिली शिकायत के आधार पर जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर चोरी की खुलासा किया जाएगा।

### 270 शिक्षामित्रों पर गिरी गाज,संविदा होगी समाप्त

**लखनऊ।** यूपी में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने अवैतनिक अवकाश के सहारे नौकरी चला रहे 270 शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने के आदेश जारी किए है। ये शिक्षामित्र अलग-अलग जिलों में तैनात हैं, जो स्कूल न जाकर दूसरे कामों में संलिप्त हैं। महानिदेशक कंचन वर्मा ने जांच कराई। उन्होंने लखनऊ, सीतापुर, उन्नाव, हरदोई, लखीमपुर-खीरी एवं रायबरेली में तैनात 270 शिक्षामित्रों की संविदा समाप्त करने का आदेश जारी किया है। उन्होंने निर्देश दिया कि अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित चल रहे शिक्षामित्रों को तत्काल चिन्हित कर उन्हें नोटिस जारी की जाए। शिकायत की पुष्टि होने पर 15 दिनों के अंदर उनकी संविदा समाप्ति की कार्यवाही की जाए।

### एलपीसी- बी ब्लॉक की आशिका अवस्थी ने जीता स्वर्ण पदक

**लखनऊ।** लखनऊ पब्लिक कॉलेज, बी- ब्लॉक, राजाजीपुरम की कक्षा-11 की छात्रा आशिका अवस्थी ने शिरडी, महाराष्ट्र में आयोजित 10वीं बैटल स्पोर्ट्स डांस नेशनल चौंपियनशिप-2025 में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया और एकल फ्री स्टाइल नृत्य में गोल्ड मैडल जीता। आशिका की माँ एक गृहणी तथा पिता एक डेंटिस्ट हैं। छात्रा आशिका अवस्थी की इस अभूतपूर्व सफलता पर चेयरमैन डॉ. एस. पी. सिंह( सांसद) ने बधाई दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अंसल एपीआई ऑफिस के बाहर हंगामा

## निवेशक बोले, एलडीए की निगरानी में घोटाला हुआ

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अंसल के दिवालिया घोषित होने के बाद निवेशकों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने अंसल एपीआई दफ्तर के बाहर सभा कर नारेबाजी की। निवेशकों ने कहा- अंसल ने हमारे सपनों को मार दिया। पूरी कमाई लगाने के बाद आज हम लोग रोड पर आ गए। ये सब एलडीए अफसरों की निगरानी में होता रहा, लेकिन कोई उन्हें रोक नहीं पाया। अंसल एपीआई के दिवालिया घोषित होने के बाद सोमवार को सैकड़ों लोग अंसल के दफ्तर जानकारी लेने के लिए पहुंचे। निवेशकों के जवाब देने के लिए दफ्तर में कोई जिम्मेदार अफसर नहीं हैं। सिर्फ चतुर्थ क्लास कर्मचारी ही मौजूद रहे। जो लोगों के जवाब से बचते रहे। प्रदर्शन की सूचना पर सरोजिनी नगर विधायक राजेश्वर सिंह अंसल ऑफिस पहुंचे। उन्होंने निवेशकों को आश्वासन दिया कि उनका पैसा नहीं डूबेगा। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री ने आज शाम को एलडीए और रेरा अफसरों की मीटिंग बुलाई है। इसके साथ ही उन्होंने सभी आवंटियों को एक साथ आ कर अपनी शिकायत करने को कहा है। विधायक ने कहा एनसीएलटी के आदेश को लेकर सुप्रीम कोर्ट तक जाएंगे। अंसल बिल्डर पर 83 करोड़ रुपए जमा करने का दबाव बनाया जाएगा। निवेशक विधायक से बोले की अंसल के दबाव



में पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती है। अगर आप प्रशासन को बोले दें तो 2 घंटे में 500 से ज्यादा एफआईआर दर्ज हो जाएगी। इस पर विधायक ने बोला इस मामले के लिए भी सीएम के सामने बात रखी जाएगी।

1967 में अंसल एपीआई नाम से रियल स्टेट कंपनी रजिस्टर्ड हुई। 2025 तक 7000 से ज्यादा निवेशकों ने इसमें रुपया लगाया। राजधानी लखनऊ, दिल्ली एनसीआर समेत पांच राज्यों में अंसल एपीआई ने अपनी 21 से ज्यादा टाउनशिप बनाई हैं। कम दाम में फ्लैट, मकान और जमीन देने का वादा करने वाले अंसल के खिलाफ सीबीआई और ईडी की जांच चल रही है। अलग-अलग जिलों में सैकड़ों मुकदमे भी दर्ज हैं। मौजूदा समय में लखनऊ के सुशांत गोल सिटी में निवेश करने वालों को कहना हैं-अंसल ने उत्तर प्रदेश के इतिहास में सबसे बड़ा घोटाला किया है। आवंटी कुमार राजेश सिंह ने बताया कि अंसल द्वारा हाईटेक सिटी के नाम पर शोषित किया जा रहा है। कहा गया था कि 24 घंटे लाइट रहेगी। अब तो बिजली कनेक्शन ही काट दिया है। आवंटी मनोहर राम यादव ने बताया 2010 प्रोजेक्ट बना था वो आज तक अधूरा है। जबरदस्ती हम लोगों से अधूरे निर्माण और असुविधाओं का पैसा लिया जाता है। अंसल एपीआई के खिलाफ रेरा में 400 से ज्यादा शिकायत दर्ज हैं। रेरा ने साल 2019 में प्रदेश भर में अंसल एपीआई के 91 प्रोजेक्टों का फारेंसिक ऑडिट करवाया था। इसमें सैकड़ों आवंटियों का पैसा जमा होने के बावजूद डेवलपर्स ने न तो उन्हें पैसा वापस किया, ना ही कब्जा दे रहा था। इसके अलावा भी कई गड़बड़ियों का खुलासा हुआ था। अंसल के दिवालिया होने के बाद उसकी देनदारी और निवेशकों की दिक्कतों का समाधान तलाशने के लिए एनसीटीएल की तरफ से तैनात इंट्रिम रिजॉल्यूशन प्रोफेशन ने अपनी टीम गठित कर दी है। आईआरपी की तरफ से क्लेम दाखिल करने का आवेदन फॉर्म जारी कर दिया है।

निवेशकों को 11 मार्च तक क्लेम फाइल करने को कहा गया है। इसके बाद 24 अगस्त तक आईआरपी इन सभी क्लेम के मुताबिक देनदारियां तय करते हुए फाइनल प्रस्ताव एनसीटीएल को देगा। इस प्रस्ताव के बाद ही आवंटी और निवेशकों की देनदारी का खाका फाइनल हो सकेगा।

अंसल ग्रुप के मालिक सुशील अंसल के पुत्र प्रणव अंसल के खिलाफलुकआउट नोटिस जारी हुआ था। सितंबर 2019 में उसे लंदन जाने के दौरान दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था।अंसल सुशांत गोल्फसिटी ने 6.78 करोड़ रुपए का बकाया बिजली बिल नहीं जमा किया है। बिजली विभाग टाउनशिप प्रबंधन को कई बार नोटिस भेज चुका था। बिजली बिल नहीं जमा किया जा रहा था। बिल नहीं जमा होने पर बीते शुक्रवार को बिजली विभाग ने कनेक्शन काट दिया था। जिसके बाद प्रबंधक ने 50 लाख का भुगतान किया था। करीब 4 घंटे के बाद बिजली कनेक्शन जोड़ा गया था। अंसल एपीआई दिल्ली एनसीआर, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में 19 टाउनशिप विकसित कर रही हैं। इसमें मोहाली, अमृतसर, लुधियाना, जालंधर, जयपुर, जोधपुर, अजमेर, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, गुड़गांव, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ, आगरा और लखनऊ शहर शामिल हैं।

## आलमबाग व्यापार मंडल का चुनाव सात को

**लखनऊ।** आलमबाग व्यापार मंडल का चुनाव लखनऊ व्यापार मंडल के दिशा-निर्देशन में संपन्न हो रहे हैं। घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार 2 मार्च और 3 मार्च को नामांकन फार्म की बिक्री। जमा करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। मुख्य चुनाव अधिकारी अनिल विरमानी एवं सहायक चुनाव अधिकारी देवेन्द्र गुप्ता ने संयुक्त बयान में बताया कि 3 मार्च 2025, शाम 4 बजे तक कुल 8 पदों के लिए 12 प्रत्याशियों के सापेक्ष 26 नामांकन फार्म बिके जिनमें से 13 फार्म जमा किए गए।

लखनऊ व्यापार मंडल के वरिष्ठ महामंत्री पवन मनोचा पूरे दिन आलमबाग चुनाव कार्यालय में उपस्थित रहे। उन्होंने आश्वस्त किया कि चुनाव पूर्ण रूप से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से संपन्न होंगे। वहीं लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने व्यापारियों और प्रत्याशियों को विश्वास दिलाया कि वोटर लिस्ट से लेकर संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष रहेगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होने दी जाएगी।

### महर्षि यूनिवर्सिटी और सीबीएमआर ने शैक्षणिक और शोध सहयोग के लिए किया समझौता

**लखनऊ।** महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, लखनऊ (एमयूआईटी) ने 3 मार्च, 2025 को लखनऊ स्थित सेंटर फॉर बायोमेडिकल रिसर्च (सीबीएमआर) (उत्तर प्रदेश सरकार का एक स्वायत्त केंद्र) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू पर एमयूआईटी के रजिस्ट्रार डॉ. गिरीश छिमवाल और सीबीएमआर के निदेशक प्रो. आलोक धवन ने माननीय कुलपति प्रो. भानु प्रताप सिंह की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। यह सहयोग छात्र इंटर्नशिप, शोध प्रबंध और भ्रमण, साथ ही एक्स्ट्राम्यूरल फंडिंग के लिए संयुक्त शोध परियोजनाओं के माध्यम से शैक्षणिक साझेदारी को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखता है। इसमें प्रयोगशाला सुविधाओं को साझा करना, उद्योग कौशल के विकास को प्रोत्साहित करना और उच्च गुणवत्ता वाले प्रकाशनों के साथ उन्नत शोध को बढ़ावा देना भी शामिल है। इस अवसर पर सीबीएमआर के डीन प्रो. नीरज सिन्हा, डा. उत्तम कुमार, डा. योगेश कुमार, डा. नरेंद्र कुमार और महर्षि यूनिवर्सिटी की डीन एकेडेमिक्स डा. नीरज जैन की भी गरिमामयी उपस्थिति रही।

# एलयू में स्टूडेंट ने नशे में दोस्त को पीटा

» एफआईआर दर्ज नहीं होने पर दी आत्महत्या की चेतावनी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में एमबीए स्टूडेंट ने नशे में अपने दोस्त के साथ मारपीट कर दी। घटना शनिवार की है। मामला सोमवार सुबह सामने आया है।

छात्र का आरोप है कि उसकी शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर नहीं दर्ज की है। उसने इसके लिए कुलपति, प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्य और हसनगंज थानाप्रभारी को दोषी ठहराया है। साथ ही चेतावनी दिया कि अगर एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो वह आत्महत्या कर लेगा। इसकी जिम्मेदारी कुलपति से लेकर थाना इंचार्ज की होगी। छात्र ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि एमबीए डिपार्टमेंट के 3 दिवसीय प्रोग्राम शनिवार को खत्म हुआ। इसके बाद छात्र अनिरुद्ध त्रिपाठी और कुस्तुम मिश्रा नशे में आए। बेवजह उलझने लगे। विरोध करने पर मारपीट करने लगे। किसी तरह वहां से भागा। बाद में लिखित शिकायत प्राक्टोरियल बोर्ड में की,लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस अनिरुद्ध त्रिपाठी और कुस्तुभ मिश्रा के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की जगह एनसीआर दर्ज की है। इस मामले पर एलयू के चीफ प्राक्टर प्रो. राकेश द्विवेदी का कहना है कि यश की शिकायत को हसनगंज थाना भेज दिया गया है। पुलिस ने एनसीअआर में दर्ज कर मामले की जांच की बात कही है। रविवार को छुट्ट्टी थी। लिहाजा सोमवार को आरोपी छात्रों को कारण बताओ नोटिस जारी की जाएंगी।

# डीएम ने बोर्ड परीक्षा सेंटर का निरीक्षण किया

» वॉयस रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरों से मॉनिटरिंग के आदेश दिए

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ डीएम विशाख जी ने जियामऊ स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों को हर हाल में नकल रोकने के आदेश दिए। उन्होंने कहा- वॉयस रिकॉर्डिंग वाले सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा के दौरान मॉनिटरिंग करते रहें। डीएम विशाख जी ने साथ ही पांच जोन और 14 सेक्टर के सेक्टर मजिस्ट्रेट को परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण करने के भी आदेश दिए।

डीएम ने कालेज के टीचर और विद्यार्थियों की संख्या के आधार पर व्यवस्था के विषय में बेसिक शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि यहां पर चार शिक्षिकाएं, एक शिक्षा मित्र और 114 विद्यार्थी हैं।



विद्यालय के प्रोजेक्ट कायाकल्प के अंतर्गत विद्यालय में फ्लोर टाइलिंग, आरओ का पेयजल स्टेशन और वाटर कूलर की व्यवस्था की गई है। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी से शहरी क्षेत्र के सभी शासकीय विद्यालयों की वार्ड और जोनवार सूची तैयार करने को कहा। जिसे नगर स्वास्थ्य अधिकारी को देकर वार्ड स्तर पर तैनात सफाई कार्मिकों के माध्यम से स्कूलों की नियमित साफ-सफाई कराई जा सके। इसके साथ ही उन्होंने स्मार्ट क्लास के सर्वाधिक उपयोग के लिए जनपद के सभी विद्यालयों के लिए क्लासवार स्टडी मटेरियल के संबंध में एसओपी जारी करने को कहा।

# विश्वविद्यालयों में नियमों की अनदेखी पर सपा का विधानसभा से वाकआउट

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** विश्वविद्यालयों में नियुक्तियों में नियमों की अनदेखी व पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक पीडीए के साथ भेदभाव का मामला विधानसभा में गूंजा। विपक्ष ने सरकार पर एक ही जाति के कुलपतियों की नियुक्ति करने का आरोप लगाया।सरकार ने इससे इंकार किया तो इससे असंतुष्ट समाजवादी पार्टी सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया।

सदन में सोमवार को सपा के संग्राम सिंह यादव ने कार्य स्थगन प्रस्ताव के जरिए कहा कि लखनऊ विश्वविद्यालय समेत तमाम विश्वविद्यालयों में नियमों को ताक पर रख नियुक्तियां की जा रही हैं। पीडीए समाज की उपेक्षा हो रही है। यूपी के 22 विश्वविद्यालयों में एक खास वर्ग के कुलपति नियुक्त किए गए हैं। एक ही व्यक्ति को बार कुलपति बनाया जा रहा है। असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्तियों में गड़बड़ी जा रही है। सपा के ही डॉ. आरके वर्मा ने कहा कि विश्वविद्यालयों में अयोग्य लोगों को बढ़ावा देकर प्रोन्नत किया जा रहा है। उन्होंने कई उदाहरण दिए तो अध्यक्ष सतीश महाना ने टोका कि व्यक्तिगत न होईए। इन आरोपों को नकारते हुए उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि नए विश्वविद्यालयों की नियुक्ति सरकार के जिम्मे है। बाकी पहले के सभी विश्वविद्यालयों में कुलपति की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा होती है। जहां तक कार्यपरिषद चुनाव की बात है तो सरकार विश्वविद्यालयों निर्देशित करेगी कि वह बाबत जरूरी कार्यवाही करें। लखनऊ विश्वविद्यालय में नियमानुसार पद भरे गए हैं। विश्वविद्यालयों में चयन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी पूर्ण है।विश्वविद्यालय स्वयत्तशासी होते हैं।

# सपा विधायक अतुल प्रधान का ट्रेन में बैग चोरी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मेरठ जिले की सरधना सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक अतुल प्रधान का बैग ट्रेन में प्रथम श्रेणी वातानुकूलित कोच में उनके कूपे से चोरी हो गया। अतुल प्रधान ने मामले की एफआईआर दर्ज कराई है। आज उन्होंने मामला विधानसभा में उठाया। इसपर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने उन्हें सलाह दी कि इसकी रिपोर्ट लिखानी चाहिए। विधायक अतुल प्रधान ने जवाब में कहा कि रिपोर्ट लिखा दी है लेकिन सदन चल रहा है,आप कह दीजिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि चोरी की रिपोर्ट आप लिखाएं हैं तो पुलिस कार्रवाई करेगी।

प्रश्नकाल खत्म होने के बाद अतुल प्रधान अपनी जगह पर खड़े हुए और उन्होंने कहा मैं लखनऊ मेल से सदन की कार्यवाही में भाग लेने के लिएआ रहा था। लखनऊ मेल अति वीआईपी ट्रेन है। उसके एच वन कोच के ए-4 में मैं यात्रा कर रहा था, मेरा बैग था मान्यवर उसमें और बहुत संवदेनशील विषय है कि अगर...। विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोकते हुए कहा, संवदेनशील चीज थी बैग में? तब अतुल प्रधान ने कहा, नहीं-नहीं...बैग चोरी हो गया। स्पीकर ने फिर कहा कि बैग चोरी हो गया तो रिपोर्ट लिखानी चाहिए।



अतुल प्रधान ने कहा कि रिपोर्ट लिखा दी है लेकिन सदन चल रहा है। तब विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आप चोरी की रिपोर्ट लिखाएंगे और उस पर सदन में चर्चा करेंगे तब तो हो चुका काम। पुलिस कार्रवाई करेगी। विधायक अतुल प्रधान ने कहा कि संवेदनशील विषय है। मान लीजिए घुसकर चाकू मार दे किसी को? इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने फिर पूछा- आपने रिपोर्ट लिखवाई ना? अतुल प्रधान ने कहा-जी मैंने रिपोर्ट लिखवा दी है। आप के माध्यम से मान्यवर इसमें कह दिया जाए...। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि इसमें पुलिस कार्रवाई करेगी न कि विधानसभा। विधानसभा अध्यक्ष ने विधायक अतुल प्रधान से यह भी पूछा कि रिपोर्ट में लिखवाया है न कि बैग में क्या-क्या था? इस पर विधायक अतुल प्रधान ने फिर कहा कि बैग में सिर्फ कागज और कपड़े ही थे लेकिन मैं ये कह रहा है कि केबिन के अंदर इस तरह की घटना गंभीर मामला है।विधायक अतुल प्रधान ने ट्रेन में अपना बैग चोरी होने की घटना की जानकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर भी दी है।

उन्होंने पुलिस को दी गई लिखित शिकायत की कॉपी साझा करते हुए लिखा है भारतीय रेलवे की व्यवस्था सबसे अधिक लचर हैं ! पहले तो ट्रैन 2घ्3 घंटे लेट चल रही है और ऊपर से सुरक्षा व्यवस्था तो शून्य है, लखनऊ मेल जैसी ट्रैन के एसी 1 जैसी बोगी से भी बैग चोरी हो गया ! आप इसी बात से अंदाजा लगा सकते हैं की रेलवे स्टेशन और रेलगाड़ियो में कितनी चोरियाँ प्रतिदिन हो रही होंगी ! इस समय पर ना गाड़ी समय से चल रही है और ना कोई सुरक्षा है !

# किसानों के मुद्दे पर सपा का विधान परिषद से बहिर्गमन

## सानों की समस्याएं दूर करना सरकार की प्राथमिकताः केशव

» डिप्टी सीएम बोले,सपा शासन काल में गोवंश की खुलेआम होती थी तस्करी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि किसानों सरकार की प्राथमिकता में हैं और सपा किसानों की कतई हितैषी नहीं हो सकती। प्रदेश के किसानों के खातों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक भेजे गए हैं। सपा ने किसानों की जमीनों पर कब्जे किए थे।

हम उसे वापस दिला रहे हैं। किसानों की समस्याओं को लेकर विधान परिषद में सपा सदस्यों नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव डा. मान सिंह यादव, आशुतोष सिन्हा, जासमीर अंसारी एवं किरण पाल कश्यप ने मुद्दा उठाया। सपा सदस्यों ने नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य की बात से असंतुष्ट होकर शोर-शराबा किया और तत्काल सदन से बहिर्गमन कर गए। सरकार की ओर से जवाब देते हुए नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि सपा कभी भी किसान की हितैषी नहीं रही। यह पार्टी हमेशा से किसान विरोधी रही है। इस पार्टी के लोगों ने किसानों की जमीनों पर कब्जा किया है। हम उन जमीनों को किसानों को वापस दिला रहे हैं। सपा के शासन में गोवंशों की खुलाआम तस्करी होती थी। केशव ने कहा, कार्यस्थगन प्रस्ताव का कोई आधार ही नहीं है। हमने सत्ता संभालते ही पहली कैबिनेट में किसानों का कर्जा माफ किया। किसानों को हम बिजली फ्री दे रहे हैं। फसलों का समर्थन मूल्य तीन गुना करने का काम नरेन्द्र मोदी ने किया है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि की 19 वीं किस्त भी डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में भेजे गए हैं। किसान सम्मान निधि के तहत अब तक प्रदेश के किसानों के खातों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक भेजे जा चुके है। गन्ने का मूल्य सपा सरकार में क्या था और हमारी सरकार में बढ़कर कहां तक पहुंच गया यह किसी से छुपा नहीं है। सपा के कार्यकाल में किसानों का ट्रांसफार्मर बिना दिए नहीं बदला जाता था। आज गांवों में 18 से 20 घंटे बिजली दी जा रही है। कृषि कार्यों के लिए अलग से फीडर दिया गया है।केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि समाजवादियों के समय में किसानों को बिना लाठी खाए खाद नहीं मिल पाती थी।आज न खाद की समस्या है और न कोई कालाबाजारी करने की सोच भी पाता है। अन्तराष्ट्रीय बाजार में खादों के दाम कई गुना बढ़ने के बावजूद इस डबल इंजन की सरकार ने उर्वरकों के दामों में वृद्धि नहीं होने दी। सरकार की प्राथमिकता खेती की लागत को कम करना और उत्पादन में वृद्धि करना तथा किसानों को लागत मूल्य से अधिक दिलाना भी है।केशव ने कहा कि समाजवादी सरकार के समय गोवंश की तस्करी होती थी। घड़ियाली आंसू बहाने के अलावा कुछ नहीं आता।

# युवती को सिरफिरा युवक स्कूटी पर जबरदस्ती लिफ्ट देने लगा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बीच सड़क पर युवती को सिरफिरा युवक स्कूटी पर जबरदस्ती लिफ्ट देने लगा। युवती ने इसका विरोध किया तो वह उसे गाली देने लगा और बोला- तेरे ऊपर तेजाब फेंक दूंगा। युवती ने कैसरबाग थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। अमीनाबाद निवासी युवती प्राइवेट जॉब करती है। उसने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि पिछली कंपनी में काम करने के दौरान उसकी मुलाकात शिवानी विहार कल्याणपुर निवासी अभिषेक रस्तोगी पुत्र रमेश रस्तोगी से हुई थी। कुछ दिन बातचीत हुई, लेकिन उसका रवैया और व्यवहार बुरा लगने पर उससे बात करना बंद कर दिया। घ्अब करीब 15 दिनों से युवती हजरतगंज स्थित निजी कंपनी में काम कर रही है। युवती का आरोप है कि 24 फरवरी शाम करीब 5.20 बजे वह ऑफिस से घर जा रही थी। रास्ते में लाटूश रोड के पास अभिषेक स्कूटी से आया और जबरदस्ती लिफ्ट लेने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए गाली देने लगा। इस दौरान युवती ने मदद के लिए आवाज लगानी चाही तो कहने लगा कि शोर मचाएगी तो तेरे ऊपर तेजाब फेंक दूंगा। उसने मामा के एडवोकेट होना का धौंस भी दिखाया। घबराई युवती ने मदद के लिए महिला हेल्पलाइन पर भी शिकायत की। युवती ने बताया कि अभिषेक उसको लंबे समय से परेशान कर रहा है। इसकी शिकायत पहले भी महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर की जा चुकी है। उसके परिवार ने कई बार भरोसा दिलाया कि अभिषेक तंग नहीं करेगा, लेकिन वह अपनी हरकतों ने बाज नहीं आ रहा है। वह लगातार गलत बर्ताव करता रहा। अब उसने रास्ते में रोककर गाली-गलौज की।

[मायावती के एक्शन पर बोले आकाश आनंद]

# मैं बहनजी के हर फैसले का सम्मान करता हूं...

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख द्वारा अपने भतीजे को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त करने के फैसले के एक दिन बाद आकाश आनंद ने सोमवार को कहा, श्शमैं बहन कुमारी मायावती जी का कैडर हूं। बसपा नेता मायावती ने एक दिन पहले रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया और कहा कि अब उनके आखिरी सांस तक पार्टी में उनका कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। अब इस मामले में आकाश आनंद ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर लंबी पोस्ट लिखकर अपना पक्ष रखा। आनंद ने कहा, ''मैं परमपूज्य आदरणीय बहन कुमारी मायावती जी का कैडर हूं, और उनके नेतृत्व में मैने त्याग, निष्ठा और समर्पण के कभी ना भूलने वाले सबक सीखे हैं, ये सब मेरे लिए केवल एक विचार नहीं, बल्कि जीवन का उद्देश्य हैं। आदरणीय बहन जी का हर फैसला मेरे लिए पत्थर की लकीर के समान है, मैं उनके हर फैसले का सम्मान करता हूं, उस फैसले के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा, ''आदरणीय बहन कु. मायावती जी द्वारा मुझे पार्टी के सभी पदों से मुक्त करने का निर्णय मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से भावनात्मक है, लेकिन साथ ही अब एक बड़ी चुनौती भी है, परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है। आकाश ने कहा कि ऐसे कठिन समय में धैर्य और संकल्प ही सच्चे साथी होते हैं। बहुजन मिशन एवं मूवमेंट के एक सच्चे कार्यकर्ता की तरह, मैं पार्टी और मिशन के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूंगा और अपनी आखिरी सांस तक अपने समाज के हक की लड़ाई लड़ता रहूंगा। उन्होंने कहा, कुछ विरोधी दल के लोग ये सोच रहे हैं कि पार्टी के इस फैसले से मेरा राजनीतिक करियर समाप्त हो गया, उन्हें समझना चाहिए कि बहुजन मूवमेंट कोई करियर नहीं, बल्कि करोड़ों दलित, शोषित, वंचित और गरीबों के आत्म-सम्मान व स्वाभिमान की लड़ाई है। आनंद ने कहा, यह एक विचार है, एक आंदोलन है, जिसे दबाया नहीं जा सकता। इस मशाल को जलाए रखने और इसके लिए अपना सब कुछ न्यौछावर करने के लिए लाखों आकाश आनंद हमेशा तैयार हैं। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के नेशनल को-आर्डिनेटर तथा अपने उत्तराधिकारी समेत सभी पदों से हटा दिया था। बीते एक साल के भीतर मायावती ने आकाश आनंद पर दूसरी बार कार्रवाई की है। साथ ही, उन्होंने घोषणा की थी कि अब उनके जीते-जी कोई उनका उत्तराधिकारी नहीं बनाया जाएगा। उन्होंने अपने भाई आनंद कुमार (आकाश के पिता एवं पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) और केंद्रीय समन्वयक रामजी गौतम को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाने के साथ देश भर में पार्टी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी सौंपी है।

# चोरों ने घर के सामान, नगदी, आभूषण पर किया हाथ साफ



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** मधुबन-बापूधाम क्षेत्र की दुहाई स्थित खाटूश्याम एंक्लेव में घर का ताला तोड़कर चोर लाखों के आभूषण, नकदी चोरी कर ले गए। परिवार रिश्तेदारी में गया था, इसी दौरान चोरों ने घटना को अंजाम दिया। मामले में पांच दिन बाद मुकदमा दर्ज किया गया है।

खाटूश्याम एंक्लेव निवासी संजय कुमार ने बताया कि 24 फरवरी की सुबह साढ़े 10 बजे पत्नी व बच्चे घर का ताला लगाकर हापुड़ कुआं पूजन के लिए गए थे। एक घंटे बाद पड़ोसियों ने उन्हें कॉल कर बताया कि घर का ताला टूटा है और घर में सारा सामान बिखरा पड़ा है। उन्होंने घर आकर देखा तो घर से सोने व चांदी के लाखों के गहने व 12 हजार की नकदी गायब मिली। उन्होंने 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर पता चला कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है। फुटेज में तीन चोर आए और ताला तोड़कर घर के अंदर जाते नजर आ रहे हैं। मामले में उन्होंने मधुबन बापूधाम थाने में तहरीर दी है। एसीपी कविनगर स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जाएगी।

# एडीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई आयोजित

▸▸ अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर की जाए कड़ी कार्यवाही: एडीएम

लोकमित्र ब्यूरो



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आयोजित हुई।बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की विगत बैठकों में दिए गए निर्देशों की विभिन्न विभागों द्वारा अनुपालन आख्या एवं कृत कार्यवाही की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक एनएचएआई को निर्देशित किया कि सकीट नंदपुर मार्ग पर ओवरलोडेड हैवी ट्रैफिक चलने से मार्ग क्षतिग्रस्त होता रहता है इस मार्ग के प्रारंभिक एवं अंतिम बिंदु पर हाईट बैरियर लगवाने के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण कर उसके फोटोग्राफ उपलब्ध कराये जाए, फोरलेन पर किसी भी आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति से निपटने के लिए क्रेन एवं एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, आकस्मिक दुर्घटना की स्थिति में 108 एवं 1033 नम्बर क्रियाशील रहे,मार्गों के किनारे बने नालों की मरम्मत एवं सफाई तथा आस-पास की झाड़ियों को साफ करने से सम्बंधित कार्य कराने हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि एन0एच0ए0आई0 के डिवाइडर्स पर जहां कट बने है वहां डेलीनेटर एवं रेडियम पट्टी लगाई जाये तथा अवैध कट्स को बन्द किया जाए,प्रकाश व्यवस्था हेतु जो लाइट्स लगाई गई हैं वह नियमित रूप से क्रियाशील रहे।

उन्होंने एआरटीओ एवं संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित टैक्सी स्टैंड को बंद कराया जाए ओवरलोडिंग एवं डग्गामार वाहनों पर अभियान चलाकर रोक लगाई जाए, सुनिश्चित किया जाए कि व्यावसायिक वाहनों एवं ट्रैक्टर ट्राली में सवारियों को न ढोया जाएं। उन्होंने अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि एटा टूंडला मार्ग आबादी भाग वसुंधरा, अवागढ़, रोडवेज वर्कशॉप से आगरा चुंगी तक सीसी का कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए तथा रोड सेफ्टी कार्यों के अंतर्गत मार्ग पर सफेद पट्टी डालने तथा आवश्यक स्थान पर ज़ेबरा क्रॉसिंग का कार्य भी अति शीघ्र पूर्ण कराया जाए उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना रोकने हेतु यातायात नियमों के पालन करने हेतु जनपद वासियों से बाइक, स्कूटर से यात्रा करते समय हेलमेट एवं कार से यात्रा के दौरान सीट बेल्ट पहनने तथा मोबाइल का प्रयोग न करने के लिये प्रेरित किया जाए, नशा करके वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है अपर जिलाधिकारी ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त विभाग सड़क सुरक्षा सम्बंधित नियमों का पालन करने के दृष्टिगत छात्र/छात्राओं सहित आम नागरिकों को प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से जागरूक करें।

# सीएचसी पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक कार्य के बारे में ली जानकारी



लोकमित्र ब्यूरो

**अलीगंज/एटा।** अलीगंज सीएचसी में चिकित्साधीक्षक डॉ शिव कुमार की अध्यक्षता में कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में एएनएम के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के प्रदर्शन की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कार्य में लापरवाही पर चिकित्साधीक्षक डॉ शिव कुमार ने चार स्वास्थ्य कर्मियों - एएनएम नीतेश प्रभा फार्मासिस्ट हामिद अली एएनएम पायल और सीएचओ सुखवेंद्र के एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। इसके अलावा, एक एनएम स्वस्तिका को संविदा समाप्ति को लेकर चेतावनी पत्र जारी किया गया है। चिकित्साधीक्षक ने कहा शासन की मंशा के अनुरूप सभी स्वास्थ्य कर्मी कार्य करें जमीनी स्तर तक सभी को शासन की योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। साथ ही टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, आभा आई कार्ड, टीवी की संभावित मरीजों को लेकर घर घर जाकर सभी संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग कराएं। बैठक में चिकित्साधीक्षक डॉ शिव कुमार, बीपीएम दिव्यांशी भदोरिया, विमल मिश्रा, आर्यन सक्सेना, पूनम यादव सकीट कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# विदेशो में नौकरी का सुनहरा अवसर




लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिला रोजगार सहायता अधिकारी विपिन कुमार यादव ने बताया है कि एन0एस0डी0सी0 इन्टरनेशनल लि0 कम्पनी द्वारा जापान, जर्मनी और इजराइल में नौकरी हेतु युवाओं को मौका दिया जा रहा है। इन देशों में नर्स, केयर टेकर, केयरगिवर सहित कई पदों पर नौकरी के लिए मौका है।

अभ्यर्थी को अंग्रेजी के साथ संबंधित देश की भाषा अच्छी तरह आनी चाहिए। जापान में 50 केयरगिवर / केयरटेकर पदों के लिए आवेदन मांगे गये है, जिसमे 3 माह से 4 वर्ष का अनुभव रखने वालें 20 से 27 वर्ष की आयु के युवक/युवतियां आवेदन कर सकते है, इस पद हेतु 1.17 लाख रूपये वेतन दिया जायेगा।

इजराइल में 5000 हजार होम बेस्ड केयरगिवर पदों के लिए आवेदन मांगे गये है, जिनमें 90 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित है। एक वर्ष या अधिक का अनुभव रखने वाले 25 से 45 साल तक के युवा आवेदन कर सकते है।

जिसमें 1.32 लाख वेतन दिया जायेगा। जर्मनी में असिस्टेंट नर्स के 250 पदो के लिए आवेदन मांगे गये है जिसके लिए नर्सिंग डिप्लोमा या बी0एस0सी0 नर्सिंग जीएनएम की डिग्री के साथ एक वर्ष का अनुभव वाले 24 से 40 वर्ष तक के अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं

इन पदों के लिए 2.30 लाख वेतन दिया जायेगा। इच्छुक युवक एंव युवतियां सेवायोजन विभाग के अधिकृत पोर्टल रोजगार संगम rojgaarsangam.up.gov.in पर रजिस्ट्रेशन कर 31 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी रोजगार संगम पोर्टल पर लॉगिन कर उक्त रिक्तियों की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# कार चालक ने मारी टक्कर, हादसे में बाइक सवार के पैर की हड्डी टूटी



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** कविनगर क्षेत्र के गोविंदपुरम में सीएनजी पंप के पास बाइक सवार दंपती को तेज रफ्तार कार चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में पति के पैर की हड्डी टूट गई। जबकि, उनकी पत्नी भी घायल हो गईं। मामले में पत्नी अर्चना ने थाने में कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अर्चना शर्मा ने बताया कि 25 फरवरी की शाम को वह पति के साथ बाइक पर दूध लेकर घर जा रही थीं। जैसे ही सीएनजी पंप के पास से घर के लिए मुड़े तो पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गिर गए और कार चालक महिला ने पति के पैर पर कार चढ़ा दी। हादसे में पति के दाएं पैर की हड्डी टूट गई और उनके भी गंभीर चोट आई है। उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। बड़ा ऑपरेशन हुआ है। एसीपी स्वंतत्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

▸▸ मथुरा में दो बहनों व उनके परिवार के साथ हुई दरिंदगी

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी कार्यालय पर गाजियाबाद के जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र जाटव व महानगर अध्यक्ष मोहित सूद वाल्मीकि के नेतृत्व में तथा वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के नाम गाज़ियाबाद के जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया । मथुरा में दो बहनों व उनके परिवार के साथ हुई दरिंदगी की खबर सुन कर पार्टी के मुखिया चंद्रशेखर आजाद उस परिवार से मथुरा से मिलकर दिल्ली लौट रहे थे तभी अचानक मथुरा जिले के गांवों के बीच में ही एडवोकेट चंद्रशेखर आजाद राष्ट्रीय अध्यक्ष आज़ाद समाज पार्टी काशीराम भीम आर्मी चीफ, सांसद लोकसभा नगीना की गाड़ीयो के काफिले पर कुछ मनुवादी सोच रखने वालों ने पत्थरबाज़ी की जिसमें कुछ गाड़ी के शीशे फूटे ओर कुछ कार्यकर्ताओं को चोटे आई हैं । इसके अलावाअन्य जिलों में बारातीयों को पीटा जा रहा है कभी घोड़ी पर बैठने के लिए भी पीटे जाने की घटनाएं सामने आ रही है। कभी डीजे पर गाने बजाने की वजह से पीटा जाता है तो कभी दलित समाज को छोटी जात बोल कर पीटा जा रहा है। मेरठ के सरधना के एक गांव में भी बारात को तथा महिलाओं को मनुवादियों द्वारा पीटा गया ।इन घटनाओं ने पूरे भारत देश के अंदर बहुजन समाज के लोगों में रोष पैदा कर दिया है। मोहित सूद ने कहा कि अब ये अपमान बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अगर ये शासन प्रशासन ऐसे ही हाथ पर हाथ रखकर बैठा रहा तो भारत देश के अंदर भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी कांशीराम के नेतृत्व में एक बहुत बड़ा आंदोलन होगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी देश व राज्यों के शासन प्रशासन की होगी । महामहिम राष्ट्रपति से पार्टी की ओर से यह मांग रखी गई की ऐसे राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू करके कानून का राज लागू किया जाए।

# बारातियों पर हमले के मामले में दो नाबालिग सहित पांच आरोपी दबोचे



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** कुशलिया गांव में डीजे बजाने को लेकर बरातियों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो नाबालिग सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में अन्य लोगों की भूमिका की पुलिस जांच कर रही है। एसीपी लिपि नगायच ने बताया कि कुशलिया गांव में संतोष सैनी की बेटी की शादी थी। बरात मेरठ से आई थी।

चढ़त जब नूरहसन के घर के बाहर पहुंची तो वहां कुछ लोगों ने डीजे बजाने से मना किया। कहा कि नूरहसन के इकलौते बेटे की मौत हुई है। घर में मातम है। इसलिए आगे जाकर डीजे बजाएं। कुछ देर के लिए डीजे बंद हो गया, लेकिन कुछ आगे जाकर बरातियों ने दोबारा से डीजे बजवा दिया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामले में घनश्याम ने रिहान, साकिब, अनस समेत अन्य के खिलाफ जानलेवा हमले की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की। रिहान, शाकिब, अनस को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा दो नाबालिगों को को भी हिरासत में लिया गया। मामले में अन्य लोगों की भूमिका की पुलिस जांच कर रही है।

# फ्लैट ओनर्स फेडरेशन द्वारा भव्य वसंत उत्सव का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो



**गाजियाबाद।** फ़्लैट ओनर्स फेडरेशन राजनगर एक्स्टेंशन ने प्रकृति की मनोरमता और ऋतुराज वसंत के प्राकृतिक सौन्दर्य के धरती पर आगमन को अपने आप से जोड़ते हुए होली मिलन का शानदार आयोजन किया। इसी अवसर पर फेडरेशन के नए कार्यालय का भी उदघाटन फेडरेशन की इकाई के अध्यक्ष राजकुमार त्यागी द्वारा फीता काटकर किया गया जिसके गवाह बने फेडरेशन के कानूनी सलाहकार एवं पूर्व पार्षद एडवोकेट संजीव त्यागी ,राजनगर एक्स्टेंशन के निवासीगण और विभिन्न सोसायटी के नव निर्वाचित अपार्टमेन्ट एशोसिएशन के अधिकारीगण साथ ही मृत्यो मा अमृतोगम्य के सिद्धांत पर चलने वाले फिट प्लस फिजियोथेरेपी एंड फिटनेस स्टूडियो÷ जिसका लक्ष्य ही है 'फैट को फिट में बदलना÷ के फिजियोथेरेपी कक्ष का भी उद्घाटन फेडरेशन की महिला सदस्यों के द्वारा किया गया।

नयी ऊर्जा एवं नए शुरुआत की ओर कदम बढाते फेडरेशन के सदस्यगणों और बिभिन्न सोसायटी के नव निर्वाचित एवं सम्मानित निवासियों के इस होली मिलन उत्सव ने सामाजिक सरोकार की एक अविस्मरणीय रेखा खींची जिसका श्रेय फेडरेशन को जाता है। अध्यक्ष राजकुमार त्यागी ने अपने सम्बोधन में इस बात पर गर्व महसूस किया कि कर्नल टी पी त्यागी के मार्गदर्शन में फेडरेशन निवासियों के हित में समाज एवं मानवता के सकारात्मक पहल के लिए हर पल तैयार रहता है। उन्होंने सभी को फेडरेशन के साथ जुड़ने और एक सशक्त सकारात्मक वातावरण तौयार करने का आग्रह भी किया।

ये रंग जानते हैं केवल प्यार की बोली ,सबको फेडरेशन की ओर से हैपी होली÷ की बधाई के साथ ही महासचिव कैप्टन गोपाल सिंह ने पूरे कार्यक्रम का संचालन बड़े ही साहित्यिक एवं रंगीले अंदाज में करते हुए सबको खूब गुदगुदाया वही वरिष्ठ प्रकोष्ठ के प्रमुख शरद सिंघल ,महिला प्रकोष्ठ की प्रमुख डाक्टर नीतिका शुक्ला, मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष वेद प्रकाश वर्मा, संयुक्त सचिव अरुण शुक्ला आदि के द्वारा उपस्थित समानित जनों को टीका लगाकर ,होली की टोपी पहनाकर एवं राधे रंग में रंगे पटका पहना कर स्वागत सम्मान किया गया। जीवन के रंग में होली के रंग भरते हुए फेडरेशन के अध्यक्ष राजकुमार त्यागी शरद सिंघल,सक्रिय सदस्य चन्द्र प्रकाश गुप्ता, श्री मति ममता शर्मा आदि ने अपने संगीतों एवं कविताओं से वातावरण में हास और हुलास के रंग भरे। इस अवसर पर फेडरेशन ने डाक्टर ए के सिन्हा , चन्द्र प्रकाश गुप्ता ,राजेश मिश्रा,दीपक मिश्रा एवं महिला टीम के लिए डाक्टर दर्शन अग्रवाल, संध्या त्यागी ,डाक्टर पल्लवी त्यागी ,रश्मि चौहान ,डाक्टर लावण्या की सक्रियता को चिन्हित कर फेडरेशन से जोड़ते हुए नए सदस्य के रूप में उनके नाम की घोषणा की।

इस अवसर पर स्टार रामेश्वरम ,श्री राम हाइट्स, गुलमोहर गार्डेन, युनिनव हाइट्स सोसायटी के नव निर्वाचित ए ओ ए के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया एवं उनके द्वारा समाज हित हेतु लिए गए संकल्प के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की बात भी कही।

# बूथ अध्यक्षों से संवाद कर बनाई विधान चुनाव की रणनीति



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** मारहरा उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने से पूर्व ही समाजवादी पार्टी अपने विधानसभा सभा क्षेत्रों के पोलिंग बूथों की जातिगत समीक्षा रिपोर्ट तैयार करा रही है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सोनू शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र मारहरा के सैक्टर त्रिलोकपुर के बूथ पिदौरा नगला कलुआ खकरई समसपुर जाहिदपुर गोकनी सराय जरेलिया लालपुर के बूथ प्रभारियों से मुलाकात एवं संवाद कर समीक्षा बैठक की और बूथों के जातिगत आंकड़ों की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सभी बूथों पर युवाओं के अधिक जोड़ने की सलाह दी। और सभी बूथ प्रभारियों को अपने अपने बूथ पर पार्टी हित में गंभीरता से कार्य करने को कहा। जिला सचिव सोनू शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष परवेज़ ज़ुबैरी के निर्देशन पर जनपद की सभी विधानसभा के बूथों की जातिगत समीक्षा की जानी है। इसी क्रम में यह कार्य मारहरा विधानसभा क्षेत्र में किया जा रहा है। अन्य सभी बूथों की जातिगत समीक्षा रिपोर्ट तैयार करके प्रदेश कार्यालय, विधानसभा के प्रभारी सह प्रभारी, व अध्यक्ष, को सौंपी जायेगी।

# महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** आगरा के थाना ट्रांस यमुना अंतर्गत टेढ़ी बगिया में सुबह बोरे में एक महिला का शव मिला है। महिला का गला धारदार हथियार से रेता गया है। हत्या कर शव को बोरे में भरा गया है। बोरा खाली प्लाट में पड़ा मिला है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और डीसीपी सिटी ने भी पहुंचकर जांच की। पुलिस ने पृथम दृष्टया हत्या का कारण मृतका के बेटे का अपनी मामी से अनैतिक संबंधो का विरोध करने को माना है। पुलिस ने बताया कि मृतका की शिनाख्त गीता देवी पत्नी प्रताप सिंह निवासी माता वाली गली टेढ़ी बगिया के रूप में हुई है। गीता और प्रताप मजदूरी करते हैं। इनके तीन बच्चे हैं। बेटी रोशनी की शादी हो गई है। भूरा 19 साल का है। जबकि एक और छोटा बेटा है। गीता के घर के सामने ही उसका भाई रवि अपनी पत्नी रोशनी के साथ रहता है। पुलिस जांच में पता चला है कि बेटे भूरा का घर के सामने रहने वाली मामी रोशनी के साथ कुछ माह से मेलजेल बढ़ गया था। दोनों एक दूसरे को पसंद करने लगे थे। 16 फ़रवरी को भूरा अपनी मामी रोशनी के साथ घर से भाग गए थे। करीब 8 दिन बाद भूरा वल्लभगढ़ में मिला था।

परिजन उसे वापस ले आए थे। रोशनी भी दो दिन बाद घर वापस आ गई थी। इस मामले को लेकर रवि और गीता के परिवार में विवाद भी हुआ था। घर में पंचायत हुई थी। इसमें प्रताप की बहन भी आई थी। आरोप था कि यहां पर आपस में मारपीट भी हुई। भूरा और रोशनी ने 112 पर फ़ोन कर पुलिस को भी बुलाया था। दोनों थाने पहुंच गए थे और वहां पर शादी करने की बात कही थी। बताया गया है कि 1 मार्च को रोशनी और भूरा ने कोर्ट मैरिज कर ली थी। पुलिस इसकी जांच कर रही है। इसको लेकर प्रताप गुस्से में था। पुलिस को शक है कि रवि ने ही अपनी बहन की हत्या की है। गीता के पति प्रताप ने बताया कि कल गीता अपने भाई रवि के घर आई थी। रात को वो घर नहीं लौटी। जिस घर में रवि रहता है, उसमें अन्य किराएदार संतोष भी रहता है। संतोष सुबह 4 बजे वापस लौटा था। उस समय रवि ने गेट खोला था। इसके कुछ देर बाद रवि घर से चला गया। सुबह 6 बजे पड़ोस की महिला ने छत से घर के बगल में कूड़ा फेंका तो उसे बोरे में पैर दिखाई दिए। जिसके बाद पड़ोसी महिला ने शोर मचाया। तब मुहल्ले वाले इकट्ठे हुए और पुलिस को सूचना दी गई। बाकी सभी फ़रार थे लेकिन वहां पर गीता का छोटा बेटा कुलदीप भी आ गया।

उसने गीता की शिनाख्त अपनी मां के रूप में की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। डीसीपी सिटी ने बताया कि महिला की हत्या का कारण बेटे और सामने रहने वाली मामी के अनैतिक संबंधो का विरोध करने के कारण भाई गुस्से में था उसने ही हत्या की है। या ये भी हो सकता है कि उसके बेटे और उसकी प्रेमिका मामी ने हत्या की हो। फ़िलहाल सभी पहलुओं को शामिल करते हुए जांच की जा रही है।

# विकसित भारत के लिए नवाचार जरूरी, कॉलेज में दिए गए पुरस्कार

लोकमित्र ब्यूरो

**आगरा।** आगरा कॉलेज के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा विज्ञान दिवस के अवसर पर डॉ. एसएमएल गुप्ता स्मृति पुरस्कार, एयर कमोडोर अशोक सरकार स्मृति पुरस्कार और तारा चंदन स्मृति पुरस्कार वितरण समारोह में छात्रों को प्रमाण पत्र व नगद पुरस्कार दिए गए। इस दौरान आयोजित व्याख्यान में विकसित भारत के लिए नवाचार के लिए जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक प्रिंसिपल प्रो. आरके श्रीवास्तव ने किया। डॉ. एसएमएल गुप्ता स्मृति व्याख्यान में मुख्य वक्ता एडीआरडीई के वरिष्ठ वैज्ञानिक विपिन वर्मा ने विज्ञान दिवस पर व्याख्यान देते हुए कहा कि भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में खड़ा करने के लिए युवाओं में कौशल का विकास करना होगा और रिसोर्सफुल बनना होगा। हमें अपनी आवश्यकता के अनुसार अपने मानक विकसित करने होंगे। उन्होंने भारत के रक्षा अनुसंधान विभाग द्वारा रक्षा के क्षेत्र में भारत के आत्मनिर्भर बनाने की प्रयासों की चर्चा की। कनाडा निवासी व विभाग के पूर्व छात्र भगवान कुमार गुप्ता ने स्वस्थ रहने के लिए ओरल हाइजीन के महत्व पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने विभाग की प्रयोगशालाओं के लिए आवश्यक उपकरण भी दान किये। रसायन विज्ञान विभाग अध्यक्ष प्रो. संचिता सिंह ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. अमित अग्रवाल ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। धन्यवाद ज्ञापन प्रो. वंदना द्विवेदी ने किया। प्रो. आशीष कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रो. अवधेश जौहरी एवं गौरव प्रकाश ने तीनों पुरस्कार दाताओं का परिचय पढ़ा। कार्यक्रम के दौरान प्रो. एससी गोयल, प्रो. एससी अग्रवाल, संयोजक प्रो. स्मिता चतुर्वेदी, प्रो. संजय राय, प्रो. विपिन सिंह, प्रो. कल्पना चतुर्वेदी, प्रो. विनीता गुप्ता, प्रो. विनोद कुमार, डॉ. भूपेंद्र सिंह, प्रो. एमएस यादव, प्रो. अमित चौधरी, डॉ.राजेश वर्मा, डॉ. हृदेश कुमार, चेतन गौतम, डॉ. निधि जौहरी आदि मौजूद रहे।

# फायर-ब्रिगेड से काशी पहुंचा संगम से 12000 लीटर जल

लोकमित्र ब्यूरो

**वाराणसी।** महाकुम्भ में अमृत स्नान से वंचित रह गए काशीवासियों के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी संगम नगरी प्रयागराज से 12 हजार लीटर जल लेकर वाराणसी पहुंच चुका है। वाराणसी पुलिस लाइन से 04 मार्च मंगलवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे से वितरण का शुभारंभ होगा। इच्छुक श्रद्धालु जल पात्र लेकर पुलिस लाइन पहुंचकर अमृत जल प्राप्त कर सकता है। वाराणसी फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ी अभी प्रयागराज में है। तीनों गाड़ियों से भी लगभग 36 हजार लीटर जल काशी लाया जाएगा।

फायर ब्रिगेड के अनुसार किसी भी समय गाड़ियां वाराणसी आ सकती है। दूसरे चरण में आने वाली गाड़ियों में मौजूद अमृत जल का वितरण भी पुलिस लाइन से ही होगा। चीफ फायर ऑफिसर आनंद सिंह राजपूत ने बताया कि अभी एक गाड़ी आई है जो चेतगंज फायर स्टेशन पर खड़ी है। जल का वितरण काशीवासियों के बीच होना है। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल 04 मार्च को पुलिस लाइन में जल वितरण का शुभारंभ करेंगे।

45 दिनों तक चले महाकुंभ में 60 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रयागराज में अमृत स्नान किया। देश विदेश के कोने कोने से श्रद्धालु त्रिवेणी पहुंचे। प्रयागराज में उमड़े जनसैलाब के चलते बहुत सारे श्रद्धालु प्रयागराज चाहकर भी नहीं पहुंच पाए। कई ऐसे लोग भी है जो आस्था होने के बाद भी किसी न किसी कारण से अमृत स्नान से वंचित रह गए।

सरकार ने वंचित लोगों को स्नान कराने के लिए अनूठी योजना तैयार की। महाकुंभ में उत्तर प्रदेश के सभी जिलों से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां सुरक्षा व्यवस्था में संगम नगरी प्रयागराज पहुंची थी। महाकुंभ के समापन के बाद गाड़ियां वापस होने की तैयारी में थी कि योगी सरकार ने अपने जिलों को लौट रही फायर ब्रिगेड की सभी गाड़ियों में संगम का जल भरकर ले जाने का फरमान जारी हुआ। प्रयागराज में मौजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों में क्रमवार जल भरकर संबंधित जिलों में भेजा जा रहा है। प्रयागराज से काशी आने वाले अमृत जल का वितरण चेतगंज और भेलूपुर फायर स्टेशन से किया जा सकता है। दोनों स्थानों पर भीड़ उमड़ सकती है, इसलिए वितरण की अन्य व्यवस्था पर भी विचार किया जा रहा है। सरकारी राशन की दुकानों के जरिए या फिर पार्षद और ग्राम प्रधान के जरिए भी प्रयागराज से आए जल का वितरण काशी में कराया जा सकता है।

संक्षिप्त खबरें

## एसपी द्वारा दी गयी पदोन्नति की शुभकामनाएं



**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा सोमवार को जनपद के थाना गौरीगंज में नियुक्त उपनिरीक्षक पदोन्नत होकर निरीक्षक बने शिवाश्रय राम को स्टार लगाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी एवं बताया गया कि आज से पुलिस विभाग व समाज के प्रति आपका दायित्व एवं कर्तव्य और बढ़ गया है, जिसे और जिम्मेदारी के साथ निभाकर अपने दायित्वों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करना है।

## पेचकस मारकर ऑटो चालक की निर्मम हत्या

**गाजियाबाद।** क्रासिंग रिपब्लिक थानाक्षेत्र में ऑटो चालक की पेचकस घोंपकर हत्या कर दी गई। गुरुग्राम निवासी शिवम (23) दोस्त से मिलने क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र की बागू कालोनी में आया था। जहां दोनों दोस्तों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। बताया गया कि विवाद के दौरान आरोपी दोस्त ने शिवम के पेट में पेचकस घोंप दिया। घायल शिवम को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सोमवार की सुबह शिवम की मौत हो गई है। शिवम मूल रूप से फिरोजाबाद का रहना वाला था।

## थाना फुरसतगंज का किया निरीक्षण

**अमेठी।** सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा थाना फुरसतगंज का अर्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। महोदय द्वारा थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार, दंगा नियन्त्रण उपकरण, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क व अभिलेख के रख-रखाव आदि का निरीक्षण किया गया। थाना परिसर, कार्यालय आदि की साफ-सफाई व रजिस्टरों का रखरखाव संतोषजनक पाया गया। प्रभारी निरीक्षक फुरसतगंज एवं उपस्थित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण को अपराध नियत्रंण, लंबित विवेचना व शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये।

## पुलिस द्वारा किया गया पैदल गश्त



**अमेठी।** जनपद में शांति, सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा मिशन शक्ति नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं/बालिकाओं एवं आमजनमानस में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा जायस में भीड़भाड़ एवं संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त किया गया तथा मुख्य मार्गों एवं चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई।

## प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर हुआ भंडारा



**निन्दूरा।** विकास खण्ड निन्दूरा क्षेत्र के बिसाई गांव सोमवार को विशाल ब्रिक फील्ड स्थित प्रांगण में शिव मंदिर पर प्रथम वर्षगांठ पर भंडारे का आयोजन सोमवार को शिव मंदिर पर प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाया गया भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पूरी सब्जी खीर सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर शिव विशाल निगम सुधीर निगम माया निगम आशुतोष निगम पुनीत निगम श्याम जी द्विवेदी रामकिशोर निगम देशराज यादव रामसजीवन यादव रामदुलारे दिनेश बाजपेई आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की बैठक आज

**अमेठी।** जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि माह फरवरी-मार्च 2025 की जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति, औद्योगिक सुरक्षा फोरम समिति, व्यापार बन्धु, श्रम बन्धु, एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन इकाई तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार (नवीन परिसर) गौरीगंज में 04 मार्च 2025 को अपरान्ह् 4 बजे आयोजित की जायेगी। इस क्रम में उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों, उद्यमी बन्धुओं एवं निवेशकों से गत बैठक की अनुपालन सहित ससमय प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

## एसपी ने की गयी जनसुनवाई



**अमेठी।** सोमवार को पुलिस कार्यालय गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनसुनवाई की गयी। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुना गया तथा उनके समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। तो वहीं उ0नि0 राजेश श्रीवास्तव थाना मुसाफिरखाना द्वारा मुकदमा से संबंधित प्रकाश में आये मोटरसाइकिल सवार दो अभियुक्त एक सुरजीत सरोज पुत्र उदय राज उम्र करीब 19 वर्ष, दूसरा बीरेन्द्र कुमार पुत्र रामउदित उम्र करीब 20 वर्ष निवासीगण पूरब बेसारा थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी को धरौली चौराहा के पास से समय करीब 12.15 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल के कागज मांगने पर दिखा न सके। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम दोनो ने इस मोटरसाइकिल को दिनांक 15.02.2025 की रात्रि में गांव के ही विनोद कुमार के घर से चोरी किया था। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

# भेदभाव मिटाता है एकता का संदेश साक्षी महाराज

लोक मित्र संवाद




**पाटन उन्नाव।** महाकुंभ जात-पात, ऊंच नीच के भेदभाव को मिटा कर एकता का संदेश दे गया है। महाकुंभ में सरसठ करोड लोगों ने स्नान किया। वहां कहीं यह नही लिखा दिखा कि यह अमीरों का घाट है, पिछडे दलितों का घाट है। वहां एक ही घाट पर अमीरी, गरीबी, दलित, क्षत्रिय, ब्राम्हण सभी ने एक साथ स्नान किया। यह कुंभ उन लोगों के मुंह पर तमाचा है जूता है जो हमें और हमारी पार्टी को बदनाम करने के लिए जातिवाद का आरोप लगा रहे हैं। आज कुंभ की चर्चा दुनिया में है। सबसे शक्तिशाली देश अमेरिका भी कुंभ को देख हतप्रभ है। यह बाते बक्सर स्थित सिध्दपीठ मां चंडिका देवी दरबार में विधायक निधि से कॉरिडोर के सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण समारोह में उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने कही। उन्होने भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ल द्वारा कराये गये विकास कार्यों की सराहना करते हुये कहा कि यहां के विधायक ने माता के दरबार में जो कार्य किया है वह नींव का पत्थर है। जब तक मंदिर है।

यह विकास कार्य जीवित रहेगा। लोग वोट पर नजर डालते हैं लेकिन विधायक ने माता के दरबार पर नजर डाली है। भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ल ने कहा कि मेरा प्रयास क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य कराने का है। जो भी हमसे होगा वह करते रहेंगे। उन्होने मौजूद लोगों से विकास कार्यों में कमी नजर आने पर मार्गदर्शन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन विक्रांत सिंह ने किया। इस अवसर पर मुन्ना सिंह, सिद्धार्थ दीक्षित, बैजनाथ सिंह, सुधीर शर्मा, प्रिन्शू सिंह, गोविंद नारायण शुक्ल, अमितेश सिंह नंदू, हेमंत द्विवेदी, ज्ञान शुक्ला, सोनी शुक्ला, रामबदन आदि लोग मौजूद रहे। बंद गेस्ट हाउस को चालू कराने के लिए पचास लाख स्वीकृत उन्नाव सांसद साक्षी महाराज ने सांसद निधि से बक्सर में नवनिर्मित बंद पडे गेस्ट हाउस को चालू कराने के लिए पचास लाख रूपये सांसद निधि से देने की बात कही। उन्होने कहा कि यह पैसा स्वीकृत हो चुका है जल्द काम शुरू होगा।

# एसपी द्वारा थाने का किया गया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा थाना मुसाफिरखाना का वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक महोदया को सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना परिसर, कार्यालय, शस्त्रागार,सीसीटीएनएस कार्यालय, मेस, बैरिक, महिला हेल्प डेस्क व अभिलेख एवं माल मुकदमाती के रख-रखाव आदि का निरीक्षण किया गया।

थाना परिसर, कार्यालय आदि की साफ-सफाई व रजिस्टरों का रखरखाव संतोषजनक पाया गया। प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना एवं उपस्थित अधिकारी कर्मचारीगण को अच्छी वर्दी धारण करनें, थाने पर आने वाले फरियादियों से मित्रवत व्यवहार करते हुये उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारित करने, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियत्रंण, महिला संबंधी अपराधों पर प्रभावी रोकथाम, लंबित विवेचना, लंबित माल निस्तारण एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु आवश्यक आदेश निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह व अन्य अधि0 कर्म0 गण मौजूद रहे।

## युवक ने ट्रेन से कटकर की खुदकुशी, मचा कोहराम

**शुक्लागंज, उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के भटपुरवा निवासी एक युवक ने रविवार देर शाम सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास बाइक खड़ी कर डाउन लाइन से जा रही ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पीएम के लिये भेजा है। भटपुरवा निवासी बेचेलाल राजपूत का 21 वर्षीय बेटा सचिन राजपूत रविवार शाम करीब साढ़े सात बजे बाइक से घर से निकला। जहां बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रासिंग के पास बाइक खड़ी की। जिसके बाद डाउन लाइन से लखनऊ की ओर जा रही ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। ट्रेन का पहिया गुजरने से उसका शरीर दो हिस्सों में बंट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी गेटमैन ने एसएस को दी। जिस पर जीआरपी मौके पर पहुंची। वहीं एसएस ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को मेमो भेजा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को ट्रैक से हटवाया। जिसके बाद शव का पंचनामा भर पीएम के लिये भेजा है। वहीं युवक की मौत पर परिजनों में कोहराम मच गया।

# एसडीएम और सीईओ, द्वारा थानों पर की गयी गोष्ठी



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में सोमवार को आगामी त्यौहारों होली, रमजान एवं ईद के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी अमेठी व क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र द्वारा थाना रामगंज पर एवं उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना व क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह द्वारा थाना जगदीशपुर पर थानाक्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरूओं, एस-10, डिजिटल वॉलेंटियर्स व ग्राम प्रहरी के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी। मीटिंग में आपस में प्रेम व सौहार्दपूर्वक त्यौहार मनाने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने एवं अफवाहों को फैलने से रोकने आदि के सम्बन्ध में आमजन को जागरूक करने व पालन करने हेतु अपील की गयी। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक जगदीशपुर, प्रभारी निरीक्षक रामगंज व अन्य अधि0/ कर्म0 गण मौजूद रहे।

# दिव्य कलश यात्रा से गुंजायमान हुआ रामनाथपुर



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** जिले की विधानसभा अमेठी की ग्राम पंचायत महमूदपुर के रामनाथपुर बड़ा में सोमवार को श्रीमद्भागवत कथा के पहले भक्ति, उल्लास और दिव्यता से भरपूर कलश यात्रा निकाली गई। मंगलवार 4 मार्च से कथा प्रारंभ होगी और कथा का समापन 11 मार्च को होगा,कथा शंकराचार्य श्री स्वामी वासुदेवानंद सरस्वती जी महाराज ज्योर्तिमठ उत्तराखंड के कृपा पात्र शिष्य आचार्य श्री अरुण कुमार त्रिपाठी जी के मुखारविंद से कथा का आयोजन किया गया है। कलश यात्रा के दौरान कथा वाचक आचार्य महाराज जी ने बताया कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म, अन्याय और अत्याचार बढ़ता है, तब-तब भगवान स्वयं अवतरित होते है, महिलाओं एवं श्रद्धालुओ द्वारा भाव-विभोर होकर नृत्य करते हुए कलश यात्रा को भक्तिमय बनाने में सहयोग किया गया, कथा के मुख्य यजमान, कैलाश नाथ मिश्रा, जी हैं और और स्वागत एवं सहयोग में रामबहोर मिश्र राम मूरत मिश्रा प्रमोद कुमार मिश्रा अनिल कुमार विनोद कुमार रमेश नारायण मिश्रा अनिरुद्ध कुमार राहुल रोहित शुभम मिश्रा सहित सभी पूरे रामनाथ पुर बड़ा में भक्ति और उल्लास का ऐसा दिव्य संगम था कि हर भक्त का हृदय प्रेम, श्रद्धा और आनंद से ओतप्रोत हो उठा।

# नियमों के विरुद्ध डीजे बजाने पर होगी सख्त कार्यवाही



लोकमित्र ब्यूरो

**मसौली बाराबंकी।** क्षेत्राधिकारी रामनगर शौरभ श्रीवास्तव एव प्रभारी निरीक्षक यसकांत सिंह ने सोमवार को थाना परिसर में डीजे संचालकों की एक बैठक कर शासन की मंशानुरूप डीजे बजाने के निर्देश दिये तथा नियमों के विरुद्ध डीजे बजाने पर कार्यवाही की चेतावनी दी। सीओ रामनगर शौरभ श्रीवास्तव ने डीजे संचालकों को आगामी त्यौहार होली मे बिना अनुमति के डीजे नही बजाने के निर्देश दिये।अनुमति प्राप्त होने के बाद मानक के अनुरूक निर्धारित समय तक ही डीजे बजेगा तथा कोई भी अश्लील, साम्प्रदायिक तनाव के गाने नही बजाया जाएगा, अथवा नारेबाजी की जायेगी यदि कोई नियमों का अवहेलना करेगा तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई किया जायेगी। प्रभारी निरीक्षक यसकान्त सिंह ने डीजे संचालको से कहा कि यदि कोई भी डीजे संचालक थाना क्षेत्र से अलग कही भी डीजे का बयाना लेता है तो उसकी जानकारी थाने पर अवश्य दे। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि होली के दौरान यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक अथवा अश्लील गाने बजाने का दबाव बनाता है तो डीजे को बंद कर डायल 112 अथवा स्थानीय थाने को सूचना दे।

# तीसरी रेल लाइन की पटाई में चौकाघाट से घाघरा घाट तक अपनी ही जमीन खुदवाने में जुटा रेल विभाग

> नियम कानून की धज्जी उड़ाकर ठेकेदार ले जा रहा बलुई मिट्टी, मशीनों से हो रही गहरी खुदाई

लोकमित्र ब्यूरो



**रामनगर, बाराबंकी।** अपनी ही जमीन खुदवाने पर रेलवे विभाग तुला है।तीसरी लाइन के लिए जो मिट्टी पटाई ठेकेदार कर रहा है वो रेलवे की जमीन खोद कर हो रही है। केसरीपुर क्रासिंग से लेकर चौकाघाट घाघरा घाट तक मिट्टी पाटी जा रही है।

रेलवे ने तीसरी लाइन बनाने के लिए लखनऊ से गोंडा रल लाइन का ठेका दिया है जिसके लिए रेल पटरी बिछाने के लिए मिट्टी पटाई हो रही है।मिट्टी ठेकेदार बाहर से न लाकर रेलवे की जमीन ही खोद कर पाट रहे हैं।धडल्ले से जेसीबी मिट्टी खुदाई कर डमफरों पर लोड कर रही है । मिट्टी इतनी गहराई में खोदी जा रही है जितनी परमीशन में भी अनुमन्य नहीं होती।रेलवे के अधिकारियो की सहमति से ठेकेदार खुदाई कर रहे।ऐसा नही है कि रेलवे की मिट्टी खोदे जाने की शिकायते न हुई हो मगर कार्यवाही कोई नही हुई। मिट्टी खुदाई से रेलवे की अन्य लाइने भी बरसात के समय होने वाले जलभराव से प्रभावित हो सकती हैं और हाइवे भी मगर तब भी मनमानी जारी है।बाहर से मिट्टी लाकर पटाई करने के बजाय नदी की बालू तक पाटी गई है। चौकाघाट के आगे तो ठेकेदार ने रेलवे बाँध किनारे तक खोद डाला है।

ब्रहद स्तर पर मशीनों से रेल व नदी जमीन की बलुई मिट्टी खुदाई पर किसी प्रकार का कोई अंकुश नहीं लग पा रहा है। रेलवे के पी डब्लू आई भी इस मामले पर चुप्पी साधे हैं। खनन नियमों में पहले से निर्धारित रेल पटरी व हाइवे से दूरी के मानक का भी पालन नही हो रहा। वन्य जंगल के पास तक खनन किया गया है।

## खेत की रखवाली करने जा रहे युवक की हत्या

**गोण्डा।** जिले के ग्राम पिपरी सागर महादेव में एक युवक की हत्या हो गई। जहां कल शाम को गेहूं के खेत की रखवाली करने जा रहे 22 वर्षीय पवन तिवारी उर्फ मनोज तिवारी पर गांव के ही कुछ दबंगों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना गांव के पास स्थित पोखरा के निकट हुई। आरोपी भोला, आदित्य, संतोष, संजय और देवी प्रसाद ने युवक पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला किया। युवक के चीख-पुकार की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग बचाने दौड़े। इसके बाद आरोपी मौके से फ़रार हो गए। गंभीर रूप से घायल पवन को पहले गोंडा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफ़र कर दिया। रास्ते में ही युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर सीओ आनंद कुमार राय और कोतवाल देहात पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। मृतक के पिता विजय कुमार तिवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# जनपद में धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता लागू

> उन्होंने बताया कि आगामी पर्व/त्यौहारों के दौरान अत्याधिक सावधानी बरते तथा किसी प्रकार के जूलूस इत्यादि प्रशासन से अनुमति लेने के बाद ही आयोजित किया जाये

लोकमित्र ब्यूरा

**अमेठी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट(वि0/रा0) अर्पित गुप्ता ने बताया कि माह मार्च 2025 में 13 को होलिका दहन, 14 व 15 को होली, 28 को जमात-उल-विदा(अलविदा)/रमजान का अन्तिम शुक्रवार, 30 को चेटीचन्द जयन्ती, 31 को ईद-उल-फितर एवं माह अप्रैल 2025 में 05 को महराज निषादराज गुह्य जयन्ती, 06 को रामनवमी, 10 को महावीर जयन्ती, 14 को डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जन्मदिवस, 17 को चन्द्रशेखर जयन्ती, 18 को गुड फ्राईडे, 19 को ईस्टर सैटरडे, 21 को ईस्टर मन्डे, 29 को परशुराम जयन्ती आदि पर्वो, माध्यमिक शिक्षा परिषद उ0प्र0 तथा विभिन्न संस्थाओं द्वारा आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने तथा जनसामान्य के जीवन की सुरक्षा हेतु वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार जनहित में भा0ना0सु0सं0-2023 की धारा-163 का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए यह निषेधाज्ञा 01 मार्च 2025 से 29 अप्रैल 2025 तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी रहने के साथ ही जनपद की सीमा में सामान्य रूप से रहने व आने-जाने वाले सभी नागरिकों/व्यक्तियों पर लागू होगी तथा निषेधाज्ञा का उल्लंघन भा0न्या0सं0 (बी0एन0एस0) की धारा-223 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा। उन्होंने बताया कि आगामी पर्व/त्यौहारों के दौरान अत्याधिक सावधानी बरते तथा किसी प्रकार के जूलूस इत्यादि प्रशासन से अनुमति लेने के बाद ही आयोजित किया जाये, सार्वजनिक स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति एक साथ एकत्रित न हो, किसी प्रकार से धार्मिक उत्तेजना फैलाना (ऐसा भाषण देना, सामग्री वितरण आदि) व जूलुस, सामाजिक विद्वेश पूर्ण कार्य, व्यवहार, आचरण एवं व्यक्तियों के बीच वैमनस्य व भ्रम फैलाना, धार्मिक जातीय वर्गीय विभाजन सम्बन्धी कोई भी कथन व कृत्य पूर्णतया प्रतिबंधित होगा तथा किसी भी व्यक्ति या समूह द्वारा मार्ग व विद्युत लाइन की गतिशीलता का अवरोध और न ही इसके लिए किसी को दुष्प्रेरित करेगा साथ ही किसी विद्युत उपकेन्द्रों/कार्यालय व विद्युत संयंत्रों को क्षति नही पहुँचायेगा एवं कोई भी व्यक्ति घातक हथियार तथा ढेला, ईंटा, पत्थर, सोडा वाटर की बोतलें आदि एकत्र न करें, डी0जे0/लाउडस्पीकर का सार्वजनिक प्रयोग बिना अनुमति वर्जित होगा।

इसके साथ ही उन्होंने बताया कि आदेश के व्यापक प्रचार-प्रसार सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में लाउडस्पीकर द्वारा करायेंगे तथा आदेश की प्रतियाँ प्रमुख स्थल, तहसील, स्थानीय निकाय के कार्यालयों तथा कलेक्ट्रेट के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जाय।

# नहीं थम रहा सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा

> लेखपाल और कानूनगो की मिली भगत से होता नजर आता है अतिक्रमण

> हल्का लेखपाल निलंबित, जांच टीम गठित



लोकमित्र ब्यूरा

**अमेठी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार लाख कोशिश कर ले और साथ ही जिले की जिलाधिकारी कितना भी आदेश कर दे परंतु लेखपाल और कानून गो की मिली भगत से आए दिन सरकारी जमीनों पर कब्जे होते नजर आ रहे हैं शिकायतों के बाद भी लीपा पोती कर अतिक्रमण को बढ़ावा दिया जाता है और बाद में लिखा पढ़ी के नाम पर खाना पूर्ति की जाती है तब तक सरकारी जमीन पर अतिक्रमण हो जाता है और कार्यवाही की जाती है जबकि सरकारी जमीन पर से अतिक्रमण हटाने का प्रदेश सरकार एवं जिलाधिकारी का सख्त आदेश है कि सरकारी जमीनों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए परंतु इसका असर जनपद में देखने कोनहीं मिल रहा,चाहे सरकारी जमीनों की बात हो अथवा तालाबों की उन पर धड़ल्ले से कब्जा हो रहा है,, बात करते हैं नगर पंचायत अमेठी की तो नगर पंचायत कूड़ा डालकर खुद ही तालाबों का अस्तित्व मिटाने में लगा हुआ है जहां भी देखो वहीं तालाब अपनी शक्ल बदलते चले जा रहे हैं जिस कारण आए दिन बरसात के मौसम में जल भराव की भी समस्या उत्पन्न होती है, परंतु किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को खत्म होते अस्तित्व वाले तालाब नजर नहीं आ रहे हैं।

अब बात करते हैंसैकड़ों की संख्या में एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट, पहुंचे ग्रामीणों की तो ग्रामीणों ने लेखपाल और ग्राम प्रधान पर गंभीर आरोप, लगाते हुए शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि ग्राम सभा की जमीन को ग्राम प्रधान और लेखपाल मिलकर बेच देर रहे हैं और सरकार धन का बंदरबांट कर रहे हैं, तीन दिनों से शिकायत लेकर भटक रहे हैं किसान व ग्रामीण,कलेक्ट्रेट पहुंचकर कर पूरे मामले को लेकर एसडीएम से की शिकायत, तो एसडीएम तिलोई ने बताया प्रथम दृष्ट्या जांच में दोषी पाए जाने पर हल्का लेखपाल जितेंद्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तहसीलदार तिलोई के नेतृत्व में जांच टीम गठित कर पूरे मामले की जांच कराई जा रही हैं पूरा मामला तिलोई तहसील के भदैया महमूद पुर गांव का है।

संक्षिप्त खबरें

# पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** एसएसपी अयोध्या राजकरन नय्यर के निर्देशन में अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त की है। पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी नगर शैलेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थाना कैण्ट की पुलिस टीम ने एक जिला बदर अपराधी को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी 02 मार्च 2025 को सहादतगंज क्षेत्र के पास स्थित मारुती सर्विस सेंटर के नजदीक मुखबिर की सूचना पर की गई। गिरफ्तार अभियुक्त बृजेश पाण्डेय पुत्र हरीशचन्द्र पाण्डेय, निवासी 1/8/29 कुम्हार मण्डी सहादतगंज थाना कैण्ट अयोध्या है। बृजेश पाण्डेय पर थाना कैण्ट में धारा 10 उत्तर प्रदेश गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।अधिकारियों के अनुसार, बृजेश पाण्डेय का आपराधिक इतिहास रहा है, और वह वर्ष 2022 में शहर के मस्जिदों में आपत्तिजनक पोस्टर और वस्तुएं डालकर दंगा फैलाने की साजिश में शामिल था। इसके अलावा, बृजेश के खिलाफ थाना कोतवाली में विभिन्न गंभीर मामलों में भी एफआईआर दर्ज है, जिनमें धार्मिक भावनाओं को आहत करने, हत्या के प्रयास और गैंगस्टर एक्ट जैसे आरोप शामिल हैं।

# इग्नू के दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि होंगे धर्मेन्द्र प्रधान




**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** इन्दिरा गाधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) का 38 वां दीक्षांत समारोह 5 मार्च 2025 दिन बुधवार को इग्नू के मुख्यालय मैदान गढ़ी, नई दिल्ली मे आयोजित किया जायेगा। भारत सरकार के शिक्षा मंत्री धर्मेन्द प्रधान इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे तथा वह इस अवसर पर दीक्षांत भाषण भी देंगे।देश भर में फैले इग्नू के 39 क्षेत्रीय केन्द्र भी उपरोक्त तिथि 05.03.2025 को ही एक ही समय पर एक साथ दीक्षांत समारोह आयोजित करेंगे। इग्नू द्वारा विविध स्नातक एवं सनातोकत्तर पाठ्यक्रमों के उत्तीर्ण किये हुए अर्ह अभ्यर्थियों को इस समारोह के दौरान डिग्रियों से नवाजा जायेगा।इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 अनिल कुमार मिश्रा ने स्थानीय फीरोज गांधी कॉलेज स्थित इग्नू अध्ययन केन्द्र को सूचित किया है कि इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ में होने वाले इस दीक्षांत समारोह के विशिष्ट अतिथि डॉ0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ के कुलपति प्रो0 अमरपाल सिंह होंगे। प्रो0 अमर पाल सिंह के दीक्षांत वक्तव्य साथ ही इस अवसर पर इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ में 351 विद्यार्थियों को डिग्रियां प्रदान की जायगी।

# तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर कार की सामने की टक्कर में टैम्पो पलटा, तीन सवारियां घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर रवना मोड़ के पास हरचंदपुर की तरफसे आ रहे सवारी से भरे टेंपो में महराजगंज की ओर से जा रहे एक तेज रफ्तार अनियंत्रित स्विफ्ट डिजायर कार की सामने की टक्कर में टैम्पो पलट गया, जिससे उस पर बैठी दो महिला समेत तीन सवारियां हादसे का शिकार हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस में लाद कर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज ले जाया गया, जहां इलाज किया जा रहा है। आपको बता दें कि, सीएचसी से प्राप्त जानकारी के मुताबिक हादसा सोमवार दिन में लगभग 12:30 बजे के करीब का है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के बछरावां रोड पर रवना मोड़ के पास हरचंदपुर से महराजगंज आ रहे सवारियों से भरा टम्पों जैसे ही रवना मोड़ पर पहुंचा तभी महराजगंज से हरचंदपुर की तरफ जा रहे तेज रफ्तार अनियंत्रित स्वीप्ट डिजायर कार की आमने-सामने टक्कर हो जाने से टैम्पो पलट गया, जिससे उसमें बैठी तीन सवारियां अभिषेक सिंह (20) पुत्र सुनील कुमार निवासी अचलेश्वर थाना हरचंदपुर, मिथिलेश (32) पत्नी प्रदीप कुमार निवासी हरचंदपुर और शीतला देवी (60) पत्नी रतीपाल निवासी हरचंदपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को 108 एम्बूलेन्स से पर लाद कर सीएचसी महराजगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज किया जा रहा है।

## बारातियों से भरी वैन डीसीएम से टकराई,तीन लोग गंभीर रुप से घायल

**महराजगंज रायबरेली** महराजगंज रायबरेली रोड पर बारात में शामिल होने बारातियों को लेकर शामिल होने जा रही एक वैन डीसीएम से टकराकर हादसे का शिकार हो गई वैन पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।बता दें कि महराजगंज रायबरेली रोड पर नवोदय चौराहा स्थित पेट्रोल पंप से एक डीसीएम डीजल डलवाकर कर सड़क पर आ रही थी तभी डीसीएम मोड़ते समय ही रायबरेली की तरफ से आ रही वैन जो कि कोतवाली क्षेत्र गांव अतरेहटा में आयोजित बुद्धि राम विश्वकर्मा की बेटी की शादी के बाराती थे डीसीएम से टकराकर वैन हादसे का शिकार हो गई जिसमें सवार भदोखर थाना क्षेत्र के गांव बेहटा के रहने वाले सुरेश कुमार यादव 50 पुत्र पारसनाथ अनित शर्मा 27 पुत्र सोहनलाल सुखवीर 40 पुत्र राजाराम गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं वैन के ड्राइवर पप्पू तिवारी सहित तीन अन्य बाराती घटना में बाल बाल बच गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी को सीएचसी लाया गया जहां सुरेश कुमार का पैर फ्रैक्चर होने के कारण डाक्टरों द्वारा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया वहीं अन्य दो लोग को मामूली चोटे आई जिनका सीएचसी में ही इलाज चल रहा है, वहीं घटना के बाद डीसीएम चालक मौके पर से फरार हो गया।मामले में कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि घटना संज्ञान में है, तहरीर मिलने पर जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाएगी।

# अवध विवि में स्वर्ण जयंती समारोह का किया गया रिहर्सल

## समारोह की अध्यक्षता करेगी राज्यपाल व मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रजनी तिवारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय 04 मार्च को अपने स्वर्ण जयंती समारोह मनायेगा। समारोह की भव्यता के लिए कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता मे दोपहर में रिहर्सल किया गया। रिहर्सल की शुरूआत कुलपति ने अधिकारियों एवं संयोजकों के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी में मिलेट्स फूड, विभाग प्रगति एवं अवधी चित्रकला में राम की तैयारियों का अवलोकन किया। इसके उपरांत कुलपति ने कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल एवं मुख्य अतिथि राज्यमंत्री रजनी तिवारी के स्वर्ण जयंती पर आगमन के दृष्टिगत स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में प्रस्थान का रिहर्सल किया गया। प्रेक्षागृह में छात्र-छात्राओं द्वारा वन्देमातरम, कुलगीत एवं कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि का स्वागत व कुलपति द्वारा स्वागत उद्बोधन का रिहर्सल किया गया। इस आयोजन में राज्यपाल के द्वारा स्वर्ण जयंती पुस्तक का विमोचन होगा जिसका कुलपति द्वारा रिहर्सल हुआ। इस समारोह में कुलाधिपति द्वारा नवनिर्मित सरदार पटेल भवन का मंच से आनलाइन लोकार्पण व सर्वश्रेष्ठ पांच आगंनबाड़ी कार्यकत्रियों को पुरस्कृत किए जायेंगे। इसके अलावा स्वस्थ आगंनबाड़ी बालक बालिका तथा गोद लिए गए गांव के विद्यालयीय एवं महाविद्यालयों के प्रतिभागियों को विभिन्न प्रतियोगिता के आधार पर और स्नातक एवं परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ को पुरस्कृत किया जायेगा। इसका भी रिहर्सल किया गया। इसके उपरांत कुलाधिपति एवं मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम का भेट करने का रिहर्सल हुआ। समारोह का संचालन प्रो0 एसएस मिश्र ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव उमानाथ द्वारा किया गया। समारोह का समापन छात्र-छात्राओं के राष्ट्रगान के रिहर्सल से किया गया। मीडिया प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को प्रातः 10:30 बजे स्वर्ण जयंती समारोह शुरू हो जायेगा। आमंत्रित आंगन्तुक आमंत्रित कार्ड व एक पहचान-पत्र के साथ प्रेक्षागृह में स्थान ग्रहण करना होगा। रिहर्सल में प्रो0 चयन कुमार मिश्र, प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह, प्रो0 आशुतोष सिन्हा, प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ला, प्रो0 तुहिना वर्मा, प्रो0 विनोद श्रीवास्तव, प्रो0 अनूप कुमार, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र सहित अन्य मौजूद रहे।

# राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज कैंपस में 33 करोड़ से अधिक की लागत से बन रहा 110 बेड का ट्रॉमा सेंटर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** सीएम योगी के मार्गदर्शन में रामनगरी स्वास्थ्य क्षेत्र में भी दिनोदिन समृद्ध हो रही है। घटना-दुर्घटना में विपरीत परिस्थिति आने पर अयोध्या को अब लखनऊ पर आश्रित नहीं रहना होगा, बल्कि सभी सुविधाएं यहीं मिल जाएंगी। गंभीर से गंभीर मरीजों का इलाज भी यहीं हो सकेगा।

इसके लिए अयोध्या के राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण कराया जा रहा है। जून 2025 तक यह बनकर तैयार हो जाएगा। यहां एक ही छत के नीचे सारी अत्याधुनिक सुविधाएं मिल जाएंगी।

### 33 करोड़ से अधिक की लागत से हो रहा निर्माण, 80 फीसदी कार्य पूरा

राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में 110 बेड के ट्रॉमा सेंटर का निर्माण 33 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से कराया जा रहा है। शासन की ओर से निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद राजकीय निर्माण निगम ने काम शुरू करा दिया था।

### सभी सुविधाओं से लैस होगा सेंटर

मेडिकल कॉलेज में आकस्मिक चिकित्सा सेवा के लिए 50 बेड का ट्रॉमा सेंटर व 60 बेड का इमरजेंसी मेडिसिन विभाग बनाया जा रहा है। यानी कुल 110 बेड की सुविधा होगी। अभी नए भवन में चल रहे ट्रॉमा सेंटर में मरीजों को कठिनाइयां होती हैं। एक्सरे व सीटी स्कैन के लिए मरीजों को अलग भवन ले जाना पड़ता है। नए ट्रॉमा सेंटर के निर्माण के बाद एक्सरे-सीटी स्कैन समेत तमाम जांच की सुविधा यहीं मिल सकेगी।

### तेजी से चल रहा निर्माण कार्यः प्राचार्य

प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा ने बताया कि भवन का निर्माण तीव्र गति से हो रहा है। अब तक लगभग 80 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। इसमें अत्याधुनिक लिफ्ट की भी सुविधाएं रहेंगी। ट्रॉमा सेंटर गंभीर मरीजों के लिए वरदान साबित होगा। यहां एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं मिलेंगी। मरीजों व उनके परिजनों को कहीं भटकना नहीं पड़ेगा।

# नाट्य में अहिल्या बाई टीम व भाषण प्रतियोगिता में पार्थ त्रिपाठी अव्वल




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुमारगंज-अयोध्या** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नाटक एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के दिशा-निर्देशन में हुआ।कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने विजेता प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और समस्त महाविद्यालयों से कुल 128 छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने सामाजिक और धार्मिक विषयों पर नाटक प्रस्तुत किए, जिनमें राम वनवास, अहिल्याबाई होलकर के जीवन चरित्र, भरत मिलाप, अर्जुन के लिए कृष्ण संदेश, द्रौपदी वस्त्रहरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर नाटक मंचित किए गए।वहीं भाषण प्रतियोगिता में दहेज प्रथा, बाल विवाह पर प्रतिबंध, और कृषि में महिलाओं की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर छात्रों ने अपने विचार व्यक्त किए। नाट्य प्रतियोगिता में सामुदायिक विज्ञान की टीम द्वारा प्रस्तुत नाटक अहिल्याबाई होलकर को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ, जबकि पशु चिकित्सा महाविद्यालय की टीम ने द्रौपदी वस्त्रहरण नाटक के लिए दूसरा स्थान हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में पार्थ त्रिपाठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंश सिंह दूसरे स्थान पर रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. डी. नियोगी और डा. साधना सिंह ने की, जबकि महिला अध्ययन केंद्र की अध्यक्ष डॉ. पूनम सिंह के संयोजन में यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. प्रीति सिंह, डा. श्वेता सचान, डॉ. प्रज्ञा पांडेय, डॉ. मनप्रीत, डॉ. अंजना राय सहित अन्य शिक्षक और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# रमजान माह और आगामी पर्वों की तैयारियाँ

## पर्वों को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे




**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने बताया कि चन्द्र दर्शन के अनुसार 01 मार्च से रमजान का माह प्रारम्भ हो गया है। इस दौरान इस्लाम धर्मावलम्बी प्रतिदिन मस्जिदों में तरावीह, रोजा अफ्तार कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे, और 05 वक्त की नमाज अदा की जाएगी। इसके अलावा, ईद-उल-फितर का त्यौहार 31 मार्च को मनाया जाना संभावित है। रमजान के अंतिम शुकवार (जमातुलविदा) 28 मार्च को पड़ेगा, और शिया समुदाय द्वारा 19वीं, 20वीं और 21वीं रमजान को जूलूस भी निकाले जाएंगे।नगर में प्रमुख रूप से सुन्नी समुदाय ईदगाह सिविल लाइन और शिया समुदाय इमामबाड़ा राठहवेली, अयोध्या में सामूहिक रूप से नमाज अदा करेंगे। यह पर्व जनपद के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह के साथ मनाया जाता है, और लोग एक-दूसरे को गले मिलकर परंपरागत रूप से बधाई देते हैं।

अयोध्या धाम का चैत्र राम नवमी मेला 30 मार्च से प्रारंभ होकर 07 अप्रैल तक चलेगा, और होली का पर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा। इन पर्वों को लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष उपाय किए जा रहे हैं। नगर मजिस्ट्रेट और उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस और संबंधित विभागों के साथ मिलकर शांति समिति की बैठकें करेंगे और विवादों का समाधान समय रहते करेंगे।

स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अस्पतालों और पीएचसी/सीएचसी में आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी। विशेष रूप से रमजान के अंतिम शुक्रवार और ईद-उल-फितर के दिन चिकित्सा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा।

नगर निगम, विद्युत विभाग, जल निगम और अन्य संबंधित विभाग पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करेंगे, जैसे चूना छिड़काव, सफाई, जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति और मार्गों की मरम्मत।

साथ ही, जनपद के सभी अधिकारियों और संबंधित विभागों द्वारा पर्व की तैयारियों के तहत समन्वय बनाकर शांति व्यवस्था बनाए रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़ी निगरानी रखी जाएगी।इस सब के बीच, कार्यालय नगर मजिस्ट्रेट अयोध्या (05278-223753) को कंट्रोल रूम बनाया जाएगा, जिससे सभी प्रशासनिक और सुरक्षा व्यवस्थाओं की निगरानी की जाएगी।

# शिक्षक सभा ने किया पीडीए चौपाल का आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या।** लोकतंत्र को बचाने और बेरोजगारी, वेतन विसंगति, पेंशन विसंगति सहित अन्य सामाजिक तथा राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के लिए शिक्षक सभा अयोध्या के नेतृत्व में भारतीय शिक्षण संस्थान मवई में एक चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल का आयोजन दान बहादुर सिंह के नेतृत्व में हुआ।

चौपाल के मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव शिक्षक सभा, डॉक्टर जितेंद्र प्रसाद मिश्रा थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर देवमणि कन्नौजिया प्रदेश सचिव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर घनश्याम यादव ने किया।

चौपाल को संबोधित करते हुए डॉक्टर जितेंद्र मिश्रा ने कहा कि ÷पढ़ा को मजबूत कर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाएंगे और समस्त समस्याओं का निराकरण किया जाएगा।÷

दान बहादुर सिंह ने शिक्षा से संबंधित विसंगतियों पर ध्यान आकर्षित करते हुए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा प्रदत्त संविधान की रक्षा की शपथ दिलाई।बैठक को जिला उपाध्यक्ष विमल सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा, ÷पढ़ा की एकता ही सत्ता की कुंजी है। हमें पढ़ा को संगठित करके समाजवादी सरकार का गठन करना है ताकि गरीबों, किसानों, मजलूमों, नौजवानों और छात्रों के हितों की रक्षा हो सके और उनके उज्जवल भविष्य के लिए सार्थक योजनाओं का क्रियान्वयन किया जा सके।÷बैठक में डॉक्टर अवनीश प्रताप सिंह, जीपी चौधरी, हंसराज यादव, राम कैलाश यादव सहित अन्य कई वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर जितेंद्र यादव, अमन वर्मा, रामबरन, मोहम्मद रिजवान, आसिफ, राममिलन, अनिल कुमार वर्मा समेत सैकड़ों की संख्या में शिक्षक और उनके समर्थक उपस्थित रहे।

# युवा महिला ग्राम प्रधान द्वारा शुरू की गई कन्यादान सहयोग योजना क्षेत्र में चर्चा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बीकापुर -अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र से अमावां ग्राम पंचायत में निर्वाचित हुई युवा महिला ग्राम प्रधान सिद्दीकी उम्मे हबीबा द्वारा शुरू की गई ÷कन्यादान सहयोग योजना÷ की क्षेत्र में चर्चा है। ग्राम प्रधान सिद्दीकी उम्मे हबीबा एवं उनके पति मोहम्मद मोबीन सिद्दीकी द्वारा प्रधान निर्वाचित होने के बाद पिछले 4 वर्षो से अपने निजी कोष से ग्राम पंचायत में आयोजित हो रही गरीब कन्याओं की शादी में आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में अमावा ग्राम पंचायत के निवासी दो कन्याओं की शादी के लिए परिजनों को प्रधान पति मोहम्मद मोबीन ने 10-10 हजार रुपए सहयोग राशि का चेक प्रदान किया गया। प्रधान पति मोहम्मद मोबीन सिद्दीकी द्वारा शादी के पूर्व उनके घर पहुंच कर आर्थिक सहायता का चेक दिया गया। अमावा गांव निवासी सुनीता पाल पुत्री हरीराम पाल का विवाह 6 मार्च को सुनिश्चित हुआ है। जबकि काजल पुत्री सुखराम का वैवाहिक कार्यक्रम 2 मार्च को आयोजित हुआ है।

प्रधान पति द्वारा दोनों के परिजनों को उनके घर पहुंच कर विवाह के लिए सहयोग राशि का चेक प्रदान किया गया। अमावा ग्राम पंचायत निवासी मोहम्मद मोबीन सिद्दीकी द्वारा पत्नी सिद्दीकी उम्मे हबीबा के पहली बार ग्राम प्रधान निर्वाचित होने के बाद अपने निजी कोष से कन्यादान सहयोग योजना शुरू की गई है। अब तक उनके द्वारा ग्राम पंचायत के करीब तीन दर्जन बेटियों की शादी में कन्यादान सहयोग राशि दी जा चुकी है। मोहम्मद मोबीन द्वारा पंचायत चुनाव के दौरान मतदाताओं से पत्नी के ग्राम प्रधान निर्वाचित होने पर आगामी 5 वर्षों तक ग्राम पंचायत में आयोजित होने वाली बेटियों की शादी के लिए 10,000 रुपए सहयोग के रूप में कन्यादान सहयोग राशि देने का वायदा किया गया था। पत्नी सिद्दीकी उम्मे हबीबा के ग्राम प्रधान निर्वाचित होने के बाद चुनाव के दौरान किया गया वायदा उनके द्वारा पूरा किया जा रहा है।

क्षेत्र के जागरूक लोगों द्वारा ग्राम प्रधान और उनके पति द्वारा शुरू की गई कन्यादान सहयोग योजना की सराहना की जा रही है। और अन्य प्रधानों को भी इससे प्रेरणा लेने की बात कही जा रही है।

# जाम की समस्या से नहीं मिल रहा है निजात, बाजार के व्यापारी परेशान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**गोसाईगंज -अयोध्या।** स्थानीय नगर में सड़कें चौड़ी होने के बावजूद जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। नगर पंचायत प्रशासन द्वारा हर साल टैक्सी स्टैंड का ठेका दिया जाता है, लेकिन नगर में कहीं भी टैक्सी स्टैंड नहीं बनाया गया। जब सड़कें चौड़ी नहीं थीं तब भी जाम की समस्या थी और अब जब सड़कें चौड़ी हो गई हैं, तब भी नगरवासियों को जाम से राहत नहीं मिल रही है। इसका मुख्य कारण नगर में ई-रिक्शा चालकों द्वारा इधर-उधर गाड़ी खड़ी कर दी जाती है, साथ ही अन्य टैक्सी गाड़ियां बिना किसी स्थायी टैक्सी स्टैंड के इधर-उधर सवारी बैठाने और उतारने के कारण जाम का कारण बन रही हैं।सबसे बड़ी बात यह है कि नगर के प्रमुख तिराहों जैसे तेलियागढ़ तिराहा, भीटी तिराहा और बस स्टैंड तिराहा पर गोसाईगंज कोतवाली पुलिस की मौजूदगी कभी दिखाई नहीं देती। शाम के समय पुलिस की उपस्थिति तो होती है, लेकिन वह चालान करने के लिए लोगों को डराने के उद्देश्य से होती है, जबकि दिन के समय पुलिस प्रशासन की कोई सक्रियता नहीं दिखाई देती। इसके अलावा, नगर की पश्चिम रेलवे क्रॉसिंग रामगंज पर जाम की समस्या हमेशा बनी रहती है, जहां लोग सुबह से लेकर घंटों जाम में फंसे रहते हैं। लेकिन इस क्षेत्र में भी पुलिस प्रशासन की कोई व्यवस्था नहीं रहती। तेलियागढ़ से महबूबगंज, टांडा होते हुए बस्ती और गोरखपुर जाने वाली सड़क पर जाम की स्थिति गंभीर हो जाती है, जिससे यात्रियों को घंटों समय बर्बाद करना पड़ता है।

नगर के व्यापारियों का कहना है कि सरकार चाहे जितनी भी सड़कें चौड़ी करवा ले, जब तक व्यवस्था सही नहीं होगी, तब तक जाम की समस्या इस तरह बनी रहेगी। व्यापारियों और नगरवासियों ने प्रशासन से जल्द सुधार की अपील की है।

# झुनझुनवाला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट,अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अयोध्या ।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, मॉडल कैरियर सेंटर, अयोध्या द्वारा 04 मार्च, 2025 को प्रातः 10 बजे से झुनझुनवाला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट, अयोध्या में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार मेला में निजी क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित कम्पनियां यथा ब्राइट फ्यूचर, शिव शक्ति एग्रीटेक लि0, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि0, यूनाइटेड यंग्स इण्डिया, सिस्का इलेक्ट्रिकल एण्ड मैनेजमेंट, यूनिवर्सल सोम्पो इंश्योरेंस, एस0बी0आई0 लाइफ, वैष्णवी इंटीग्रेटेड सर्विसेज एवं एल0आई0सी0 अयोध्या इत्यादि प्रतिभाग करेंगी। 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस मेले में हाईस्कूल, इंटर, स्नातक, डिप्लोमा, एवं आई0टी0आई0 प्रतिभाग कर सकते है। अभ्यर्थियों का सेवायोजन विभाग के पोर्टल ह्श्वद्भद्दड्डह्यड्डठ्ठद्दड्ढ.ह्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ (रोजगार मेला आई0डी0-2419), ठ्ठष्ह्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा के साथ उक्त दिनांक में झुनझुनवाला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट, परिसर, अयोध्या में उपस्थित हों। जिन अभ्यर्थियों का पंजीकरण नहीं हुआ है, वे भी इस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं। इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है। उक्त जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या देवव्रत कुमार ने दी है।

# स्कालरशिप में व्याप्त समस्याओ से विभाग को कराया रूबरू




**लोकमित्र ब्यूरो**
**सुल्तानपुर।** छात्र संगठन एसएफआई ने छात्रवृत्ति में व्याप्त समस्याओं को लेकर समाज कल्याण विभाग को समस्याओं से अवगत कराया और छात्रों के करेंट स्टेटस को समाज कल्याण अधिकारी के प्रतिनिधि आरजू नैयर को सौंपा ।संगठन के प्रदेश सचिव विवेक विक्रम सिंह ने कहा कि मौजूदा समय में छात्रवृत्ति को लेकर लगातार बदलाव किए जा रहे हैं जिसके कारण से छात्रों को ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है, जैसे अभी सामान्य और एस सी वर्ग का थंब वेरिफाई कराया गया

बाकी में यह नहीं हुआ, पहले पिता का आय लगता था फिर छात्र का लगने लगा और फिर से पिता की आय प्रमाण पत्र को लगवाया जा रहा है । ये वह तकनीकी दांव पेंच है जिसकी वजह से हजारों की संख्या में छात्रों का डेटा रिजेक्ट हो जाता है । इसके अलावा जिन छात्रों का सब कुछ सही है उनके करेंट स्टेटस पर एनरोलमेंट मैच नहीं हो रहा है, यू पी व सीवीएससी बोर्ड का डेटा मैच नहीं हो रहा है ये अभी तक दिख रहा है जबकि छात्र का सब कुछ सही है । समाज कल्याण विभाग कहता है कि विद्यालय ने डेटा नहीं भेजा है और विद्यालय कहता है कि समाज कल्याण जाओ । यह समस्या पहली बार नहीं है हर बार छात्रों को इसी तरह से परेशान किया जाता है और अंत में यह लिख कर आ जाता है कि फंड न होने की वजह से आपकी छात्रवृत्ति नहीं मिल पाएगी ।आज इन्हीं समस्याओं को लेकर समाज कल्याण विभाग को अवगत कराया गया और छात्रों के वर्तमान स्टेट्स को सौंपा गया ।संगठन के जिला सचिव दुर्गेश यादव ने कहा कि छात्रवृत्ति भुगतान का समय आ गया है लेकिन अभी भी अधिकांश छात्रों का डेटा समाज कल्याण द्वारा वेरिफाई नहीं हुआ है । समाज कल्याण और विद्यालय के डेटा भेजने और भेजवाने के चक्कर में छात्रों की छात्रवृत्ति नहीं आ पाती है । मौजूदा समय में तमाम प्रोफेशनल कोर्स में छात्रवृत्ति को घटाया गया है जबकि फीस के ढांचे में बढ़ोतरी हुई है ।हमारा संगठन यह मांग करता है कि छात्रों की छात्रवृत्ति का भुगतान तत्काल किया जाए और छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति को फीस के ढांचे के अनुसार दिया जाए । कार्यक्रम में शुभम यादव, अनामिका, चंद्रिका, प्रमिला, बलराम, शाश्वत शुक्ला, जिकरा फातिमा, आशीष यादव, इजहारूदीन, अखिलेश, सोनू निषाद, सूरज, अनुज, सलिल धुरिया,ज्ञानेंद्र, अभय यादव, सुमित यादव, हरिओम सिंह समेत अन्य छात्र मौजूद रहे ।

# किसान की आय होगी दोगुनी

**जौनपुर।** जिला उद्यान अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया है कि गर्मियों में भिंडी की फसल लेने वाले किसानों के लिए फरवरी से मार्च का समय बुवाई के लिए अनुकूल है। जनपद में निदेशालय से आवंटित बीज यथा- काशी प्रगति, काशी क्रान्ति, और काशी चमन प्रजाति के 128 किलो ग्राम एवं खरबूज पूसा, मधुरिमा 2 किलो ग्राम बीज जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में बीज उपलब्ध है। कृषि वैज्ञानिकां के अनुसार 01 हे0 खेत की तैयारी के लिए 40-50 कुन्तल सड़ी गोबर की खाद, 50 किलोग्राम एन0पी0के0 16 एम0ओ0पी0 और 16 किलोग्राम यूरियां का प्रयोग करे एवं बोने के 15-20 दिन बाद सब्जी की प्रथम निराई-गुड़ाई करना फायदेमन्द रहता हैं, भिड़ी बुवाई के लिए कतार से कतार की दूरी 25-30 से0मी0 एवं कतार में पौधे से पौधे के मध्य दूरी 15 से 20 से0मी0 रखनी चाहिये। बीज की 2 से 3 से0मी0 गहरी बुवाई करनी चाहिये। बुवाई के पूर्व भिंड़ी के बीजो को 3 ग्राम मेन्कोजेब, कार्बेन्डाजिम प्रति किलो बीज की दर उपचारित करना चाहिये।

# राष्ट्रीयकृत बैंकों की तरह सहकारी बैंक भी कार्य कर रही है - योगेंद्र



**सुल्तानपुर।** जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पिछले 4 वर्षों से बैंक लाभ पर है 169 समितियां को हमारी बैंक ने जो मृत प्राय पड़ी थी उन्हें 10 लख रुपए का लोन देकर व्यवसाय करना शुरू कर दिया है सुल्तानपुर जनपद में 115 सरकारी समितियां हैं और 70 समितियां अमेठी में जिन समितियां ने लोन लिया है वहां पर प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में ऑडिट भी हो रहा है ऋण वितरण का कार्य ₹300000 तक हमारी बैंक दे रही है अन्य बैंकों की तरह हमारी बैंक भी केसीसी और सभी सुविधाएं किसानों को प्रदान कर रही है। हम सभी समितियां को कंप्यूटरीकृत एवं बारकोड देने के लिए जल्द से जल्द प्रयास कर रहे हैं और यह सुविधा जल्द शुरू हो जाएगी। सुल्तानपुर जनपद में पदारथपुर मॉडल समिति के रूप में कार्य कर रही है पांच पांच केंद्र सुलतानपुर और अमेठी के लिए जन औषधि केंद्र खोलने के लिए प्रार्थना पत्र दिए हैं जल्द यहां पर यह सुविधा किसानों को मिलने लगेगी। जनपद में छोटे दुकानदार पटरी गुमटी दुकानदारों को शहर के अंदर हमारी बैंक एक से तीन लाख तक का लोन देने का कार्यकाल शुरू करेगी। अभी हमारी बैंक यह सुविधा 1 अप्रैल से 50 से 1 लाख तक का लोन देने का कार्य भी शुरू करने जा रही है हमारे सभी समितियां सुचारू से कार्य कर रही हैं। सहकारी बैंक लोन लेने की स्थिति में है और हम सभी किसानों को उनका पैसा भी वापस कर रहे हैं आम राष्ट्रीयकृत बैंक की तरह सुल्तानपुर जिला सहकारी बैंक भी कार्य कर रही है सुल्तानपुर जनपद में 136291 खाता धारक पूरी जनपद में है सचिव मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय कुमार ने बताया कि बहुत जल्द हमारी बैंक के अन्य सुविधाएं भी देना प्रदान कर देंगे खातेदारों का जो पैसा बैंक में है जरूरत पड़ने पर उन्हें हम वापस कर रहे हैं जो भी खातेदार पैसा चाहता है उसे तुरंत पैसा दिया जा रहा है 3~30 करोड़ का डिफॉल्ट लोन है जो लोग पहले सरकारी बैंक समितियां से लोन लिए हैं वे लोग बैंक जाकर अपना लोन जमा कर दें और फिर बैंक से लोन ले सकते हैं या सुविधा प्रदान कर दी गई है। सभी समितियां को पुनर्जीवित करने का कार्य किया जाएगा पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से अजय सिंह लीडर कृष्ण कुमार तिवारी उर्फ कन्नू तिवारी उपस्थित रहे।

# आईएसएमएस की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य चुने गए डॉ प्रभाकर



**सुल्तानपुर।** देश भर में चिकित्सा सांख्यिकी के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए विख्यात डॉ. प्रभाकर मिश्रा ने भारतीय चिकित्सा सांख्यिकी सोसायटी (आईएसएमएस) की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य का चुनाव जीत कर जिले का गौरव बढ़ाया है। चुनाव का परिणाम 2 मार्च 2025 को घोषित किया गया। जिसमें डॉ. मिश्रा ने देश में सबसे अधिक मतों से जीत हासिल की है।

डॉ. प्रभाकर मिश्रा उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर जिले के टीकर गांव के निवासी हैं। उनकी महत्वपूर्ण जीत से गांव में खुशी की लहर है। यह उपलब्धि चिकित्सा सांख्यिकी के क्षेत्र में उनके निरंतर समर्पण और योगदान का परिणाम है। इससे पहले डॉ. मिश्रा को स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा तीन बार वैज्ञानिकों की सूची में स्थान दिया जा चुका है, जो विज्ञान और अनुसंधान के क्षेत्र में उनकी अलग पहचान को दर्शाता है। उनकी कड़ी मेहनत और बेहतरीन काम ने उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान दिलाई है। इंडियन सोसाइटी ऑफ मेडिकल स्टैटिस्टिक्स की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य के रूप में उनकी नियुक्ति देश में मेडिकल स्टैटिस्टिक्स के विकास और समग्र स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। डॉ मिश्रा इस चुनावी जीत को देश भर के मेडिकल स्टैटिस्टिक्स प्रोफेसरों और अपने सहयोगियों में आशा और विश्वास का प्रतीक मानते हैं। डॉ मिश्रा ने कहा कि मैं इस विश्वास और सम्मान के लिए सभी का आभारी हूं।

# रमज़ानः आत्म-सुधार और अल्लाह से निकटता का महीना

**सुल्तानपुर।** अल्लाह से अपने रिश्ते को और मजबूत करने का नाम है रमज़ान। यह पवित्र महीना एक ऐसा अवसर है जिसमें इंसान अपनी ज़िंदगी को अल्लाह की इबादत और आज्ञा-पालन में गुज़ारता है ताकि वह अल्लाह से अपने संबंध को और गहरा कर सके। यह केवल भूख और प्यास सहने का नाम नहीं, बल्कि आत्म-संयम, चरित्र-निर्माण और आंतरिक शुद्धि का एक विशेष अवसर है।
रमज़ान का रोज़ा केवल खाने-पीने से बचने तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह इंसान को आत्म-नियंत्रण और अनुशासन की शिक्षा देता है। एक सच्चे रोज़ेदार के हाथ किसी को कष्ट नहीं पहुँचाते, उसकी ज़ुबान किसी को बुरा नहीं कहती, उसके पाँव गलत रास्तों पर नहीं चलते, उसकी आँखें बुरी चीज़ों को नहीं देखतीं और उसके कान बुराइयों को नहीं सुनते। रोज़ा हमें धैर्य, सहानुभूति और दूसरों की तकलीफ़ों को समझने का पाठ पढ़ाता है। रमज़ान गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने की प्रेरणा भी देता है। इस महीने में मुसलमान न केवल अपने लिए बल्कि समाज के अन्य लोगों के लिए भी भलाई के कार्य करते हैं। ज़कात और सदक़ा देने का महत्व रमज़ान में और भी बढ़ जाता है क्योंकि यह महीना अल्लाह की रहमत, मग़फ़िरत और नेकियों के लिए विशेष रूप से निर्धारित किया गया है।अगर इंसान अपने आपको बुराइयों से बचाने में सफल हो जाता है और अच्छे कर्म करता है, तो उसका रोज़ा अल्लाह की बारगाह में स्वीकार किया जाता है। रमज़ान आत्म-सुधार का महीना है, जो हमें संयम, सहनशीलता, दया और ईमानदारी का पाठ सिखाता है। इस महीने की असली सीख यह है कि इंसान अपने अंदर अच्छाइयों को विकसित करे और बुरी आदतों को छोड़कर खुद को एक बेहतर इंसान बनाए, ताकि अल्लाह उससे राज़ी हो जाए और उसे दुनिया और आख़िरत में कामयाबी मिले।

# ''विश्व श्रवण दिवस'' के उपलक्ष्य में विशाल जन-जागरूकता रैली

**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 लक्ष्मी सिंह ने बताया कि 03 मार्च 2025 को ''विश्व श्रवण दिवस'' के उपलक्ष्य में एक विशाल जन-जागरूकता रैली को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी, एन0पी0पी0सी0डी0 कार्यक्रम डा0 राजीव कुमार एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 बी0 सी0 पन्त द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त रैली में कुंवर हरिवंश सिंह पैरामेडिकल कालेज की छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

तत्पश्चात एक गोष्ठी का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी, नोडल अधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी जौनपुर की अध्यक्षता में सभागार कक्ष में आयोजित किया गया। इस वर्ष की थीम'' "Changing mindsets: Empower yourself to make ear and hearing care a reality for all! इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि विश्व स्तर पर हर साल 3 मार्च को बहरेपन और सुनवाई की हानि को रोकने और दुनिया भर में कान और सुनने की क्षमता की देखभाल को बढ़ावा देने के बारे में जागरुकता फैलाने के प्रयासो पर विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है।

# डीएम व सीडीओ द्वारा संयुक्त रूप से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पेयजल परियोजना अलहदादपुर-लखनपुर, वि0ख0 दूबेपुर का किया गया निरीक्षण

## जिलाधिकारी द्वारा निर्माणाधीन कार्य को ससमय व गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराने के दिये गये सख्त निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सुल्तानपुर।** शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी कुमार हर्ष व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा संयुक्त रूप से निर्माणाधीन जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत अलहदादपुर और लखनपुर ग्राम पंचायत पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम व सीडीओ द्वारा निर्माणाधीन ट्यूबेल, पम्प हाउस, अवर जलाशय, पम्पिंग प्लांट, वितरण प्रणाली, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल, गृह सहयोजन आदि के तकनीकी कार्यों के बारे में अधिशाषी अभियन्ता जल जीवन मिशन (ग्रामीण) से जानकारी प्राप्त की गयी।

अधिशासी अभियन्ता जल जीवन मिशन द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना की कुल अनुमानित लागत रू0 300.92 लाख है। उक्त राजस्व ग्राम की कुल जनसंख्या 2990 है, जिन्हें पेयजल परियोजना से आच्छादित किया जाना है। उन्होंने अवगत कराया कि ट्यूबेल व पम्प हाउस, पम्पिंग प्लांट, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल, गृह सहयोजन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। वाटर टैंक के निर्माण का कार्य प्रगति पर है। सप्लाई लाइन 20.55 कि0मी0 के सापेक्ष 19.90 कि0मी0 पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता जल जीवन मिशन व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि उक्त निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व ससमय कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के अगले दस वर्ष तक मरम्मत का कार्य आपको ही कराना है, इसलिये गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होंने अधिशाषी अभियन्ता जल जीवन मिशन को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में चल रहे सभी निर्माण कार्यो का रोस्टर बना लें, अपने सभी ए.ई व जे.ई को रोस्टरवार निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित करें।

# दोना पत्तल मेकिंग मशीन का वितरण

**जौनपुर।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वी0के0 सिंह ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 माटीकला बोर्ड के तत्वाधान में जनपद के 40 माटीकला के कारीगरों को निःशुल्क विद्युत चालित चाक व 4 दोना पत्तल मेकिंग मशीन का वितरण एवं 42 ग्राम प्रधान को खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत सम्मानित तथा एक दिवसीय माटीकला जागरूकता का आयोजना जिला ग्रामोद्योग कार्यालय मतापुर जनपद- जौनपुर के परिसर में किया गया जिसमें श्रीमती मनोरमा मौर्या मा0 अध्यक्ष नगर पालिका परिषद जौनपुर मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अजीत प्रजापति पूर्व सदस्य माटीकला बोर्ड एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि आमोद सिंह जौनपुर द्वारा विद्युत चालित चाक का निःशुल्क वितरण कराया गया

# निर्माणाधीन गौ-संरक्षण केन्द्र, अलहदादपुर वि0ख0 दूबेपुर का किया गया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सुल्तानपुर।** शासन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी कुमार हर्ष व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा निर्माणाधीन गौ-संरक्षण केन्द्र अलहदादपुर, वि0ख0 दूबेपुर, तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन 04 कैटल शेड, भूषा घर, 02-बड़ी पानी पीने की चरही, 01-छोटी चरही, सोलर पम्प, बाउण्ड्रीवाल, कैटलक्रश, इण्टरलॉकिंग, गेट आदि का कार्य प्रगति पर पाया गया।

निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएफ के अवर अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त निर्माणाधीन गौ-सरंक्षण केन्द्र की कुल लागत-1.60 करोड़ है, जिसमें प्रथम किशत के रूप में 80 लाख रूपये प्राप्त हुए थे। उक्त निर्माणाधीन गौ-संरक्षण केन्द्र का लगभग 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उक्त निर्माण कार्य की गुणवत्ता व भौतिक सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जांच कमेटी की रिपोर्ट के बाद अग्रिम किश्त हेतु यू.सी. शासन को प्रेषित किया जाना प्रक्रियाधीन है।

उन्होंने अवगत कराया कि गौ-संरक्षण केन्द्र की इंटरलॉकिंग, बाउण्ड्रीवाल, कैटल शेड आदि का कार्य प्रगति पर है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया गया कि अगली किश्त हेतु यू.सी. शासन को एक से दो दिन में प्रेषित कर दी जाय तथा अवशेष बचे निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण व ससमय कराना सुनिश्चित करें।

# फरार दूल्हे को ढूंढकर लेकर आई पुलिस दुल्हन ने किया शादी से इंकार



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** शहर में एक परिवार में खुशियां मायूसी में उस वक्त बदल गई, जब दूल्हा बारात लेकर नहीं पहुंचा। दुल्हन हाथों में मेंहदी बारात का इंतजार करती रही। दूल्हा पहले से ही फरार हो गया। काफी इंतजार करने के बाद दुल्हन पक्ष ने पुलिस में मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस ने दूल्हे को ढूंढा और उसे लेकर पहुंची। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर विवाद हो गया। लड़की पक्ष ने लड़के पर दूसरी शादी के साथ दहेज की मांग करने का आरोप लगाया। जिसके बाद लड़की ने भी शादी करने से इनकार कर दिया।
जिले के रामकोट थाना इलाके का है। परिजनों के मुताबिक थाना क्षेत्र के रहने वाले युवक का विवाह 2 मार्च को युवती के साथ तय हुआ था। परिजनों ने बताया कि देर रात बारात नहीं आई तो मामले की जानकारी पुलिस को दी गई. पुलिस दूल्हे को ढूंढकर गेस्ट हाउस लेकर पहुंची. परिजनों का आरोप है कि इस दौरान दूल्हे की दूसरी शादी का पता चला. जिस पर युवक अनजान बन गया. दोनों पक्षों के बीच गेस्ट हाउस में काफी देर तक विवाद चला।
आरोप, दहेज के लिए शादी से किया इंकार~ लड़की पक्ष का आरोप है कि दहेज में दूल्हा पक्ष को 10 लाख रुपये दिए गए थे, लेकिन 5 लाख रुपये की और डिमांड हुई, जिसे पूरा न करने पर युवक बारात लेकर नहीं पहुंचा. लड़की के पिता ने बताया कि देर रात तक बारात के न पहुंचने पर जानकारी की गई तो पता चला लड़का भाग गया है. जिसके बाद पुलिस लड़के को खोजकर गेस्ट हाउस पहुंची थी, जहां फिर से विवाद हुआ. इसके बाद लड़की ने भी शादी से इनकार कर दिया. प्रभारी निरीक्षक जंग बहादुर पांडे ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था, पुलिस गई थी. शादी टूट गई है. तहरीर मिलते ही आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी.

# सच्ची लगन और निष्ठा से होता हैं बच्चों को उज्जवल भविष्य- राकेश



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल सीतापुर ने बिसवां के विभिन्न स्कूलों के संचालकों तथा वहां के प्रधानाध्यापकों का सम्मान प्रशस्ति पत्र तथा शॉल देकर किया सम्मानित किया। इसके साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

प्रधानाचार्य राकेश सिंह ने इस अवसर पर कहा कि इन स्कूलों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किया गया कार्य अत्यंत सराहनीय है।
बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की ओर ले जाना तथा उन्हें एक सच्चा नागरिक बनने की शिक्षा देना यह शिक्षकों का ही कर्तव्य होता है। यह कार्य अत्यंत कठिन होता है। इसके लिए सच्ची लगन और निष्ठा की आवश्यकता होती है। यहां से पढ़कर निकले छात्रों ने अलग-अलग क्षेत्र में अपने सीतापुर जिले का नाम रोशन किया है। डॉ सुमन मेहरोत्रा ने इस विशेष अवसर पर सभी को शुभकामनाएं दीं।सीतापुर शिक्षण संस्थान की सचिव डॉक्टर सुमन मेहरोत्रा, एडमिनिस्टर्स सीनियर विंग सुश्री फराह इमाम व हेडमिस्ट्रेस जूनियर विंग सविता सिंह ने भी संबोधित किया।

यह शिक्षक सम्मान सीतापुर के मदर्स प्राइड स्कूल की प्रेसिडेंट मोनिका आनंद, सनराइज पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक पंकज कुमार मिश्रा, लिटिल एंजेल स्कूल की प्रधानाध्यापिका शैला श्रीवास्तव, फास्टर किड स्कूल के रामेंद्र जी, बचपन स्कूल की प्रधानाध्यापिका रश्मि वैश्य, बीएनएसडी पब्लिक स्कूल बिसवां के दोनों ब्रांचो के प्रधानाध्यापक फ्रांसिसका गिल, देवेंद्र वर्मा व विद्यालय के संचालक अमन मेहरोत्रा, नमन मेहरोत्रा, सनशाइन पब्लिक स्कूल बिसवां की प्रधानाचार्य चंचल व संचालक सुनील रस्तोगी जी कमलेश मोंटेसरी विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती पारुल सरीन का कियो गया।

# डीएम व सीडीओ द्वारा केश कुमारी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के पीछे निर्माणाधीन पार्किंग स्थल का किया गया निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष व मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक द्वारा शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने हेतु केश कुमार राजकीय बालिका इण्टर कालेज के पीछे निर्माणाधीन पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया। उक्त पार्किंग स्थल का निर्माण नगर पालिका परिषद सुलतानपुर, जिला पंचायत सुलतानपुर व राजकीय निर्माण निगम के द्वारा संयुक्त रूप से कराया जा रहा है। केश कुमारी राजकीय इण्टर कॉलेज की बाउण्ड्रीवाल, उसके पीछे इंटरलॉकिंग का कार्य नगर पालिका परिषद द्वारा, आर.सी.सी. रोड व गेट का निर्माण कार्य जिला पंचायत द्वारा कराया जा चुका है। लगभग 85 प्रतिशत से अधिक कार्य कराया जा चुका है। अवशेष निर्माण कार्य ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा कराया जाना है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अवर अभियन्ता आलोक सिंह को निर्देशित किया कि मार्च, 2025 के अन्त तक कार्य समाप्त करना सुनिश्चित करें, जिससे उक्त पार्किंग स्थल का उपयोग आम जनमानस हेतु किया जा सके।

# सांसद राकेश राठौर की विधि विज्ञान प्रयोगशाला में आज होगी वाइस सैंपलिंग



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सीतापुर।** यौन शोषण के आरोप में घिरे कांग्रेस सांसद राकेश राठौर के विरूद्ध दर्ज अभियोग की जांच अब अंतिम चरण में है। शनिवार को विधि विज्ञान प्रयोगशाला से मिली तारीख के बाद रास्ता साफ हो गया है। 4 मार्च दिन मंगलवार को कोतवाली पुलिस प्रशासनिक अफसर की निगरानी में कांग्रेस सांसद राकेश राठौर को वाइस सैंपलिंग के लिए राजधानी के विधि विज्ञान प्रयोगशाला लेकर जायेगी।
तमाम प्रयासों के बाद प्रयोगशाला के जिम्मेदार अफसरों ने आवाज मिलान के लिए चार मार्च की तिथि निर्धारित की है। प्रपत्र तैयार होने के बाद कोतवाली पुलिस की टीम ने शनिवार की दोपहर जिला कारागार पहुंच नोटिस तामील कराई है। बताते चले कि शहर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने कांग्रेस सांसद राकेश राठौर पर शादी व राजनीतिक भागीदारी दिलाने का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप लगाया था।
कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर सीतापुर सांसद राकेश राठौर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। विवेचना के क्रम में पीड़िता व सांसद की बातचीत के वायरल ऑडियों की पुष्टि के लिए वाइस सैंपलिंग होनी थी। विवेचक अनूप शुक्ला व सह विवेचक हर्षित सिंह लगातार आवाज मिलान की प्रक्रिया पूरी करने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला में दस्तक दे रहे थे। शनिवार को जिम्मेदार अफसरों ने वाइस सैंपलिंग का रास्ता साफ कर दिया है। वहीं सांसद की जमानत पर सुनवाई को लेकर हाईकोर्ट में भी तारीखें बढ़ रही है। अब उनकी याचिका पर 11 मार्च को सुनवाई होगी।

# फायर ब्रिगेड की गाड़ी से लाया गया संगम का पवित्र जल



**सीतापुर।** प्रयागराज के संगम का पवित्र जल कलेक्ट्रेट परिसर सीतापुर पहुंच गया है। यह गंगाजल फायर ब्रिगेड की गाड़ी से यहां लाया गया है। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने पवित्र जल को आम लोगों में वितरित किया। लोगों से अपील की गई है कि वह यहां आए और आराम से पवित्र जल घर ले जाए। इसका प्रयोग पूजा अर्चना में करें। प्रयागराज में आयोजित कुंभ मेले में इस साल 67 करोड़ से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। इन श्रद्धालुओं ने पवित्र संगम में स्नान किया। सीतापुर से भी बड़ी संख्या में भक्त कुंभ में गए थे। कई श्रद्धालु अलग-अलग कारणों से वहां नहीं जा सके। ऐसे लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हुए संगम का पवित्र जल अब फायर ब्रिगेड टीम द्वारा सीतापुर में ही उपलब्ध कराया जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

## विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने मॉडल प्रस्तुत कर दिखाई प्रतिभा




**बांदा।** तहसील अंतर्गत ग्राम तुर्रा में स्थित प्रो. दीनानाथ पांडेय शिक्षा निकेतन में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया,जिसमें छात्रों ने विज्ञान और नवाचार से जुड़े मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी का उद्घाटन स्वर्गीय कामता प्रसाद शास्त्री महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. विजय पांडेय ने माँ सरस्वती का माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।

प्रदर्शनी में कक्षा 8 के छात्रों ने नाभिकीय शक्ति संयंत्र और मुक्त ऊर्जा के मॉडल प्रस्तुत किए। इसके अलावा, कचरा प्रबंधन, सूर्ययान-187, कृषि, प्रदूषण नियंत्रण, ग्लोबल वार्मिंग, पवन चक्की, ज्वालामुखी, मानव हृदय, सौर मंडल, जल चक्र आदि विषयों पर भी रोचक मॉडल बनाए गए। बाल वैज्ञानिकों ने अपने मॉडलों की विस्तृत जानकारी दी, जिसे अतिथियों और अभिभावकों ने सराहा। स्कूल के प्रबंधक डॉ. संजय पांडेय ने बताया कि प्रदर्शनी का उद्देश्य छात्रों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना था। प्रधानाचार्य सुशील विश्वकर्मा ने अभिभावकों और आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मिश्र, अध्यापक चैतन्य पांडेय, सोनू त्रिपाठी, प्रियंका मिश्रा, मोहनी मिश्रा, प्रज्ञा दुबे, शिवम गुप्ता, किरण ज्योति, उमा तिवारी, कविता, ज्योति, आशा पांडेय, रोहित द्विवेदी समेत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहें।

## सिटी मांडल चाइल्ड स्कूल के बच्चों को कराया शैक्षिक भ्रमण



**बांदा।** सिटी मांडल चाइल्ड स्कूल फतेहगंज के बच्चों को बस के द्वारा जानकी कुण्ड, गणेश बाग, सती अनुसुइया, कामता नाथ मन्दिर आदि कई स्थानों पर भ्रमण कराया गया। बच्चों को हर जगह की विशेषताओं के बारे में बताया। इस दौरान केशव पटेल अपने समस्त स्टाप ऋष्ण कुमार पाठक, अंकित गुप्ता, व मिस शालिनी गुप्ता, रागनी गुप्ता, शिवानी गुप्ता, खुशी गुप्ता, शिवानी गर्ग, स्वेता गुप्ता आदि के साथ सभी स्थानो में बच्चों के साथ मौजूद रहे और उन्हें विभिन्न जानकारियां दीं।

## सात दिवसीय शिवमहापुराण कथा कल से

**नरैनी।** कालिंजर के समस्त ग्राम वासियों के विशेष सहयोग से 5 मार्च दिन बुधवार से 11 मार्च तक रामलीला मैदान कालिंजर में सात दिवसीय शिवमहा पुराण कथा का भव्य आयोजन होगा। यह जानकारी बापू जी की धर्मपत्नी ज्ञानवती देवी मिश्रा ने देते हुए आगे बताया कि 5 मार्च को सुबह गाजे बाजे के साथ रामलीला मैदान से कलश यात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में भाग लेने वाली माताओं बहनों को अपना अपना नारियल और कलश स्वयं लेकर आना होगा। शिव महापुराण कथा को लेकर तैयारियां की जा रही हैं।

## ट्राली से कुचलकर युवक जख्मी, रेफर

**बबेरू।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मंझिला गांव मे महोखर गांव के रहने वाले 23 वर्षीय सुशील कुमार पुत्र बिंदादीन शादी समारोह में अपने रिश्तेदारों के यहां मंझिला गांव आया हुआ था। सोमवार को विदाई होने के बाद कार्यक्रम में लगाए गए टेंट का सामान खोलकर ट्रैक्टर में लोड करके सुशील कुमार अपने रिश्तेदारों के साथ ट्रैक्टर में बैठकर शाम को टेंट का सामान छोड़ने के लिए टेंट की दुकान पर जा रहे थे। तभी ट्रैक्टर ट्राली में बैठे सुशील कुमार खिसक गया। जिससे ट्रैक्टर ट्राली के नीचे आ गया और ट्राली के पहिए की चपेट पर आ गया। और गंभीर चोटे आई हैं। गंभीर हालत देखते हुए परिजनों व रिश्तेदारों के द्वारा सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है।

## एक माह पहले आग से झुलसी युवती ने दम तोड़ा

**बांदा।** एक माह पहले आग से झुलसी युवती की उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बदौसा कस्बा निवासी 28 वर्षीय राम देवी पुत्री संतराम 6 फरवरी की सुबह घर के बाद सर्दी से बचने के लिए आग सेक रही थी। तभी उसकी मैक्सी में आग लग गई। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान के रविवार की शाम उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। मृतका के पिता ने बताया कि रामदेवी तीन बहनो में बडी थी। उसका मानसिक संतुलन भी ठीक नही रहता था।

## मासूम समेत दो लोग कुए में गिरे भर्ती

**बांदा ।** कुए की जगत में खेल रहा मासूम कुए के अंदर जा गिरा। बचाने उतार युवक रस्सी टूट जाने से वह भी नीचे जा गिरा। जिससे दोनो लोग घायल हो गए। कड़ी मशक्त के बाद दोनो को बाहर निकाला गया। दोनो को जिला अस्पताल भर्ती कराया गया।

देहात कोतवाली क्षेत्र के लुकतरा गांव निवासी 8 वर्षीय मयंक पुत्र नरेद्र रविवार की शाम घर के नजदीक स्थित कुए में खेल रहा था। तभी चक्कर आ जाने से वह कुए के अंदर जा गिरा। शोर गुल सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। इसी बीच 25 वर्षीय छोटे लाल पुत्र मुन्ना रस्सी के सहारे कुए के अंदर उतरा मयंक को लेकर बाहर आ रहा था। कुछ लोग रस्सी से उसे खीच रहे थे। इसी बीच रस्सी टूट जाने से दोनो लोग दोबारा कुए के अंदर जा गिरे। कड़ी मशक्कत के बाद दोनो को बाहर निकाला गया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## महिला ने जहर खाया

**बांदा।** देहात कोतवाली क्षेत्र के महोखर गांव निवासी 40 वर्षीय विमला पत्नी मनोज ने रविवार की शाम घरेलू किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालो को पता चला उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दें युवा : मंडलायुक्त



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** राजा देवी महाविद्यालय में आयोजित गोष्ठी में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मंडलायुक्त अजीत कुमार ने आह्वान किया कि वह सरकार की योजनाओं की जानकारी युवाओं को दें। ताकि योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिल सके। इसके लिए वह अपनी विशेष भूमिका निभायें। मुख्यमंत्री प्रदेश को एक विकसित राज्य बनाने के लिए तत्पर हैं, जिसके लिए युवा वर्ग अपना योगदान दें। इसमें युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। युवा अपने कर्तव्यों का पालन करें।

युवाओं के जीवन पर विशेष प्रभाव पड़ता है। विकास सम्बन्धी योजनाओं व सड़क सुरक्षा के बारे में भी युवा आम जनमानस के साथ चर्चा करें। आह्वान करें कि सभी लोग हेलमेट लगाकर वाहन चलाएं और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। तेज गति से वाहन न चलाएं। हजारों व्यक्तियों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है। इसके लिए भी लोगों को जागरूक करते हुए आह्वान करें कि वह हेलमेट लगाकर ही दो पहिया वाहन चलायें। उन्होंने कहा कि जल का सदुपयोग करें, एक-एक बूंद पानी बचायें, क्यों कि जल ही जीवन है और इसका दुरूपयोग न होने पाये। पर्यावर्णीय सन्तुलन हेतु हर युवा एक-एक पेड़ लगाये और उसकी सुरक्षा भी करें। शिक्षा से समाज में बड़ा परिवर्तन आता है। युवा वर्ग प्रतिदिन योगा और प्राणायाम करें, इससे युवा वर्ग स्वस्थ्य रहेंगे और उनकी याद्दास्त दुरूस्त रहेगी।

## भजन संध्या में कलाकारों ने बांधी समां, झूम उठे लोग



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** शक्ति पीठ मां पीतांबरा माई मंदिर के द्वितीय वार्षिक उत्सव व भजन संध्या कार्यक्रम में कानपुर के कलाकारों ने भजनों की प्रस्तुति दी तो दर्शक दीर्घा में मौजूद लोग झूम उठे। खाटू श्याम मंडल पदाधिकारी थिरकते नजर आए। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भजन संध्या में कानपुर से रूचि किंकर संजू किंकर दिशा शुक्ला जेके त्रिवेदी प्रभात त्रिवेदी ने शानदार गीत प्रस्तुत किए। नगर के तिंदवारी बाईपास में रामबहोरी शिवहरे ने आयोजित शक्तिपीठ मां पीतांबरा माई मंदिर के द्वितीय वार्षिक उत्सव एवं भजन संध्या कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ। माई की कृपा से समस्त भक्तों को शक्ति, बुद्धि व समृद्धि प्राप्त हो एवं जीवन में मंगलमय ऊर्जा का संचार हो। इस मौके पर प्रकाश साहू, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, रजत सेठ ,अंकित बासू, राजकुमार राज, अमित सेठ भोलू, पप्पू शिवहरे, रवि शिवहरे, सत्यकेतु, विनोद द्विवेदी मोंटू गुप्ता वीरेंद्र गुप्ता सुधीर तिवारी अम्बरीष त्रिपाठी संजय ककोनिया दिनेश निगम,राजू त्रिपाठी बड़कू भाइया आदि मौजूद रहे।

## एडीएम के विरुद्ध दूसरे दिन भी जारी रहा आमरण अनशन

**बांदा।** अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार के खिलाफ जेडीयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष का आमरण अनशन दूसरे दिन सोमवार को भी जारी रहा। जदयू नेता ने अपर जिलाधिकारी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि एडीएम के खनन माफियाओ से ताल्लुकात हैं और फरियादियों से अभद्रता भी करते हैं। उन्होंने कहा कि एडीएम काफी समय से जिले में तैनात हैं। जानबूझकर उनके द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। महिला जिला अध्यक्ष रागिनी तिवारी के नेतृत्व में 5 मार्च विरोध प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मंडलायुक्त को दिया जाएगा।

## रोजगार मेले का आयोजन कल

**बांदा।** जिला सेवा योजना अधिकारी मोहित जायसवाल ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण व सेवायोजन निदेशालय के निर्देशपर स्थानीय सेवायोजन कार्यालय की ओर से बुधवार को एमएसडी प्राईवेट आईटीआई, तिंदवारी बाईपास, में रोजगार मेले का आयोजन होगा। रोजगार मेले में विभिन्न कम्पनियों विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार के बाद बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन करेगी। इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित हों व मेला स्थल पर साक्षात्कार के समय अपनी समस्त शैक्षिक योग्यता की छाया प्रति फोटो अवश्य लाएं।

## जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जमीन पर कब्जा करने से मना करना महिला को महंगा पड़ गया। सात लोगों ने मिलकर मारपीट की और रंगदारी मांगी। इस मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

गौरतलब हो कि अतर्रा कस्बे के तिलक नगर नरैनी रोड निवासी रानी देवी ने कोतवाली में सूचना दी थी कि उनकी जमीन पर कुछ लोगों द्वारा बार-बार कब्जा किया जा रहा है। पीड़िता के मुताबिक रामसनेही, बौरा, छोटे निवासी मुरलिया पुरवा, थाना अतर्रा लंबे समय से उनकी भूमि पर कब्जा जमाने का प्रयास कर रहे थे। पहले भी इस संबंध में बीते एक फरवरी को सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की गई थी, जिसके बाद राजस्व निरीक्षक व लेखपाल ने भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया था, लेकिन आरोपियों ने फिर से कब्जा कर लिया। 22 फरवरी को थाना दिवस में दोबारा शिकायत करने पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई कर भूमि को खाली कराई थी। प्रार्थिया व उनके सह खातेदार ने सीमांकन कर पिलर व इंगल लगवाए, जिन्हें एक /दो मार्च की मध्यरात्रि में आरोपितों ने तोड़ दिया और कुछ इंगल चोरी कर लिए। जब दो मार्च की सुबह पीड़िता के पुत्र धीरज व विक्रम के साथ मौके पर पहुंचीं, तो वहां मिजाजी लाल , पीलवान उर्फ गफलुवा, अनूप समेत कई लोग मौजूद थे। उन्होंने एक राय होकर गाली-गलौज करते हुए प्रार्थिया के पुत्रों को थप्पड़-घूंसों से पीटा और लाठी-डंडों व अवैध असलहों से हमला करने की धमकी दी। पीड़िता का आरोप है कि ये लोग 2 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे हैं, और रुपए ना देने पर भूमि खाली न करने की धमकी दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# धर्मनगरी के आश्रम पर साधुवेश में मिला हत्या के मामले में फरार वारंटी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** हत्या के मामले में उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिला एवं सत्र न्यायालय उसे आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया गया था। उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद अभियुक्त फरार चल रहा था। मध्य प्रदेश के सतना जिले में स्थित चित्रकूट एरिया में स्थित फलाहारी आश्रम से पुलिस ने उसे साधुवेश में गिरफ्तार किया।

बिसंडा थाना पुलिस ने हत्या के मामले में फरार चल रहे वारंटी अभियुक्त बाबूलाल पुत्र सिकदार निवासी पल्हरी थाना बिसंडा को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब हो कि अभियुक्त ने जमीनी बंटवारे के विवाद के लेकर 30 जुलाई 1985 को अपनी लाइसेंसी बंदूक से फायर कर अपने पड़ोसी की हत्या कर दी थी, जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया था। इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। अभियुक्त को जिला एवं सत्र न्यायालय ने 28 जुलाई 1986 को आजीवन कारावास व दो हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया। अभियुक्त की अपील पर उच्च न्यायालय ने अभियुक्त को सशर्त जमानत दी गई थी। समय-समय पर न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए गए थे, अभियुक्त न्यायालय के समक्ष उपस्थित न होकर फरार चल रहा था। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में एसपी ने अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्राधिकारी बबेरु सौरभ सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी करते हुए अभियुक्त को फलहारी आश्रम चित्रकूट जनपद सतना (मप्र) से गिरफ्तार कर लिया। मालूम हो कि अभियुक्त आश्रम में साधुवेश में पहचान छिपाकर रह रहा था। के भेष में पहचान छुपाकर रह रहा था। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक बिसंडा सुरेश कुमार सैनी, उप निरीक्षक मणिशंकर मिश्र, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार भार्गव, कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार शामिल रहे।

# धनुष भंग होते ही बरस पड़े फूल, दर्शक भाविभोर

### भुजरख गांव में आयोजित हो रही रामलीला का दूसरा दिन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**तिंदवारी।** जय मां काली बगहावाली समिति के तत्वाधान में भुजरख गांव में दो दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया । काली माता मंदिर मैदान में आयोजित धनुष भंग लीला का मंचन कलाकारों ने किया। किसी राजा के धनुष नहीं तोड़ पाने पर जनक करुण विलाप करने लगे यह दृश्य देख दर्शक भाव विभोर हो गए। वहीं परशुराम व लक्ष्मण के बीच हुए तार्किक संवाद का मंचन देख लोग आनंद से भर गए। भुजरख गांव में आयोजित रामलीला के तहत रविवार की रात कलाकारों ने धनुष भंग लीला का मंचन करते हुए मंचन किया कि राजा जनक ने अपनी पुत्री सीता का विवाह करने के लिए स्वयंवर का आयोजन किया। उन्होंने देश-विदेश के राजाओं को आमंत्रित किया। कोई भी राजा शिव जी के धनुष को उठाना तो दूर कोई हिला तक न सका। पुत्री का विवाह होता न देख निराश हो जनक करुण विलाप करने लगे और कहा कि अब जनि कोऊ माखै भट मानी, वीर विहीन मही मै जानी.. कहकर राजाओं को झकझोर दिया। उनके शब्दों को सुन लक्ष्मण उत्तेजित हो जाते हैं। जिन्हें श्रीराम ने शांत करते हुए कहा कि लखन तुम व्यर्थ में क्यों क्रोध कर रहे हो राजा जनक हमारे पिता के समान हैं। धनुष भंग होते ही परशुराम जी का आगमन होता है। वह ललकारते हैं कि शिव का दिया हुआ सारंग धनुष किसने तोड़ा है ।परशुराम और लक्ष्मण के बीच तीखे संवाद होते हैं। श्री जय मां काली बगहा वाली समिति के देवराज पटेल ,लवकुश, दिनेश पटेल ,राजाभैया, श्रवण द्विवेदी ,महेश सिंह, दयाराम यादव ,ज्ञान सिंह पटेल ,उमेश यादव , व्यवस्था में मौजूद रहे।

## बुंदेलखंड राज्य निर्माण के लिए किया जाएगा आंदोलन

### बुदेलखंड आजाद सेना ने कसी कमर, कल बनाई जाएगी रणनीति

**बांदा।** बुंदेलखंड आजाद सेना की कालूकुआं स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें केंद्रीय अध्यक्ष प्रमोद आजाद ने कहा कि हमारा बुंदेलखंड राज्य 12 मार्च 1948 को बना था, जिसककेपहले मुख्यमंत्री कामता प्रसाद सक्सेना बने थे। उनके इस्तीफा देने के बाद अवधेश प्रताप सिंह के पास चार्ज रहा। दिसंबर 1949 को भारत सरकार मर्जर एक्ट लेकर आई, जिसके तहत 1 जनवरी 1950 से बुंदेलखंड का नाम बदलकर विंध्य प्रदेश कर दिया गया था और बघेलखंड राज्य को भी इसमें शामिल कर दिया गया था। 1951 के चुनाव में शंभूनाथ शुक्ला मुख्यमंत्री बने लेकिन फजल अली आयोग की रिपोर्ट के आधार पर देश में मौजूद एबीसीडी श्रेणी के 28 राज्य समाप्त कर 14 राज्य और 6 केंद्र शासित राज्य बनाए गए। 31 अक्टूबर को बुंदेलखंड जिसका नाम विंध्य प्रदेश हो चुका था, को समाप्त कर आधा उत्तर प्रदेश और आधा मध्य प्रदेश में मिला दिया गया और हमारे साथ एक बड़ी साजिश कर दी गई, जिससे बुंदेली उपेक्षित हैं। बुंदेलखंड आजाद सेना ने मांग की है कि बुंदेलखंड राज्य वापस कर दिया जाए, ताकि यहां की बेकारी, बेरोजगारी, भुखमरी, पलायन को रोका जा सके। इसके लिए बुंदेलखंड आजाद सेना ने एक बड़े आंदोलन का ऐलान कर दिया है, जिसके तहत बुंदेलखंड के सभी सांसदों, विधायकों का घेराव करने का मन बनाया है। आंदोलन की रणनीति बुधवार को बनाई जाएगी। बैठक में महासचिव रामकिशोर यादव, जिला संयोजक मनमोहन सिंह, जिला प्रभारी रुद्राज श्रीवास, दिनेश कुमार पटेल, रामलखन, ललित कुमार के अलावा तमाम लोग मौजूद रहे।

## कलश यात्रा ने किया भ्रमण, बताया श्रीमद् भागवत का महत्व



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बबेरू।** ग्राम सिमौनी के संकट मोचन मंदिर मे संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले दिन गॉव मे विशाल कलश यात्रा निकाली गयी जो गांव के काली माता शंकरजी का मदिर खाकी बाबा सहित देवी देवताओ के मंदिर होकर संकट मोचन मंदिर मे समाप्त हो गयी और इसके बाद कथा का श्रवण कराया गया है ।

कथा 3 मार्च से शुरू होकर 9 मार्च को समाप्त होगी 10 मार्च को चारो धाम की पूजा हवन यज्ञ पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा सम्पन्न होगा वृन्दावन से पधारे पंडित शिवाकान्त शास्त्री ने कथा का श्रवण कराया परीक्षित रामसजीवन गुप्ता एवं पत्नी श्रीमति विद्यावती रहे।

इस मौके पर गंगा सागर मिश्रा प्रेमदास महन्त रामस्वरूप गुप्ता रामप्रताप व रामकरन प्रेम कुमार श्याम सुन्दर नन्द किशोर दीन दयाल सहित मौजूद रहे।

## एआरटीओ ने चलाया चेकिंग अभियान, चौकी में खड़े कराए वाहन

### नाबालिगों के अभिभावकों को जारी की जाएगी कारण बताओ नोटिस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बांदा।** जिले में इन दिनों तमाम नाबालिग ई-रिक्शा का चला रहे हैं। यातायात माह और अन्य जागरूकता अभियानों से भी लोग जागरूक नहीं हो रहे हैं। ई-रिक्शा नाबालिगों के चलाने की वजह से आए दिन हादसे होते हैं। सोमवार को सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शंकरजी सिंह ने चेकिंग अभियान चलाया। दो नाबालिग ई-रिक्शा चलाते हुए मिले। इसके साथ ही 25 से अधिक ई-रिक्शा व ऑटो वाहनों को कालूकुआं चौकी में खड़ा कराया गया।

जिले में अवैध वाहनों विशेषकर ई-रिक्शा संचालन के विरुद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए दो नाबालिक बच्चों के द्वारा ई रिक्शा संचालन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दोनों ई-रिक्शा को कालुकुंवा मंडी थाने में जुर्माना के साथ निरुद्ध किया गया। इसके साथ अन्य 25 से अधिक ऑटो व ई-रिक्शा वाहनों जिसमें टैक्स बकाया, फिटनेस फेल, बीमा व बिना लाइसेंस संचालित वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए कालू कुआं मंडी में निरुद्ध किया। नाबालिग बच्चों के वाहनों के संचालन के दृष्टिगत उनके अभिभावकों को नाबालिक बच्चे से वाहन चलवाने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी की जाएगी।